फाल्गुन, शुक्ल पक्ष 7, वर्ष 12, अंक 21, पृष्ठ 16, मूल्य : 5 .00

वाराणसी, रविवार, 26 फरवरी, 2023



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : कप्तानी पर छलका विराट का दर्द, गिनाई अपनी उपलब्धि, बोले- फिर भी मुझे कहा जाता है असफल कप्तान



अंदर- माफिया को हम मिट्टी में मिला देंगे

डाक/ नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news




# शॉर्ट सर्किट से दुकान में लगी आग

हादसा टला

**चौथी फ्लोर तक पहुंचती आग तो हो जाता बड़ा हादसा**

**छत के रास्ते दूसरे के मकान में उतरा परिवार तब बची जान**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** आदमपुर छित्तनपुरा स्थित साड़ी कारोबारी के चार मंजिल मकान के पहली और दूसरे फ्लोर में आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी और देखते ही देखते सबकुछ जलकर राख हो गया। चार मंजिला मकान के तीसरे और चौथे फ्लोर पर कारोबारी का परिवार रहता है जबकि दूसरे और तीसरे फ्लोर पर साड़ी की दुकान और गद्दी है। आग पहले फ्लोर में साड़ी की दुकान में लगी। लपट इतनी तेज थी कि उसकी आंच तीसरे फ्लोर तक पहुंच रही थी। यहां से परिवार किसी तरह अपनी जान बचाकर निकला। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत करना पड़ा। फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां, लेकिन संकरी गली की वजह से मंगाया गया छोटा वाहनों से आग पर काबू पाया गया। चीफ फायर ऑफिसर आनंद सिंह राजपूत ने बताया कि आग पर काबू पाने में करीब दो घंटा लगा।

छित्तनपुरा क्षेत्र के इमलिया तल्ले निवासी नियाज अहमद साड़ी कारोबारी हैं। चार मंजिला मकान में पहले तल पर उनकी साड़ी की गद्दी और दूसरे तल पर गोदाम है। कारोबारी की माने तो आग से करीब 25 से 30 लाख का नुकसान हुआ है। आग जिस वक्त लगी उस वक्त परिवार के लोग सो रहे थे। धुंआ निकलता देख आग लगने की जानकारी पड़ोसियों ने उन्हें दी। जबतक परिवार के लोग नीचे उतरकर जान बचाते आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। ऐसे में सभी छत की तरफ भागे और बगल के मकान में उतरकर जान बचायी। आग पर काबू पाने के बाद देखा गया तो मकान के पहले और दूसरे फ्लोर की दीवार चटक गयी थी।



दुकान में लगी आग से उठतीं लपटें

# एनडीआरएफ का ट्रॉमा सेंटर में मॉक ड्रिल

**वाराणसी।** बीएचयू के ट्रामा सेंटर में इंडो इजरायल ट्रॉमा कोर्स एवं मास कैजुअल्टी पर आधारित कार्यशाला में शनिवार को एनडीआरएफ और ट्रॉमा सेंटर बीएचयू में एनडीआरएफ कमांडेंट मनोज कुमार शर्मा के नेतृत्व में मास कैजुअल्टी आधारित मॉक ड्रिल हुआ।


मॉक ड्रिल में प्रदर्शित किया गया कि ट्रामा सेंटर की बिल्डिंग में गैस सिलेंडर ब्लास्ट से इमारत के एक हिस्से के गिर गया। इसमें कुछ लोग दब गए और कई लोग गैस रिसाव की चपेट में आ गए। जिनके बचाव के लिए एनडीआरएफ की प्रशिक्षित सीबीआरएन टीम के कर्मियों को बुलाया गया। बचाव दल ने सीबीआरएन सूट और एससीबीए सेट के माध्यम से घायलों तक पहुंच बनाई गई और उन्हें सुरक्षित निकालकर प्राथमिक उपचार देने के उपरांत अग्रिम उपचार के लिए सम्बन्धित अस्पताल में भेजा गया। इसके साथ ही कार्यशाला में तुर्की से लौटी एनडीआरएफ टीम के कमांडर अभिषेक कुमार राय, उप कमांडेंट ने तुर्की में किए गए राहत बचाव कार्य पर आधारित केस स्टडी पर व्याख्यान दिया गया।



डा. पंकज गौरव, असीम उपाध्याय द्वितीय कमान अधिकारी और उनकी पूरी टीम ने इजराइल मेडिकल टीम के समक्ष इस मॉक अभ्यास के दौरान शानदार प्रदर्शन किया।

## संक्षेप

### बनारस स्टेशन को मिले चार व्हील चेयर



**वाराणसी।** रोटरी क्लब काशी की ओर से शनिवार को रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3120 के मंडला अध्यक्ष रोटेरियन अनिल अग्रवाल के द्वारा बनारस रेलवे स्टेशन पर वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों और रोगी यात्रियों के जरूरत को ध्यान रखते हुए चार व्हील चेयर प्रदान किया गया। व्हील चेयर स्टेशन अधीक्षक आर के सिंह ने प्राप्त की और रोटरी क्लब के आभार प्रकट करते हुए कहा इस व्हील चेयर से बीमार एवं दिव्यांग यात्रियों के साथ साथ पैदल चलने में असमर्थ बुजुर्ग यात्रियों को भी लाभ मिलेगा। पूर्वोत्तर रेलवे से बनारस रेलवे स्टेशन अधीक्षक अरुण कुमार, स्टेशन मैनेजर आर के सिंह, स्टेशन मास्टर शैलेन्द्र कुमार, स्टेशन अधीक्षक वाणिज्य अखिलेश पाण्डेय, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, राजू यादव, पियूष अग्रवाल, डीजीआरसी अजय खरे आदि थे।

### प्रिंसिपल पर छात्र को पीटने का आरोप

**पिंडरा।** बड़ागांव के प्राथमिक विद्यालय रघुनाथपुर प्रथम के प्रिंसिपल पर छात्र को पीटने का आरोप लगा और कार्रवाई के बाबत छात्र के परिजनों ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी। छात्र जिगर के पिता रजनीश कुमार का आरोप है कि प्रिंसिपल अशोक कुमार सिंह ने जिगर का, जो कक्षा तीन का छात्र है ,कान पकड़कर खींचा। इस वजह से उसके कान में दर्द होने लगा। चिकित्सक को दिखाने के बाद जब इसकी शिकायत अशोक सिंह से की गयी तो उन्होंने गलती स्वीकार की। ऐसे में खंड शिक्षा अधिकारी के पास भी बात पहुंची तो वहां पहुंचे और शिकायती प्रार्थना पत्र लिया और जांच कर कार्रवाई की बात कही।

### खेत में घायल अवस्था में मिला वृद्ध

**रोहनिया।** रोहनिया थाना क्षेत्र के मोहनसराय पुलिस चौकी से चंद दूरी पर खेत में खून से लथपथ वृद्ध मिला। मामले की जानकारी तब हुई जब शाम को कुछ महिलाएं उधर से गुजरीं। देख तो खेत में वृद्ध अचेत पड़ा है और गर्दन से खून का रिसाव जारी है। महिलाओं ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने वृद्ध को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। स्थानीय लोगों की माने तो घायल श्रीचंद प्रजापति (50) शराब के नशे में था और खुद से अपनी गर्दन काट ली। वह सिंधोरा बसही का निवासी है। वह बड़बड़ा रहा था और कह रहा था कि उसका मकान कोई मोती प्रजापति है जो हड़पना चाहता है। इसमें मेरे भांजे अशोक प्रजापति और पत्नी आशा देवी का कोई कसूर नहीं है, दोनों बेकसूर हैं।

### दहेज उत्पीड़न का तीन पर मुकदमा

**चौबेपुर।** चौबेपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत धौरहरा निवासी महिला ने दहेज उत्पीड़न में तीन के खिलाफ चौबेपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया। महिला का आरोप है कि साल 2019 में उसकी शादी राजेंद्र कुमार यादव निवासी धौरहरा के साथ हुई थी। शादी में मिले दहेज से ससुराल वाले खुश नहीं थे और पांच लाख की और डिमांड कर रहे थे। विरोध करने पर उसे प्रताड़ित और मारापीटा गया। थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि आरोपी पति राजेंद्र कुमार यादव समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### बाइक की टक्कर में दो घायल

**चिरईगांव।** चौबेपुर थाना क्षेत्र के वाराणसी-गाजीपुर मार्ग पर चन्द्रावती बाजार के पास शनिवार को बाइक की आमने सामने की टक्कर में दो बाइक सवार घायल हो गये। स्थानीय लोगों डायल 108 पर संपर्क कर एंबुलेंस से उसे पीएचसी भिजवाया यहां जांच के बाद घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। सैदपुर निवासी विकास शर्मा शहर की तरफ आ रहा था और जखनियां निवासी शोभनाथ शर्मा विपरीत दिशा से आ रहा था। चन्द्रावती बाजार के पास दोनों की बाइक टकरा गयी।

### किशोरी बरामद, दो गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को बुधवार को गायब करने वाले दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। वहीं किशोरी को बाल सुधार गृह भेजा गया। थानाध्यक्ष दीपक कुमार रणावत ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर कल्लीपुर गांव निवासी उदल पटेल समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज था। शनिवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर रखौना रिंग रोड़ के पास से कल्लीपुर सैदापर गांव निवासी उदल पटेल व उदल के जीजा मंडुआडीह नाथुपुर निवासी कमलेश पटेल को गिरफ्तार किया गया।

### बुजुर्ग महिला से चेन स्नैचिंग

**रामनगर।** रामनगर थाना अंतर्गत बटाऊबीर निवासी हरेंद्र राय की पत्नी शशि किरण 70 वर्ष के गले से सोने की महिला स्नेचरों ने धक्का देकर नोच लिया। महिला के बेटे अमित राय ने तहरीर दी। शशी किरण शुक्रवार की शाम किला रोड स्थित सब्जी मंडी से घर का सामान लेकर टोटो से लौट रही थीं, उसी टोटो पर तीन महिलाएं और चढ़ी। कुछ दूर जाने के बाद तीनों महिलाएं शशिकिरण को धक्का देते हुए नीचे उतरी इसी दौरान एक महिला ने शशी किरण के गले से चेन नोंच कर भाग गयी। तहरीर मिलने के बाद रामनगर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

### चोर गिरफ्तार

**सिंधोरा।** सिंधोरा पुलिस ने बीते महीने चोरी हुए समरसेबल के मामले में आरोपी गिल्लर पटेल को उसके गांव छताव से गिरफ्तार किया। कर 24 फरवरी को थाना सिंधोरा में समरसेबल चोरी का एक मुकदमा दर्ज किया गया था।

### महिला को बचाने में कार-ऑटो में टक्कर

**पिंडरा।** फूलपुर थाना क्षेत्र के बाबतपुर चौबेपुर मार्ग पर कर्मी गांव दैत्रा बाबा मंदिर के समीप दोपर करीब 12 बजे महिला को बचाने में कार और ऑटो में टक्कर हो गयी। हादसे में दो महिला समेत तीन घायल हुए जिसमें एक छात्र भी शामिल है। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। जानकारी के अनुसार हादसा दिन के 12 बजे बाबतपुर- चौबेपुर मार्ग एयरपोर्ट की तरफ सड़क पर एक महिला आ गयी। उसे बचाने में कार और ऑटो की आपस में टक्कर हो गयी। ऑटो सवार कर्मी गांव निवासी रेनू गिरी (30) इसीपुर बड़ागांव निवासी गौरव तिवारी (16) चोटिल हो गय। वहीं सड़क क्रास कर ही महिला प्रियंका गिरी को भी चोट आयी। मौके पर पहुंचे बाबतपुर पुलिस चौकी के सिपाहियों ने घायलों को बड़ागांव पीएचसी पहुंचाया। सभी की हालत खतरे से बाहर है।



# रिटायर्ड सैनिकों को छावनी में अब मिलेगा ठहराव



व्यवस्था

**सेना कमांडर ने काशी सैनिक सदन का किया उद्घाटन**

**वाराणसी।** सेवानिवृत्त जेसीओ व अन्य रैंको के लिए अब वाराणसी आने पर ठहराव के लिए कहीं और भटकना नहीं होगा। इसके लिए 39 जीटीसी में सेना कमांडर की मौजूदगी में काशी सैनिक सदन का किया उद्घाटन हुआ। इस मौक पर जीओसी-इन-सी सेंट्रल कमांड लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी समेत अन्य सैन्य अधिकारी मौजूद रहे।

योगेंद्र डिमरी ने बताया कि मंदिरों के इस शहर में जहां साल भर लाखों भक्त आते हैं, वहां सेवारत शहर में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा और आध्यात्मिक पर्यटन के लिए भी भूतपूर्व सैनिकों का आना-जाना लगा रहता है। ट्रांजिट सुविधा की लंबे समय से चली आ रही मांग, जिसे रिकॉर्ड समय में अमली जामा पहनाया गया। जिसे 'काशी सैनिक सदन' नाम दिया गया है। यह नई सुविधा भूतपूर्व सैनिकों और सेवारत सैनिकों के सामने आवास के मामले में आने वाली समस्याओं का समाधान करेगी।

जीओसी-इन-सी ने भूतपूर्व सैनिकों के साथ बातचीत की और इस परियोजना को पूरा करने में शामिल कर्मचारियों की सराहना की।

# कलह से तंग युवक ने फांसी लगाकर दी जान

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के खोजवा इलाके में रहने वाले आशीष मोदनवाल (30) ने परिवारिक कलह में फांसी लगाकर शुक्रवार की आत्महत्या कर ली। मामले की जानकारी शनिवार की सुबह होने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। आशीष सुंदरपुर सब्जी मंडी में समोसा चाय की दुकान चलाता था। उसकी पत्नी राधिका अपने बेटे के साथ पिछले तीन साल से मायके में रहती है। पत्नी से अनबन होने के कारण आशीष तनाव में रहता था। पिता राजेंद्र राजेंद्र ने बताया कि रात में आशीष खाना खाने के बाद सोने के लिए चला गया। देर सुबह तक नहीं उठने पर परिजनों ने दरवाजा पीटा उसके बाद भी कोई भी भीतर जवाब नहीं मिला। जिसके परिजनों ने पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक भेलूपुर रमाकांत दुबे फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# फरियादियों की समस्या का हल तय सीमा में करें: डीएम

**वाराणसी।** थाना समाधान दिवस पर शिवपुर थाने में जिलाधिकारी एस. राजलिंगम और एसीपी कैंट ने फरियादियों की शिकायतों को सुना और निस्तारण के लिए संबन्धित विभाग को निर्देशित किया। डीएम ने कहा कि राजस्व व पुलिस आपसी सामन्जस्य बनाकर पीड़ितों की समस्याओं को दूर करे। थानाध्यक्ष शिवपुर और उपनिरीक्षकों को निर्देशित किया गया कि थाना दिवस पर प्राप्त समस्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित व निस्तारण समय सीमा के अन्दर किया जाय।

आईजीआरएस व अन्य शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए भी निर्देशित किया गया। वहीं, कपसेठी और बड़ागांव थाने पर डीसीपी गोमती जोन विक्रांत वीर और अपर जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और निस्तारण के लिए निर्देशित किया। यहां राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गंभीरता से लेकर जांच कर निस्तारण को कहा गया।



फरियादियों की समस्या सुनते डीएम

### डीसीपी ने दशाश्वमेध थाने की जांची व्यवस्था

**वाराणसी।** डीसीपी काशी जोन आरएस गौतम ने शनिवार को दशाश्वमेध का वार्षिक निरीक्षण किया। यहां उन्हें गार्द सलामी दी गयी। डीसीपी ने थाने का प्रशासनिक भवन, बैरक, आवास एवं भोजनालय की व्यवस्था देखी और यहां साफ-सफाई के लिए थानाध्यक्ष को निर्देशित किया। थाने के अभिलेखों, रजिस्टर को चेक किया और थाने पर नियुक्त आरक्षी और उपनिरीक्षकों संग गोष्ठी की और उनकी समस्याओं को सुना। महिलाओं की सुरक्षा के लिए चल रही योजनाओं साथ ही महिला सशक्तिकरण, महिला हेल्प डेस्क, महिला हेल्प लाइन 1090 के बारे में आमजन को जागरूक करने को कहा। महिला अपराधों तथा साइबर क्राइम पर प्रभावी अंकुश लगाने को निर्देशित किया।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**

**आवश्यकता है**
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से संबद्ध जन भारती महाविद्यालय डिलिया तलवल गाजीपुर स्ववित्त पोषित योजनातर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर भूगोल प्रवक्ता योग्यता वेतनमान यूजीसी एवं विश्वविद्यालय शासन परिनियमावली अनुसार अभ्यर्थी 21दिनों के अंदर शैक्षणिक प्रमाण पत्र फोटो के साथ आवेदन करे। **प्रबंधक**
मो0-9415350199

**आवश्यकता है**
श्री हरिदास महाविद्यालय लहंगपुर, जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय में अतिरिक्त विषय-भूगोल, मनोविज्ञान व अर्थशास्त्र में एक-एक प्रवक्ताओं की एवं स्नातकोत्तर स्तर पर अतिरिक्त विषय-गृहविज्ञान व शिक्षाशास्त्र में तीन-तीन प्रवक्ताओं की तथा प्राचीन इतिहास व राजनीतिशास्त्र विषयों में दो-दो प्रवक्ताओं की। शैक्षणिक योग्यता विश्वविद्यालय परिनियमावली व यूजीसी के मानकानुसार सादे कागज पर नवीनतम फोटोयुक्त समस्त प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों की दो प्रति 21 दिनों के अन्दर आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/उपस्थित होकर प्रेषित करें।
मो0-8299623916

**आवश्यकता है**
**सुदामा देवी महिला महाविद्यालय**
चन्दौली
में स्ववित्तपोषित योजना अन्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय में अतिरिक्त विषय प्राचीन इतिहास, राजनीति विज्ञान एवं विज्ञान संकाय में गृहविज्ञान तथा स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय में शिक्षाशास्त्र, भूगोल, मनोविज्ञान, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र एवं मास्टर ऑफ सोसल वर्क (M.S.W.) पाठ्यक्रम के विषयों में विभागाध्यक्ष एवं प्रवक्ताओं की। योग्यता एवं वेतनमान N.C.T.E. / U.G.C. विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार अभ्यर्थी अपना आवेदन 21 दिन के अन्दर चार पासपोर्ट फोटो प्रमाण पत्र के साथ कालेज के पते पर भेजें।
मो0-9450555577

### एनईआर पेंशनर्स का मंडलीय अधिवेशन अप्रैल में



**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे पेन्शनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक शनिवार को आयोजित की गयी। पीआरएसएस के आउटडोर शाखा के प्रांगण में मंडल अध्यक्ष प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पेशनर्स से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की गयी। इस बात पर प्रस्ताव रखा गया कि एसोसिएशन की मंडलीय बैठक अप्रैल में करायी जायेगी। इस पर सभी ने सहमति दी। अधिवेशन के लिए राजेश सिंह के द्वारा प्रस्तुत अधिवेशन के प्रारूप पर अध्यक्ष/मंडल मंत्री ने बिन्दु वार चर्चा कर सभा में संशोधन कराते हुए सर्वसम्मति से अनुमोदित किया। इसके साथ ही पेशनर्स के अन्य कई मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा कि इस पर रेलवे की ओर से ध्यान नहीं दिया जा रहा है जो गंभीर मुद्दा है। बैठक में मंडल मंत्री ने पिछले माह में हुई गतिविधियों को भी रखा। बैठक में रामेश्वर प्रसाद, ए के पाठक, ए के मुखर्जी, कन्हैया सिंह, आनंद श्रीवास्तव, विनोद कुमार मिश्रा, बंशीधर शुक्ला, कलावती, प्रभा, बृजेन्द्र पाण्डेय सहित अन्य पेशनर्स शामिल रहें।

### चालक-परिचालक शुगर व बीपी से ग्रसित



**वाराणसी।** रोडवेज के चालक-परिचालक को स्वास्थ्य के प्रति जागरुकर करने के उद्देश्य से शनिवार को कैंट रोडवेज बस स्टैंड पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सकों की टीम ने चालक-परिचालकों के साथ ही रोडवेज के अन्य कर्मचारियों के आंखों की जांच मशीन द्वारा की। इसके साथ उनके शुगर, बीपी की भी जांच की गयी। लगभग दौ सौ कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें 120 चालक शामिल थे। सभी को चिकित्सकों की ओर से रोगों के कारण व निवारण की जानकारी दी गयी। इसके साथ ही बाताया गया कि समय-समय पर चिकित्सकों की सलाह जरुर लें। जांच में 35 लोगों का बीपी हाई निकला, 20 लोगों का शुगर हाई था, 24 लोगों को नि:शुल्क चश्मा वितरण किया गया। डॉ. शुभम साहू सहित राही ठाकुर व शिवा यादव के नेतृत्व में सभी के स्वास्थ्य की जांच कर परामर्श दिया गया। एआरएम ग्रामीण विजय श्रीवास्तव ने बताया कि निगम के स्थानिय स्तर पर समय-समय पर चालक-परिचालक के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है।

### दर्शनार्थियों के साथ शालीनतापूर्ण व्यवहार करें: पुलिस उपायुक्त

**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में तैनात पुलिस कर्मियों पर अभद्रता एवं दुर्व्यवहार के संबंध में पुलिस उपायुक्त, सुरक्षा एवं अभिसूचना, कमिश्नरेट वाराणसी ने बताया कि इस संबंध में किसी पुलिस कर्मी का नाम व स्थान के नाम का उल्लेख नहीं किया गया है, मात्र सामान्यत: आरोप लगाये गये है। जिसके सम्बन्ध में श्री काशी विश्वनाथ मन्दिर में नियुक्त समस्त पुलिस कर्मियों को समय-समय पर दर्शनार्थियों के साथ शालीनतापूर्वक व्यवहार करने लिए प्रशिक्षण दिया जाता है। पुलिस उपायुक्त, सुरक्षा एवं अभिसूचना, कमिश्नरेट वाराणसी एवं सहायक पुलिस आयुक्त सुरक्षा ने श्री काशी विश्वनाथ मन्दिर आने वाले दर्शनार्थियों के साथ सद्व्यवहार किये जाने एवं शालीनता पूर्वक दर्शनार्थियों को सुगम दर्शन कराये जाने के लिए समस्त पाली प्रभारी, दिवसाधिकारी व समस्त पुलिस कर्मियों को कन्ट्रोल रूम के माध्यम से संवेदित किया गया है, कि दर्शनार्थियों के साथ शालीनतापूर्वक व्यवहार करें, ताकि दर्शनार्थियों का सुलभ दर्शन हो सके एवं यहाँ से अच्छी यादें संजोकर अपने साथ ले जायें।

### वरुणा नदी में मिलने वाले 13 नाले जुड़े सीवेज पम्पिंग स्टेशन से

**वाराणसी।** वरुणा नदी चैनेलाइजेशन एवं तटीय विकास परियोजना के अन्तर्गत बैंक, रेलिंग, आईसी चैम्बर लाइटिंग एवं पाथवे इंटरलाकिंग के कार्य कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड इकाई -3 द्वारा साल 2018 में पूर्ण कराया गया था। 2021 में पूर्णतया विकसित कर वरूणा नदी में मिलने वाले 13 नालों को टैपकर चौकाघाट मुख्य सीवेज पम्पिंग स्टेशन में मिलाया गया है। जिसके द्वारा सीवेज पम्प कर दीनापुर एसटीपी मे शोधन के लिए भेजा जाता है। वर्तमान में भी यह क्रियाशील है। वरूणा नदी चैनेलाइजेशन एवं तटीय विकास परियोजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों को नगर निगम को हस्तांतरित किया जाना था, परन्तु अभी तक हस्तान्तरण नहीं हो पाया है। प्रत्येक वर्ष गंगा नदी में बाढ काल के दौरान वरुणा नदी में बैक फ्लो होता है जो लगभग दो माह तक रहता है जिसके कारण ड्रेनेज सिस्टम अवरूद्ध हो जाता है एवं आईसी चैम्बर, मिनी चैम्बर एवं मेनहोल क्षतिग्रस्त एवं चोक हो जाते है, जिसके अनुरक्षण का कार्य प्रत्येक वर्ष कराया जाना अति आवश्यक है। सिंचाई विभाग के पास उक्त परियोजना के अनुरक्षण कार्य हेतु कोई धनावंटन नहीं है।धनावंटन प्राप्त होने के उपरान्त अनुरक्षण कार्य प्रस्तावित है।

## सीएम के अभियान को चालक-परिचालक दें गति

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष राकेश सिंह के प्रथम वाराणसी आगमन पर रोडवेज कर्मचारी संघ वाराणसी की ओर से भव्य स्वागत किया गया। वाराणसी आगमन पर राकेश सिंह का स्वागत करते हुए प्रांतीय संयोजक शिवकुमार सिंह प्रांतीय उपाध्यक्ष अखिलानंद त्रिपाठी, क्षेत्रीय अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने कहा कि यह रोडवेज कर्मचारियों की ओर से भी सम्मान है। प्रांतीय अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि यूनियन के पदाधिकारियों के अथक प्रयास व 8 और 9अक्टूबर को लखनऊ में हुए प्रांतीय अधिवेशन में किए वादे के फल स्वरूप परिवहन निगम के विकास हेतु 850 करोड़ दिया गया है। कहा कि परिवहन निगम में दुर्घटना रहित हो इसके लिए सभी चालक परिचालक को संकल्पित होना होगा। इसके साथ ही सभी से आह्वान किया कि वह सभी हर डिपो में जाकर चालक परिचालकों को मुख्यमंत्री द्वारा चलाए गए अभियान को सार्थक बनाने तथा परिवहन निगम को प्रगति पर ले जाने में सहयोग करने जानकारी दें।

# मदद के नाम पर पांच दिन में निकाले छह लाख

जनसंदेश न्यूज

ठगी

**बैंक से वार्निंग कॉल आने पर हुई भुक्तभोगी को जानकारी**

**वाराणसी।** एटीएम मशीन के अंदर मदद करने के नाम पर कार्ड को बदल लिया और पांच दिन के अंदर छह लाख से ज्यादा की निकासी कर ली। भुक्तभोगी को मामले की जानकारी तब हुई जब बैंक से उसके मोबाइल पर वार्निंग कॉल आया। पता चाला कि एक फरवरी से पांच फरवरी के बीच उसके खाते से अलग-अलग जिलों के एटीएम मशीन से छह लाख चार हजार रुपये निकाला गया। भुक्तभोगी ने कैंट थाने में अज्ञात के खिलाफ रपट दर्ज करायी।

शांतिपुरम कॉलोनी छोटा लालपुर निवासी डॉ. सतीशचंद्र सिंह कहना है एक फरवरी को कचहरी स्थित एटीएम मशीन से पैसा निकालने गये थे। यहां मदद के लिए उन्होंने किसी से मदद मांगी थी और यहां कार्ड जालसाज ने बदल लिया। इस बात की जानकारी तब हुई कि कार्ड बदल गया है जब बैंक से उनके मोबाइल पर निकासी का वार्निंग मैसेज आया। पता चला कि उनके खाते से छह लाख की निकासी की गयी। पैसा रायबरेली, गुड़गांव, सुल्तानपुर से निकाला गया।




पैसे निकासी का ना तो उनके मोबाइल पर कोई मैसेज आया ना ही ओटीपी ऐसे में उन्होंने बैंक कर्मचारियों पर मिली भगत का आरोप लगाया। फिलहाल पुलिस रपट दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# 2027 तक देश को कुष्ठ मुक्त बनाएंगे : डीजी डॉ अतुल

बैठक

**कुष्ठ उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय रणनीतिक योजना का क्रियान्वयन**

**वाराणसी।** देश को वर्ष 2027 तक कुष्ठ मुक्त बनाने के लिए मिलकर लड़ना होगा। जिस तरह से उत्तर प्रदेश सरकार ने कोविड को पूरी तरह से परास्त किया है उसी तरह कुष्ठ रोग को भी लक्षित समय तक उन्मूलन कर लेंगे। जागरूकता के अभाव के कारण समाज में कुष्ठ रोग के प्रति कलंक और भेदभाव के चलते इसके फैलाव एवं उपचार के प्रति गलतफहमी बढ़ रही है। इसकी वजह से सामाजिक जीवन, प्रतिष्ठा, रोजगार, वैवाहिक व पारिवारिक जीवन प्रभावित होता है। यह कहना था स्वास्थ्य महानिदेशक व राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र निदेशक डॉ अतुल गोयल का।

शनिवार को आईएमए सभागार में आयोजित यूपी में कुष्ठ के लिए राष्ट्रीय रणनीतिक योजना की कार्यान्वयन बैठक के समापन समारोह में चर्चा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत वाराणसी में 23 से 25 फरवरी तक विभिन्न कार्यक्रम, गतिविधियाँ और क्षेत्रीय भ्रमण का आयोजन किया गया। सही पहचान न की जाए तब तक उस बीमारी को ठीक नहीं किया जा सकता। डॉ अतुल ने समस्त अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों को कुष्ठ उन्मूलन की दिशा में बेहतर कार्य और नवाचार प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।



अपर महानिदेशक (स्वास्थ्य) डॉ अनिल कुमार ने कहा कि पिछले पांच से छह सालों में विश्व स्तर पर भारत में कुष्ठ रोग के आंकड़ों में लगातार सुधार हो रहा है।डब्ल्यूएचओ इंडिया के डॉ ट्रेन मिन्ह ने कहा कि सामुदायिक स्तर पर लोगों को जागरूक करने और कमियों को पूरा करने को लेकर केंद्रीय व राज्य स्तरीय के साथ सामूहिक प्रयास होना बहुत जरूरी है। नेशनल स्ट्रेटिजिक प्लान एंड रोडमैप फॉर लेप्रोसी (2023-27) के बारे में विस्तृत चर्चा हुई।

इस दौरान डॉ राहुल सिंह, उप निदेशक (लेप्रोसी) डॉ सुदर्शन मण्डल, निदेशक राष्ट्रीय कार्यक्रम (यूपी) डॉ पंकज कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी, डीएलओ डॉ राहुल सिंह, एनसीडीसी सीएमओ डॉ एके यादव, डॉ अतुल सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

न्यायालय अपर जिलाधिकारी (वि/रा) बलिया
मु0न0 46/2015
धारा-27(3) जि0च0अधि0
**मौजा सुखपुरा परगना खरीद**
**प्रवीण कुमार सिंह**
**बनाम**
**उ0प्र0 सरकार**

1-उ0प्र0 सरकार जरिये कलेक्टर, बलिया।
2-ग्राम पंचायत सुखपुरा जरिये ग्राम प्रधान सुखपुरा, बलिया।
3-मनोरमा स्त्री गोरखनाथ शुक्ला।

वजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक मुकदमा दायर किया है जिसमें तारीख पेशी-17-03-2023 नियत की गई है। अत: उक्त नियत तिथि पर स्वयं अथवा मय अधिवक्ता उपस्थित होकर वाद की पैरवी करें। नियत तिथि को उपस्थित न होने पर वाद में एकतरफा कार्यवाही कर दी जायेगी।

**अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)**
बलिया

न्यायालय अपर जिलाधिकारी (वि/रा) बलिया
वाद सं. 28/2017 दफा उ0रा0संहिता
मौजा कछुवाखास परगना बलिया
ब्रजकिशोर बनाम ग्राम पंचायत

1-ग्राम पंचायत/ग्रामसभा मौजा कछुवाखास जरिये प्रधान ग्राम पंचायत मौजा कछुवाखास परगना-बलिया जिला-बलिया, 2-बब्बन पुत्र रामबृक्ष, 3-लल्लन पुत्र रामबृक्ष, 4-शिवबालक पु0 विरोधी, 5-विक्रम पु0 नाथू, 6-कृष्णा पु0 नाथू, 7-विजेन्द्र पु0 भदई, 8-हरेन्द्र प्रसाद पु0 भीराजू, 9-श्रवण कुमार पु0 भीराजू, 10-विजय कुमार पु0 श्रीकृष्ण, 11-संतोष कुमार पु0 जीतन, 12-विनित कुमार पु0 जीतन, 13-रमावती पु0 जीतन, 14-संतोष, 15-मनोज पुत्रगण बच्चा दूबे, 16-सुरूज कुमारी स्त्री बच्चा दूबे, 17-विजय पु0 रामजन्म, 18-पिपरिया देवी स्त्री रामजन्म, 19-विमलेश पु0 श्रवण कुमार, 20-निर्मला देवी स्त्री श्रवण कुमार समस्त साकिनान कछुवाखास पर0-बलिया, जिला-बलिया।

वजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक मुकदमा दायर किया है जिसमें ता0 पेशी-01-03-2023 नियत की गई है। अत: आप नियत तिथि को स्वयं व अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर वाद की पैरवी करें। तिथि नियत पर हाजिर अदालत न होने पर वाद की कार्यवाही एकतरफा की जायेगी।

**अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)**
बलिया

वाराणसी, रविवार, 26 फरवरी, 2023

फाल्गुन, शुक्ल पक्ष 7, वर्ष 12, अंक 21, पृष्ठ 16, मूल्य : 5 .00

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/ नगर संस्करण E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



**अन्दर : कप्तानी पर छलका विराट का दर्द, गिनाई अपनी उपलब्धि, बोले- फिर भी मुझे कहा जाता है असफल कप्तान**



# माफिया को हम मिट्टी में मिला देंगे

## विधानसभा में दिखा योगी का गुस्सा | प्रयागराज कांड पर पहली बार बयान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज कांड पर पहली बार बयान दिया है। उमेश पाल हत्याकांड मामले पर विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काफी गुस्से में नजर आए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ये जो अपराधी और माफिया हैं आखिर ये पाले किसके द्वारा गए हैं क्या ये सच नहीं है कि जिसके खिलाफ एफआईआर दर्ज है उन्हें सपा ने सांसद बनाया था आप अपराधी को पालेंगे और उसके बाद आप तमाशा बनाते हैं। हम इस माफिया को मिट्टी में मिला देंगे। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश और योगी आदित्यनाथ के बीच तीखी बहस भी नजर आई। बहुजन समाज पार्टी के विधायक राजू पाल की 2005 में हुई हत्या के मुख्य गवाह उमेश पाल की शुक्रवार शाम प्रयागराज स्थित उनके आवास पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद विपक्ष योगी सरकार पर हमलावर है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामचरितमानस विवाद पर समाजवादी पार्टी घेरते हुए कहा कि एक पवित्र ग्रन्थ को फाड़ा गया और जलाया गया, क्या यह सनातन धर्म का अपमान नहीं था मुख्यमंत्री ने उस विवादित चौपाई का भी अर्थ समझाया जिसको लेकर विवाद शुरू हुआ था।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ये लोग (सपा) पेशेवर माफिया के संरक्षक हैं। यह हरकत करने वाला माफिया आज प्रदेश से फरार है, माफिया कोई भी हो, हमारी सरकार प्रदेश में माफिया राज नहीं आने देगी। उन्होने कहा कि समाजवादी पार्टी के सहयोग से वह (अतीक अहमद) बार-बार एमपी और एमएलए बना है।2009 में उस माफिया को सांसद बनाने का कुख्यात काम इन्हीं लोगों ने किया था। यह लोग चोरी और सीनाजोरी का काम कर रहे हैं। माफिया कोई भी हो, सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति है। उन माफिया को मिट्टी में मिलाने का काम सरकार करेगी।

**सदन में गरजे सीएम**

**पूर्व सीएम अखिलेश यादव और योगी आदित्यनाथ के बीच तीखी बहस**

**रामचरितमानस को लेकर भी योगी ने दिया बयान**

चोरी और सीनाजोरी का काम नहीं चलेगा। उन्होंने सपा की तरफ इशारा करते हुए कहा, ह्यह्ययह पेशेवर अपराधियों के सरपरस्त हैं और यह लगातार यही करते आ रहे हैं। इनके रग-रग में अपराध भरा हुआ है। अपराध के अलावा इन्होंने कुछ सीखा ही नहीं है। पूरा उत्तर प्रदेश इस बात को जानता है और आज यह लोग अपनी सफाई देने के लिए यहां पर आए हैं। आदित्यनाथ ने कहा कि जिस माफिया ने कल यह कृत्य किया है वह उत्तर प्रदेश के बाहर है और वह माफिया समाजवादी पार्टी के सहयोग से ही बार-बार विधायक और सांसद बना है। उन्होंने कहा कि क्या यह सच नहीं है कि 1996 में इलाहाबाद-पश्चिमी सीट से वह माफिया समाजवादी पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार और पार्टी के सहयोग से विधायक बना था। यही नहीं वर्ष 2004 में भी वह माफिया इन्हीं लोगों के सहयोग से सांसद बना था। यह लोग चोरी और सीनाजोरी करने का काम कर रहे हैं।

## 86 में से 56 एसडीएम एक ही जाति के थे

**योगी का अखिलेश पर आरोप**

लखनऊ। यूपी विधानमंडल बजट सत्र के छठवें दिन विधानसभा में विपक्ष के सवालों पर करारा जवाब देते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने पूर्ववर्ती सपा सरकार और अखिलेश यादव पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हमने किसी के साथ भेदभाव नहीं किया लेकिन इनके (सपा) राज में यूपीएससी से चयनित एसडीएम के 86 में से 56 उम्मीदवार एक ही जाति से थे। तब प्रदेश में ये कमाल होता था। सीएम योगी जब यह आरोप लगा रहे थे उसी वक्त खड़े होकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लिस्ट सदन में टेबल करने की मांग की जिस पर सीएम योगी ने कहा कि लिस्ट भी उपलब्ध करा देंगे।यह आरोप लगाते हुए सीएम योगी ने कहा कि इनके शासन में एक ही जाति की भर्ती होती है। राजभर जी देख लीजिए... ये लोग क्या करते थे। उस वक्त के युवाओं के साथ कैसा अन्याय होता था सभी चयन आयोग और भर्ती में क्या होता था। यह किसी से छिपा नहीं है। उन्होंने शुक्रवार को अखिलेश यादव द्वारा उठाए गए पॉलिटिकल क्रैडिबिलिटी के सवाल का उल्लेख किया और कहा कि आप पॉलिटिकल क्रैडिबिलिटी क्या बात करते हैं।

## अखिलेश यादव पर गुस्से से लाल हुए योगी आदित्यनाथ



उत्तर प्रदेश विधानसभा की कार्रवाई के दौरान 25 फरवरी को सदन में सीएम योगी आदित्यनाथ और अखिलेश यादव के बीच तीखी बहस हो गई। प्रयागराज में हुए हत्याकांड को लेकर सीएम योगी बयान दे रहे थे और समाजवादी पार्टी पर अपराधियों का बढ़ावा देने का आरोप लगा रहे थे। इसी दौरान अखिलेश यादव ने चिन्मयानंद का जिक्र कर सवाल पूछा तो सीएम योगी भड़क गये। सीएम योगी ने अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि आश्चर्य होता है कि ये लोग सुरक्षा की बात करते हैं। इसी बीच अखिलेश यादव ने कहा कि चिन्मयानन्द किसके गुरु हैं जवाब में सीएम योगी ने भड़कते हुए कहा कि शर्म तो तुम्हें आनी चाहिए, अपने बाप का सम्मान नहीं कर पाए। हमने नाम तो नहीं लिया किसी का, लेकिन जो बयान दिए हैं उस पर चर्चा क्यों नहीं होनी चाहिए। वहीं प्रयागराज की घटना पर बोलते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि माफियाओं को मिट्टी में मिला दूंगा। मुख्यमंत्री के इस बयान के बाद अखिलेश यादव भड़क गए। सपा के विधायकों द्वारा जमकर हंगामा किया गया और सपा विधायक वेल में पहुंच गए। हालांकि विधानसभा अध्यक्ष द्वारा टोके जाने के बाद विधायक बैठे। इसके बाद सीएम योगी ने कहा कि पूरा प्रदेश जानता है कि अतीक अहमद को सांसद किसने बनाया! जिस माफिया ने प्रयागराज की घटना को अंजाम दिया है वो समाजवादी पार्टी के समर्थन से ही बार-बार एमपी और एमएलए बना है।

**शर्म तो तुम्हें करनी चाहिए, अपने बाप का सम्मान नहीं कर पाए**









## माफिया अतीक के बेटों को पुलिस ने दबोचा

**उमेश पाल हत्याकांड**

**पूरे परिवार पर एफआईआर**

**प्रयागराज।** विधायक राजू पाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल की हत्या के मामले में पूर्व सांसद अतीक अहमद, उसके भाई पूर्व विधायक मोहम्मद खालिद अजीम उर्फ अशरफ, पत्नी शाइस्ता परवीन, गुलाम और गुड्डू मुस्लिम के अलावा अतीक के बेटों पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। उमेश पाल की पत्नी जया पाल की तहरीर पर अतीक अहमद के अज्ञात सहयोगी भी आरोपी बनाए गए हैं। उधर, एसटीएफ द्वारा उमेश पाल हत्याकांड में बीजेपी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राहिल हसन को रसूलाबाद निवास से उठाने की सूचना है। तहरीर में कहा गया है कि घटना के समय अतीक के पुत्रों के अलावा गुड्डू मुस्लिम और गुलाम आदि शामिल थे। नौ अज्ञात के अलावा अतीक के अन्य सहयोगियों को आरोपी बनाया गया है। उमेश पाल हत्याकांड में घटना के कुछ देर बाद ही अतीक अहमद के दो बेटों असद व अहजम को पुलिस ने उठा लिया। उन्हें गोपनीय स्थान पर ले जाकर पूछताछ चलती रही। पुलिस ने शाइस्ता परवीन से भी पूछताछ की।

## शिक्षक भर्ती परीक्षा में सॉल्वर गिरोह का भंडाफोड़

**केंद्रीय विद्यालय**

**सरगना सहित 21 गिरफ्तार प्रॉक्सी सर्वर का लेते थे सहारा**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विद्यालय की ऑनलाइन शिक्षक भर्ती परीक्षा में हैकिंग के माध्यम से पेपर सॉल्व कराने वाले गिरोह का एसटीएफ ने भंडाफोड़ किया है। हरियाणा के पलवल से गिरोह के सरगना के साथ ही वाराणसी और प्रयागराज से 21 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। आरोपियों के पास से 17 लैपटॉप, 13 सीपीयू, 24 मोबाइल, तीन इंटरनेट राउटर, एक प्रिंटर, और पांच एडमिट कार्ड बरामद किए गए। गिरफ्त में आए आरोपियों से पूछताछ के साथ ही उनके पास से बरामद इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से फॉरेंसिक एक्सपर्ट के सहयोग से डाटा रिकवर किया जा रहा है। यूपी एसटीएफ को सूचना मिली थी कि केंद्रीय विद्यालय संगठन की शिक्षक भर्ती परीक्षा में हैकिंग के माध्यम से पेपर सॉल्व कराया जा रहा है। इस सूचना के आधार पर एसटीएफ की वाराणसी, प्रयागराज और नोएडा की टीम ने पड़ताल शुरू की। पड़ताल में सामने आया कि सुनियोजित ढंग से कुछ परीक्षार्थियों को आवंटित कंप्यूटर कोड को लोकल एरिया नेटवर्क और प्रॉक्सी सर्वर के माध्यम से पलवल में बैठकर रिमोट एक्सेस एप्लीकेशन के माध्यम से प्रयागराज में बैठे सॉल्वर तक पहुंचा कर नकल कराई जा रही है।



**ये हुए गिरफ्तार**

☛हरियाणा से गिरोह का सरगना चितरंजन शर्मा पुत्र भगवान दत्त शर्मा निवासी मोहन नगर थाना कैंप, जनपद पलवल (हरियाणा) गिरफ्तार किया गया है। ☛सुजीत कुमार पुत्र रामनरेश निवासी उसरी उमरहा, थाना चौबेपुर, जनपद वाराणसी। ☛प्रशांत वर्मा पुत्र मित्रसेन वर्मा निवासी अशरफपुर बुआथ, थाना जलालपुर, जनपद अंबेडकरनगर। ☛दीपक कुमार पुत्र बलवीर सोनार निवासी इगरा, थाना व जनपद जींद हरियाणा। ☛संतोष पटेल पुत्र शारदा पटेल निवासी उमरहा, थाना चौबेपुर, जनपद वाराणसी। ☛दीपक सिंह पुत्र रामसकल सिंह निवासी सपौली थाना चुनार, जनपद मिर्जापुर। ☛सुधांशु शेखर सिंह पुत्र अच्युतानंद सिंह निवासी बाराचवर, थाना करीमुद्दीनपुर, जनपद गाजीपुर। ☛जयचंद सिंह पुत्र शिवप्रसाद सिंह निवासी सपोली, थाना चुनार जनपद मिर्जापुर। ☛इंद्रेश यादव पुत्र सभाजीत यादव निवासी भारया, थाना पवई, जनपद आजमगढ़। ☛दीप्ती सिंह पुत्री दिवाकर सिंह निवासी भदराव, थाना बरसठी, जनपद जौनपुर। ☛प्रतिभा सिंह पुत्री जय प्रकाश सिंह निवासी कर्मदेश्वरपुरम कॉलोनी कंदवा, थाना चितईपुर, वाराणसी। ☛भुवनेश कुमार पुत्र कुशपाल निवासी कृष्ण विहार कॉलोनी, थाना कोशीकला, थाना मथुरा। ☛ओमकार सिंह पुत्र छोटेलाल निवासी बंका, थाना मुरसान, जनपद हाथरस। ☛अखिलेश कुमार यादव पुत्र लालचंद यादव निवासी बरथरा खुर्द, थाना चौबेपुर, जनपद वाराणसी। ☛संजय कुमार गुप्ता पुत्र सतीशचंद निवासी बस्ती वर्सी निधियांव, थाना मधुबन जनपद मऊ।







### गोवा में पाक टीम को सपोर्ट करना व्यक्ति को पड़ा भारी

**पणजी।** गोवा में एक व्यक्ति को पाकिस्तानी क्रिकेट टीम का समर्थन करना भारी पड़ गया। लोगों ने उससे घुटने के बल बैठकर माफी मंगवाई और उससे भारत माता की जय के नारे भी लगवाए। उत्तरी गोवा के कैलंगुट का यह मामला तब लोगों की नजरों में आया, जब एक ट्रैवल ब्लॉगर ने उस शख्स का वीडियो अपने ब्लॉग पर पोस्ट किया। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। एक ट्रैवल ब्लॉगर कैलंगुट की गलियों में घूमते हुए वीडियो बना रहा था।

## सोनिया का रिटायरमेंट का इशारा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में चल रहे कांग्रेस के 85वें अधिवेशन में पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने राजनीति से रिटायरमेंट का इशारा कर दिया। सोनिया ने शनिवार को अपने संबोधन में कहा- भारत जोड़ो यात्रा के साथ ही मेरी राजनीतिक पारी अब अंतिम पड़ाव पर है। सोनिया ने पहली बार पार्टी अध्यक्ष की कुर्सी संभालने से लेकर अब तक आए उतार-चढ़ाव को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा- 1998 में जब मैं पहली बार पार्टी अध्यक्ष बनी तब से लेकर आज तक यानी पिछले 25 सालों में बहुत कुछ अच्छा और कुछ बुरा अनुभव भी रहा। 2004 और 2009 में पार्टी का परफॉर्मेंस हो या फिर मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बनाने का मेरा निर्णय। यह व्यक्तिगत तौर पर मेरे लिए संतोषजनक रहा। इसके लिए पार्टी कार्यकर्ताओं का मुझे पूरा सहयोग मिला। जिस बात से मुझे सबसे ज्यादा संतुष्टि है, वह ये कि भारत जोड़ो यात्रा के साथ अब मेरी पारी समाप्त हो सकती है। ये पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ है। इधर, पार्टी के अधिवेशन में 2024 लोकसभा चुनाव में यूनाइटेड विपक्ष को लेकर भी बात हुई। पार्टी नेताओं ने कहा कि अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने के लिए पूरे विपक्ष को एक मंच पर आना होगा।

**अधिवेशन**

**रायपुर में बोलीं- भारत जोड़ो यात्रा के साथ मेरी पारी समाप्त हो सकती है**

**2024 लोस चुनाव में विपक्षी एकता जरूरी खड़गे बोले- देश में नफरत का माहौल**

### छात्रों की कथित आत्महत्या के मामले पर सीजेआई चिंतित

**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को छात्रों की कथित आत्महत्याओं की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वह सोच रहे हैं कि हमारे संस्थान कहां गलत हो रहे हैं? कि होनहार छात्र अपनी जान लेने को मजबूर हैं। हाल ही में आईआईटी बॉम्बे में एक दलित छात्र की कथित आत्महत्या की घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हाशिए के समुदायों के पीड़ितों को शामिल करने वाली ऐसी घटनाएं आम होती जा रही हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि पीड़ितों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति उनकी संवेदनाएं हैं। सीजेआई यहां द नेशनल एकेडमी ऑफ लीगल स्टडीज एंड रिसर्च में दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

## नेहा राठौर अस्पताल में भर्ती

**परेशानी बढ़ी**

**बोलीं- तनाव के चलते आया एंग्जायटी अटैक**



**नई दिल्ली।** भोजपुरी लोक गायिका नेहा सिंह राठौर की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। उनके गीत यूपी में का बा पार्ट-2 के बाद पहले उन्हें नोटिस मिला और अब पति हिमांशु से उनके कोचिंग संस्थान ने इस्तीफा मांग लिया है। इस पूरे घटनाक्रम से तनाव में आईं नेहा को शुक्रवार शाम करीब पांच बजे एंग्जाइटी अटैक आ गया। उन्हें दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। करीब दो घंटे तक डॉक्टरों की निगरानी में नेहा को रखा गया और फिर उन्हें छुट्टी दे दी गई नेहा ने कहा कि सुबह में पूरा शरीर सुन्न हो गया था। उनके गाने के चलते सरकार से पहले तो नोटिस मिला था और फिर उसके बाद पति की नौकरी भी चली गई। नेहा ने भावुक होते हुए कहा कि अचानक से जीवन में हुए इस घटनाक्रम के चलते वे तनाव में आ गईं और उन्हें एंग्जायटी अटैक आ गया। यूपी में का बा पार्ट-2 के वीडियो को 16 फरवरी को सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया था। इसके बाद यह गाना तेजी से वायरल हुआ। इस गाने के वायरल होने के बाद ही यूपी पुलिस हरकत में आई और 22 फरवरी को नेहा को नोटिस थमा दिया। नेहा ने कहा कि वे कोई क्रिमनल नहीं हैं। कानपुर देहात में बुलडोजर चलने के चलते मां-बेटी जलकर मर गई। इस संवेदनहीनता के चलते ही उन्होंने यह गाया। गाने में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं है। यूपी पुलिस द्वारा कानूनी नोटिस देने के बाद शुक्रवार को फिर से सोशल मीडिया पर एक वीडियो डाला है।

## छह वर्षों में कैंट विधानसभा में 40 अरब का विकास

**विधान सभा में बोले सौरभ**

**बोले-नेता प्रतिपक्ष को यह बजट दिशाहीन लगता है, विपक्ष का धर्म ही आलोचना का है, लेकिन जनता सब जानती है**



**लखनऊ।** लखनऊ विधान सभा में अपनी बात रखते हुए वाराणसी कैंट विधान सभा के विधायक सौरभ श्रीवास्वत ने प्रदेश सरकार की ओर से पेश किये गये सत्र 2023-24 के बजट को परिकल्पना से ओतप्रोत बताया। बताया कि पीएम मोदी व सीएम योगी की देन है कि सिर्फ वाराणसी ही नहीं पूरा प्रदेश विकास की राह पर चल चुका है। वाराणसी कैंट विधानसभा में पीएम मोदी के नेतृत्व में बीते छह सालों में 40 अरब का विकास हुआ है।

सदन में अपनी बात रखते हुए बताया कि वर्ष 2016-17 में प्रदेश का बजट लगभग तीन लाख 40 हजार करोड़ का था, मात्र छह वर्षों में ही यह अब दोगुने से भी अधिक, लगभग छह लाख 90 हजार करोड़ का हो गया, इससे स्पष्ट है कि हमें जनता का जनादेश जो उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए मिला है, उस पर यह सरकार शत प्रतिशत खरी उतर रही है। देश की जीडीपी में उत्तर प्रदेश का योगदान आठ प्रतिशत से अधिक है।

### पर्यटन के साथ रोजगार भी

यूपी पर्यटन नीति के तहत इस बजट में अगले पांच वर्षों में 20 हजार नौकरियों के सृजन के साथ साथ 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य भी रखा गया है। निश्चित रूप से यह बजट प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगा। सरकार द्वारा संस्कृति और विरासत को विकसित किया जा रहा है।

### प्रदेश में अपराधियों पर अंकुश

सौरभ ने बताया कि उत्तर प्रदेश संगठित अपराध के सफाये में भी नम्बर एक पर है। अधिकांश अपराधी या तो जेल में हैं या प्रदेश के बाहर हैं और अपराध के सफाये का ही यह असर है कि आज प्रदेश में उद्यम का अनुकूल वातावरण बना है। 2017 के पहले प्रदेश में भय का माहौल था। कोई बड़ा इन्वेस्टर यहां आना नहीं चाहता था। पर अब स्थिति पूरी तरह से बदल गई है।

### इन पंक्तियों से लिया वाणी विराम

विधायक ने कहा कि विपक्षियों की ओर से बार-बार 'यूपी में का बा' का जवाब इन पंक्तियों से देना चाहूंगा यूपी में का बा, यूपी में बाबा बा, बाबा का राज बा, बाबा कइलन काज बा, शिक्षा का प्रसार बा, उद्यमिता का माहौल बा, गुंडन का भइल हौ नाश बा, यूपी में विकास बा, यूपी में रोजगार बा, यूपी में सुरक्षा बा, यूपी में सम्मान बा।

## अडानी विवाद से संकट में एलआईसी के शेयर

### एलआईसी का मार्केट कैप करीब 75 हजार करोड़ रुपये घटा

**मुश्किलें बढ़ीं**

**बीमा कंपनी के शेयरों में भी बड़ी गिरावट**



**नई दिल्ली।** हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद संकट में घिरे गौतम अडानी समूह के साथ ही जीवन बीमा निगम की भी मुश्किलें बढ़ी है। विवाद के बाद ना सिर्फ एलआईसी के निवेश को नुकसान पहुंचा है बल्कि बीमा कंपनी के शेयरों में भी बड़ी गिरावट आई है। बीएसई इंडेक्स पर शुक्रवार को यह शेयर एक प्रतिशत गिरकर 584.65 रुपये पर बंद हुआ। वहीं, बीते 1 फरवरी को यह शेयर 582.45 रुपये के ऑल टाइम लो लेवल तक गया था। हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद अब तक एलआईसी के शेयर लगभग 17% टूट गए हैं। वहीं, महीने भर में एलआईसी का मार्केट कैप करीब 75 हजार करोड़ रुपये घट गया है। बता दें कि 24 जनवरी को एलआईसी का मार्केट कैप 4,44,141 करोड़ रुपये था जो शुक्रवार 24 फरवरी को 3,69,790 करोड़ रुपये पर रह गया। हालांकि अज्ञानी समूह के अंदरूनी सूत्रों ने जोर देकर कहा कि एलआईसी ने इस साल जनवरी में कुछ लाभ अर्जित किया था। ये वो वक्त था जब एलआईसी के शेयर की कीमतें 52 सप्ताह के उच्च स्तर के करीब थीं। आपको बता दें कि 17 मई 2022 को शेयर ने 920 रुपये के हाई को टच किया था। हालांकि, बीमा कंपनी ने अभी तक अपने अडानी पोर्टफोलियो में लाभ या हानि की स्थिति के बारे में बयान नहीं दिया है।

### एलआईसी का कितना प्रतिशत तक निवेश

बीएसई को किए गए आखिरी खुलासे में एलआईसी ने बताया था कि उसका सबसे बड़ा निवेश अडानी पोर्ट्स में था। इस कंपनी में 9.1% हिस्सेदारी थी। वहीं, अडानी समूह की छह अन्य कंपनियों में इसकी 1.25% से 6.5% तक की हिस्सेदारी थी। पिछले एक महीने में छक्ठ के शेयर की वैल्यू करीब 17 फीसदी टूट चुकी है। 30 जनवरी को छक्ठ ने बताया था कि अडानी समूह में दिसंबर के अंत तक बीमा कंपनी के इक्विटी और ऋण के तहत 35,917 करोड़ रुपये हैं। छक्ठ ने बताया था कि अडानी समूह की सभी कंपनियों में इक्विटी का कुल खरीद वैल्यू 30,127 करोड़ रुपये है और 27 जनवरी, 2023 को इसका मार्केट वैल्यू 56,142 करोड़ रुपये पर था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बीते 23 फरवरी को मार्केट बंद होने तक यह मार्केट वैल्यू घटकर 27000 करोड़ पर आ गया।

# एक्सईएन पर एफआईआर का निर्देश

## सांसद निधि के कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी हुए सख्त

मीटिंग

**अधूरे कार्य पर कार्यदायी संस्था अभियंता व ठेकेदार से होगी वसूली**

**अधिशासी अभियंता का वेतन रोका गैरहाजिर अफसरों से स्पष्टीकरण**

जनसंदेश न्यूज



जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने शनिवार को विकास भवन में सांसद निधि के कार्यों की समीक्षा बैठक की

वाराणसी। डीएम एस. राजलिंगम ने सांसद निधि के कार्यों में सुस्ती पाए जाने पर परियोजना को 'श्रमदान' घोषित कर यूपीएसआईसी के एक्सईएन के विरुद्ध रपट दर्ज कराने और लेटलतीफी समेत अधूरे पाए पर खर्च धनराशि कार्यदाई संस्था, जिम्मेदार अभियंता और ठेकेदार से वसूलने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने इन कार्यों की समीक्षा के लिए डीआरडीए के परियोजना निदेशक की अध्यक्षता में कमेटी गठित करने को भी कहा है।

विकास भवन सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी सांसद निधि स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के कार्यों की प्रगति के बारे में समीक्षा बैठक के दौरान यह फैसला लिया। मौके पर गैरहाजिर अफसरों से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिये। कार्यों में लापरवाही करने पर अधिशासी अभियंता नलकूप का वेतन रोकने को कहा। यूपीएसआईसी के कार्यों में शिथिलता बरतने के कारण कार्य को श्रमदान घोषित करते हुए एक्सईएन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिये। उन्होंने 32 कार्य अधूरे पाये जाने और समय से पूर्ण न करने पर कार्यदायी संस्था से 75% प्रतिशत, ठेकेदार एवं जिम्मेदार अभियंता से 25% तीन किश्तों में वसूलने को कहा। साथ ही इन कार्यों की समीक्षा के लिए पीडी डीआरडीए की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाने पर बल दिया। जिलाधिकारी ने मीटिंग में उन लिपिकों को चेताया जिन बाबुओं ने कार्यों का भुगतान रोक कर रखा है। उन्होंने कहा कि यदि किसी का पेमेंट समय से नहीं किया गया तो सख्त कार्रवाई होगी। पूर्व अनुमति लिए बगैर जनपद से बाहर गये जल निगम के अधिशासी अभियंता से स्पष्टीकरण तलब किया। उन्होंने नेडा, सी एंड डीएस, जल निगम, आरईएस सहित अन्य कार्यदाई संस्थाओं के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि जिनके कार्यों में समयबद्धता और गुणवत्ता नहीं है उनके खिलाफ एफआईआर कराने के लिए नोटिस जारी करें।

# पीएनबी प्रेरणा समूह ने बांटी पठन सामग्री

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। पंजाब नेशनल बैंक भारत का पहला पूर्णतः स्वदेशी बैंक है जिसकी स्थापना के समय से ही देश और देशवासियों की सेवा इसका परम लक्ष्य रहा है। समय-समय पर अपने सामाजिक कार्यों के द्वारा बैंक देश सेवा के साथ बैंकिंग के अपने लक्ष्य को दृढ करता रहा है।

इसी उद्देश्य से प्रधान कार्यालय द्वारा पीएनबी प्रेरणा समूह का गठन अंचल व मंडल स्तर पर किया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य वंचित तबके के नागरिकों की सेवा तथा बैंक से उन्हें जोड़ना है।

इस समूह में उच्च पदाधिकारियों की सहधर्मिणी वृंद को समाज सेवा में आगे आने के लिए योजित किया गया है। चंदौली जनपद के पुरवां ग्राम में स्थित प्राथमिक विद्यालय में 175 विद्यार्थियों को शनिवार को शिक्षण सामग्रियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रेरणा समूह की रीना राय, श्रीमती बबिता, श्रीमती कमला दास, श्रीमती नीतू, श्रीमती गुंजन सिंह, श्रीमती निशी बिमन, श्रीमती वंदना अग्रवाल, श्रीमती गीता अग्रवाल आदि मौजूद थीं।



## संक्षेप

### शीएट के मो. फैजान को सिल्वर मेडल



चांदमारी। अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीय पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता 2023 में सरस्वती उच्च शिक्षा एवं तकनीकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय (शीएट) गहनी के बीपीएड प्रथम वर्ष के छात्र मो. फैजान रजा ने 93 किलोभार वर्ग में 787.5 किलो भार उठा कर रजत पदक प्राप्त किया। मो. फैजान रजा शीएट पीजी कालेज की ओर से महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के पॉवर लिफ्टिंग (पुरुष) टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीय पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन गुरु काशी यूनिवर्सिटी भटिंडा में हो रहा है। खेल से महाविद्यालय का मान बढ़ाने पर निदेशक नवीन कुमार सिंह ने कहा कि यह अत्यन्त सुखद है। प्राचार्य डा. संतोष कुमार सिंह ने कहा कि खेल के कौशल और खिलाड़ियों के सम्मान पर महाविद्यालय बहुत ध्यान देता है। बीपीएड विभागाध्यक्ष डा. संजीव कुमार सिंह ने कहा कि खेल के क्षेत्र में फैजान ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डा. सीमांत प्रियदर्शी, डा. दिग्विजय नारायण वर्मा, डा. सुजीत सिंह, श्रीमती साक्षी सिंह आदि ने हर्ष जताया।

### विश्व शांति के लिए निकली घट यात्रा

वाराणसी। विश्व कल्याण एवं शांति के लिए पद्मावती महिला मंडल की ओर से मैदागिन स्थित बिहारीलाल दिगंबर जैन मंदिर में 25 फरवरी शनिवार से 8 मार्च तक सर्वतो भद्र महामंडल विधान महोत्सव एवं शांति महायज्ञ का आयोजन किया गया है। विधान का शुभारंभ शनिवार को घट यात्रा से किया गया। घट यात्रा में महिलाएं केसरिया वस्त्र एवं पुरुष श्वेत वस्त्र धारण किए हुए दशलक्षण घट व 51 रजत कलशों में पवित्र गंगाजल लेकर जयघोष करते हुए आयोजन स्थल के लिए शोभायात्रा निकाली। यह यात्रा गोदौलिया, बांस फाटक, चौक, नीचीबाग व मैदागिन होते हुए बिहारी लाल दिगंबर जैन मंदिर मैदागिन पहुंची। इस दौरान मार्ग में जैन धर्मावलंबियों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा के मंदिर पहुंचने पर मंडल शुद्धि, सरलीकरण एवं ध्वजारोहण के बाद मान स्तंभ का महाअभिषेक किया गया।

### होलाष्टक पर लगेगा मांगलिक कार्यों पर विराम

वाराणसी। होलाष्टक पर एक बार फिर मांगलिक कार्यों पर विराम लग जायेगा। इसके चलते 27 फरवरी से सात मार्च तक कोई भी मांगलिक कार्य नहीं हो सकेगा। होलाष्टक आठ दिनों का माना जाता है। यह फाल्गुन शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि से पूर्णिमा तिथि तक रहता है। प्रसिद्ध ज्योतिषविद् पं. विमल जैन के मुताबिक होलाष्टक होली पर्व के 8 दिन पूर्व से प्रारंभ हो जाता है। होलाष्टक में ग्रह अपने उग्र स्वरूप में रहते हैं। जिसके फलस्वरूप धार्मिक कृत्यों के अतिरिक्त समस्त मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाता है। इसमें वैवाहिक कार्यक्रम, नामकरण, मुंडन, मुहूर्त, अन्नप्राशन, नवगृह प्रवेश व निर्माण, नव व्यापार, नव प्रतिष्ठान आदि समस्त मांगलिक कृत्यों को स्थगित रखा जाता है। पं. विमल जैन ने बताया कि उग्र ग्रहों में तिथि के अनुसार अष्टमी तिथि को चन्द्रमा, नवमी तिथि को सूर्य, दशमी तिथि को शनि, द्वादशी तिथि को वृहस्पति, त्रयोदशी तिथि को बुध, चतुर्दशी तिथि को मंगल व पूर्णिमा तिथि के दिन राहु ग्रह अपने उग्र स्वरूप में रहते हैं। जिसके फलस्वरूप इन 8 तिथियों के दिन अष्टमी से पूर्णिमा तक मांगलिक कृत्य स्थगित रहते हैं जबकि सामान्य धार्मिक कृत्य नियमित रूप से चालू रहेंगे। होलाष्टक 17 फरवरी से प्रारंभ होकर सात मार्च मंगलवार को समाप्त हो जायेगा। तत्पश्चात शुभ लग्न व शुभ मुहूर्त में समस्त कार्य प्रारंभ हो जायेगा।

### प्राचीन छात्र एसोसिएशन ने दी सहयोग राशि

तरना। यूपी कालेज प्राचीन छात्र एसोसिएशन की तरफ से शनिवार को पड़ाव स्थित सर्वेश्वरी समूह भगवान अवधूत राम कुष्ठ सेवाश्रम को सेवा कार्यों के लिए 50 हजार की धनराशि सहयोग स्वरूप प्रदान किया गया। प्राचीन छात्र एसोसिएशन के अध्यक्ष विंध्याचल सिंह, भानु प्रताप सिंह, आनंद विजय और अमरनाथ सिंह ने संयुक्त रूप से कार्यालय में उक्त धनराशि का चेक भेंट किया।

### विद्यापीठ में 'आरम्भ' का हुआ आयोजन

वाराणसी। समाजशास्त्र परिषद महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में शनिवार को 'आरम्भ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें एमए समाजशास्त्र तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने एमए प्रथम सेमेस्टर समाजशास्त्र के विद्यार्थियों का स्वागत किया। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रेखा के नेतृत्व में निर्णायक मंडल द्वारा पुरस्कारों का वितरण किया।

### तीसरे दिन यात्री शिवपुर पहुंचे

शिवपुर। दातार पंचकोशी यात्रा के तीसरे दिन रामेश्वर में प्रवेश करने के बाद वहां से दर्शन पूजन कर शनिवार को सुबह चौथे पड़ाव स्थल शिवपुर में पांचों पंडवा मंदिर पर दर्शन पूजन कर हनुमान भक्त मंडल धर्मशाला में पंचकोशी यात्री विश्राम किये। वहां पर पंचकोस यात्रियों को यात्रा की विषय में यात्रा का वर्णन करते हुए श्री पांडेय महाराज ने कहा पंचकोशी यात्रा करने से पापों का नाश हो जाता है। पंचकोश जो 25 कोशिका है वह 5 दिनों के बाद संपूर्ण यात्रा सकुशल संपन्न होती है। कहा कि भगवान शिव की आराधना की कृपा की शिवपुर में भीम, अर्जुन, युधिष्ठिर, नकुल सहदेव का यहां आगमन हुआ था। उसी दौरान में पंचकोशी यात्रा के इस मार्ग पर पांचों पंडवा मंदिर की स्थापना हुई थी। जहां दूर दूर से पंचकोश के दौरान यात्री यहां आकर दर्शन पूजन करने आते हैं। बालाजी महाराज ने बताया लगातार पंचकोशी यात्रा करने और पंचकोश यात्रियों की सुख सुविधाओं का ध्यान रखने के लिए यहां पर पंचकोश के मार्ग पर तमाम धर्मशालाएं एकता की दृष्टि से हैं जिसमें पंचकोशी यात्रा करते हैं। इस अवसर पर पूर्व काशी नरेश स्व. डा. विभूतिनारायण सिंह की तीनों सुपुत्री राजकुमारियां भी शामिल थीं। कार्यक्रम का संयोजन विश्वनाथ नारायण पालंदे ने किया है।

# अनियमित दिनचर्या व विवाह में देरी से बांझपन

सेमिनार

**फाग्सी उत्तरी जोन सेमिनार के दूसरे दिन स्त्री रोग विशेषज्ञों ने विभिन्न विषयों पर रखे अपने विचार**

जनसंदेश न्यूज



वाराणसी। फेडरेशन ऑफ ऑब्सटेट्रिक एंड गायनेकोलॉजिकल सोसाइटीज ऑफ इंडिया (फॉग्सी) नार्थ जोन युवा कान्फ्रेंस के बैनर तले आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में बांझपन के प्रति स्त्री रोग विशेषज्ञों ने अपने व्याख्यान दिया।

राष्ट्रीय अधिवेशन में मुख्य रूप से भारत के नार्थ जोन की युवा महिला रोग विशेषज्ञ सहित पूरे भारत की नामी-गिरामी प्रतिष्ठित गाइनोकोलाजिस्ट के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। स्वस्थ नारी सुखी नारी, बदलाव, एकीकरण, समानता, तकनीक थीम पर आयोजित इस अधिवेशन में विशेष रूप से सभी ने संबंधित विषयों पर अपने उद्गार व व्याख्यान दिये। स्त्री रोग विशेषज्ञों ने बताया कि बदलते जीवनशैली के चलते बांझपन की शिकायत स्त्रियों में बढ़ी है, इसके साथ ही विवाह में देरी भी मुख्य कारण है। विशेषज्ञों ने अपने व्याख्यान में बदलते परिवेश पर भी अपने विचार रखे। अधिवेशन में देश भर के प्रतिष्ठत कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अपने स्टॉल लगा रखे थे। समारोह में कान्फ्रेंस की आर्गनाइजिंग टीम डॉ.अनुराधा खन्ना, डॉ. सुधा सिंह, डॉ. नीलम ओहरी, डॉ. दीया अग्रवाल, डॉ. रीतू खन्ना, डॉ. लवीना चौबे, डॉ. शालिनी टण्डन थीं।




डॉ. नीलम ओहरी ने बताया कि अनियमित जीवन शैली व देर में होने वाली शादियों ने ही बांझपन को बढ़ावा दिया है। बताया कि अब यह लाइलाज नहीं है।

डॉ.नीलम ओहरी, स्त्री रोग विशेषज्ञ




डॉ.शालिनी टंडन ने कॉन्फ्रेंस में स्त्रियों में होने वाली विटामिन बी की कमी के प्रति जानकारी दी। इसके साथ ही हार्मोन के प्रति भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घरेलू महिलाएं अपनी सेहत के प्रति कम जागरुक होती हैं,जो बिमारी का जनक है।

डॉ.शालिनी टंडन, स्त्री रोग विशेषज्ञ



स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.रितू खन्ना ने मासिक की अनियमिता पर अपने विचार रखते हुए बताया कि अनियमित दिनचर्या ने इसमें बढ़ोत्तरी की है। उचित खानपान भी मुख्य कारण है।

डॉ. रितू खन्ना-स्त्री रोग विशेषज्ञ



स्त्री रोग विशिष्ज्ञ डॉ.सुधा सिंह ने स्त्री रोगों के तमाम समस्याओं पर चर्चा करते हुए अपने विचार रखे। पुराने परिवेश के से अब लोगों को उभरना होकर अपने स्वास्थ्य के प्रति महिलाओं को जागरुक होना होगा।

डॉ.सुधा सिंह-स्त्री रोग विशेषज्ञ



स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.लवीना चौबे ने सीजेरियन डिलेवरी के प्रति अपना व्याख्यान दिया बताया कि सीजेरियन के अपने कई फायदे हैं। इसके प्रति भी गर्भवतियों को जागरुक होना होगा।

डॉ. लवीना चौबे,स्त्री रोग विशेषज्ञ



डॉ. दिव्या अग्रवाल ने अपने विचार रखते हुए स्त्रियों के रोगों के बारे में बताते हुए कई रोगों के प्रति जानकारी दी।

डॉ. दिव्या अग्रवाल स्त्री रोग विशेषज्ञ



डॉ.अनुराधा खन्ना ने कॉन्फ्रेंस में अपने व्याख्यान में स्त्री रोग से संबंधित कई रोगों के प्रति अपने विचार रखे।

डॉ. अनुराधा खन्ना, स्त्री रोग विशेषज्ञ

# 'फैमिली आईडी' लागू होने पर पात्रों को होगा लाभ

कार्यशाला

**एक परिवार-एक पहचान योजना के क्रियान्वयन के बारे में अफसरों और कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण**

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। फैमिली आईडी एवं 'एक परिवार-एक पहचान' योजना को अमली जामा पहनाने के लिए शनिवार की शाम दूसरे चरण की प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ। कलेक्ट्रेट स्थित जिला क्लब सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर प्रसून अग्रवाल ने ट्रेनिंग दी।

वर्कशॉप में सभी एसडीएम की उपस्थिति में ब्लॉकों के ग्राम विकास अधिकारियों, ग्राम पंचायत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह ने बताया कि फैमिली आईडी का उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को शत-प्रतिशत आच्छादित करने समेत डुप्लीकेट या फर्जी लाभार्थियों को हटाना, छूटे हुए लाभार्थियों और जरूरतमंद परिवारों की प्राथमिकता के आधार पर पहचान करने, शासन की सभी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने और तय लक्ष्य पूर्ण करने के लिए सभी विभागों का एकीकरण करना है। श्री सिंह ने बताया कि फैमिली आईडी प्रत्येक परिवार के लिए 12 अंकों की एक विशिष्ट पहचान संख्या है जिसमें परिवार के सदस्यों का ब्योरा दिया होगा। इस आईडी डेटाबेस योजनाओं में पात्रता निर्धारित करने एवं लाभ से वंचित पात्रों को लाभान्वित करने के लिए केंद्रीय भंडार के तौर पर काम करेगा। यह एक स्वैच्छिक सेवा है। सिर्फ वह परिवार जो यूपी या केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ ले रहे हैं या लाभ प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें पंजीकरण कराने की आवश्यकता हो सकती है।

### ऐसे कराएं पंजीकरण

उन परिवारों का फैमिली आईडी कार्ड बनेगा जो राशन कार्डधारक नहीं है। जिन परिवारों का राशनकार्ड पहले से बना है, उनकी राशनकार्ड संख्या ही फैमिली आईडी संख्या है। आवेदक की ओर से विभिन्न चरणों में स्वयं या जनसेवा केंद्र के जरिये इन प्रक्रियाओं के तहत वेबसाइट 'फैमिलीआईडी.यूपी.जीओवी.इन' पर पंजीकरण कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के बाद लेखपालों एवं सचिव, ग्राम पंचायतों द्वारा सत्यापन किये जाने से जुड़ी प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई।

### टैगिंग से पशुपालक होंगे लाभांवित


दानगंज। चोलापुर ब्लॉक में हुई किसान गोष्ठी में पशुपालकों संग गिर गाय पर चर्चा हुई। पशु चिकित्सक डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि गोवंशों की टैगिंग करायी जा रही है। इस प्रक्रिया से किसानों लाभांवित होंगी। पशुओं की कीमत बढ़ेगी और उनकी पहचान करना आसनी से संभव होगा। उन्होंने बताया कि गाय-भैंसों में भ्रूण प्रत्यारोपण लाभ पशुपालकों को मिलेगा।

### आदिवासी युवाओं ने किया भ्रमण



वाराणसी। जनपद में चल रहे आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत शनिवार को प्रतिभागियों ने बड़ालालपुर स्थित पं. दीनदयाल हस्तकला संकुल यानि टीएफसी, सारनाथ, सीआरपीएफ कैंप 95 बटालियन के शिविर का भ्रमण किया। उन्हें प्रत्येक स्थान और उसके महत्व आदि की जानकारी दी गयी। सायंकालीन सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां हुई। इस अवसर पर गृह मंत्रालय भारत सरकार की अंडर सेक्रेटरी अलका शर्मा की विशिष्ट उपस्थिति में नेहरु युवा केंद्र संगठन के उप निदेशक अनिल कुमार सिंह, जिला युवा अधिकारी निखिल गुप्ता, सीआरपीएफ कमांडेंट अनिल कुमार वृक्ष, जिला युवा अधिकारी राशि मिश्रा एवं प्रतीक साहू, डीपीओ ऐश्वर्या मिश्रा, एपीए विकास कुमार, एनएसएस बीएचयू के बाला लखेंद्र, सुभाष चंद्र प्रसाद, अंगद सिंह यादव आदि भी रहे।

### तीन दिनी भूगोल सम्मेलन आरंभ



वाराणसी। बीएचयू के भूगोल विभाग की ओर से शनिवार को डेक्कन ज्योग्राफिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया का तीन दिनी 17वां अंतरराष्ट्रीय भूगोल सम्मेलन आरंभ हुआ। विज्ञान संस्थान के महामना हॉल में इसका उद्घाटन विभाग प्रमुख प्रो. वीएन शर्मा ने किया। उन्होंने देश की विकास प्रक्रिया में स्वदेशी संसाधनों और पारंपरिक ज्ञान प्रणाली के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। संयोजक प्रो. एनके राणा ने आयोजन का उद्देश्य बताया। प्रो. मधुलिका अग्रवाल ने विकास प्रक्रिया और ग्रामीण और शहरी नियोजन में भौगोलिक और भू-स्थानिक अनुसंधान के महत्व पर रोशनी डाली। प्रो. बीसी वैद्य ने बीते वर्षों की शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में बताया।

### परिणय सूत्र में बंधे 61 जोड़े



चिरईगांव। स्थानीय ब्लॉक मुख्यालय पर शनिवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 61 जोड़ों की शादियां कराई गईं। बीडीओ राजेश वर्मा ने बताया कि समारोह में हिन्दू, मुस्लिम व बौद्ध धर्म से जोड़ों का विवाह कराया गया।

# कौन सुनेगा... किसको सुनाएं...अपनी दास्तां

विवशता

**वाराणसी गाजीपुर मार्ग पर संचालित होने वाली बसों के मालिकों ने सुनाया दर्द**

**बोले, पारम्परिक व्यवसाय को निभाना विवशता नहीं तो लाखों की बस को कौड़ी में बेचना होगा**



जाम के लिए इस पर भी ध्यान दें

विश्वविद्यालय की चहारदीवारी से सटीं खड़ी बसें-ट्रक जाम का कारण

वाराणसी। गाजीपुर मार्ग पर संचालित होने वाले निजी बसें लगभग दस दिनों से मार्ग पर नहीं चल रहीं हैं। इसके चलते जहां लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वहीं बस संचालकों और इससे संबंधित विभागों से लगातार प्रदेश की मुखिया तक गुहार लगायी जा रही है लेकिन दस दिन बीत जाने के बाद नतीजा सिफर है।

संबंधित विभागों का साफ तौर पर कहना था कि चौकाघाट लकड़ी मंडी से संचालित होने वाली गाजीपुर मार्ग की बसों के चलते वहां से लगातार तेलियाबाग चौकाघाट तक जाम लग जाता है। इसी का हवाला देते हुए बस संचालन पर रोक लगाते हुए बस स्टैंड को आशापुर से संचालित करने की बात कही गयी। इसके चलते दस दिनों से इस मार्ग पर औपचारिक रुप से बसों का संचालन बंद है। आम लोग तो परेशान हो रहें हैं, बस से जुड़े चालक, परिचालक, खलासी के समक्ष दस दिनों में आर्थिक परेशानी हो गयी है।

**किसको सुनाएं दास्तां :** प्राइवेट बस संचालक कल्याण समिति के लोगों का कहना है कि इस संदर्भ में संबंधित विभागों में गुहार लगायी जा चुकी है। लेकिन अभी तक नतीजा सिफर है।

**लाखों का टैक्स फिर भी खानाबदोशी :** समिति के लोगों का कहना है कि दो लाख रुपये प्रति माह जहां नगर निगम को बतौर टैक्स दिया जाता है वहीं 220 बसों का प्रति माह लाखों रुपये के रुप में परिवहन विभाग को परमिट का टैक्स देतें हैं। फिर भी हाशिये पर हैं।



चौकाघाट क्षेत्र में जाम को कारण भले ही विभाग की ओर से गाजीपुर बस संचालन को माना जा रहा हो लेकिन सम्पूर्णानंद विश्वविद्यालय, वीसी आवास, मुख्य कार्यालय के पार्क के समीप से लगायत जगतगंज तक के विश्वविद्यालय की चहारदीवारी तक ट्रकों से लगायत दूसरे प्रांतों से आने वाली बसों को किसी के इशारे परखड़ा कर दिया जा रहा है, इस पर परिवहन विभाग के अधिकारी मौन हैं।

# दुनिया में भारतीय खाद्यान्न का विशेष महत्व, उठाएं लाभ

बोले प्रह्लाद पटेल

**उत्तर प्रदेश में फूड प्रोसेसिंग आधारित उद्योगों की अपार संभावनाएं, करें निवेश**

**क्रिएटिंग वाइब्रेंट फूड प्रोसेसिंग सेक्टर पर नेशनल कांफ्रेंस का हुआ आयोजन**

जनसंदेश न्यूज



शनिवार को क्रिएटिंग वाइब्रेंट फूड प्रोसेसिंग सेक्टर पर आयोजित नेशनल कांफ्रेंस में केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग व जल शक्ति राज्यमंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने उद्योगपति आरके चौधरी ने सम्मानित किया

वाराणसी। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग व जल शक्ति राज्यमंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने कहा कि दुनिया में भारतीय खाद्यान्न का अपना विशेष महत्व है। इसका लाभ भारत के लोगों को उठाना चाहिए। इसके लिए खाद्यान्न उत्पादन की गुणवत्ता, पैकेजिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग पर ध्यान देने की जरुरत है। वह इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, द एसोसिएटेड चेंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया, एसोचैम व इंडो अमेरिकन चेंबर ऑफ कॉमर्स के संयुक्त बैनर तले शनिवार को छावनी क्षेत्र स्थित एक होटल में क्रिएटिंग वाइब्रेंट फूड प्रोसेसिंग सेक्टर पर आयोजित नेशनल कांफ्रेंस में मुख्य अतिथि थे।

केंद्रीय राज्यमंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में फूड प्रोसेसिंग आधारित उद्योगों की अपार संभावनाएं हैं। वजह, देश में खाद्यान्न के उत्पादन में उत्तर प्रदेश का प्रमुख स्थान है। विशाल बाजार, कम उत्पादन लागत, मानव संसाधन और कच्चे माल की पर्याप्त उपलब्धता को देखते हुए यूपी में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्योगों के स्थापना की पर्याप्त संभावनाएं हैं। इसलिए भारत सरकार राज्य में नए सुधार और नीतियां ला रही है और से फूड पार्क के रूप में विकसित कर रही है। उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सरकार की नीतियों के साथ-साथ इस सेक्टर में निवेश की संभावनाओं की भी चर्चा की।

केंद्रीय राज्यमंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने उद्योगपतियों से मंत्रालय की विभिन्न एजेंसियों से भयमुक्त होकर खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह स्वर्णिम अवसर है और उद्योगपतियों को इसका लाभ उठाना चाहिये। उन्होंने 'मोटे अनाज' के क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि दुनिया में मोटे अनाज का जितना उत्पादन होता है, उसमें से 40 प्रतिशत मोटा अनाज भारत में होता है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित किया है। दुनियाभर में मोटे अनाज के नये नये उत्पादों को बढ़ावा दिया जा रहा है। क्योंकि इसकी मांग बढ़ रही है और हम फिर से पुरानी पद्धतियों की तरफ अग्रसर हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी यही विजन है।

उद्योगपतियों को निवेश के लिये शुरू की गई अनेक योजनाओं को गिनाते हुये उन्होंने कहा कि यदि कच्चा माल प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है, आपूर्ति श्रृंखला मजबूत है तो मेरा मानना है कि इससे उद्योग को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि हम गुणवत्ता के बजाय मात्रा बढ़ाने की तरफ बढ़ गये हैं। ये सही नहीं होना चाहिए। उत्पाद की गुणवत्ता को लेकर विचार बनाने की जरूरत है। हमें अपने मानदंड तय करने होंगे। जिन लोगों ने हमें मोटे अनाज से दूर धकेला था, आज वही इसकी मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उपलब्ध जल संसाधनों के तेजी से होते दोहन की तरफ भी उद्योगपतियों का ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने कहा कि हमारा मूल खानपान मोटे अनाज ही था। लेकिन हमने गेहूं, धान और गन्ने की अधिक पानी वाली फसलों को तेजी से अपनाया। उद्घाटन सत्र समेत तीन सत्रों में विविध आयामों पर चर्चा हुई। इसमें सूरज नागिया, ध्रुव शर्मा, शुभांगी सिंह, डॉ. यशवंत सिंह, डॉ. सुप्रिया सिंह, रितेश सिंह, शक्ति सिंह शेखावत, अनुज सिंह, विजय मिश्रा आदि ने संबोधित किया।

### ब्रांडिंग पर ध्यान देने की आवश्यकता

केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि भारतीय उद्योगों को खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में अपनी ब्रांडिंग करनी चाहिये। बाहर की कंपनियां भारत में आकर अपना ब्रांड चलाती हैं लेकिन कोई भी भारतीय कंपनी ऐसा नहीं कर पाई है। सरकार ब्रांड मार्केटिंग में धन देने को तैयार है, उत्पाद की गुणवत्ता और स्वच्छता की गारंटी के लिये खाद्य प्रयोगशालायें सुलभ होनी चाहिये, जिसकी रिपोर्ट दो दिन के भीतर मिलनी चाहिये। उन्होंने कहा कि हम शक्कर, चावल और आटे के निर्यातक बन गये, जिनकी फसलों में पानी का इस्तेमाल अधिक होता है, लेकिन आप मिलेट, सेमी-मिलेट की किसी भी फसल को देखेंगे तो उसमें पानी कम लगता है। यानि हमने अपने जल संसाधनों का दोहन अधिक किया। भारत में दुनिया की कुल आबादी के 18 प्रतिशत लोग हैं, जबकि पीने योग्य कुल पानी का मात्रा चार प्रतिशत ही उपलब्ध है। इस दिशा में भी हमें सोचना होगा। हमें खेती का पैटर्न बदलना होगा। प्राकृतिक संसाधनों को बचाना होगा। आने वाली पीढ़ी का भी इन पर अधिकार है।

### 55 प्रतिशत आबादी कृषि व फूड प्रोसेसिंग पर आधारित

इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएसन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरके चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के विकास के लिए प्रचुर मात्रा में संसाधनों की उपलब्धता है और विविध प्रकार का उत्पादन यहां होता है, यही वजह है कि राज्य निर्यात के लिहाज से सबसे आगे है। उन्होंने कहा कि देश का 55 प्रतिशत से अधिक आबादी कृषि एवं फूड प्रोसेसिंग पर आधारित है। इसे बढ़ावा देने की आवश्यकता है। उदाहरण देते हुए बताया कि जलालाबाद मूंगफली का बड़ा उत्पादक है, लेकिन तेल गुजरात व अन्य राज्यों में निकाला जाता है। यहां से मक्का पंजाब जाती है और वहां उसकी प्रोसेसिंग होती है। यूपी गेहूं में देश का सबसे बड़ा और चावल व गन्ना उत्पादन में दूसरे स्थान पर है। जरूरत है यूपी में फूड प्रोसेसिंग यूनिटों को बढ़ावा देने की। प्रोसेसिंग व उत्पाद तैयार करने की मशीन लग जाए तो रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

### इन लोगों ने भी किया संबोधित

कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने कहा कि उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में पूंजी निवेश के लिये तमाम अवसर उपलब्ध कराता है। राज्य में उद्यमियों को खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में बेहतर परियोजनायें खड़ी करने के लिये सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। एसोचैम की एफएमसीजी परिषद के सह-अध्यक्ष सीके शर्मा ने यूपी को खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में नेतृत्व की भूमिका में लाकर राज्य को आर्थिक लिहाज से मजबूत बनाया जा सकता है। एपीडा के क्षेत्रीय प्रमुख डॉ. सीबी सिंह ने कहा कि यूपी में अनाज उत्पादन में 20 प्रतिशत भागीदारी के साथ सबसे बड़ा योगदान कर रहा है। इंडो-अमेरिकन चैंबर आफ कामर्स की वाराणसी चैप्टर के चेयरमैन राजेश तिवारी ने कहा कि विभिन्न योजनाओं के जरिये खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को तकनीकी तौर पर आधुनिक बनाने, प्रौद्योगिकी उन्नयन और उपलब्ध क्षमता के अनुरूप विस्तार पर जोर दिया जाना चाहिये।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

दुखद

## घर से लगभग 40 मीटर दूर खेत में मिला शव

**रेवती।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत भोपालपुर पश्चिमी में 48 वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर, परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है।

रेवती थाना क्षेत्र के घाघरा दियारांचल क्षेत्र के भोपालपुर पश्चिमी गांव निवासी श्रीकिशुन यादव (48) पुत्र स्व. उजागीर यादव शुक्रवार की शाम अपने घर से निकले। उनका शव घर से करीब 40 मीटर दूर खेत में पाया गया।



घटना की सूचना पर पहुंची महिलाएं

मृतक श्रीकिशुन यादव की पत्नी देवकुमारी देवी ने बताया कि मैं तथा मेरा पुत्र सोनू तारीख पर बलिया गए हुए थे। बलिया से जब हम शाम को करीब सात बजे घर वापस लौटे तो मेरे पति घर पर नहीं थे। काफी देर तक खोजबीन किए जाने के पश्चात मेरे पति घर से कुछ ही दूर खेत में मृत अवस्था में मिले। मृतक की पत्नी का आरोप है कि मेरे पति की हत्या करके खेत में फेंका गया है। सूचना मिलते ही मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी, सीओ बैरिया मोहम्मद उस्मान सहित पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के पश्चात मृतक की पत्नी देव कुमारी देवी, पुत्र सोनू यादव, विशाल यादव तथा पुत्री रिंकू एवं पिंकी का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि मृतक की सभी संतान अभी अविवाहित है।

> प्रथम दृष्टया मामला स्वाभाविक मौत का है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।
>
> हरेन्द्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक रेवती

## अपहृत व्यक्ति का शव बिहार सीमा में मिलने से सनसनी

**बैरिया/बलिया।** क्षेत्र के दोकटी गांव में बृहस्पतिवार की शाम ब्याज पर पैसा देने वाले एक साहूकार ने कर्ज लेने वाले एक गरीब व्यक्ति के घर पहुंच कर पैसे के लिए गाली गलौज किया। परिजनों से पूछा कि कर्ज लेने वाला कहां है। परिजनों ने बताया कि दोकटी बाजार में गए हैं। वहां से उस व्यक्ति को जबरन अपहरण कर अपनी बाइक पर बिठाकर अपने कटरे पर ले गए। तब से उसकी तलाश पुलिस कर रही थी।अपहरण की तहरीर दोकटी पुलिस को दी गई थी। पुलिस उक्त लापता व्यक्ति की तलाश कर रही थी कि शनीवार को उसका शव बिहार सीमा मे दोकटी पचसवा दियारे मे पुलिस ने बरामद किया। घटना के संदर्भ में चंद्रावती देवी पत्नी जनार्दन वर्मा 70 वर्ष निवासी दोकटी ने दोकटी पुलिस को तहरीर दिया था, कि मेरे पति जनादर्न वर्मा 70 वर्ष दोकटी निवासी संतोष सिंह पुत्र श्रीराम सिंह पांच हजार कर्ज लिए थे। कर्ज का पैसा व ब्याज लेने के लिए संतोष सिंह बृहस्पतिवार की शाम मेरे घर आए थे। गाली गलौज करने के बाद पूछा कि जनार्दन कहां है। तो बताया गया कि वह दोकटी बाजार में है। वहां से सन्तोष सिंह ने जबरन अपहरण करते हुए बाइक पर बिठाकर संतोष सिंह अपने कटरे पर ले गए। उसके बाद मेरे पति का कहीं अता पता नहीं चला। शुक्रवार को दोकटी पुलिस ने संतोष सिंह को हिरासत में ले लिया और उनके निशानदेही पर दोकटी दियारे के पचसवा में शव की खोजबीन के लिए पुलिस रवाना हुई। काफी खोजबीन के बाद एक बंद बोरी में शव पाया गया। घटनास्थल बिहार में होने के चलते दोकटी पुलिस ने शव को बिहार के बड़हरा पुलिस को सौंप दिया। घटना की सूचना पर एडिशनल एसपी दुर्गा प्रसाद तिवारी ने थाने पहुंचकर आरोपी से पूछताछ की। घटना के संबंध में थानाध्यक्ष दोकटी मदन पटेल से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि अपहरण का मुकदमा पहले से दर्ज है। शेष कार्यवाही गंभीरता पूर्वक की जाएगी। इस घटना में जिन जिन लोगों की संलिप्तता है। उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। फिलहाल घटना की सघन छानबीन चल रही है।

# दो सूदखोरों पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

कार्रवाई

## एंटी सूदखोरी सेल के गठन के बाद लगातार मिल रही शिकायतें

**बलिया।** असलहा व्यवसायी नंदलाल गुप्ता के आत्महत्या के बाद जिले में सूदखोरों के लिये मुश्किलें बढ़ती जा रही है। दिन-ब-दिन जिला प्रशासन और पुलिस का शिकंजा सूदखोरों पर कसता जा रहा है।

जनपद में एंटी सूदखोरी सेल के गठन के बाद लगातार प्रताड़ना की शिकायतें आने लगी हैं। सदर कोतवाली क्षेत्र के दो पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस से व्यापारी आत्महत्या मामले में जेल में बंद दो आरोपियों पर साहूकारी अधिनियम समेत अन्य धाराओं में फिर केस दर्ज किया है। नगर के आर्य समाज रोड़ निवासी एक महिला ने कोतवाली में लिखित शिकायत की कि मेरे पति पेंट आदि की दुकान चलाते थे। व्यवसाय के लिए उन्होंने बांसडीह रोड थाना के परिखरा निवासी सुनील मिश्र से कुछ वर्ष पहले करीब 2.90 लाख रुपये कर्ज लिए थे। पैसा का दस गुना ज्यादा देने के बावजूद 27 लाख रुपये बकाया होने का दावा कर जबरदस्ती दबाव बनाकर मकान की रजिस्ट्री करा ली। इसके बाद तनाव में आकर पति ने घर छोड़ दिया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने सुनील के खिलाफ मुकदमा पंजीत कर लिया है। वहीं, दुबहड़ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति की तहरीर पर शहर के रामपुर महावल निवासी रणजीत सिंह उर्फ हनुमान व उनके दो अज्ञात गुर्गों के खिलाफ साहूकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित का कहना है कि कुछ दिन पूर्व लिए गए कर्ज से डेढ़ गुना पैसा दे चुका हूं। इसके बावजूद वह और पैसा देने के लिए दबाव व उत्पीड़न कर रह थे। फिलहाल दोनों आरोपित जिला जेल में बंद है। दोनों पर पुलिस ने साहूकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## दूसरे की जगह परीक्षा दे रहे दो युवक गिरफ्तार

**बलिया।** रेवती पुलिस ने दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। एसपी राजकरन नय्यर द्वारा जनपद में हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की परीक्षा को सकुशल संपन्न कराये जाने व अनुचित तरीके से परीक्षा देने वालों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को रेवती के प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र सिंह ने दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहे मुन्ना यादव पुत्र श्रीनाथ यादव निवासी रत्तिछपरा, थाना रेवती व छोटू कुमार राजभर पुत्र रमाशंकर राजभर निवासी जगदीशपुर (बाबा का डेरा), थाना सहतवार को क्रमशः पीडी इण्टर कालेज गायघाट तथा रेवती इण्टर कालेज से गिरफ्तार किया है।

## संक्षेप

### ट्रैक्टर ट्राली चुरा ले गये चोर

**बैरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कोटवा हास्पिटल मोड़ स्थित कटरा के सामने खड़े ट्रैक्टर ट्राली पर शुक्रवार की रात चोरों ने हाथ साफ कर दिया। ट्राली मालिक ने बैरिया थाने में तहरीर दी है। उल्लेखनीय है कि देवकी छपरा निवासी अजय कुमार मिश्र की कोटवा मोड़ पर कटरा है। वह अपने कटरा के सामने ही अपनी ट्रैक्टर ट्राली खड़ा करते थे। शुक्रवार की रात खड़े ट्रैक्टर ट्राली को चोरों ने चुरा लिया। पीड़ित द्वारा घटना की तहरीर थाने में दी गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### घर नहीं पहुंचा बारात करने गया युवक

**नगरा।** घर से बारात करने गया गूंगा बहरा युवक जब घर नहीं लौटा तो परिजन परेशान होकर भाग दौड़ करने लगे। परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। कस्बे के भंगमलपुर निवासी बिजली यादव पुत्र स्व. रामजन्म यादव गुरुवार को बांसडीह के घोंघा से गोसाईपुर, शंकरपुरा के लिए बारात करने गया था। शुक्रवार को युवक जब घर नहीं पहुंचा तो परिवार के लोग इधर उधर खोजबीन करने लगे। समाचार लिखे जाने तक उसका पता नहीं लग सका था।

### धूमधाम से मनाया गया ग्रेजुएशन-डे

**बलिया।** नगर के किड्स फर्स्ट स्टेप स्कूल में शनिवार को धूमधाम से ग्रेजुएशन-डे मनाया गया। इस दौरान विद्यालय परिवार द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षिका सबा ने स्वागत गीत से किया। तत्पश्चात शिक्षिका निकिता एवं मुस्कान ने नृत्य प्रस्तुत किया। शिक्षिका कशिश एवं कहकशां ने गीत प्रस्तुत किया। शिक्षिका सौमैया ने अनेक रोचक गेम्स से बच्चों का मनोरंजन किया। इसमें अफान, सुरभि एवं अंशिका रंजन विजयी हुए। प्रधानाध्यापिका श्रीमती छवि ने बच्चों को ग्रेजुएशन कैप एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। शिक्षिका श्रेया ने अपने गीत से माहौल को भावुक कर दिया।

### निधन पर शोक, दी श्रद्धांजलि

**बलिया।** बेरूआरबारी क्षेत्र के ग्राम पंचायत सूर्यपुरा निवासी पूर्व शाखा प्रबंधक व समाजसेवी परशुराम चौबे के बड़े भाई श्रीराम चौबे (80) का कानपुर में निधन की खबर मिलते ही गांव सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। श्री चौबे के पैतृक गांव सूर्यपुरा में उनके शुभचिंतकों का शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए तांता लग गया। मौके पर भासपा प्रदेश प्रवक्ता सुनील सिंह, चंद्रभूषण सिंह, प्रधानाचार्य आशीष सिंह, बैलेंदु रजक, प्रेम सिंह, विपुल सिंह आदि मौजूद रहे।

### सुलह-समझौता से कराया दो मामले का निस्तारण



**बैरिया।** स्थानीय थाना में उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र की अध्यक्षता में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल पांच मामले आये, जिसमें चार भूमि विवाद और एक सूदखोरी का मामला शामिल रहा। भूमि विवाद के दो मामले का आपसी सुलह-समझौता के आधार पर निस्तारण कर दिया गया। वहीं, तीन मामलों को अधीनस्थों को समाधान के लिए भेज दिया गया। छोटेलाल पासवान निवासी बैरिया ने सहन की जमीन के विवाद का मामला उप जिलाधिकारी के समक्ष रखा। विश्वनाथ मिश्र निवासी बैरिया ने एक व्यक्ति पर ब्याज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। बच्चा लाल यादव निवासी बैरिया ने भी भूमि विवाद का मामला रखा। शिवनाथ यादव निवासी वशिष्ठ नगर एवं दीप नारायण निवासी मून छपरा ने भूमि विवाद व नाली विवाद मामला रखा। शिवनाथ यादव एवं दीप नारायण का मामला आपसी सुहल-समझौते के आधार पर निस्तारित किया गया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी उस्मान, एसएचओ धर्मवीर सिंह, चौकी इंचार्ज अतुल मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### अपमिश्रित शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** सहतवार पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से 27 लीटर अपमिश्रित देशी शराब एवं सामग्री बरामद किया है। पुलिस ने उनको संबंधित धाराओं में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया। पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण/तस्करी पर पूर्णतः प्रतिबन्ध लगाए जाने एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को सहतवार थाने के उनि कमलाशंकर गिरी ने मूखबीर की सूचना के आधार पर भरत पासवान पुत्र बीरमनि पासवान निवासी सहतवार एवं रवि सोनी पुत्र आत्मानन्द सोनी निवासी सहतवार को बलेउर (गौरा मौजा) में पुलिया के पास से दो जरिकेन में कुल लगभग 27 लीटर नाजायज अपमिश्रित शराब सहित शराब बनाने की सामग्री नौसादर, फिटकिरी, यूरिया व नमक के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उनि कमलाशंकर गिरी, हेकां. अजय पाण्डेय, कां. अक्षय शुक्ला शामिल रहे।

# कुरान पूरा करने पर 40 छात्रों की हुई दस्तारबंदी

**बलिया।** मदरसा अरबिया बहरुल उलूम नजीरिया मनियर में 28वीं दस्तरबंदी सभा का आयोजन किया गया। मौलाना हाफिज अब्दुल मिफ्ताही ने कहा कि सबसे अच्छा व्यक्ति वह आदमी है, जो कुरान को सीखते और पढ़ाते हैं। इमारत शरिया पटना के काजी के मुफ्ती काजी वसी अहमद कासमी ने श्रोताओं से इस्लामिक सिद्धांतों का पूरी तरह से पालन करने का आह्वान किया। विशेष मुफ्ती मुहम्मद मुसतकीम कासमी ने कहा कि माता-पिता, रिश्तेदारों, पड़ोसियों और यात्रियों के प्रति दयालु होना एक महान पूजा है। अंत में उन्होंने उन छात्रों के माता-पिता को बधाई दी, जिन्होंने कुरान को पूरा किया। प्रिंसिपल मौलाना अब्दुल्ला अदनान कासमी ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने कहा कि 40 छात्रों का दस्तारबंदी की गयी। इस अवसर पर मौलाना कमाल अख्तर खैराबादी, मुफ्ती अब्दुल कादिर कासमी, कारी मकसूद आलम, हाजी गुल मुहम्मद, असगर अली, हाजी सईद अहमद, मुहम्मद अबुजर, हाजी साबिर अली, मास्टर शमीम अख्तर, पूर्व विधायक भगवान पाठक, पूर्व चेयरमैन ब्रह्म शक्ति कुमार सिंह उर्फ संजय सिंह, गोपाल, संकल्प सिंह आदि मौजूद रहे। मौलाना अब्दुल्ला अदनान कासमी ने समारोह का संचालन किया।

# नितिन गडकरी के साथ आयेंगे जितिन प्रसाद

आगमन

## आयोजन समिति की तरफ से की जा रही स्वागत की खास तैयारी

**बलिया।** चितबड़ागांव में ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के शिलान्यास समारोह में केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ योगी सरकार के पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद भी आयेंगे। कार्यक्रम स्थल पर दो हेलीपैड बनाये जा रहे है। केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी 27 फरवरी को पूर्वाह्न 11.40 बजे चितबड़ागांव पहुंचेंगे। वह अपराह्न 1.10 बजे तक कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। वहीं, उनके स्वागत में आयोजन समिति की तरफ से खास तैयारी की गई है। शिलान्यास समारोह में वाराणसी एवं अन्य जगहों से आये कलाकार शिव डमरू बजाकर केन्द्रीय मंत्री का स्वागत करेंगे। इसके अलावा धार्मिक झांकियों का भी दर्शन होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए डॉ. विपुलेन्द्र प्रताप सिंह अपनी पूरी टीम के साथ लगे हुए है। शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, जिला महामंत्री प्रदीप सिंह, रंजना राय, रामजी सिंह आदि कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और जानकारी हासिल किये। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए फेफना से लगायत चितबड़ागांव तक जगह-जगह होर्डिंग लगाये गये है। इसके अलावा बलिया, फेफना, बैरिया के साथ ही गाजीपुर जिले के जहूराबाद व मुहम्मदाबाद में भी ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के शिलान्यास समारोह की होर्डिंग लगी है। कार्यक्रम स्थल पर दिन-रात काम हो रहा है। राजनैतिक व सांस्कृतिक मंच अलग-अलग बनाया जा रहा है।



### एएसपी ने लिया कार्यक्रम स्थल का जायजा

**बलिया।** चितबड़ागांव में ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के शिलान्यास स्थल का एएसपी दुर्गा प्रसाद तिवारी ने शनिवार को निरीक्षण किया। इस दौरान बातचीत के दौरान एएसपी ने कहा कि लगभग छह सौ पुलिस कर्मी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेंगे। उन्होंने हेलीपैड स्थल, कार्यक्रम स्थल, मुख्य सड़क मार्ग का भी निरीक्षण किया। उनके साथ सीओ एवं एसएचओ भी मौजूद रहे। लगभग दो घंटे तक एएसपी ने निरीक्षण किया। तत्पश्चात प्रताप सिंह से बातचीत करके जानकारी ली।

### जोर-शोर से चल रही शिलान्यास समारोह की तैयारी

**बलिया।** ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे शिलान्यास समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिये जहां एक तरफ सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त लगे हुए है, वहीं दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता जोर-शोर से लगे हुए हैं। शिलान्यास समारोह में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री भारत सरकार नितिन गडकरी व योगी सरकार के पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद 27 फरवरी को पूर्वाह्न 11:40 बजे आएंगे। उस दिन 6477 करोड़ की लागत से बलिया-मांझी घाट से गाजीपुर तक बनने वाली ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे की आधारशिला रखेंगे। इसके अलावा गाजीपुर-बलिया-मांझी घाट 17 कीसी बक्सर लिंक सहित चार लेन ग्रीन फील्ड राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना का निर्माण कार्य जिसकी कुल लंबाई 134 किलोमीटर हैं। इसकी लागत 5310 करोड़ है। एनएच-219 उत्तर प्रदेश बार्डर से चंदौली तक टू लेन पैव्ड सोल्डर का निर्माण कार्य, कुल लंबाई 10.05 किमी है। लागत 130 करोड़ है। गाजीपुर बलिया मार्ग के बलिया जनपद के अंतर्गत अटवा माल्देपुर से कदम चौराहा मार्ग खंड का चार लेन चौड़ीकरण एनएच-31, कुल लंबाई पांच किमी, लागत 50 करोड़ है। एनएच-124 डी का लेन पैव्ड सोल्डर के निर्माण कार्य कुल लंबाई 54.05 किमी हैं, जिसकी लागत 840 करोड़ परियोजनाओं का शिलान्यास होगा। इसके अलावा कुल चार परियोजनाओं का लोकार्पण भी होगा। इसमें गाजीपुर, बलिया मांझी घाट मार्ग खंड का सुंदरीकरण, एनएच-31 कुल लंबाई 130 किमी, लागत 84 करोड़ है। सिकंदरपुर से बलिया मार्ग का सुंदरीकरण कार्य एनएच 727, कुल लंबाई 35 किमी, लागत 44 करोड़ है। गाजीपुर बलिया मांझी घाट रा.रा.स.31 का सुंदरीकरण कार्य कुल लंबाई 130.270 किमी, लागत 83.15 करोड़ होगा।

### समारोह में ये होंगे शामिल

**बलिया।** ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे शिलान्यास समारोह में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी, राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, राज्यसभा सांसद सकलदीप राजभर, सांसद रविंद्र कुशवाहा, पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी, पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ल, पूर्व विधायक अलका राय, जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

### बलिया, बैरिया व फेफना से गुजरेगा एक्सप्रेस-वे

**बलिया।** ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण से जहां एक तरफ जनपदवासियों में हर्ष में है, वहीं दूसरी तरफ बलिया, बैरिया एवं फेफना विधान के लोग भी ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे शिलान्यास समारोह को सफल बनाने के लिए प्रयासरत है। बलिया विधान सभा क्षेत्र से विधायक एवं योगी सरकार के मंत्री दयाशंकर सिंह के साथ ही पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी एवं बैरिया विधान सभा में भाजपा नेता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक दिये है। गाजीपुर से मांझी घाट तक एक्सप्रेस-वे के निर्माण से बलिया शहर को जाम से निजात मिलेगी। इसके अलावा विकास के आयाम बढ़ेंगे। लोग कम समय में अधिक दूरी तय कर सकेंगे। एक्सप्रेस-वे के बनने से बिहार को भी लाभ मिलेगा। साथ ही एक्सप्रेस-वे के माध्यम से लोग लखनऊ एवं दिल्ली तक का सफर कर सकेंगे। बलिया में अब सड़कों का जाल बिछाने की तैयारी चल रही है।

# साकार हो रहा कैलाश सिंह का सपना : गोपाल सिंह

**बलिया।** ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे चितबड़ागांव से होकर गुजर रहा है। ऐसे में अब चितबड़ागांव नगर पंचायत विकास की तरफ अग्रसर हो रहा है। सड़कों का चौड़ीकरण, ऊर्जा के क्षेत्र में बेहतर काम, टोंस नदी पर पुल का निर्माण, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में भी चितबड़ागांव विकास के पथ पर है।

उक्त बातें पूर्व विधायक स्व.कैलाश सिंह के नाती गोपाल सिंह ने व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमारे नाना स्व. कैलाश सिंह का सपना अब साकार हो रहा है। उन्होंने क्षेत्रीय सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त, पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी के प्रति आभार व्यक्त किया है। कहा कि उनके प्रयास से विधानसभा क्षेत्र फेफना का चितबड़ागांव विकास की तरफ अग्रसर हो रहा है।

उन्होंने कहा कि ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के शिलान्यास समारोह में 27 फरवरी को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी आ रहे है। साथ ही उत्तर प्रदेश के दिग्गत नेता भी इस कार्यक्रम में शिरकत कर रहे है। यह खुशी की बात है कि अब चितबड़ागांव में विकास की तस्वीर साफ नजर आ रही है। इस समय गोपाल सिंह अपने नाना पूर्व विधायक स्व. कैलाश सिंह के सपनों को साकार करने के लिये क्षेत्र में कड़ी मेहनत कर रहे है।



# रोहिताश्व की उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए दी बधाई

**बलिया।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन मुजफ्फरनगर के जिलाध्यक्ष रोहिताश्व कुमार वर्मा को ग्रामीण पत्रकारिता में राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। प्रेस काउंसिल आफ इंडिया ने नेशनल अवार्ड फार एक्सीलेंस इन जर्नलिज्म-2020 (ग्रामीण पत्रकारिता) के लिए इनका चयन किया है। उन्हें यह पुरस्कार मुजफ्फरनगर जनपद के हाजीपुर गांव के पिछड़ेपन को उकेरती खबरों के लिए दिया जा रहा है। 28 फरवरी को नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब आफ इंडिया के डिप्टी स्पीकर हाल में प्रेस काउंसिल की चेयर पर्सन जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई उन्हें यह सम्मान प्रदान करेगी। ग्रामीण पत्रकारिता में किए गए योगदान हेतु श्री वर्मा को मिले इस सम्मान से संगठन अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार ने कहा है कि यह संगठन के लिए निश्चित रूप से सम्मान और गर्व की बात है। जिलाध्यक्ष शशिकांत मिश्र, डा. विनय सिंह, छोटेलाल चौधरी, रणजीत मिश्र, बृजेंद्र नाथ सिंह, पुष्पेंद्र तिवारी सिंधु, सुधीर सिंह, अरविंद तिवारी, श्याम प्रकाश शर्मा, बसंत पांडेय, केपी चमन, विप्लव सिंह आदि ने उनकी इस उपलब्धि पर खुशी का इजहार करते हुए बधाई दी है।









# कटहल नाला के किनारे बनेगा पाथ-वे, बढ़ेंगी सुविधाएं

**पहल**

## पहले चरण में शहरी क्षेत्र के इलाकों को किया जायेगा शामिल



**बलिया।** मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने लखनऊके गोमती रिवर फ्रंट की तर्ज पर 17 किलोमीटर लंबे कटहल नाला को विकसित किए जाने की कार्य योजना मांगी है। अगर सबकुछ ठीक ठाक रहा तो जल्द ही अब यहां पाथ-वे बनेगा। इससे लोगों को काफी सुविधाएं मिलेगी। बर्ड सेक्क्रुरी सुरहाताल में पर्यटन विकास हो रहा है।

अब प्रदेश सरकार की कोशिश है कि शहर का भी माहौल बेहतर किया जाए। तय हुआ है कि पाथ-वे की चौड़ाई दो मीटर से अधिक होगी। दोनों तरफ ब्रिक्स सोलिंग होगी। लोगों के बैठने के लिए बेंच लगेंगे। प्रकाश के बेहतर इंतजाम के लिए लाइटिंग सिस्टम विकसित करेंगे। बुनियादी सुविधाएं भी विकसित करेंगे। सिंचाई विभाग ने ड्रोन कैमरे से सर्वे करा लिया है। अब जल्द ही कार्य शुरू होने की उम्मीद है। भविष्य में इस बड़े नाले को एसटीपी से भी जोड़ा जाएगा, ताकि शोधित मल-जल नाले में ही बहाया जाए। परियोजना पर करीब 40 करोड़ रुपये खर्च होने का आंकलन किया जा रहा है। सिंचाई विभाग (नहर खंड) के अधिशासी अभियंता सीबी पटेल ने बताया कि डीपीआर अभी प्राथमिक स्तर पर है। सुविधाएं बढ़ाएंगे तो यहां पर्यटन विकसित हो जाएगा। पहले चरण में शहरी क्षेत्र (4. 60 किलोमीटर) के इलाकों को शामिल किया जाएगा। पहले नाले की साफ-सफाई करायी जाएगी। क्योंकि अभी नाले से दुर्गंध उठती है। अगर नाला साफ होगा तो लोगों को पाथ-वे के किनारे टहलने में असुविधा नहीं होगी। नमामि गंगे मिशन योजना से छोड़हर गांव में सोवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जा रहा है। इसका डीपीआर तैयार हो रहा है।

### बन रहा प्रस्ताव : जिलाधिकारी

**बलिया।** इस संबंध में जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने बताया कि कटहल नाला के किनारे सुविधाएं विकसित करने की दिशा में प्रशासन काम कर रहा है। अभी प्रस्ताव बन रहा है। बहुत जल्द उसे अंतिम रूप दिया जाएगा। उसे शासन को भेजा जाएगा, ताकि शहर को फायदा पहुंचे।

### एसटीपी निर्माण को जल निगम का इंकार

**बलिया।** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के पत्र लिखने के बाद शासन ने यूपी जल निगम से रामपुर महावल में एसटीपी निर्माण की कार्य योजना मांगी है। इस पर नगरीय खंड के अधिशासी अभियंता अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि रामपुर महावल में नया एसटीपी बनाया जाना संभव नहीं है। छोड़हर में पहले से ही एसटीपी प्रस्तावित है। हमारी योजना है कि कटहल नाले को उसी एसटीपी से जोड़ दिया जाए, ताकि शोधित मल-जल नाले में गिराया जा सके।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर कट बनाने की मांग

जनसंदेश न्यूज

**प्रयास**

## बसपा विधान मंडल के नेता ने सदन में उठाया मुद्दा



**रसड़ा।** उत्तर प्रदेश के विधानसभा में बहुजन समाज पार्टी के विधान मंडल के नेता एवं रसड़ा के बसपा विधायक उमाशंकर सिंह ने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर लखनऊजाने के लिए, कासिमाबाद के समीप कट की मांग किया। विधायक उमाशंकर सिंह ने एक अत्यंत ज्वलंत एवं जनहित के विषय पर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए सदन को अवगत कराया कि जनपद बलिया को लखनऊ से जोड़ने हेतु पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का निर्माण किया गया था, परंतु इसी एक्सप्रेस-वे के पास से एक महत्वपूर्ण अन्य जिला मार्ग राज्य मार्ग गोरखपुर, देवरिया, बेल्थरारोड, नगरा, रसड़ा, कासिमाबाद, गाजीपुर राजमार्ग से गुजरता है, जिस पर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से चढ़ने तथा उतरने हेतु कोई भी स्थाई कट नहीं दिया गया है।

इससे इस राज्य मार्ग का इस्तेमाल करने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए इस राजमार्ग को भारी यातायात दबाव को देखते हुए लगभग 309 किमी के स्थान पर कट की मांग किया है। अभी तक जो टेंपरेरी कट था, उससे चढ़कर लोग लखनऊजाते थे।

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पूरी तरह बनने के बाद उसको बंद कर दिया गया है, जिससे बलिया जनपद के बाद खास तौर पर रसड़ा, नगरा, बेल्थरा रोड, गोरखपुर, देवरिया के लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। सदन में आश्वासन मिला कि बहुत जल्द इस पर सर्वे कराकर कट की किया जायेगा।

**संक्षेप**

### आशा कार्यकत्री ब्रेन हेमरेज की शिकार, नहीं मिल रही मदद



**बलिया।** विकास खंड रसड़ा अंतर्गत नरनी गांव की आशा कार्यकत्री विमलावती पांडेय लगभग 16 दिनों से ब्रेन हेमरेज जैसी घातक बीमारी से जूझ रही है। उनकी आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है। ऐसे में वह बेहतर इलाज कराने में असमर्थ है। जिला आशा संघ की जिलाध्यक्ष और उत्तर प्रदेश आशा संगिनी संगठन की प्रदेश संयोजिका पूनम पांडेय ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत रहने के बाद भी विभाग की तरफ से इन्हें कोई मेडिकल सुविधा उपलब्ध नहीं कराया गया है। ऐसे कर्मचारी दो-तीन हजार रुपये महीने मानदेय की नौकरी करके चौबीस घंटे जनता की सेवा में तत्पर रहते हुए सरकार की प्रत्येक योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। पूनम पांडेय ने भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए कहा कि क्या ऐसे कमिशन पर कार्य करने वाले कर्मचारी आपके सरकारी सफाई कर्मी के समान भी हकदार नहीं हैं। ये जन-जन तक दवाईयां पहुंचातीं हैं। इनके पास दवाईयां कौन पहुंचाएगा। विमलावती पांडेय के परिजनों के अनुसार वह आठ फरवरी को क्षेत्र में फाइलेरिया की दवा बांटनें निकल रहीं थीं। उसी समय यह घटना घटी। कहा कि अभी तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराय भारती, रसड़ा के प्रभारी चिकित्साधिकारी और बीसीपीएम का बीमार आशा के घर जाकर उसका हाल चाल नहीं लिया जाना और नहीं कोई मेडिकल सुबिधाओं का पहुंचाना, अपने आपमें एक यक्ष प्रश्न खड़ा करता है।

### नकली शराब व तस्करी के खिलाफ चलायें अभियान

**बैरिया।** लोग होली की तैयारी में जुटे हुए है। अभी से बाजार सजने लगे है। ऐसे में नकली शराब एवं शराब की तस्करी के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने का निर्देश उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने आबकारी निरीक्षक, प्रभारी निरीक्षक बैरिया, दोकटी तथा रेवती को दिया है। उप जिलाधिकारी ने अपने पत्र में कहा है कि होली का त्यौहार सामने है। ऐसे में शराब की खपत बढ़ना स्वाभाविक है। वही, बगल के राज्य बिहार में शराबबंदी लागू होने के कारण शराब की तस्करी भी बढ़ सकती है। इसलिए हर हाल में नकली शराब एवं शराब की तस्करी के खिलाफ जनहित में कठोर कार्रवाई आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि लाइसेंसी शराब की दुकानों पर भी नजर रखने की जरूरत है। उन्होंने पुलिस व आबकारी विभाग के साथ-साथ क्षेत्र के जागरूक लोगों से भी सहयोग की अपेक्षा की है। दूसरी तरफ नकली मावा, खाद्य पदार्थ व मिठाइयों की जांच के लिए उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है। कहा है कि अक्सर समाचार पत्रों में प्रमुखता से बाजारों में नकली मावा, केमिकल युक्त मिठाइयां व नकली खाद्य पदार्थ बेचे जाने की खबरें प्रकाशित होती हैं। इसलिए इसकी भी जांच अभियान चलाकर की जानी जनहित में आवश्यक है। उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को चेताया है कि इस दिशा में तत्काल जरूरी कार्रवाई नहीं की गई तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई के लिए अधिकारियों से संस्तुति करूंगा। सही का उत्पीड़न ना हो और गलत लोग गलत सामान न बेचे। इसके लिए निगरानी की जिम्मेदारी खाद्य सुरक्षा अधिकारी की है।

### आधारकार्ड के नाम पर हो रही मनमानी वसूली

**बेल्थरारोड।** सरकार की तरफ से आधार कार्ड की उपयोगिता को हर क्षेत्र में अनिवार्य कर दिया गया है। अब हर ब्यक्ति आधारकार्ड बनवाने के लिए सक्रिय हो चुका है। इस समय आधारकार्ड में त्रुटियों को दूर करने तथा नये आधार कार्ड बनवाने के लिए सरकारी दफ्तरों में लोग लूट खसोट के शिकार होने लगे है। मामला स्थानीय नगर के दूरभाष केन्द्र से जुड़ा है। जानकारी के अनुसार उभांव थाना क्षेत्र के ग्राम कुशहां भांड़ निवासी पीड़ित उमेश गुप्ता की माने तो वे अपने पिता सुबास चन्द गुप्ता के आधार कार्ड से जुड़े मोबाईल नम्बर को चेंज कराने के लिए पिता के साथ दूरभाष केन्द्र बेल्थरारोड के कार्यालय पर पहुंचे, जहां आधार कार्ड बनाने तथा त्रुटियों को दूर करने के लिए दो ब्यक्ति तैनात थे। इस बावत सम्बन्धित कर्मी ने एक प्रपत्र भरकर सुबास चन्द गुप्ता का हस्ताक्षर कराया। साथ ही एक रजिस्टर पर भी उनके हस्ताक्षर बनवाये। इसके बाद इसके लिए 200/- रु. फीस भी जमा करा लिये। 200/- रु. की रसीद मांगने पर नही दिये। बोले कि इसकी रसीद नही मिलती। सिर्फ आधारकार्ड का संसोधन प्रपत्र दिया और बोला कि यही रसीद है। इस पर कोई पैसा अंकित नही दिखा। पीड़ित ने यह भी बताया कि 200/- रु. की रसीद न देने तथा मौके की सभी गतिविधियों की उसके पास संबंधित कर्मी की बीडियो भी मौजूद है। इसे वह आवश्यकतानुसार सुलभ करा देगा। पीड़ित उमेश गुप्ता ने बताया कि उसने गुगल पर सर्च किया तो मोबाईल नम्बर चेंज कराने के लिए सिर्फ 50/- रुपये निर्धारित है। आधारकार्ड की समस्या को लेकर लोगों की भीड़ लगी हुई थी। प्रतिदिन इसी प्रकार लोगो से नाजायज पैसा मनमाने रूप से वसूला जा रहा है। यदि इसकी जांच गुप्तचर शाखा से करवा दिया जाय तो इसका वास्तवित राजफास हो जायेगा।

### बसपा कार्यकर्ताओं ने कोतवाल को सौंपा पत्रक



**रसड़ा।** बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को कोतवाली परिसर में कोतवाल हिमेन्द्र कुमार सिंह को पत्रक सौंप कर बसपा प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के विरुद्ध अभद्र गीत-संगीत गाने वाले के विरुद्ध कार्रवाई की मांग किया। बसपा के रसड़ा विधानसभा अध्यक्ष डा. अश्वनी कुमार के नेतृत्व में बसपा कार्यकर्ताओं ने पत्रक सौंपकर मांग किया कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती पर बिहार के प्रमोद प्रेमी यादव पुत्र परशुराम यादव निवासी सिंहघाट, कल्याणपुर, आरा-भोजपुर तथा संगीत लेखक मनीष गिरी पुत्र अज्ञात द्वारा अभद्र व अश्लील नाम रखकर गाना/ गीत गाया गया है। इससे मान-सम्मान को ठेस पहुंची है। इस कृत्य से बहुजन समाज पार्टी, बहुजन समाज के लोगों एवं कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। यह एक गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है, जिससे सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की प्रबल संभावना पैदा हो गई है। न्यायहित एवं राष्ट्र हित में उपरोक्त के विरुद्ध सबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाय। मौके पर नंदलाल, महेंद्र राम, पुष्कर चन्द, अनिल राणा, संतोष, रानू कुमार, मनोज कुमार, सियाराम, श्रवण कुमार, हेमंत, रोहित, प्रमोद कुमार, मोनू आदि उपस्थित रहे।

### अखिलेश ने सदन में उठाया नंदलाल आत्महत्या कांड

**बलिया।** गन व्यापारी नंदलाल गुप्ता का लाइव सुसाइड प्रकरण तुल पकड़ता जा रहा है। जहां एक तरफ जिला प्रशासन ने सूदखोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेजा है, वहीं दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने नंदलाल आत्महत्या कांड का मुद्दा विधानसभा सदन में जोरदार तरीके से उठाकर प्रदेश की राजनीति में गर्माहट पैदा कर दी है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरूवार को विधानसभा बजट सत्र में चर्चा के दौरान बलिया के असलहा व्यवसायी नंदलाल गुप्त के आत्महत्या का मामला उठाया है। मुख्यमंत्री से व्यापारियों के परिजनों को न्याय दिलाने की मांग की है। सदन में बात रखते हुए कहा कि घटना के बाद बलिया में नौ फरवरी को गये थे और व्यापारी के परिवार वालों से मिले थे। कहा कि व्यापारियों से करोड़ों रूपये मूल्य की जमीन सूदखोरों ने ले ली। परेशान होकर व्यापारी ने आत्महत्या कर ली। कहा कि नेता सदन आप जानकारी कीजिए, क्या भाजपा के लोग उसमें शामिल है या नहीं है। यदि जीरो टालरेंस है तो भाजपा नेताओं को आप जेल भेजेंगे कि नहीं।

**सपा अध्यक्ष ने निभाया वादा :** बलिया। नौ फरवरी को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गन व्यापारी स्व.नंदलाल के परिजनों से मुलाकात की थी और उन्हें आश्वासन दिया था कि उनसे जो भी बन सकेगा, वह करेंगे और विधानसभा खुदकुशी के मुद्दे को उठाएंगे। इसे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 23 फरवरी को विधानसभा बजट सत्र में अपनी बात रखी।

### बाबा के रिसेप्शन में झूमते रहे भक्त



**बलिया।** महाशिवरात्रि के दिन शिव-पार्वती विवाहोत्सव बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर में सपन्न हुआ। 18 फरवरी को संपन्न हुए विवाहोत्सव के बाद 24 फरवरी को रिसेप्शन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मंदिर के मुख्य द्वार पर शिव-पार्वती वेष भूषा में सजे बच्चे स्टेज पर आकर्षण का केंद्र बने रहे। यहां शिव की वेश-भूषा में कई भक्त बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर में शिव नृत्य करते रहे। भजन गायक चिंटू सेवक ने धार्मिक गीतों से रिसेप्शन समारोह में मौजूद भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। देर रात तक यह धार्मिक कार्यक्रम चलता रहा। एक तरफ लोग रिसेप्शन समारेह में उपहार स्वरूप दान दक्षिणा देते रहे, वहीं दूसरी तरफ भोज पार्टी में लोग प्रसाद ग्रहण करते रहे। मंदिर में देर शाम तक दर्शन पूजन के लिये भक्तों की भीड़ लगी रही।

**भूतनाथ का छुड़ाया गया ककन :बलिया।** नगर के शीश महल गोला रोड स्थित कैलाश धाम मंदिर (ठाकुर जी) पर महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शनिवार को सांस्कृतिक एवं धार्मिक अनुष्ठान के तहत भूतनाथ का ककन छुड़ाने का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसके तहत दाल, पूड़ी, सब्जी, पायस का वितरण आमजन के बीच किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंदिर के संयोजक शंभू सिंह, संतोष शुक्ल, भगवान बाबा, शत्रुध्न सिंह, रामेश्वर सिंह यादव झलन, राजीव तिवारी, बबलू सिंह, मनोज, कन्हैया, राजेन्द्र पांडेय का सहयोग सराहनीय रहा।

# सीजेएम ने निरस्त किया आरोपी का रिमांड

**कार्रवाई**

## एसपी को दिया विवेचक के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश

**बलिया।** सिकंदरपुर थाने के दरोगा द्वारा अलग-अलग घटना से संबंधित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड हेतु सीजेएम शांभवी यादव के न्यायालय में देर शाम को पेश कराना उस समय महंगा पड़ा, जब सीजेएम ने आरोपी को न्यायिक रिमांड का आवेदन निरस्त (रिफ्यूज) कर दिया। न्यायालय ने विवेचक के विरुद्ध कारवाई हेतु पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया।

उल्लेखनीय हैं कि सिकंदरपुर थाने द्वारा दर्ज प्रथम घटना के बावत मुकदमा अपराध संख्या 57/2023 भादवि की धारा 506, 386 के तहत आरोपी आदित्य कन्नौजिया उर्फ आदिवासी पुत्र अजय कुमार कन्नौजिया निवासी दुगौली, सिकंदरपुर को विवेचक द्वारा धारा बढ़ोतरी कर गिरफ्तार किया गया और 25 फरवरी को शाम चार बजे सीजेएम शांभवी यादव के न्यायालय में पेश किया गया। यहां सीजेएम ने सभी कागजात चेक करने के उपरांत विधि विरुद्ध न्यायिक रिमांड का आवेदन रिफ्यूज कर दिया। इससे मुलजिम विवेचक की कमियों की वजह से छूट गया। घटना के बावत अभियोजन के अनुसार मामला यह है कि सिकंदरपुर कस्बा निवासी वादी मुकदमा ने 22 फरवरी को आरोपी के विरुद्ध जान मारने की धमकी देने का एफआईआर दर्ज कराया। फिर 24 फरवरी को वादी ने विवेचक को 30 लाख रूपये रंगदारी मांगने की बात बतायी। विवेचक द्वारा विधि विरुद्ध तरीके से धारा 386 भादवि की बढ़ोतरी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया और उसे सीजेएम न्यायालय में देर शाम पेश किया। यहां रिमांड आवेदन विधि विरुद्ध होने की वजह से रिफ्यूज हो गया और आरोपी छूट गया।

# कहीं माहौल न बिगाड़ दें अश्लील गाने

**बैरिया।** होली में जातिसूचक एवं अश्लीलता से सराबोर गाने कहीं माहौल न बिगाड़ दे। इससे जागरूक लोग चिंतित है। 'भरतार करे मालिस', 'राते दिया बुता के पिया क्या-क्या किया' और 'देवरा ढोढ़ी चटना बा' जैसे अश्लील गाने सुनते-सुनते लोग परेशान हो गये है। जातिसूचक गानों पर भी रोक लगाना जनहित में आवश्यक हैं। ऐसे गाने बजाने वालों पर जब तक कार्रवाई नही होगी, तब तक यह सिलसिला नही रुकेगा। ऐसे गानों से परेशान बिहार सरकार ने अश्लील और जातिसूचक गानों को बैन कर दिया है। वही, उप्र में इसका अब तक किसी अधिकारी ने संज्ञान नही लिया है। परिणाम स्वरूप उक्त गाने बज रहे हैं। ऐसे गाने बजाने वालों पर कार्रवाई की जानी चाहिए। बिहार में पुलिस मुख्यालय की ओर से एक आदेश जारी किया गया है। इसमें सभी जिले के पुलिस अधिकारियों को जातिसूचक और अश्लील गानों पर कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। बिहार पुलिस मुख्यालय ने सभी जिले के आरक्षी अधीक्षक से कहा है कि अश्लील एवं विद्वेष फैलाने वाले गानों पर कार्रवाई करें। मुख्यालय का यह आदेश होली पर्व को लेकर जारी किया गया है।

# विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा बलिया

**बोले जयप्रकाश साहू**

## नगर विस से कार्यक्रम में शामिल होंगे 10 हजार कार्यकर्ता



भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू

**बलिया।** नगर विधान सभा के भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक शनिवार को परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के जनसंपर्क कार्यालय पर हुई। इसमें 27 फरवरी को ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के शिलान्यास समारोह के मुख्य अतिथि भारत सरकार के भूतल एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के बलिया आगमन पर मंथन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने कहा कि केन्द्र की नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश की योगी सरकार ने विकास के कई कीर्तिमान स्थापित किये है।

कहा कि बलिया में ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास होना हम सभी के लिए गौरव की बात है। केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने पूरे देश में सड़कों का जाल बिछाया है। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे बनने से बलिया को जाम से मुक्ति मिलेगी। साथ ही बलिया विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। एक्सप्रेस-वे गाजीपुर के पास जंगीपुर से शुरू होगा।

यह करीमुद्दीनपुर, फेफना, माल्देपुर, हल्दी एवं बैरिया होते हुए चांददियर मांझी घाट तक बनेगा। श्री साहू ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी के स्वागत के लिए परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के नेतृत्व में बलिया नगर विधान सभा से लगभग 10 हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे।

इस अवसर पर संजीव कुमार डंपू, बब्बन सिंह रघुवंशी, धर्मेन्द्र सिंह, विपलेन्द्र प्रताप सिंह, अभिषेक सोनी, अमित दूबे, अनुभव सिंह, दुर्गेश राय, राजीव मोहन चौधरी, संतोष पांडेय, जावेद कमर खां, सुरजीत सिंह, नीतू पांडेय, अवनीश शुक्ल, विजय प्रताप सिंह, प्रमिला गुप्ता, डब्लू ओझा, अजय पांडेय, नकुल चौबे, मिठाई लाल गुप्त, घनश्याम जौहरी, श्याम बाबू, सोनी तिवारी, राजकुमार राव, अवधेश सिंह, मायाशंकर राय, रिंकू दूबे, अरूण ओझा, सुनिल सिंह, हर्ष नारायण सिंह, टूना सिंह, विनोद पासवान, कल्टू सिंह, जयप्रकाश सिंह, अनिल सिंह, अमरीश पांडेय, रविन्द्र, प्रणव सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन अरूण सिंह बंटू ने किया।

**संक्षेप**

### जो भगवान का दास बन गया माया उसकी दासी बन जाती है : संतोष

**दोहरीघाट, मऊ।** श्रावण मास के सरजू नदी से उत्पन्न रजतेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा रुद्र पाथात्मक यज्ञ व श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन की बाबा मेला राम मंदिर परिसर में उपस्थित भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा का अमृत ज्ञान व रसपान कराते हुए संतोष जी महाराज ने कहा कि जीव को माँ के गर्भ में सब ज्ञान होता है हम कौन है क्या है हमारा कर्म क्या था पर जब वह जीव माँ के गर्भ से बाहर आता है तब उसको बाहर संसार की मोह माया घेर लेती है और वह सारा ज्ञान भूल जाता है। जैसे निर्मल जल की धारा धरती को स्पर्श करती वह मलिन हो जाती है इसलिए शुकदेव माँ के गर्भ से बाहर ही नही निकले जबतक प्रभु ने आशीर्वाद नही दिया। जो भगवान का दास बन गया माया उसकी दासी बन जाती है। रजतेश्वर महादेव का जलाधिवास व अन्नाधिवास के लिए सभी नगरवासी अपने नगरवासी अपने घर से जल व अनाज लेकर मंदिर प्रांगण में पहुंचे और नगर में जल व अनाज की कमी ने होने प्रार्थना की।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन 2 मार्च को

**मऊ।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत विकास खण्ड-परदहां, मऊ में वैवाहिक कार्यक्रम का आयोजन 02 मार्च को निश्चित है। इस सम्बन्ध में जनसामान्य से अनुरोध है, कि जिनके परिवार की वार्षिक आय अधिकतम रू. 2 लाख है तथा उनकी पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष तथा वर की आयु 21 वर्ष पूर्ण हो गयी हो, और उनकी शादी तय हो गयी हो, वे ग्रामीण क्षेत्रों हेतु विकास खण्ड कार्यालय एवं नगरीय क्षेत्रों हेतु नगर पालिका/नगर पंचायत कार्यालयों से विवाह हेतु आवेदन पत्र निःशुल्क प्राप्त कर लें तथा फार्म पर फोटो एवं अन्य विवरण अंकित करते हुए आवेदन पत्र पूर्ण कराकर विकास खण्ड/नपा/नपं कार्यालय एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी मऊ के कार्यालय में 27 फरवरी तक जमा करना सुनिश्चित करें। योजना में रु. 35 हजार पुत्री के खाते में शादी के बाद स्थानान्तरित किया जायेगा। शादी समारोह में ही रु. 10 हजार की सामग्री यथा पायल, बिछिया चांदी का वर कन्या हेतु कपड़े एवं बर्तन का सेट दिया जायेगा। रु. 6 हजार प्रति जोड़ा शादी में टेंट, प्रकाश, जलपान, भोजन व आतिथ्य सत्कार आदि में व्यय किया जायेगा। यह योजना सभी वर्गो/जातियों के गरीब अभिभावकों के लिए है।

# मोटे अनाजों की खेती से किसान होंगे समृद्धशाली : कैबिनेट मंत्री

**आयोजन**

## भारतीय बीज विज्ञान संस्थान, कुशमौर में किसान मेला का आयोजन

### 5000 कृषकों को प्रदान किया गया हंसिया



**मऊ।** भारतीय बीज विज्ञान संस्थान कुशमौर में षनिवार को 'पारंपरिक मोटे अनाजों (श्री अन्न) द्वारा पोषण एवं समृद्धि' विषय पर एक वृहद मेले का आयोजन किया गया। इस मेले के मुख्य अतिथि सूर्य प्रताप शाही कैबिनेट मंत्री, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान द्वारा मोटे अनाजों की खेती एवं उसके उत्पादन से किसानों की आमदनी बढ़ाने पर किसानों को प्रोत्साहित किया गया।

कैबिनेट मंत्री ने यह भी कहा कि आज आवश्यकता है कि मोटे अनाजों के शोध पर बल दिया जाए ताकि उत्पादन तथा उत्पादकता बढ़ाई जा सके और कृषक समृद्धशाली हो सके। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के साथ कदम से कदम मिलाते हुए राज्य सरकार की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत 2.15 लाख करोड़ किसानों को 11 हजार करोड़ की धनराशि स्थानांतरित की गई। साथ ही साथ मोटे अनाजों के बाजार खोजना, उसके उचित दाम दिलाना तथा उसका मूल्य संवर्धन करके अधिक से अधिक किसानों को लाभ दिलाना हमारा लक्ष्य होना चाहिए।

संस्थान के निदेशक डॉ संजय कुमार एवं मेले के संयोजक डॉ अरविंद नाथ सिंह के द्वारा मोटे अनाजों के उत्पादन के साथ-साथ आधुनिक खेती जैसे उन्नतशील बीजों का उपयोग, ड्रोन द्वारा रसायन एवं उर्वरकों के छिड़काव पर चर्चा की गई। इस मेले में 40 सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थाओं के स्टाल लगे तथा लगभग 10,000 किसानों ने प्रतिभाग कर आधुनिक खेती का उपयोग जैसे विषयों पर जानकारी ली। कृषि उपकरणों में आकर्षण का केंद्र रहे ट्रैक्टर के स्टालों से एक ट्रैक्टर भी बिका।

वाराणसी, आजमगढ़, गोरखपुर, मिजार्पुर मंडलों के 14 जिलों के 14 प्रगतिशील कृषकों ने मंडुआ की खेती की जानकारी लेकर पूर्वी उत्तर प्रदेश में मंडुआ की उन्नतशील खेती तथा उत्पादन में वृद्धि लेंगे। मेले में 5 कृषकों को पोषक अनाज खेती हेतु सम्मानित किया गया।


संस्थान द्वारा संचालित अनुसूचित जाति उप योजना के अंतर्गत 5000 कृषकों को गेहू की कटाई हेतु हंसिया भी प्रदान किया गया। संस्थान द्वारा 20 कृषकों को 3 किलो मंडुआ के बीज मिनी किट के रूप में वितरित किया गया और 1000 कृषकों को देने का लक्ष्य है। भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान, वाराणसी के निदेशक डॉ. टी के बेहरा ने बताया कि उत्तर प्रदेश अब सब्जी उतपादन में पूरे देश में अग्रणी स्थान पर है।

इस मेले में मंडुआ की खेती के साथ-साथ अन्य श्री अन्न जैसे कोदो, सांवा, ज्वार, बाजरा, कंगनी, चीना की भी खेती का जीवंत प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति मेले के संयोजक डॉ अरविंद नाथ सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन देकर किया गया।

# राजकीय संप्रेक्षण गृह में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन

**मऊ।** बाल लिंगानुपात को संतुलित करने के लिए भारत सरकार द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना को संचालित किया गया हैं। इसी क्रम में षनिवार को राजकीय संप्रेक्षण गृह मऊ में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में जो भी बच्चे संप्रेक्षण गृह में मौजूद हैं उनके सामने बच्चियों के सामाजिक महत्व के बारे में, बेटियां समाज में क्या नहीं कर सकती हैं, बेटियां बेटों से कम नहीं है आदि विषय पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया जिसमें हमारी टीम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अभिनव कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य गण उपासना दास एवं प्रज्ञा सिंह और हमारी बाल कल्याण समिति से कंचन तिवारी, अनीता यादव एवं नरेंद्र राय तथा महिला कल्याण अधिकारी अर्चना राय उपस्थित रही। इसके साथ साथ संरक्षण अधिकारी शिवानंद सिंह, विधि परिवीक्षा अधिकारी रेनू पांडे तथा अन्य सम्मानित अधिवक्ता गढ़ ने बढ़-चढ़कर वृक्षारोपण कार्यक्रम में हिस्सा लेकर इसको संपन्न किया तथा सभी ने यह आशा व्यक्त किया कि आने वाले समय में बेटियां बेटों के समान ही सामाजिक दायित्व का कुशलता पूर्वक निर्वहन करेंगे।



# किसान सम्मान निधि के सफलतम 4 वर्ष पूर्ण होने पर मनाया गया किसान सम्मान दिवस



**मऊ।** भाजपा किसान मोर्चा मऊ के तत्वाधान में आयोजित किसान सम्मान निधि के सफलतम 4 वर्ष पूर्ण होने पर ग्राम सभा डुमराव में नमो किसान सम्मान दिवस मनाया गया जिसमें दर्जनों किसानों को अंग वस्त्र एवं फलदार वृक्ष देकर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वालों में प्रमुख रूप से ललन सिंह, मिथिलेश सिंह, निर्मल, चंदा देवी, चिंता देवी आदि रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष गोपेश्वर त्रिपाठी रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा प्रधानमंत्री मोदी ने किसान सम्मान निधि देकर किसान का मान सम्मान गौरव बढ़ाने का कार्य किया है। आज किसान खुशहाली और सम्मान की जिंदगी जी रहा है। आने वाले दिनों में भाजपा किसानों के लिए गो आधारित प्राकृतिक खेती पर विशेष बल दे रही है। विशिष्ट अतिथि भाजपा किसान मोर्चा क्षेत्रीय महामंत्री लालजी यादव रहे उन्होंने कहां की किसानों की बदौलत ही भाजपा की प्रचंड बहुमत की सरकार बनी है जिसके चलते देश एवं प्रदेश से भ्रष्टाचार गुंडागर्दी समाप्त हो गई है। अपने स्वागत संबोधन में भाजपा जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा सचिंद्र सिंह ने कहा कि पूर्ववत सरकार में जहां किसानों को खाद बीज के लिए लाठी भी खानी पड़ती थी वहीं भाजपा के शासन में किसानों को सम्मान निधि मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ जब किसान खुशहाल रहेगा तभी भारत विश्व गुरु भी बनेगा। क्षेत्रीय मंत्री गोरखपुर किसान मोर्चा गोरखपुर अंजनी सिंह सोनू ने कहा कि भाजपा किसानों के लिए समर्पित है आने वाले दिनों में योजनाएं चलाकर किसानों को समाज के मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य भाजपा द्वारा किया जाएगा। मौके पर सोशल मीडिया प्रभारी ओमपाल सिंह, हरकेश चैहान, श्रीराम सिंह, आनंद कुमार, अनिल, सत्यप्रकाश, मनीष सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# तेज रफ्तार डंफर की चपेट में आने नौ घायल

**दो गंभीर**

### औड़िहार के पास हादसा घायलों को पुलिस ने अस्पताल भेजा

जनसंदेश न्यूज

**सैदपुर।** थानाक्षेत्र के औड़िहार में एक तेज रफ्तार डम्फर ने सड़क पर कोहराम मचा दिया। उसकी टक्कर के चलते दो पिकअप व एक बाइक बुरी तरह से दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें तीनों वाहनों में सवार कुल नौ लोग बुरी तरह से घायल हो गए। टक्कर के चलते बाइक में आग लगने से दो बाइक सवार गम्भीर रूप से झुलस भी गए। सभी को आसपास के लोगों ने तत्काल निकाला।

जिसमें से ज्यादा गम्भीर घायल सात लोगों को औड़िहार के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। वहीं झुलसे हुए दोनों बाइक सवारों को सैदपुर सीएचसी लाया गया। जहां से दोनों को वाराणसी रेफर कर दिया गया।



औड़िहार हादसा के बाद क्षतिग्रस्त पिकअप।

गोरखपुर के मूल निवासी महेंद्र कुमार 40 पुत्र दिलीप परिवार के साथ वाराणसी में रहकर निजी कम्पनी में नौकरी करते हैं।

वो कुछ सामान खरीदने के लिए गोरखपुर जा रहे थे। पिकअप वाराणसी के चौकाघाट निवासी रवि गुप्ता 26 पुत्र राजकुमार की थी और वही उसे चला रहा था। अभी वो औड़िहार पहुंचा था कि पीछे से एक तेज रफ्तार डम्फर आया और पिकअप को टक्कर मार दी। जिससे पिकअप फिल्मी स्टाइल में हवा में उड़ते हुए दूसरे लेन में पहुंच गई। इस बीच सामने से आ रही दूसरी पिकअप से उसकी टक्कर हो गयी।

दोनों की टक्कर में पीछे आ रही बाइक भी टकरा गई और बाइक में आग लग गयी। तीनों वाहनों की टक्कर में एक पिकअप पर सवार महेंद्र, रवि व अलकेश के अलावा दूसरी पिकअप में सवार पटना औड़िहार निवासी संतोष 40 पुत्र निब्बू, उनका भतीजा सूरज 17 पुत्र श्यामू, उनके भांजे धीरू 17 पुत्र तुलसी निवासी चांदीपुर जौनपुर व मनीष 22 पुत्र जोखू निवासी सुरजाबाद गम्भीर रूप से घायल हो गए। सभी को तत्काल औड़िहार के हॉस्पिटल ले जाया गया।

डॉ राजीव यादव ने बताया कि सभी की हालत स्थिर है, सिर्फ महेंद्र की स्थिति ज्यादा गम्भीर है। इधर पीछे आ रही बाइक में टक्कर के चलते उसमें आग लग गयी। जिससे उस पर सवार सैदपुर निवासी राजू मोदनवाल 25 पुत्र कल्लू व किशन सोनकर 26 पुत्र स्व. शंकर बुरी तरह झुलस गए। उन दोनों को सीएचसी लाया गया। जहां से दोनों को रेफर कर दिया गया। इस घटना में महेंद्र की हालत ज्यादा गम्भीर बनी हुई है। पुलिस ने सभी वाहनों को थाने भिजवाया।

बता दें कि पटना निवासी संतोष कुछ सामान लेने सैदपुर गया था। उसके भतीजे और भांजे ने जिद करके कहा कि वो भी चलेंगे और इस घटना का शिकार बन गए।

## रस्सी के सहारे लटकर युवक ने दी जान

**जंगीपुर।** थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर तीन अंबेडकर नगर में किराए के मकान में रह रहे युवक ने शुक्रवार की देर रात रस्सी के सहारे लटककर आत्महत्या कर लिया। पत्नी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बाराचवर थाना क्षेत्र के झोटारी गांव निवासी दीनबंधु बिंद (25) एक वर्ष पूर्व नगर के वार्ड नंबर तीन अंबेडकर नगर में किराए के मकान में पत्नी और दो वर्षीय बच्ची के साथ रहता था। दीनबंधु नगर के कृषि मंडी समिति के पास ठेले पर दाना भुजा बेचता था। मृतक से शराब को लेकर पत्नी से आए दिन विवाद होता था। दीनबंधु नही जगा तब उसकी पत्नी उसे जगाने छत पर गयी। अपने पति को रस्सी से लटकते देख उसके होश उड़ गए वो चिल्लाने लगी। उसकी आवाज सुनकर आस पास के लोग भी मौके पर जुट गए। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज कृष्णकांत उपाध्याय ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## संक्षेप

### 17 सूत्री मांगों को लेकर धरना, सौंपा पत्रक



**गाजीपुर।** एकलव्य व फूलन देवी यादगार समिति के सदस्यों ने शनिवार को सरजू पांडे पार्क में अपनी 17 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि सरकार 17 अति पिछड़ी जातियों को समाजिक आर्थिक राजनैतिक सहित शैक्षणिक रूप से कमजोर कर रही हैं। अनुसूचित कोटा बढ़ाकर प्रजापति, केवट, बिंद ,कश्यप, निषाद राजभर जातियों को अनुसूचित जाति में शामिल करने अनुसूचित जाति की तरह सुविधाएं देने मण्डल कमिशन की पूरी रिपोर्ट लागू की जाए। प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर ओबीसी पिछड़ी जातियों सहित सभी जातीय की जनगणना कराई जाए। सरकारी सम्पतियों का निजी करण करने व समाज में हो रहें उत्पीड़न को बंद किया जाए। जैसी मांगों को धरना दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि हम अपना हक तभी मिल सकता है जब तक हम एक होकर अपनी लड़ाई एक होकर नहीं लड़ेंगे। इस धरने में सूरज राम बागी, रामधारी यादव, रामराज बिंद, रामबचन, लालता चौधरी, राजकुमारी, परशुराम, संजय, अरविंद, आदि मौजूद रहे।

### महिला पतंजलि योग समिति का गठन



**गाजीपुर।** महिला पतंजलि योग समिति का गठन नगर के तुलसी सागर स्थित महिला पतंजलि योग केन्द्र पर हुई। बैठक में महिला पतंजलि योग समिति का गठन किया गया स्वामी रामदेव एवं आचार्य देवप्रिया के निर्देशन में चल रहे समिति गठन कार्यक्रम में हरिद्वार से सन्यासिनी देवपुनिया व देवपवित्रा के साथ पूर्वी उ.प्र.राज्य प्रभारी शशी की उपस्थिति में महिला पतंजलि योग समिति की जनपद इकाई का गठन किया गया।समिति का गठन योग-प्राणायाम के प्रचार-प्रसार व योग कक्षाओं के विस्तार तथा प्रशिक्षण हेतु किया गया है। अनीता यादव को जिला महिला प्रभारी, संगीता तिवारी को महामंत्री, साक्षी सक्सेना को कोषाध्यक्ष, रंजू यादव को संगठन मंत्री, अलका सिंह को सोशल मीडिया प्रभारी के पद हेतु सर्वसम्मति से चुना गया।इसके साथ ही गाजीपुर सदर तहसील हेतु शकुन्तला यादव को तहसील प्रभारी, चन्द्रावती को महामंत्री, शशिकला को कोषाध्यक्ष तथा रिंकी सिंह को संगठन मंत्री का उत्तरदायित्व दिया गया।इस अवसर पर गाजीपुर में नियमित रूप से योग-प्राणायाम कक्षा संचालन हेतु सम्मानित किया गया।योग-प्राणायाम सम्बन्धित पुस्तकों का वितरण भी किया गया।कार्यक्रम का समापन वैदिक मंत्रों के साथ यज्ञ व हवन द्वारा हुआ।

### त्यौहार को लेकर एसडीएम ने किया मंथन

**दिलदारनगर।** होली व शबेरात का त्योहार को आपसी मिल्लत और सौहार्द एवं शांतिपूर्ण ढंग से मानाने के लिए स्थानीय थाना में विभिन्न वर्ग के लोगो के साथ गावं के प्रधान,विशिष्ट जन व व्यापारियों के साथ शांति समिति की बैठक सेवराई के उप जिलाधिकारी राजेश प्रसाद चौरसिया की देखरेख में सम्पन्न हुवा।बैठक को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी ने कहा कि होली का पर्व सभी लोग आपसी प्रेम और भाई चारे के साथ सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाए किसी भी प्रकार की अराजकता और माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का निर्देश देते हुए अराजकतत्वों पर नकेल कसने की बात कही। बैठक के दौरान चिन्हित होलिका दहन के स्थान पर ही होलिका जलाए।इसके बाद लोगों ने कुछ समस्याएं रखी गईं जिस पर एसडीएम ने समस्याओं का समाधान किए जाने का आश्वासन दिया।बैठक में थानाध्यक्ष अशेषनाथ सिंह,नगर पंचायत चेयर मैन अविनास जायसवाल, अधिशाषी अधिकारी मनोज पाण्डेय,गोपाल वर्मा,सतेंद्र यादव,बलिराम यादव, मनोज,मोहम्मद एहसान,शकील खान, इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### कुंडी से झूलकर ड्राइवर ने की आत्महत्या

**दुल्लहपुर।** थाना क्षेत्र के धामूपुर गांव में शुक्रवार की देर शाम पंखे की कुंडी से झूलकर 40 वर्षीय ड्राइबर ने आत्महत्या कर लिया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। धामूपुर गांव निवासी अर्जुन राम (40)पुत्र लोचन राम दिल्ली में रहकर ट्रक चलाता था। वह 22 फरवरी को घर आया था। अर्जुन राम चौकी पर रखे ड्रम के सहारे फाँसी के फन्दे से झूलने के बाद ड्रम के गिरते ही जोर की आवाज सुनकर परिवार के लोग जब तक दौड़ के गए और फंदे से उतारने का प्रयास किए तब तक अर्जुन दम तोड़ चुका था। युवक के मौत के बाद पत्नी रम्भा देवी और परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल है। मृतक का तीन सन्तान जिसमे दो लड़का और एक लड़की हैं।

### युवक ने की आत्महत्या

**जमानियां।** राजा शर्मा पुत्र राकेश कुमार शर्मा उम्र 20 वर्ष निवासी मोहल्ला चौधरी परिवारिक कलह के चलते फांसी लगाकर मौत को लगे लगाया। जिसके बाद परिजन नगर कस्बा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां चिकित्सक राजा शर्मा को देख मृत्यु घोषित किया। वार्ड नं सात निवासी राजा शर्मा अपनी मां से रुपया मांगा। रुपया नही मिलने पर नाराज हो गया और फांसी लगा ली। घर मे मां आई और देखा कि पुत्र फांसी लगा लिया है तो रस्सी सहित नीचे उतारा और ऑटो की मदद से नगर कस्बा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गए। जहां केंद्र प्रभारी चिकित्सक डॉ रविरंजन ने युवक को देखने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया। उसके बाद घर मे कोहराम मच गया।

# फर्जी दस्तावेज लगाकर दे रहे थे दूसरे की परीक्षा

## पुलिस ने छह छात्रों को किया गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** नोनहरा पुलिस ने छह छात्रों को दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास फर्जी दस्तावेज बरामद किए। थानाध्यक्ष नोनहरा प्रमोद कुमार सिंह ने उ.नि. अनूप यादव, का. मुकेश दुबे व अमित कुमार के साथ शुक्रवार को बोर्ड परीक्षा में फर्जी दस्तावेज के आधार पर परीक्षा दे रहे छह युवकों को शनिवार को दबोच लिया। नोनहरा थाना क्षेत्र के श्री रामदरश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भजयाँ तिलाड़ी में इंटर के बोर्ड परीक्षा के दौरान छह परीक्षार्थी अंग्रेजी का पेपर फर्जी दस्तावेज के आधार पर दे रहे थे। डीएम के निर्देश पर चक्रमणशील सचल दस्ते ने परीक्षा केंद्र की जांच के दौरान सभी को पकड़ लिया। जिसके ऊपर थाने में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी अखिलेश कुमार राजभर पुत्र गड़बरी राजभर निवासी दरियापुर थाना बरेसर, अविनाश उर्फ अश्वनी सिंह पुत्र बब्बन सिंह निवासी सुलेमापुर देवकली महाहर, राहुल उर्फ अरविन्द पासवान पुत्र लल्लन पासवान निवासी सुलेमापुर देवकली महाहर, विकास कुमार पुत्र रामजी निवासी बेटावरकला थाना जमानियां, आदित्य बिन्द पुत्र हृदय नारायण बिन्द निवासी रामगढ़ बिन्द का पुरा थाना कासिमाबाद, आदित्य सिंह पुत्र राजेश सिंह निवासी भाला थाना नोनहरा को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोप था कि अंग्रेजी परीक्षा के दौरान आशीष कुमार राजभर, लव सिंह, शिवम सिंह ,अतुल चौरसिया , अरविन्द बिन्द, वेदान्त दीक्षित के स्थान पर परीक्षा दे रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुट रचित दस्तावेज बरामद किए।

# पुलिस महानिरीक्षक वाराणसी रेंज ने सुनी फरियाद



कोतवाली परिसार में फरियाद सुनते पुलिस महानिरीक्षक वाराणसी रेंज।



कोतवाली परिसर में फरियाद सुनते एसडीएम वीर बहादुर यादव।

**गाजीपुर।** पुलिस महानिरीक्षक वाराणसी रेंज तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना दिवस के अवसर पर थाना कोतवाली पर आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उसके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। इसके पूर्व पुलिस महानिरीक्षक वाराणसी रेंज द्वारा थाने का निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा सीसीटीएनएस, कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क तथा बैरक का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उधर रिजर्व पुलिस लाइंस के क्रीड़ा स्थल तथा परेड ग्राउंड के सौंदरीकरण का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। वही पुलिस महानिरीक्षक द्वारा पुलिस लाइन गाजीपुर में मीटिंग ली गई। मीटिंग में पुलिस महानिरीक्षक द्वारा लंबित विवेचनाओं का निस्तारण,माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के संबंध में जानकारी ली गई तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर,क्षेत्राधिकारी नगर, एसडीएम सदर, थाना प्रभारी कोतवाली, लेखपाल व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण मौजूद थें।

### थाना समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनी पुकार

**कासिमाबाद।** कोतवाली परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में मौजूद एसडीएम वीर बहादुर यादव ने लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण करने का निर्देश दिया। कोतवाली परिसर में शनिवार को आयोजित संपूर्ण थाना समाधान दिवस में एसडीएम वीर बहादुर यादव पहुंचे।थाना समाधान दिवस में कुल 10 शिकायत दर्ज हुई। जिसमें एक का भी निस्तारण नहीं हो सका। फरियादियों के द्वारा दर्ज दस मामले में फरियादियों की भू राजस्व संबंधित मामले सुनकर उनका अधीनस्थ कर्मचारियों से निस्तारण कराने का निर्देश दिया। एसडीएम ने बताया कि शासन की मंशा पर थाने में समाधान दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें फरियादियों की फरियाद को गंभीरता से सुनी जाए और तत्परता से निस्तारण कराया जा रहा है। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल, बहादुरगंज चौकी इंचार्ज आशुतोष शुक्ला सहित अन्य पुलिसकर्मी और राजस्व कर्मी शामिल रहे।

# नाली जाम, रोड पर गंदा पानी किधर से जायें स्कूली बच्चे

## एक तरफ बदबू, दूसरी ओर नाली का गंदा पानी बारिश होने पर चलना हो जाता दुश्वार

**गाजीपुर।** सड़क पर नाली का गंदा पानी बह रहा है, इससे राहगीर संग स्थानीय लोगों का चलना दुश्वार हो गया है। वहीं शाहफैज पब्लिक स्कूल में पढ़ने के लिए जाने वाले बच्चों को आवागमन में काफी परेशानी होती है। कभी कभार तो स्कूल जाते समय बच्चे गंदे पानी में गिर भी जाते हैं। बावजूद इसके इस समस्या को लेकर जिला प्रशासन अथवा जनप्रतिनिधि गंभीर नहीं हैं। नाली जाम हो गई है। गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। स्कूली बच्चों का चलना दूभर हो गया है। जी हां, कोयला घाट रोड में शाहफैज पब्लिक स्कूल मात्र 100 मीटर पहले जाम नाली व रोड पर बह रहे गंदे पानी के बदबू से लोगों का आना-जाना मुहाल हो गया है। लेकिन, इसे देखने वाला कोई नहीं है। नाली का गंदा पानी यहां सड़क पर दिन-रात बहता रहता है। वहीं यहां पर कचरे का डब्बा भी रखा हुआ रहता है। इस कारण यहां और भी बदबू फैल जाती है। यही नहीं जब कभी अचानक बारिश हो जाती है तो ये रोड पूरा नाली के पानी से भर जाता है और स्थानीय नागरिकों सहित स्कूली बच्चों का पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि लंबे समय से यह समस्या बनी हुई है। नाली अत्यधिक सकरी है और अक्सर जाम हो जाती है, जिससे गंदा पानी सड़क पर आ जाता है। देवेंद्र सिंह व लक्ष्मीकांत यादव ने बताया कि नालियों की सफाई की ओर ध्यान नहीं दिया जाता है। नियमित रूप से नालियों की सफाई नहीं होने के कारण यह समस्या बनी रहती है। नगरपालिका को नालियों की सफाई की ओर ध्यान देना चाहिए।



शाहफैज पब्लिक स्कूल मार्ग पर नाली के पानी से गुजरते बच्चे।

### एक मार्च को मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण

**सेवराई।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा पर बुधवार को ओपीडी मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण डा. नवीन कुमार सिंह एवं उनकी टीम के द्वारा किया जाएगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भदौरा के चिकित्सक डा. रविरंजन ने बताया कि शासन के मंशा के अनुसार मानसिक स्वास्थ्य देखरेख के अंतर्गत ओपीडी एवं मानसिक स्वास्थ्य ओपीडी में आने वाले मंदबुद्धि बालकों को अधिक से अधिक मानसिक सेवाओं का लाभ दिया जाय। इसको सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार करने के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य से पीड़ित लोगों को अधिक से अधिक ओपीडी तक पहुंचकर इस सेवा से लाभ लेने का आह्वान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ओपीडी में सिर दर्द ,माइग्रेन काम में मन न लगना, मन उदास, अकेलापन, आत्महत्या का विचार आना ,अकेले में बुदबुदाना, बेवजह अकेले में बात करना, नींद का ना आना या बार-बार नींद खुल जाना, बुढ़ापे में यादाश्त की कमी, मंदबुद्धि बच्चों में चिड़चिड़ापन, पढ़ाई में मन ना लगना, बार-बार हाथ पैर धोना, हिस्टीरिया, शराब गांजा तंबाकू के साथ ही सेक्स में रुचि ना होना, शीघ्रपतन ,दांत की समस्या सहित कई तरह के रोगों से ग्रसित लोगों का इस ओपीडी में उपचार व परामर्श दिया जाएगा।

## राष्ट्रीय लोक जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने निकाली साइकिल यात्रा

**कासिमाबाद।** राष्ट्रीय लोक जनता पार्टी के तत्वावधान में पांच सूत्री मांग को लेकर साइकिल यात्रा जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत 24 फरवरी को ताजपुर डेहमा से चलकर साइकिल यात्रा शनिवार को कासिमाबाद पहुंचकर अपनी मांग को लेकर आवाज बुलंद की। यह साइकिल यात्रा कासिमाबाद से चलकर 27 फरवरी को सरजू पाण्डे पार्क पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री को संबोधित पांच सूत्री मांग का पत्रक जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा।राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजराज राजभर ने कहा कि अति पिछड़े और दलित पसमांदा समाज जो आर्थिक राजनीतिक और सामाजिक से पिछड़े हैं। जिनको अब विकास की मुख्यधारा से अब तक नहीं जुड़ पाए हैं। इस यात्रा के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय मंत्री प्रेमनाथ गुप्ता ने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से हसिए के लोगों को विकास की मुख्यधारा में शामिल करना। साथ ही 17 पिछड़ी जातियों को अनुसूचित जनजाति में शामिल किया जाए और समान विचारधारा वाली पार्टियों के साथ गठबंधन कर 2024 कि लोकसभा के चुनाव में भागीदारी करना ह । इस साइकिल यात्रा में उपाध्यक्ष रामजन्म चौहा,न भोला चौहान ,देव मुनि कुशवाहा ,मोहित चौहान, अशोक कुशवाहा ,सोमारू दास, सुरेश पाल, राजेंद्र पाल ,सीता राम राजभर, रामजी गुप्ता, मुन्ना राजभर, संतोष बिंद वकील बांस फोर, फौजदार प्रजापति आदि शामिल रहे।



साइकिल यात्रा निकालते राष्ट्रीय लोक जनता पार्टी के कार्यकर्ता।

# छह माह से गिट्टी डालकर छोड़ दी सड़क

**पीएम ग्राम सड़क योजना**

### चौड़ीकरण कार्य में ठेकेदार और अधिकारी की लापरवाही से ग्रामीण आक्रोशित

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** पीडब्ल्यूडी विभाग राहगीरों की समस्या को लेकर कितना गंभीर है, इसका अंदाजा सड़क पर छह माह से गिट्टी डालकर छोड़ी गई सड़क से लगाया जा सकता है। निमार्ण कार्य में बरती जा रही लापरवाही का खामियाजा ग्रामीणों और वाहन से आने जाने वाले लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड-2 द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। अधिकारियों और ठेकेदारों की लापरवाही और अनियमितता की लगातार शिकायत मिल रही है।

मनिहारी विकास खंड के हंसराजपुर बाजार तिराहे से भड़सर तक 9.40 किमी. सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसका निर्माण 27 मई से ही हो रहा है। सड़क की लागत 416.70 लाख है।

वहीं, पांच साल के लिए अनुरक्षण की लागत 64.91 लाख है। सड़क निर्माण कार्य सैदपुर के करमपुर गांव निवासी ठेकेदार गंगा प्रसाद सिंह द्वारा कराया जा रहा है। अधिशासी अभियंता जेपी यादव ने कहा कि मार्च तक कार्य पूरा हो जाएगा। फिलहाल मई तक सड़क पूर्ण निर्माण की जिम्मेदारी है।



भड़सर-हंसराजपुर मार्ग पर सड़क बिखरी गिट्टी।

### धूल फांक रहे दुकानदार, अधिकारी बेपरवाह

हंसराजपुर-भड़सर मार्ग सड़क अभी निमार्णाधीन है। छह माह से गिट्टी डालकर सड़क छोड़ दी गई है। गिट्टी भी तितर बितर हो गई है। ठेकेदार कभी सड़क पर पानी तक नहीं डलवाते है। विभागीय अधिकारी उन्हीं के हिसाब से चलते है। आम लोगों में सड़क निर्माण कार्य को लेकर भारी आक्रोश है। यह सड़क दो जिलों को जोड़ती है। जिससे इस सड़क पर दिन रात आवागमन लगा रहता है। लेकिन नौ किमी सिर्फ गिट्टी पड़ी सड़क पर चलते चलते राहगीर आए दिन घायल हो रहें है। वहीं सड़क पर उड़ रही धूल से दुकानदार से लेकर आम लोग परेशान है।

### हंसराजपुर से भड़सर तक सड़क का खस्ताहाल

दरअसल, हंसराजपुर-भड़सर सड़क मार्ग का चौड़ीकरण कार्य विगत माह अगस्त-सितंबर से शुरू हुआ है। ठेकेदार द्वारा शुरू से कार्य में लापरवाही की जा रही है। पहले तो प्रस्तावित हंसराजपुर तिराहे से लेकर ऊसरगांव (नसीरपुर) चौराहा तक सीसी रोड एवं सीसी रोड के दोनों तरफ दो-दो मीटर इंटरलाकिंग निर्माण कार्य में मानक की धज्जियां उड़ाई। सीसी रोड के दोनों तरफ इंटरलाकिंग में जो सीमेंट ईंट का प्रयोग टूटा व फूटा किया गया। जिसका विरोध होने पर सुधार हुआ।

जनसंदेश टाइम्स
मेडिकल डायरेक्टरी

सार्थक सर्जिकल सेन्टर
लेप्रोस्कोपिक, मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
डा. विनोद कुमार
सा. 6/174 ए-वी, अकथा, गाजीपुर रोड, पहड़िया, वाराणसी
मो. 9415273558, टेलीफोन : 0542-2586180

डॉ0 विनीता श्रीवास्तव
स्तन रोग विशेषज्ञ
सम्पर्क : 9335499180, 0542-227778

सृजन काशी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल प्रा. लि.
डॉ. अमित कुमार सिंह
डॉ. प्रतिमा सिंह
समस्त प्रकार के कैंसर का इलाज ICU, BIPAP, NICU, CPAP PICU
मो0 नं0-9936440494
9622125887

जनसंदेश टाइम्स
मिनी डिस्प्ले

एलीगेंट अप्लायंसेज
OKAYA

शिव रुद्राक्ष अनुसंधान केन्द्र (प्रा. लि.)

जनसंदेश टाइम्स
एजुकेशन डायरेक्टरी

We ensure Holistic Growth of yOur child...
S.G. Public School
Estd. 2002
Affiliated to C.B.S.E., 10 + 2, Co - Ed., Science & Commerce Stream (Physical Education & Computer Science Available)
ADMISSION OPEN!
SESSION 2023-24
for Montessori to Classes IX & XI
NO ADMISSION FEES
Montessori to Class 5th
UP TO 30 APRIL 2023



## झील पर चलती नाव में जन्मी एक कविता

**(लखनऊ के कवि भोपाल में थे, कविता की जमीन तलाशने के सिलसिले में, जमीन तलाशने के इस सिलसिले में पानी से भी मिलना हुआ- भोपाल की बड़ी झील के पानी से। मझधार में कवि अनिल त्रिपाठी ने कहा कि क्यों न हर कवि झील के पानी के बारे में एक-एक पंक्ति सोचे और एक साझा कविता लिखी जाए। हम सबके प्यारे वरिष्ठ कवि हरिश्चन्द्र पाण्डेय की अगुवाई में राजेन्द्र वर्मा, सुभाष राय, अनिल त्रिपाठी, विशाल श्रीवास्तव, नलिन रंजन सिंह, आभा खरे, ज्ञानप्रकाश चौबे, सीमा सिंह, शालिनी सिंह, नूर आलम, माधव महेश और अरुणाभ सौरभ ने एक-एक टुकड़ा लिखा, जिसका हासिल यह कविता है। सभी कवियों ने कवि विशाल श्रीवास्तव को यह छूट दी कि वो इसमें मनचाही काट-छाँट और जोड़-घटाव कर सकते हैं। विशाल श्रीवास्तव का इस बारे में यह कहना है कि इस कविता में जो कुछ भी अच्छा है वह बाकी कवियों का है और जो कुछ भी साधारण है वह उनका है। यह भी कि कविता में ऐसा प्रयोग नया नहीं है, अज्ञेय और आक्टोवियो पॉज ऐसे प्रयोग पहले कर चुके हैं। अब कविता आपके सामने है )**

### झील में कवि

तिर रहे हैं भोपाल की झील में/ पता नहीं झील हम में है /या हम झील में हैं
भीतर के पानी ने जैसे /पहचान लिया है बाहर के पानी को/ हमारी आत्मा के जल में /एक उछाह का ज्वार उठता है
नाव पर बैठकर झील में उतरते हुए /हमें भरोसा था उस मल्लाह पर /जिसके हाथों में हमारी पतवार थी/वह लिए जा रहा था हमें/ उस अकेले सुनसान द्वीप पर / जो राह थी हमारे विराम की
आसान नहीं थी धारा के बीच राह/ लेकिन एक भरोसा था कि /विषमता की लहरों पर होकर सवार /प्रवेश करेंगे समता के एक नए द्वीप में
इसी समय एक स्मृति कौंध जाती है/कहा था तुमने - हाँ एक झील हूँ मैं/ लेकिन तटों के हैं पहरे मुझपर/बहती हुई भी उन्मुक्त नहीं हूँ मैं /और मैं सोचता हूँ / पानी ही तो मुक्त करता है हमें
सम्भावनाओं के उद्गम से/झील में उठती हुई लहरें / धूप को साबुन बनाकर / धो देती हैं हमारी /आत्मा का सारा कलुष
लहरों पर डोलती नाव के साथ-साथ/ मन भी बढ़ती हुई धड़कनों में डोलता है
प्रतीक्षा की बेचैन मछलियाँ/विकल तैरती हैं मन के पानी में
पर इसी क्षण / यह दिलासा उभरता है मन में/ कि इस शहर के सारे रास्ते /इस झील की ही ओर तो आते हैं
यह शहर झील की ही लय पर /हमारी बेचैनी भरी साँस की तरह/ उठता है और गिरता है
कहते हैं कि यह खूबसूरत शहर /किसी कविता की तरह खिलता है



## राजेश जोशी की दो कविताएं



### जिद-1

निराशा मुझे माफ करो आज मैं नहीं निकाल पाऊँगा तुम्हारे लिए समय
आज मुझे एक जरूरी मीटिंग में जाना है
मुझे मालूम है तुम भी वही सब कहोगी
जो दूसरे भी अक्सर ही कहते रहते हैं उन लोगों के बारे में
कि गिनती के उन थोड़े से लोगों की बिसात ही क्या है
कि समाज में कौन सुनता है उनकी बात ?
कि उनके कुछ करने से क्या बदल जाएगा इस दुनिया में ?
हालाँकि कई बार उन्हें भी निरर्थक लगतीं हैं अपनी सारी कोशिशें
फिर भी एक ज़िद है कि लगे ही रहते हैं वे अपने काम में
कहीं घटी हो कोई घटना
दुनिया के किसी भी कोने में हुआ हो कोई अन्याय
कोई अत्याचार कोई दंगा या कोई दुर्घटना
वे हरकत में आ जाते हैं तत्काल
सूचित करने निकल पड़ते हैं सभी जान-पहचान के लोगों को
और अक्सर मुफ़्त या सस्ते में उपलब्ध किसी साधारण-सी जगह पर
किसी दोस्त के घर में या किसी सार्वजनिक-उद्यान में
आहूत करते हैं वे एक मीटिंग
घंटों पूरी घटना पर गंभीरता से बहस करते हैं
उसके विरूद्ध या पक्ष में पारित करते हैं एक प्रस्ताव
अपनी मीटिंग की वे खुद ही तत्काल खबर बनाते हैं
खुद ही उसे अखबारों में लगाने जाते हैं
प्रतिरोध की इस बहुत छोटी-सी कार्यवाही की खबर
कभी-कभी कुछ अखबार सिंगल कॉलम में छाप देते हैं
अक्सर तो बिना छपी ही रह जाती हैं उनकी खबरें
कई बार उदासी उन्हें भी घेर लेती हैं
उन्हें भी लगता है कि उनकी कोई आवाज नहीं इस समाज में
निराशा !
मैंने कई-कई बार तुम्हें उनके इर्द-गिर्द मंडराते
और फिर हाथ मलते हुए लौटते देखा है
मैंने देखा है तुम्हारे झाँसे में ज्यादा देर तक नहीं रहते
वे लोग
कभी-कभी किसी बड़े मुद्दे पर वे रैलियाँ निकालते हैं

### जिद-2

खुद की ही जेबों को निचोड़ कर
खुद ही रात-रात जाग कर तैयार करते हैं
मशालें, पोस्टर और प्ले-कार्ड
अगर रैली में जुट जाते हैं सौ-सवा सौ लोग भी
तो दुगने उत्साह से भर जाते हैं वे
दुनियादार लोग अक्सर उनका मजाक उड़ाते हैं
असफलताओं का मखौल बनाना ही
व्यवहारिकता की सबसे बड़ी अक़्लमन्दी है
कभी-कभी छेड़ने को और कभी-कभी गुस्से में
पूछते हैं दुनियादार लोग
क्या होगा आपके इस छोटे से विरोध से ?
पर वे किसी से पलट कर नहीं पूछते कभी
कि तुम्हारे चुप रहने ने ही
कौनसा बड़ा कमाल कर दिया है
इस दुनिया में ?
पलट कर उन्होंने नहीं कहा कभी किसी से
कि दुनियादार लोगो ! तुम्हारी चुप्पियों ने ही बढ़ाई है
अपराधों और अपराधियों की संख्या हर बार
कि शरीफजादों ! तुम्हारी निस्संगता ने ही बढ़ाए है
अन्यायियों के हौसले
कि मक्कार चुप्पियों ने नहीं छोटी छोटी आवाजों ने ही
बदली है अत्याचारी सल्तनतें
वे दुनियादार लोगों की सीमाएँ जानते हैं
उनके सिर पर भी हैं घर गृहस्थी और बाल-बच्चों की
ज़िम्मेदारियाँ
भरसक कोशिश करते हैं कि दोनों कामों में संतुलन बना रहे
पर ऐसा अक्सर हो नहीं पाता
घर में भी अक्सर झिड़कियाँ सुननी पड़ती हैं उन्हें
सब उनसे एक ही सवाल पूछते हैं
कि दुनिया भर की फि क्र
वे ही क्यों अपने सिर पर लिए घूमते रहते हैं
कि उनके करने से क्या बदल जाएगा इस समाज में ?
वे जो दुनिया की हर घटना के बारे में बोलते हैं
इस सवाल पर अक्सर चुप रह जाते हैं !!

# भोजपुरी लोकरंग और जनचेतना के प्रतीक : भिखारी ठाकुर

**शख्सियत**



**राणा अवधूत कुमार**

बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के भोजपुरी अध्ययन केंद्र में 'भोजपुरी जनपद' पत्रिका के भिखारी ठाकुर विशेषांक का लोकार्पण हाल में केंद्र के राहुल सभागार में संपन्न हुआ। भोजपुरी लोकसंस्कृति के नायक, नाटककार, मंचीय कलाकार, लोक गीतकार, लेखक और 'लौंडा नाच' के प्रवर्तक भिखारी ठाकुर पर केंद्रित अंक पूरी तरह भोजपुरी में संपादित है। 'भिखारी ठाकुर विशेषांक' पत्रिका का कुशल संपादन हिंदी के प्रतिष्ठित कवि व केंद्र के समन्वयक प्रो. श्रीप्रकाश शुक्ल ने किया है, जिसमें विशेष सहयोगी की भूमिका में मैं भी हूँ।

दरअसल आज के दौर में मातृभाषा और उसमें भोजपुरी जैसी समृद्ध लोकभाषा और भिखारी ठाकुर पर केंद्रित विशेषांक निकालना बड़े ही हिम्मत-जज्बे से लबरेज, बहुत श्रमसाध्य एवं जोखिम भरा कार्य है। चूंकि जिस तेजी से वैश्विक स्तर पर भिखारी ठाकुर की चर्चा इन दिनों हो रही है। उस स्थिति में भिखारी ठाकुर की कविता-नाटकों की एक ओर लौकिक व्याख्या है तो दूसरी ओर उसकी आध्यात्मिक व्याख्या भी हो रही है। भिखारी के गीत-संगीत और नाटक भोजपुरी जनमानस में गहरी पैठ बनाए हुए है। भिखारी अपने समय-समाज में जो कुछ देखे, चाहे विषमता हो या फिर अन्याय-पीड़ा, उसको इन्होंने चित्रित किया है। कालिदास के नाटक 'अभिज्ञान शाकुंतलम' एवं भिखारी के नाटक 'बेटी-बेचवा' दोनों की संवेदना में आपको एक समानता दिखेगी।

यहाँ ध्यान देने की बात है कि 1964 में महेश्वराचार्य की पहली किताब 'भिखारी' नाम से प्रकाशित हुई थी। उनकी दूसरी किताब 'जनकवि भिखारी ठाकुर' आई ' गौरीशंकर ठाकुर, अविनाशचंद्र विद्यार्थी, सत्येन्द्र सिंह, तैयब हुसैन पीड़ित, रामदास राही, जनेश्वर ठाकुर, शीलानाथ ठाकुर के प्रयासों से 'भिखारी ठाकुर ग्रंथावाली' भाग -एक 1979 में एवं दो 1987 में आई। दोनों ग्रंथावली भिखारी ठाकुर को वैश्विक स्तर पर खड़ा करने में बड़ी भूमिका निभाई। बाद में नागेंद्र प्रसाद, वीरेंद्र नारायण और रामदास राही के प्रयासों से 2005 में भिखारी ठाकुर के 12 नाटकों एवं 13 गीतमाला का संग्रह 'भिखारी ठाकुर रचनावली' प्रकाशित हुई। इस बीच भिखारी पर कई किताबें-शोधपत्र आएं। अब विशेषांक के प्रकाशन का एक श्रेष्ठ कार्य के रूप में रूप में सामने आया है। विशेषांक में भिखारी के बारे में बारिकी से अहम जानकारी मिल सकती है। इसमें भिखारी को जानने-समझने वाले मर्मज्ञ लेखकों ने लेख के माध्यम से रचनाधर्मिता के अनुरूप योगदान दिया है। इसमें एक ओर भोजपुरी के वरीय और स्थापित लेखकों की रचना हैं तो युवा लेखकों के महत्वपूर्ण आलेख शामिल हैं। 36 आलेख, तीन साक्षात्कार व नौ कवियों की कविताओं से यह अंक समृद्ध हुआ है।

भिखारी ठाकुर विशेषांक का प्रकाशन भोजपुरी अध्ययन केंद्र की स्थापना और उसके मूल उद्देश्यों के अनुरूप है। केंद्र का सार्थक प्रयास है जो न केवल भिखारी ठाकुर के समृद्ध साहित्य निधि, उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालेगा, बल्कि इससे भोजपुरी समृद्ध होगी। भिखारी ठाकुर विशेषांक का प्रकाशन समृद्ध परंपरा की शुरूआत है। इससे केवल भिखारी नहीं बल्कि अन्य भोजपुरी के प्रबुद्ध साहित्यकार प्रकाश में आएंगे। गौर करने वाली बात है कि भिखारी ठाकुर के समय, समाज, उनके जीवन, साहित्यिक सम्पन्नता का विस्तार से मूल्यांकन की जरूरत है।

संपादकीय में श्रीप्रकाश शुक्ल ने उचित ही लिखा है कि 'विशेषांक इस मामले में ऐतिहासिक है कि पूरा अंक भोजपुरी में है'।'पाती' पत्रिका के संपादक अशोक द्विवेदी ने अपने लेख में लिखा है कि भिखारी को पढ़ते समय उनके समय-समाज और देशकाल का बोध होना चाहिए। भिखारी ठाकुर मूलतः रंगकर्मी थे, उनका कैनवास बड़ा है, उन्होंने परंपरा से बहुत कुछ ग्रहण किया। भोजपुरी साहित्य परंपरा, लोक की ताकत, संस्कृति को समझे बिना भिखारी को आप नहीं समझ सकते।विशेषांक में भोजपुरी साहित्यकार सूर्यदेव पाठक ने लिखा है कि भिखारी की जीवंतता, उनकी ख्याति भारत नहीं बल्कि भारत से बाहर की दुनिया में है। उनके नाटकों में चित्रित सहज त्रास, पीड़ा, पलायन-निर्वासन का दर्द किसी सीमा से परे है। भिखारी ठाकुर के बिदेसिया सहित अन्य नाटकों में जो दर्द-पीड़ा को दशार्या गया। उस दौर के सामाजिक विषमता-भेदभाव की स्थिति को प्रमाणित करती है। बिदेसिया में जो इंतजार की भावना है वह कमोबेश आज भी है। भिखारी अवधी के तुलसी, ब्रज के सूर के समकक्ष भोजपुरी के अनन्य साहित्यकार हैं। भिखारी और भोजपुरी में अन्योन्याश्रित संबंध है। भिखारी ठाकुर अपने प्रभूत साहित्य के माध्यम से भोजपुरी भाषा-साहित्य दोनों को समृद्ध किए। भोजपुरी ने उन्हें वैश्विक यश दिया तो भोजपुरी को लोक से निकाल विश्व पटल पर खड़ा किए। लोकार्पण के समय ठीक ही कहा है प्रो. श्रीप्रकाश शुक्ल ने कि 'भोजपुरी भिखारी से आलोकित है तो भिखारी भोजपुरी से आह्लादित होते हैं। भिखारी ठाकुर भोजपुरी की भास्वर उपस्थिति हैं। जिसे पूरा विश्व महसूस कर रहा है'।

दरअसल 1915 से शुरू हुई भोजपुरी पत्रकारिता की गति अभी धीमी है। 1915 से शुरू हुई भोजपुरी पत्रकारिता और उसकी पत्र-पत्रिकाओं की कड़ी में भोजपुरी जनपद पत्रिका का भिखारी ठाकुर विशेषांक महत्वपूर्ण है। भिखारी ठाकुर पर केंद्रित यह पत्रिका भोजपुरी भाषा में निकालना बहुत श्रम का कार्य है। वर्तमान समय में भोजपुरी भाषा के विकास के दौर में विशेषांक की महता बढ़ जाती है। भिखारी ठाकुर भोजपुरी की सशक्त नींव हैं, इनसे भोजपुरी भाषा की सही दिशा-दशा तय होती है। दिल्ली विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्याक मुन्ना पांडेय के अनुसार अपने दौर के सबसे बड़े मंचीय कलाकार भिखारी ठाकुर अपनी सभी रचनाओं में खालीस मनोरंजन नहीं बल्कि सामाजिक संदेशों को देने की कूबत रखते हैं। सहज-सरल शब्दों में समाज की समस्या को केंद्रित कर रचना एवं मंच पर सफल मंचन सबके बूते की बात नहीं।

भिखारी ठाकुर ने अपने नाटकों के माध्यम से, अपने गीतों के माध्यम से भोजपुरी समाज का यथार्थ गढ़ा है। भिखारी ठाकुर के गीतों की प्रासंगिकता अभी भी बरकरार है, इसे मैंने भोजपुरी की लोकगायिकाओं में चर्चित नाम चंदन तिवारी और मनीषा श्रीवास्तव से बातचीत और साक्षात्कार के दौरान महसूस किया। भिखारी के नाटकों की महत्ता कमोबेस उसी तरह बरकरार है, जैसे 50 वर्ष पहले थी। जिसमें उनका समाज, उसके अंतर्विरोध, उसके गतिरोध और उसकी जीवंतता सशक्त ढंग से व्यक्त हुए हैं। 'भोजपुरी नाटकन के विकास में भिखारी के जोगदान' में जयकांत सिंह लिखते हैं कि 1940 के बाद बिहार-बंगाल के अकाल और भिखारी ठाकुर के लिखे गीतों के भाव बोध काफी साम्य हैं। उस समय के तथाकथित सामंती और प्रभावशाली समाज-वर्ग के सामने नाटकों के मंचन के के दौरान समस्याओं एवं व्यवस्था पर चुटीले अंदाज में प्रहार करना भिखारी के बस की बात थी। भिखारी के बिदेसिया-बटोहिया गीत केवल बिरह-निर्वासन की ओर संकेत नहीं करते बल्कि यह स्थिति उत्पन्न कैसे हुई? इस पर प्रकाश डालते हैं। जगदीशचंद्र माथुर उन्हें 'भरतमुनि के परंपरा के कलाकार' कहें, मनोरंजन सिन्हा 'भोजपुरी के शेक्सपियर' कहें तो राहुल जी 'भोजपुरी के अनगढ़ हीरा' कहें, यह ऐसे नहीं होता।

भिखारी ने नाटकों के माध्यम से जिन सामाजिक समस्याओं को उठाया, उनका विश्लेषण विशेषांक के विभिन्न लेखों के माध्यम से विद्वानों ने किया है भिखारी ठाकुर का व्यक्तित्व बहुआयामी हैं, उनके इसी व्यक्तित्व को प्रकाशित करने का प्रयास विशेषांक के माध्यम से हुआ है। भोजपुरी केंद्र के भोजपुरी जनपद का चौथा अंक भिखारी ठाकुर विशेषांक महत्वपूर्ण इसलिए हैं कि इसमें भोजपुरी समझने-जानने वाले विद्वान रचनाकारों के उत्कृष्ट लेख हैं। एक दौर था जब भिखारी के देहांत के बाद उनके साहित्य की पांडुलिपि बिखरी थी, कुछ प्रकाशित-कुछ अप्रकाशित। अब इसे ले कई संस्थानों द्वारा काम किया जा रहा है। इसका सुफल है 'भोजपुरी जनपद' का 'भिखारी ठाकुर विशेषांक'।




भिखारी ठाकुर भोजपुरी के युगपुरुष एवं लोक-पुरुष थे, और आगे भी यहीं कहलायेंगे। भिखारी के बिना भोजपुरी की चर्चा अधूरी रहेगी। भोजपुरी में भिखारी एवं भिखारी में भोजपुरी रचे-बसे हैं। जैसे बंगला में रवींद्रनाथ, मैथिली में विद्यापति, वैसे भोजपुरी में भिखारी।

इसे और आगे बढ़ाएंगे तो आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी कबीर को हिन्दी भाषा का डिक्टेटर कहे, वैसे भिखारी ठाकुर को भोजपुरी भाशा का डिक्टेटर कहें तो अतिशयोक्ति नहीं। वे अपने हिसाब से भोजपुरी साहित्य-समाज को आगे ले आते हैं। वाचिक परंपरा के महानायक कबीर की राह पर चल भिखारी ठाकुर अपनी बात व गूढ़ संदेशों को लोगों तक पहुंचाने में सफल थे। उनकी रचनाओं में सामाजिक क्रांति का शंखनाद मुखर दिखता है। भिखारी ठाकुर अपनी भविष्यवाणी को सहीं साबित कर लोकमानस में भोजपुरी साहित्य में अनगढ़ हीरा, भोजपुरी के शेक्सपियर, भोजपुरी के भारतेंदु, भोजपुरी के सांस्कृतिक नायक के रूप में जीवित हैं। उनके नाटक प्रेमचंद के दौर में लिखी कहानियों जैसी आदर्शोंमुखी एवं यथार्थवादी हैं

यह विशेषांक भिखारी ठाकुर पर काम करने वाले विद्यार्थियों-शोधार्थियों के लिए अमूल्य धरोहर साबित होगी। विषेशांक में शामिल कुछ लेखकों-रचनाकारों की टिप्पणियों से असहमत हो सकते हैं। जैसे कि 'लवंडा नाच आ लोकरंगकर्मी भिखारी ठाकुर' में ब्रजभूषण मिश्र लिखते हैं कि महेंद्र मिसिर भिखारी ठाकुर के गुरू थे। कई लोगों ने इसे स्वीकार नहीं किया। उनका कहना है कि ऐसा कहीं प्रमाणित नहीं हुआ। भिखारी ठाकुर ने स्वयं लिखा है कि भगवान नामक बनिया से हिंदी वर्णमाला-लिपि सिखा था। बाकी विद्या रामलीला, रामचरितमानस एवं सामाजिक जीवन में अनुभव से सीखे। रामानंद सिंह का उन्हें साथ मिला था, गीत-कवित्त, चौपाई उन्हीं से सीखा। उनके लेखन, कला, नाट्य अभिनय और नृत्यशैली कों कुछ लेखक 'लौंडा नाच' बताते हैं। इतने बड़े कलाकार के नृत्य शैली को 'लौंडा नाच' तक सीमित रखना उनके साथ नैसर्गिक न्याय नहीं होगा। 'लौंडा नाच' उनकी विशेष शैली थी। अभिनय व नृत्यशैली को उसी रूप में देखा जाना चाहिए।

**(समीक्षक,भोजपुरी अध्ययन केंद्र, बीएचयू में शोधार्थी हैं)**

# सन्नाटे के शिलालेख को तोड़ती कविताएँ

**मूल्यांकन**



**अजित कुमार राय**

अच्छी कविता की तलाश में निकला । क्षितिज के उस पार कविता का 'स्वर्ण-युग' मिला । वर्तमान के धुंध को पार कर अतीत की पगडंडियों पर चल रहा था कि एक आकर्षक पत्थर मिला । उसे उठाया और हाथ में लेकर धूल झाड़ी तो पाया कि यह तो अपनी ही पूजा-प्रतिमा है । यह तो अपना ही अतीत है । यह आत्म-बोध और कुछ नहीं गुरुदेव डॉ. जितेन्द्रनाथ पाठक की कविताओं से आत्मीय साक्षात्कार था ।

अपने समय के यथार्थ से एक रचनात्मक दूरी बनाकर 'समय के समानान्तर' चलती डॉ. पाठक की कविताएँ कालबिद्ध होते हुए भी कालातीत सत्य को पकड़ने की आकांक्षी हैं । इन रचनाओं में एक सजग इतिहास - दृष्टि और परिष्कृत काव्य-विवेक का विनियोग तो है ही, रोमैंटिक भाव-बोध और वैचारिक स्वायत्तता के साक्ष्य भी मिलते हैं । किन्तु लगता है, गति - गौरवमय महाकाल के रथ-घर्घर के चलित चक्र-तले पिस गई हैं ये रचनाएँ । फिर भी कालचक्र से जूझती उनकी दुर्दम्य जिजीविषा आज भी अपने पाथेय की खोज में संलग्न है । एक समूची अर्द्धशती के आर-पार जगमगाता उनका कृतित्व यदि अलक्षित रह गया है, तो इसमें आधुनिक आलोचना की संवेदनहीनता ही प्रमाणित होती है । आज साहित्यिक राजधानी दिल्ली द्वारा केन्द्रशासित हिन्दी का प्रकृत सौन्दर्य 'सुनामी' शास्ताओं के आवर्त में डूब गया है । आज जरूरत है - उन काव्य-मूल्यों के पुनर्वास की । विश्व-करुणा से परिस्फूर्त आत्मनिष्ठ स्वयं-सेवकों की ।

डॉ. जितेन्द्रनाथ पाठक का कृतित्व उनके व्यक्तित्व से बहुत बड़ा है । एक जमाने में उनकी रचनाएँ धर्मयुग, साप्ताहिक हिन्दुस्तान, कल्पना, ज्ञानोदय, नयी कविता और नया प्रतीक में बराबर छपती रही हैं । सन् 2002 में प्रकाशित 'सृजन-समर्पण की उत्तरशती' उनके समग्र लेखन (काव्य) को सम्बोधित समीक्षा-आयोजन है, जिसमें शीर्षस्थ लेखकों ने उनकी रचनाशीलता का अभिनन्दन किया है । 'समय के समानान्तर' पाठक जी की प्रतिनिधि रचनाओं का संकलन है । इसमें पर्याप्त वैविध्य और समय-सजग एक स्पष्ट विकासक्रम परिलक्षित किया जा सकता है । यद्यपि संकलन की अधिकांश कविताएँ साधारण स्तर की और वाच्यार्थ प्रधान हैं, परन्तु कुछ कविताएँ बहुत अच्छी हैं और कविता के उच्चतम प्रतिमानों का स्पर्श करती हैं । यथार्थ की तद्वत अभिव्यक्ति काव्य नहीं हो सकती । बल्कि यथार्थ की अन्तः प्रकृति की जटिलताओं, द्वन्द्वों एवं उलझनों को कलात्मक अनुशासनों में बाँधना कविता की मुख्य प्रतिज्ञा है । आज कवि तटस्थ द्रष्टा नहीं, व्यवस्था का हिस्सा बनकर उससे टकराते हुए प्रतिरोध की शिल्प-प्रविधि प्राप्त करता है । कहना न होगा कि पाठक जी ने अपने रचना - समय के गतिशील यथार्थ को पकड़ा है और उसे सफल अभिव्यक्ति दी है । सामाजिक विसंगतियों एवं विडम्बना - वक्रता को स्थापत्य का संगत रचाव देकर उन्होंने कविता का मौलिक मुहावरा विकसित किया है । नई कविता के संस्कारों से संस्फूत्त होने के बावजूद उसकी क्षयशील प्रवृत्तियों - कुंठा, संत्रास, ऊब, अजनबीपन, अकेलापन, अवसाद, निराशा और व्यर्थता-बोध का अतिक्रमण करते हुए सकारात्मक काव्य-मूल्यों को अर्जित करना उनके कवि-कर्म की मुख्य चुनौती रही है । काश ! शब्दों में आदमी होने की यह तमीज हमारे आचरण में चरितार्थता पा जाती । काल-चिन्तन को सम्बोधित 'अतीतजीवी और काल' उनकी कविता का केन्द्रक है । इसका वर्तुल सांस्कृतिक है । अतीत और वर्तमान के द्वन्द्व पर आधारित इस काव्य-रूपक का भाषिक औदात्य इसे अज्ञेय की 'असाध्य वीणा' पंत की 'परिवर्तन' और नरेश मेहता की 'समय देवता' शीर्षक कविताओं की पंक्ति में खड़ा कर देता है । इस प्राणायामी कविता में न्यस्त नाटकीयता, ध्वन्यात्मक सौन्दर्य, विम्बमाला, लयवहता, शब्द संव्यूहन, कल्पना-गौरव, वैचारिक संतुलन, दार्शनिक अर्थान्विति - उसके रूप-गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं । कविता की गतिज ऊर्जा शब्दों के साथ पाठकों को भी बहा ले जाती है । डॉ. पीएन सिंह इसमें अभिव्यक्ति के औदात्य की यूनीफार्मिटी देखते हैं । उनके अनुसार 'कविता का संतुलन इसके आन्तरिक तनाव पर टिका है, अन्यथा किसी कथा-सूत्र के अभाव में इसके भाव-विस्फोट को अनुशासित किए रहना सम्भव न होता ।' शब्दों की सामासिक संस्कृति अपना वर्तमान गढ़ती है, जिसमें अतीत का रस रोमांचित है । कोरा अतीतजीवी अतीत के खण्डहरों में मधु-चषक की जुगाली करता स्वयं अतीत हो जाता है । अतीत के क्षीरसिन्धु के विष्णुलोक तक अपना श्रद्धा-पुष्प समर्पित कर आने की वांछा से विकल अतीतजीवी प्रार्थना करता है -'उस अतीत के एवरेस्ट / कंचनजंघा के / अनगिन सफल शिखर आरोहण की गाथा को / शीश उठाकर / मालाओं से भरे वक्ष को / साँस रोक कर / जन-जन के उस चरण-ज्वार को / पाँव रोक कर / कह लेने दो / उसमें मुझको / कुछ ही क्षण को / बह लेने दो ।'

किन्तु काल का कशाघात अतीत का सम्मोहन तोड़ता है और वर्तमान के विविध रूपों से जोड़ता है -'किसी शारदीया के नीरदहीन गगन से / निबिड़ क्षणों में / उतर रही है पारदर्शिनी स्पर्श बालिका / इसी वृक्ष के पुष्प-संवलित लता-स्कंध पर ।'

इस प्रकार कवि का अतीतजीवी समय के परिवर्तमान निमार्णात्मक तत्वों का संधान करता हुआ नए सूर्य का पूजन-अर्चन करने के लिए मानसिक रूप से तैयार हो जाता है । इस कविता में एक बजती हुई लय है । किन्तु डॉ० चन्द्रकला त्रिपाठी और डॉ. अवधेश प्रधान को लगता है कि अतीत के रंगीन चित्रों के बरक्स वर्तमान के चित्रण में खुरदुरापन आवश्यक था।

पाठक जी ने अपनी वाग्मिता के द्वारा जीवन का सही तापमान रचने की कोशिश की है । दुहराव के सारे खतरे उठाकर भी उन्होंने जिन्दगी को अनेक रागों में गाया है । उन्होंने कच्ची सामाजिक सामग्री को अनुभवों की धीमी आँच पर पका कर आस्वाद्य बनाया है । व्यवस्था के विचलनों, जीवन और जगत की वृहत्तर ट्रैजिक स्थितियों के कलात्मक अंकन के साथ ही कुछ कविताओं में भाव-बोध के नए संकेतक भी प्राप्त होते हैं । किन्तु व्यापक विषय-वैविध्य के बावजूद अन्तर्वस्तु की समानता कॉमन अनुभवों के साधारणीकरण की लालसा से प्रेरित है । किन्तु यह सारभूत सच या जीवनानुभवों का सरलीकरण नहीं, भारतीय आधुनिकता के मूल में घट रहे अन्तर्द्वन्द्वों एवं तनावों का साक्षात्कार है । व्यक्ति एवं समाज की संश्लिष्ट जैविक संरचना को उभारने के साथ ही व्यवस्था में बद्धमूल नृशंसता को भी उन्होंने अपना निशाना बनाया है । वे यथार्थदर्शी हैं, किन्तु यथार्थ के आगे घुटने नहीं टेकते । अपनी रणनीतियों को पुनः परिभाषित एवं पुनः संयोजित करते हुए समझौता के स्तर पर वे झुकते हैं, पर उतना ही कि प्रत्यंचा चढ़ाई जा सके । कहीं-कहीं मध्यमवर्गीय बुद्धिजीवी के क्रान्ति-चिन्तन की विफलता का सुन्दर काव्यांकन हुआ है - 'दहकता रहा हूँ / दिन-रात मैं / आँधियाँ भी उठी हैं / भीतर-भीतर / किन्तु मैं क्या करूँ ? / अगर न जगे / पानी का कोई गीत / पूरा ग्रीष्म जी लेने के बाद ।'

पानी का गीत जागता है उनकी रचनाओं में जब वे समाज-समीक्षा के बजाय आत्म-बोध की प्रकृत मुद्रा में होते हैं - 'गहरी जल-आँखों से अपलक / जाने कब से / जंगल देख रहा है अब तक / धीरे-धीरे / वन का पोखर / उतरा मुझमें / मैं डूबा रहा / न जाने उसमें कब तक।'

डा. केदारनाथ सिंह ने उन्हें सामाजिक चिन्ता का कवि कहा है, पर मुझे लगता है कि उनकी काव्यात्मा आनन्दवादी है । शब्दों के सही प्रयोग को जीने की शर्त मानने वाले पाठक जी सर्जना को उसके सही नाम से पुकारने के कायल हैं । जीवन-संघर्षों की पीड़ा से उपजी उनकी कविताओं का पर्यावरण सामाजिक संत्रास और घुटन में साँस नहीं ले पाता । डॉ. बच्चन सिंह ठीक कहते हैं कि 'जिन रचनाओं में उदासी और नैराश्य वर्णित है, वे यथार्थ से जुड़कर भी कहीं-कहीं कमजोर प्रतीत होती हैं । इससे प्रतीत होता है कि जितेन्द्र जी का मन जिजीविषा में रमता और गतिशील होता है ।' प्राकृतिक उपादानों को देखकर कवि-मन चन्द्रकान्त मणि की तरह पिघलता है । शाम को अनेक नामों से और चाँद को इतनी कलाओं में देखा और नए सिरे से पहचानने की कोशिश की है कि समकालीन छवि की कीमत चुका कर भी कवि के चन्द्रलोक में पर्यटन प्रीतिकर लगता है -'भागती बस की खिड़की से / दीखता हुआ पूर्णिमा का चाँद / हजारों पेड़ों से दबता-छिपता / कटता-छँटता / तरह-तरह से दिखता हुआ / साथ-साथ भागता रहा / मुझे लगा / गति / यूक्लिप्टस के पेड़ों की कूचियों से / आसमान के कैनवास पर / चाँद के तरह-तरह के चित्र / बना रही है ।'

अपने समय के विद्रूप और समाज की रुग्ण चेतना के साथ उनकी कविताओं में उनके माथे का ताप भी है -'आसमान में / थोड़ी देर के लिए दीखना / और फिर चेहरे तक / बादलों की चादर खींचकर / सिर्फ महसूस होना / ओ चाँद ! / तबीयत तो ठीक है न ?'

शब्दों में ढलते शाम का एक चित्र देखें -'नीलकंठी शाम / सूर्य का विष आचमन कर / फैलती निष्काम ।'

निश्चित रूप से जीवन के विषाक्त वातावरण में मूर्च्छित चेतना को कल्पना का रसायन विश्रान्ति के बाद की वह ऊर्जा प्रदान करता है, जिससे हम पुनः जीवन-संघर्षों में जा सकें । कवि की जमीनी समझ अमरत्व में तो विश्वास नहीं करती, किन्तु उसके अक्षरों की अन्तर्ध्वनि अकुंठ जीवनप्रार्थी अवश्य है -'चलने लगा है एक विराट मंथन / सम्पूर्ण पृथ्वी के इस जनमहासागर में / हाथ-पाँव और वाणी की आजादी माँगते / लाखों लोगों को / कहीं रौंद रहे हैं बुलडोजर और टैंक / कहीं सुला रहे हैं करोड़ो लोगों को कुछ लोग / एक हाथ से लोकतंत्र / और दूसरे हाथ से नींद की मादक गोलियाँ खिलाकर । हम प्रतीक्षा करेंगे / जन-महासागर से निकले अमृत की / जिसे पीकर यह नहीं कि मनुष्य अमर होगा / बल्कि यह कि वह मरेगा अपनी स्वाभाविक मौत और जिएगा अपनी पूरी जिन्दगी।'

पाठक जी की कविताओं में सम्बन्धों की ऊष्मा शेष है । वह सन्नाटे के शिलालेख को तोड़ता है । वह शोषण और उत्पीड़न के अनेक सन्दर्भों में मुट्ठियाँ भींचता है तो लोकतंत्र की चिरायँध भी हमारी घ्राणेन्द्रिय का विषय बनता है । अर्थ-सघन ऐन्द्रिय बिम्बों के माध्यम से जितेन्द्र जी भीड़तंत्र में व्यक्ति के पहचान खोने, मनुष्य और प्रकृति के अप्रासंगिक होने, बढ़ती हुई बौद्धिकता और यांत्रिकता के फलस्वरूप छीजती हुई मानवीय संवेदना और राग-चेतना और भ्रष्टाचार को भी अपना वर्ण्य-विषय बनाते हैं। उनका आग्रह मुक्त चिन्तन सिर्फ सर्जना के प्रति प्रतिबद्ध है । वे न कला-संकाय के प्रतिनिधि हैं न दर्शन विभाग के । डॉ. रामचन्द्र तिवारी उन्हें सकारात्मक समग्र काव्य-दृष्टि का कवि मानते हैं । पश्चिम की भाव-छायाओं के अनुवाद-ग्रहण से भी उनका ग्लोब मुक्त है ।

काव्यपाठ की उनकी अपनी अनन्वय मुद्रा भी कविताओं को अर्थ देती है । काव्यार्थ की सान्द्रता, कथ्य और शिल्प की संश्लिष्टता के कारण ये कविताएँ संवेदना के इतिहास में अमर रहेंगी । इन चन्द्रमुखी कविताओं को सूर्यमुखी ऋचाओं के रूप में पाकर पर्यावरण वादियों को भी निराश नहीं होना पड़ेगा । कई बार लगता है कि समय के साथ चलते-चलते पाठक जी कहीं पीछे छूट गए हैं । पर पाठक यह अनुभव करेंगे कि वे हमारे आगामी अतीत को सँवारने के लिए अदृश्य हो गए हैं - ठीक चाँद की तरह बादलों की चादर खींचकर भविष्य के सपनों में खो गए हैं - 'क्योंकि है सपना अभी भी ।'

**( लेखक कवि एवं आलोचक हैं)**

# स्वप्न और यथार्थ के बीच कविताएं

**मूल्यांकन**



**विनयदास**

मोहम्मद मूसा खाँ 'अशान्त' का नया कविता संग्रह है 'मैं सपने बुनता हूँ।' उनकी कविता का यथार्थवादी तेवर है। उनकी कविता गहराइयों में डूबकर निकलते हुए शब्दों से बुनी जाती है। वे कहते हैं कि कविता / लफ़्ज़ों की खूबसूरत / लफ्फाजी नहीं / अपितु जीवन की / सच बयानी है। उनकी कविता की परिधि में यदि एक ओर उत्पीड़ित समाज का दर्द बयां है तो दूसरी ओर उसके जीवन में निहित श्रृंगार रूप, रस, सौन्दर्य के भी गीत हैं। उनकी कविता में ऐसे तमाम सपने भी समाहित है जो लोकहित व लोकतन्त्र की रक्षा के लिए संकल्प बद्ध हैं। अधिकतर कविताओं का निहितार्थ यही है, जो आज भी एक सामाजिक, राजनैतिक जरूरत भी है। वे कविता को मनोरंजन और गुल-गपाड़े की चीज न मानकर जीवन की सच्चाई को प्रकट करने के माध्यम के रूप में स्वीकार करते हैं। उनकी कोशिश जीवन को संपूर्णता में ग्रहण करने की है। अतः उनकी कविता स्वप्न और यथार्थ की खुरदुरी जमीन की टकराहट से अपना आकार प्रकार और विस्तृत धरातल ग्रहण करती है।

कवि मोहम्मद मूसा खाँ 'अशान्त बाराबंकवी' बहुमुखी प्रतिभा के रचनाकार हैं। उन्होंने कहानी, कविता, गजल, उपन्यास, रेडियो एकांकी और नाटक भी लिखे हैं। 'पहली बरसात' उनका पहला संग्रह है जो सन 2000 ई. में प्रकाशित हुआ। यह गजल पर केन्द्रित है। सन् 2006 में उनके रेडियो एकांकी 'आधे-अधूरे ख्वाब' के नाम से आया। इसके ठीक आठ बरस बाद सन् 2014 में उनका कहानी संग्रह 'वह साँवली लड़की' प्रकाशित हुआ। सन् 2016 में उनका काव्य संग्रह 'मर गई संवेदना' नाम से छपा। इस बीच उनके उपन्यास क्रमशः 'त्रासदी', 'गोदनावाला' तथा 'ढाई आखर' भी प्रकाशित हुए। इस तरह उनकी अब तक कुल सात पुस्तकें प्रकाशित हैं। उन्हें 2017-2018 में उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान ने 'भगवतीचरण वर्मा सम्मान' से सम्मानित किया। इसके ठीक बाद सन् 2020 में उन्हें उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान ने 'साहित्य भूषण' सम्मान से अलंकृत किया और सन् 2022 में वे 'कल्पनाथ सिंह साहित्य स्मृति सम्मान द्वितीय से तथा 2021 में अखिल अहिसास जीवन गौरव के राष्ट्रीय सम्मान से भी सम्मानित हुए।

जहाँ तक नाटक का विषय है तो वह एक दृश्य-श्रव्य माध्यम है, उसकी कसौटी उसका मंचन तय करता है न कि पाठन। अतः उनके नाटक के विषय में कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा। रेडियो एकांकी, एक श्रव्य माध्यम है। जिन्होंने उनके रेडियो नाटक सुने होंगे वे उनके इन एकांकी की खूबियों से परिचित होंगे। जहाँ तक मैंने उनके साहित्य का अध्ययन किया है उस छोटे से अनुभव के आधार पर मैं पूरे विश्वास के साथ यह कह सकता हूँ कि उनकी प्रतिभा का पूरा-पूरा लाभ उनकी कविता और गजल को मिला है। उनकी गजलों को कई लोगों ने अपने सुरीले कंठ से प्रस्तुत भी किया है।

वे स्वभावतः बेहद विनम्र और शालीन हैं। उनके व्यक्तित्व की खूबी है कि अगर वे शब्बेरात का जश्न मनाते हैं तो उतने ही जोश से पूरा घर दीवाली भी मनाता है?। अगर वे ईद मनाते हैं तो होली पर रंग-गुलाल खेलकर पिचक्का भी खिलाते हैं। वे हिन्दू-मुस्लिम एकता या समरस समाज की बात केवल बात भर नहीं करते अपितु उसे अपने आचरण और व्यवहार में अपनाते भी हैं। कई अवसरों पर भले ही उन्हें इसकी कीमत क्यों न चुकानी पड़ी हो इस दृष्टि से भी वे समाज के लिए मूल्यवान हैं। जब कविता में उनकी यह सोच अभिव्यक्ति पाती है तो वह महत्वपूर्ण होती है।

उनके प्रथम काव्य संग्रह 'मर गई संवेदना' के लगभग छः वर्ष बाद 'मैं सपने बुनता हूँ' प्रकाशित हो रहा है। यह इनका दूसरा संग्रह है।जाहिर है इतनी लम्बी कालावधि में समय और समाज के बदलने के साथ कवि के विचार, भाव, संवेदना तथा सोच में भी बहुत कुछ बदल चुका होता है। दूसरे शब्दों में उसकी समझ विकसित और वयस्क हो चुकी होती है। वे शनैः-शनैः स्थूल से सूक्ष्म विषयों की ओर उन्मुख होते हैं किन्तु कहीं वे भी अपनी जमीन छोड़कर वायवीय या अमूर्त नहीं होते हैं। यह उनकी कविता के विकसित होते हुए ग्राफ का सूचक है। इस संग्रह में 'औरत' को लेकर पाँच कविताए हैं। इन कविताओं से आधी आबादी का दुःख-दर्द और संघर्ष वे बयां करते हैं किंतु औरत के तीन रस माँ, बेटी और पत्नी को ही स्वीकारते हैं। उनकी ये पंक्तियाँ देखिये, औरतें / जहाँ हैं वहीं है स्वर्ग / वरना वो घर है नर्क / इसलिए हे औरत जहाँ तू है / तुझको मेरा नमन है / तू ही सुकून और अमन है। ये पंक्तियाँ हमें संस्कृत की वह उक्ति याद दिलाती हैं जिसमें कहा गया है यत्रनार्यस्तु पूज्यन्ते, रम्यन्ते तत्र देवताः। मोहम्मद मूसा खाँ ने अनेक अविस्मरणीय गीत भी लिखे हैं।

मोहनदास को लेकर तीन कविताएं क्रमशः सुनो, मोहनदास सुनो, सपने में मोहनदास और श्रद्धेय मोहनदास हैं। इनमें सपने में मोहनदास एक गीत है। इसके केन्द्र में गाँधी हैं। हमारा संसद भवन हमारे नेता और पूरे भारत वर्ष के जन समुदाय की आशाओं, आकांक्षाओं और सपनों का केन्द्र है। उसी संसद भवन के पास कवि के सपने में थके-हारे, उदास मोहनदास से भेंट होती है और वे भी संसद भवन से हताश हैं और युवाओं में विश्वास व्यक्त करते हैं -सपने में संसद भवन के पास / सुबह मिल गये मुझे मोहनदास/ युवाओं तुमको सम्हालना होगा / खिलाने होंगे डालियों पर पलाश।

यह एक चरित्र प्रधान कविता है। इसी तरह 'किंतु न जाने क्यूँ' कविता में एक देश का एक आमजन 'कलवा' का चरित्र केन्द्र में है जो देश से तमाम सवाल करता है जवाब न होने पर उसे फसादी करार दिया जाता है। कुछ शीर्षक यथा मैं झूठ कहलाता हूँ, सिर्फ सच कहूँगा, धर्म खतरे में, आप डरिए, राजा जी हम इन्सानियत के नाम पर देश की नब्ज पहचानें, मेरी प्रार्थना, हाथ हैं आदि बताते हैं कि मूसा खाँ 'अशान्त' को कविता की समझ अधिक गहरी, वयस्क और सूक्ष्म हुई है। सच, झूठ, इन्सानियत, प्रार्थना ऐसे सूक्ष्म और अमूर्त भावों स्थितियों को उन्होंने अपनी कविता से मूर्त किया है। आज के देश और समाज की नब्ज को पहचानकर वहाँ निशानदेही भी की है जहाँ आपरेशन की जरूरत है, राजा जी / हम सम्मोहित हैं / तुम बजाये बाजा।... सच कहूँ / सच के मुद्दों से ही उनकी लड़ाई है। हम हो रहे हैं धीरे-धीरे बौने / इंसानियत के नाम पर / आधे पौने।




ये पंक्तियाँ क्या आज के नेताओं की करनी और चरित्र का खुलासा करती नहीं लगती। इंसानियत खत्म हो रही है। राजनेताओं की मंशा को कितनी बेबाकी से कवि ने खुलासा किया है, वे चाहते हैं / कि तुम नशे के गुलाम हो जाओ /उसके पच्चीस साल की उम्र / के बाद बेरोजगारी की लाइन में खड़े हो जाओ / युवा पीढ़ी से वे यही चाहते हैं / कि अपनी उन्नति छोड़कर / उनकी प्रगति का सोपान बन जाओ।

कहा जा सकता है कि मोहम्मद मूसा खाँ 'अशान्त बाराबंकवी' देश और समाज की हकीकत से अच्छी तरह वाकिफ हैं। वे उसकी गहराई में जाते हैं फिर अपनी कविता का मोती पाठकों के हाथ में सौंपते हैं जिनमें उनके सपने हैं, सपनों को हकीकत में बदलने का संघर्ष है।

**( लेखक समाजसेवी और साहित्यकार हैं)**

# आठ शातिर अपराधी चढ़े पुलिस के हत्थे

**कामयाबी**

### चार मोटर साइकिल, तमंचा कारतूस बरामद

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** थाना मेहनाजपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राहगीरों से लूट करने वाले 8 शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। उनके कब्जे से 4 मोटर साइकिल व अवैध तमंचा कारतूस बरामद हुआ।

थानाध्यक्ष मेंहनाजपुर को मुखबिर ने सूचना दिया कि मौधा बाजार की तरफ से दो मोटर साइकिल पर चार-चार व्यक्ति बैठ कर इटैली की तरफ आ रहे है जो संदिग्ध प्रतित हो रहे हैं या तो कहीं से घटना करके आ रहे हैं या कहीं घटना करने की फिराक में है। इस सूचना पर विश्वास करके थानाध्यक्ष मय हमराह व वरिष्ट उपनिरीक्षक द्वारा इटैली तिराहे पर पहुचते-पहुचते दोनो मोटर साइकिल पर सावर 8 व्यक्ति इटैली से सिधौना की तरफ मुड़ गये। पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो पुलिस को देखते ही दोनो मोटर साइकिल चालक सिधौना की तरफ भागने लगे। खुम्हादेवरी मोड़ पर पुलिस चेकिंग करने लगी। दोनो मोटर साइकिल से भागने वाले व्यक्तियों ने सामने से पुलिस टीम देखा तो अनियन्त्रित होकर सड़क पर फिसलकर गिर गये तथा उठकर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने घेराबंदी करके सभी को पकड़ लिया। नाम पता पूछने पर उन्होंने अपना नाम विपिन यादव पुत्र स्वामीनाथ यादव निवासी जमुई थाना देवगांव, कृष्णा सिंह पुत्र राकेश सिंह, व अभिषेक सिंह उर्फ शिवांश सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासीगण लहुआ कला थाना देवगांव, शुभम वर्मा पुत्र मनोज वर्मा निवासी सठियांव थाना मुबारकपुर, हर्ष सिंह पुत्र बृजेश सिंह निवासी खुरशूं थाना देवगांव, राजन सोनी पुत्र पप्पू सोनी निवासी पल्हना थाना देवगांव, शिवा सिंह पुत्र संजय सिंह निवासी भोजपुर थाना देवगांव व रोशन यादव पुत्र रामचन्द्र यादव निवासी रसूलपुर थाना तरवां बताया। पुलिस ने गिरफ्तार सभी को संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया। अभियुक्तों की निशानदेही पर ग्राम मौधा से दो मोटर साइकिल बरामदगी की गयी।



मेहनाजपुर थाने में गिरफ्तार अभियुक्त।

## पानी में उतराये शव की नहीं हो सकी शिनाख्त

**मुबारकपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नीबी खुर्द गांव स्थित तमसा नदी के तट पर पानी में पड़ा शव शनिवार को सुबह स्थानीय लोगों ने देखा। अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में लोग सकते में आ गए। शव मिलने कि सूचना ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी से निकलवाकर शिनाख्त कराने में जुट गई। मुबारकपुर थाना क्षेत्र के नीबी खुर्द गांव में शनिवार को ग्रामीणों ने तमसा नदी के किनारे पानी में पड़ा एक शव देखा। शव मिलने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर ग्रामीण व थाना पुलिस फोर्स पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से पानी में पड़े शव को पानी से निकलवाया। शव की पहचान के लिए मृतक कि पुलिस ने तलाशी ली परन्तु मृतक के कपड़े की जेब से कोई ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिला जिससे कि शिनाख्त हो सके। पुलिस व ग्रामीनों के अथक प्रयास के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। शव देखने से किसी अज्ञात व्यक्ति का था जिसकी आयु लगभग 42-45 वर्ष का अनुमान लगाया जा रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया।

## भिक्षाटन कर कैंसर पीड़ित को दिया 13447 रुपया

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** विकास खंड तरवां क्षेत्र के बाबा बालकिशुन रामलाल इंटर कॉलेज कुजराव, श्रीमती चंद्रावती देवी इंटर कॉलेज सुल्तानपुर बरेहता, व फौजदार सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोकलपुर तरवां में समाजिक कार्यकत्र्ता राम कुंवर यादव की पहल पर पूर्व प्रधान व प्रबंधक विनोद यादव के नेतृत्व में ब्लड कैंसर पीड़ित गरीब लाचार 8 वर्षीय मासूम आदित्य यादव के जीवन के रक्षा के लिए भिक्षाटन किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता राम कुंवर यादव ने बताया कि उक्त पीड़ित बालक आदित्य यादव वर्तमान समय में होमी भाभा कैंसर अस्पताल वाराणसी में भर्ती हैं कीमोथिरेपी चल रही है। मासूम आदित्य का तीन साल लगातार दवा इलाज चलता रहेगा।



एक स्कूल में भिक्षाटन करते सामाजिक कार्यकर्ता रामकुंवर यादव।

होमी भाभा कैंसर अस्पताल के चिकित्सकों ने कहा कि लम्बा इलाज चलेगा और पूरी उम्मीद है कि आदित्य स्वस्थ होकर अस्पताल से निकलेगा। भिक्षाटन के समय ब्लड कैंसर विजेता गोलू यादव, घूरा राम प्रधान, हरिश्चंद यादव, संजय सिंह, दीपक सिंह, प्रभु यादव, चंदेव यादव, प्रशांत कुमार, मुद्दिन अली, विश्वजीत यादव, अजीत यादव, विपिन, इत्यादि लोग उपस्थित थे। भिक्षाटन की कुल धनराशि 13447 रूपया उक्त बालक के पिता बृजराशन यादव को सौंपा गया।

## घर से गायब बालक का तमसा नदी में मिला शव

**मुबारकपुर (आजमगढ़)।** विगत दो दिनों से गायब आठ वर्षीय बालक का शव शनिवार को गांव में ही तमसा नदी के तट पर मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना के प्रति छानबीन शुरू कर दी। मुबारकपुर थाना क्षेत्र के बिंद मठियां निवासिनी किरण गिरी पत्नी महेंद्र गिरी द्वारा स्थानीय थाना में 23 फरवरी को अपने आठ वर्षीय बच्चे के घर से गायब होने पर खोज बीन के बाद सूचना देकर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी थी। घर वाले अभी तलाश ही रहे थे कि शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि एक बच्चे का शव तमसा नदी के तट पर देखा गया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को निकलवा कर घटना छान बीन में जुट गयी। शव की पहचान किशन गिरी निवासी बिन्दमठियां थाना मुबारकपुर के रूप में हुई। मृतक अपने पिता का एकलौता पुत्र था। सूचना पर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# मुठभेड़ में इनामियां बदमाश गिरफ्तार

**आजमगढ़।** थाना रौनापार पुलिस ने मुठभेड़ में 25 हजार का इनामिया पशु, वाहन चोर को घायल करते हुए गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी की मोटर साइकिल व अवैध तमंचा, कारतूस बरामद हुआ।

बीते 25 जनवरी को राम केवल यादव निवासी शाहडीह थाना रौनापार की भैंस चोरी की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में थी। 22 फरवरी को थाना मुबारकपुर क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ में चार सहयोगी गिरफ्तार हुए थे तथा अभियुक्त शहजादे उर्फ छेदी पुत्र इकबाल निवासी कुरैश नगर थाना जीयनपुर मौके से फरार हो गया था। पुलिस तभी से उसकी तलाश में शनिवार को को थानाध्यक्ष हमराहियों के साथ गागेपुर कैची बंधा पर मौजूद थे। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि एक बदमाश जो मुबारकपुर में कुछ दिन पहले हुई मुठभेड़ में मौके से भाग गया था, वह गागेपुर बन्धा की तरफ से भुसउल होते हुए जीयनपुर की तरफ मोटरसाइकिल से आ रहा है। यदि जल्दी किया जाय तो पकड़ा जा सकता है। इस सूचना पर विश्वास करके पुलिस इण्टर कालेज के सामने रोड पर ही घेराबंदी करके चेकिंग करने लगे तभी दूर से एक मोटर साइकिल की रोशनी भुसवल की तरफ से आती हुई दिखाई दी। पुलिस ने रुकरने का इशारा किया तो वह भागने लगा। भागते समय मोटर साइकिल गिर गई तथा वह व्यक्ति पैदल ही भागने का प्रयास किया। उसने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। दूबारा आत्मसमर्पण की चेतावनी देने पर पुलिस टीम पर पुनः फायरिंग की। थानाध्यक्ष द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बदमाश की पहचान शहजादे उर्फ छेदी पुत्र इकबाल निवासी कुरैश नगर थाना जीयनपुर 25 हजार रुपए का इनामिया बदमाश के रूप में हुई।



पुलिस की गोली से घायल बदमाश।

### पचास हजार का इनामिया मुम्बई से गिरफ्तार

**संजरपुर (आजमगढ़)।** पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा सरायमीर थाना क्षेत्र के नंदाव गाव निवासी दानिस पुत्र मोहम्मद आरिफ के ऊपर पचास हजार का इनामिया घोषित किया गया था जिसको एसटीएफ के उप निरीक्षक जावेद सिद्दीकी लखनऊ व सरायमीर थाना प्रभारी विवेक कुमार पांडेय ने जनपद ठाणे (महाराष्ट्र) से गिरफ्तार कर सरायमीर थाना लाये। इस संबंध में थाना प्रभारी विवेक कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपी दानिश एक आपराधिक मामले में वांछित था जिसके विरुद्ध आजमगढ़ न्यायालय से एनबीडब्ल्यू जारी किया गया था। उक्त अपराधी को मुंबई से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जहां से जिला कारागार भेज दिया गया।

# खिरिया बाग में आज आयेंगी इंदु चौधरी

## धरनारत किसानों को झूठा आश्वासन दे रहा प्रशासन

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** जमीन-मकान बचाओ संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में खिरिया बाग में 136वें दिन धरना जारी रहा। एयरपोर्ट का विस्तार बहाना है-जमीन लूट निशाना है, एयरपोर्ट विस्तारीकरण का मास्टर प्लान रद्द करो, अडानी-अंबानी से यारी, मजदूर-किसानों से गद्दारी नहीं चलेगी, कौन बनाता हिंदुस्तान-भारत का मजदूर किसान, जमीन हमारी आपकी-नहीं किसी के बाप की, यह जंग जीतेंगे अबकी बार-ये ऐलान हमारा है आदि नारें गूंजते रहे।



खिरिया बाग में धरने को संबोधित करती महिला।

धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आजमगढ़ एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के खिलाफ खिरिया बाग आंदोलन चार महीने से अधिक समय से चल रहा है। जनता अपने मजबूत इरादे और दृढ़ एकता के बल पर जहां एक ओर शासन, प्रशासन को मजबूर किया है कि वह कम से कम ग्रामीणों की बात सुने, वहीं दूसरी ओर इसने प्रादेशिक, राष्ट्रीय स्तर के किसान नेताओं को भी आकर्षित किया है कि वे खिरिया बाग आंदोलन के साथ खड़े हों। इस क्रम में कई किसान नेता, बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता अब तक आ चुके हैं। 26 फरवरी को बीएचयू से डा.इन्दु चौधरी आ रही हैं। मौजूदा सरकार देश की जल-जंगल-जमीन व सारे सरकारी संस्थानों को चंद बड़े पूंजीपतियों और देशी-विदेशी कम्पनियों को मुनाफा पहुंचाने के लिए छीनती जा रही है। हम सरकार की इस मनमानी और बुलडोजर राज को नहीं चलने देंगे। धरने को श्याम नारायण, रामनयन यादव, रामराज, राधेश्याम, दुखहरन राम, राजेश आजाद, सुनीता, किस्मती देवी, महेंद्र राय, रामधनी, अशोक, नीलम, सुशीला, बिंदु यादव, कालिंदी, सुशीला शर्मा आदि ने संबोधित किया। अध्यक्षता देवराजी और संचालन प्रेमनारायण ने किया।

### समूह संचालक पर बंधक बनाने का लगाया आरोप

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के जीयनपुर कस्बा निवासी युवक ने तहरीर देकर निजी समूह संचालक पर बंधक बनाने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे मुक्त कराकर जांच में जुटी गयी। अनिल सोनकर पुत्र जयनाथ सोनकर उर्फ जग्गा निवासी खनगह बहरामपुर जीयनपुर ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि निजी समूह संचालक से उसकी पत्नी रीना सोनकर ने 30 हजार रुपए कर्ज लिया था जिसका प्रति सप्ताह पांच सौ रुपए किश्त जमा कर रही थी। कुछ महीने के बाद निजी समूह संचालक पैसा मिलने से इंकार कर 70 हजार रुपए की मांग कर रहा था नहीं मिलने पर शुक्रवार की सुबह निजी समूह संचालक के साथ दो लोग बाइक से आये और अनिल सोनकर को उठाकर ले गए जिसे मारपीट कर शौचालय में बंद कर दिया और पैसे की मांग कर रहे थे। वहीं अनिल सोनकर ने छोटे भाई संजय सोनकर को फोनकर 70 हजार रुपए की मांग की जिसके बाद छोटे भाई ने जीयनपुर थाने पर जाकर सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस अनिल सोनकर को छुड़ाकर ले आई। वही शनिवार की सुबह जीयनपुर थाने पर पहुंचकर अनिल सोनकर ने तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की।

## जीएसटी टीम की छापेमारी से दुकानदारों में मचा हड़कंप

**जनसंदेश न्यूज**

**पवई (आजमगढ़)।** जीएसटी विभाग की छापेमारी से जहां एक ओर व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद कर दी तो वहीं इस तरह छापेमारी करने से व्यापारी भयभीत नजर आए। व्यापारियों ने टीमों के आते ही अपनी-अपनी दुकानों के शटर गिरा दिए।

शनिवार को वाणिज्य कर विभाग की टीम पवई पहुंची। टीम के पहुंचते ही दुकानदारों ने अपनी दुकानों को बंद कर दिया। देखते ही देखते पूरा बाजार बंद हो गया। छोटे से बड़े व्यापारी भयभीत नजर आए। डिप्टी कमिश्नर एसआईबी आजमगढ़ राजनाथ तिवारी, असिस्टेंट कमिश्नर प्रदीप कुमार, वाणिज्य कर अधिकारी प्रमोद कुमार चैधरी, वाणिज्य कर अधिकारी ध्रुव नारायण पाण्डेय, ज्वाइंट कमिश्नर एसआईबी विजय कुमार झा द्वारा पवई बाजार में तिलकधारी किराना स्टोर की जांच के लिए जीएसटी एक्ट के अंतर्गत आईएनएस जारी किया गया। जांच में जो भी स्टाक मिला उसकी सूची बनाई गई। स्टॉक का सत्यापन व्यापारी अपने नियमित अभिलेखों से आजमगढ़ कार्यालय में कराएंगे।



दुकान की जांच करते अधिकारी।

उसके पश्चात जिस प्रकार की विधिक अनियमितता पाई जाएगी तदनुसार विधि संगत कार्रवाई की जाएगी। जीएसटी टीम लगभग 5 घंटे तक जांच करती रही। ज्वाइंट कमिश्नर विजय कुमार झा द्वारा बताया गया कि व्यापारी की जांच मुख्यतः इस आधार पर की गई है कि ऑनलाइन पोर्टल पर व्यापारी की इनवर्ड और आउटवर्ड सप्लाई में अंतर प्रदर्शित हो रहा है।

## एचएस इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव

**संजरपुर (आजमगढ़)।** शनिवार को क्षेत्र के एचएस इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिकोत्सव के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे जिला पंचायत अध्यक्ष विजय ने कहा कि स्कूल से बाहर जब भी कोई छात्र किसी अभिभावक रिश्तेदार या अन्य किसी से मिलता है तो उसके द्वारा अपनाए जाने वाले आचरण से ही उसके स्कूल की पहचान होती है। स्कूल में दी गई शिक्षा व संस्कार छात्र के जीवन में अलग दिशा देने के लिए महत्वपूर्ण होती है।

उन्होंने कहा कि प्राइमरी स्तर पर छात्रों को जो शिक्षा दी जाती है उसी स्कूल में दिए गए संस्कार की बदौलत ही वह आगे के संस्थानों में जाता है और वहां पर अपने पिछले संस्थान का नाम रोशन करता है। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता, पूर्व विधायक अरुण यादव ने कहा कि प्राथमिक स्तर का परिवेश ही छात्रों की बुनियाद होती है। आज शिक्षा का स्तर गांव से लेकर शहर तक इतना बढ़ गया है कि तमाम छात्र विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं को पास कर अपने घर व क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं।



वार्षिकोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

वार्षिकोत्सव के अवसर पर स्कूल की छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। छात्र छात्राओं द्वारा राधा कृष्ण की झांकी और नृत्य की प्रस्तुति अद्भुत थी। बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र पंचायत सदस्य इंद्रेश यादव, शशिकांत यादव उर्फ मंतोष, पूर्व प्रमुख बलवंत यादव, नंदू यादव आदि उपस्थित थे। प्रिंसिपल वैदिक गुप्ता, एमडी डा.ब्रजेश यादव ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## कांग्रेसियों ने की हाथ से हाथ जोड़ों यात्रा

**बूढ़नपुर (आजमगढ़)।** कोयलसा ब्लाक में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा वरिष्ठ महिला नेत्री मंजू लता के नेतृत्व में कोयलसा ब्लाक से आरंभ हुयी और बूढ़नपुर शहीद स्थल पहुंच कर शहीदों को नमन करते हुये समाप्त हुयी। मुख्य अतिथि मनोज कुमार सिंह उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस का झंडा दिखा कर रवाना किया। यात्रा के विशिष्ट अतिथि कांग्रेस प्रवक्ता ओंकार पाण्डेय एवं जिला महासचिव अजीत राय थे। यात्रा के आयोजक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनीत रंजन थे। कांग्रेस उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने कहा कि जबसे बीजेपी सत्ता में आयी है तब से देश में नफरत का माहौल है। राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से आपसी प्रेम सद्भाव भाईचारे का संदेश दिया। उसी क्रम में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा जनपद में चलायी जा रही है। यात्रा का उद्देश्य आपसी प्रेम सद्भाव भाईचारे का संदेश जन जन तक पहुँचाने के साथ बीजेपी सरकार की विफलताओं को उजागर करना है। इस अवसर पर अशोक कुमार सिंह, विनीत रंजन, अंजली पाण्डेय, नवी सरवर, शैलेन्द्र सिंह, यदुनाथ सिंह, श्याम सिंह, मनोज कन्नौजिया, अरूण चैबे आदि उपस्थित रहे।

# अति शीघ्र पूर्ण करें बोरिंग व पाइप लाइन बिछाने का कार्य : डीएम

## कलेक्ट्रेट सभागार में की जल जीवन मिशन की समीक्षा

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में शुक्रवार की देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन (ग्रामीण) अन्तर्गत हर घर जल योजना के प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था एलसी इन्फ्रा द्वारा कराए जा रहे फेज-3 के कार्यों में तेजी लाने एवं एफएचटीसी बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यदायी संस्था को पाइपलाइन बिछाने एवं बोरिंग के कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था सुधाकरना द्वारा फेज-5 में एफएचटीसी कनेक्शन बढ़ाने, पंपिंग प्लांट लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जितने डीपीआर बन चुके हैं तथा एसएलएससी से स्वीकृति मिल चुकी है, वहां तत्काल कार्य प्रारंभ कर दिया जाए। जहां भी जमीन की उपलब्धता नहीं हो पाई है, वहां से संबंधित उप जिलाधिकारी से मिलकर समाधान कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि सभी गांवों को हर घर जल योजना से आच्छादित किया जाए, इसलिए मुख्य राजस्व अधिकारी कार्यालय में ग्राम पंचायत से सम्बद्ध सभी गांवों का डाटा लेकर शत-प्रतिशत योजना का लाभ देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि योजना से जुड़ी समितियां ग्राम पंचायतों में महिला, पुरुष की बैठक कर हर घर जल योजना का महत्व समझाएं। अधिक से अधिक लोगों को पानी का कनेक्शन लेने के लिए जागरुक एवं प्रेरित करें।



बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज।

उन्होंने कहा कि बड़ी सामुदायिक बैठक कर एवं प्रभात फेरी निकालकर स्वच्छ पानी के प्रयोग से होने वाले लाभ की जानकारी दी जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, एक्सीयन जल निगम ग्रामीण, एई जल निगम ग्रामीण, सभी कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### रोजगार मेले में 117 अभ्यर्थियों का हुआ चयन



**आजमगढ़।** राजकीय आईटीआई आजमगढ़, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, आजमगढ़ तथा कौशल विकास मिशन आजमगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में विधान सभा अतरौलिया अन्तर्गत सरस्वती देवी निजी आईटीआई मकरहा में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन अध्यक्ष, शिव प्रकाश यादव द्वारा किया गया। रोजगार मेले में 4 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें कुल 234 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें से 117 अभ्यर्थियों का कम्पनियों द्वारा चयन किया गया। मेले को सफल बनाने में इस विद्यालय की प्रबन्धक सीता यादव, प्रधानाचार्य राजेश कुमार, राजकीय आईटीआई आजमगढ़ के कार्यदेशक रविन्द्र नाथ यादव, अजय कुमार यादव, अनुदेशक सेवायोजन कार्यालय अवधेश कुमार, अनुदेशक आईटीआई आजमगढ़ फतेह बहादुर वर्मा, अरविन्द उपाध्याय, संजीत बेरा, संजय कुमार दीक्षित, शैलेष कुमार यादव, सुशील कुमार राय आदि ने सहयोग प्रदान किया।

### थाना समाधान दिवस पर आये आधा दर्जन मामले



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन थाना प्रभारी प्रमेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। सुबह से ही फरियादियों की लंबी कतार लगी रही तो वहीं अपनी अपनी समस्याओं को लोगों ने बारी-बारी से थाना प्रभारी को अवगत कराया। इस दौरान कुल 6 मामले राजस्व संबंधित प्राप्त हुए जिसमें एक राजस्व संबंधित मामले का दोनों पक्षों की सहमति से मौके पर ही निस्तारण किया गया, शेष पांच मामले जो सभी राजस्व से संबंधित थे उसे राजस्व निरीक्षक को प्रेषित कर मौके पर स्थलीय निरीक्षण कर मामले का निस्तारण करने का भरोसा दिलाया गया। समाधान दिवस में थाने से संबंधित कोई भी मामला नहीं प्राप्त हुआ, सभी मामले केवल राजस्व से संबंधित थे जो मामले लंबे समय से चल रहे हैं। प्राथमिकता के आधार पर उन मामलों का अवलोकन किया गया। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक तथा समस्त लेखपाल, पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

### श्रमिक नेता को किया गया सम्मानित




**आजमगढ़।** कवि एवं श्रमिक नेता प्रभु नारायण पांडेय ह्यप्रेमीह्व के घोरठ स्थित आवास पर कर्मचारी शिक्षक समन्वय के संयोजक गिरीश चतुवेर्दी पूर्व युवा कल्याण अधिकारी एवं प्रभारी युवा कल्याण सुरेंद्र सोनकर, राजनेत सिंह द्वारा उन्हें अंग वस्त्रम प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कर्मचारी शिक्षक नेता गिरीश चतुवेर्दी ने कहा कि श्री प्रेमी जी कर्मचारी के जुझारू नेता हैं। जिले के अनेकों संगठनो के संरक्षक हैं, कर्मचारियों के व्यापक हितों के लिए हमेशा संघर्षरत रहते हैं। अपने सम्मान से अभिभूत प्रेमी जी ने कहा कि कर्मचारियों ने मुझे जो प्यार दिया है उनके प्रति मैं अपना आभार प्रकट करता हूं। गिरीश चतुवेर्दी के अगुवाई में मजदूरों के लिए सदैव संघर्षरत रहूंगा। इस अवसर पर एडवोकेट अवधनाथ सिंह, विरेन्द्र यादव आदि उपस्थित रहे। अंत में आइडियल जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव संजय कुमार पांडेय ने अतिथियों का स्वागत करते हुए उनके प्रति आभार प्रकट किया।

### जवानों ने रूटमार्च कर दिया शांति का संदेश



**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय नगर में शनिवार को इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह एवं आरएएफ इंस्पेक्टर शशिकान्त यादव के नेतृत्व में आरएएफ के जवानों ने सिविल पुलिस के साथ रूट मार्च कर शांति का संदेश दिया। रूट मार्च थाना कोतवाली फूलपुर से शुरू होकर रोडवेज, स्वर्णकार गली, मंगल बाजार, शंकर जी तिराहा, चैक, मच्छरहट्टा होते हुए थाना कोतवाली पर जाकर समाप्त हुआ। प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है। अगर किसी ने त्यौहार में खलल डालने का प्रयास किया तो पुलिस उससे सख्ती से निपटेगी। संजरपुर प्रतिनिधि के अनुसार सरायमीर थाना क्षेत्र के स्थानी बाजार व संजरपुर बाजार में सरायमीर थाना प्रभारी विवेक कुमार पांडेय के नेतृत्व में एक प्लाटून आरएएफ के जवानों ने मवेसी खाना चैक खरेवा मोड़ नंदाव मोड संजरपुर बजार छाऊ मोड आदि जगहों पर फ्लैग मार्च किया। इस अवसर पर सब इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, बनवारी यादव, अजीज खान आदि मौजूद रहे।

### कुलपति ने कृषि महाविद्यालय की भूमि का किया निरीक्षण



**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के कुलपति डॉ.बिजेंद्र सिंह ने मोहब्बतपुर में कृषि महाविद्यालय को प्राप्त होने वाली भूमि का निरीक्षण किया। उनके साथ निदेशक प्रसार डॉ.एपी राव, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो.धीरेन्द्र कुमार सिंह आदि उपस्थित थे। कुलपति ने भूमि निरीक्षण कर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने भूमि अवलोकन कर दूरभाष के माध्यम से कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही को इस विषय से अवगत कराया। कुलपति ने कहा कि इस भूमि पर प्रदेश का एक मॉडल रिसर्च केंद्र एवं एग्रो टूरिज्म के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि फार्म के किनारे प्राकृतिक जल स्रोत के रूप में तमसा के होने से उन्नत किस्म की खेती हो पाएगी। उन्होंने इंटीग्रेटेड फार्मिंग सिस्टम मॉडल विकसित करने की बात भी कही। भूमि प्राप्त होने से महाविद्यालय में बाकी सभी विषयों में परास्नातक पाठयक्रम भी जल्द शुरू हो जाएगा।

### विज्ञान प्रदर्शनी में छात्राओं ने दिखाया हुनर



**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के जीयनपुर कस्बे में स्थित केएन सिंह महिला महाविद्यालय पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें विज्ञान की छात्राओं ने अपना हुनर दिखाया। प्रदर्शनी में बीएससी व एमएससी की विज्ञान की 180 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। छः छात्राओं का एक ग्रुप बनाया गया 30 ग्रुप में अलग-अलग भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, वनस्पति, पर्यावरण, रसायन, जैविक विविधता, पाचन तंत्र, रक्त परिसंचरण तंत्र, उत्सर्जन व मानव शरीर की सुरक्षा कोविड से बचाव पर अपने हाथ से चित्रण कर स्वनिर्मित प्रदर्शनी लगाई। मुख्य अतिथि महाविद्यालय मालटारी की प्राचार्य डॉ.शुचिता श्रीवास्तव, अति विशिष्ट अतिथि शिक्षण संस्थान के चेयरमैन राज बहादुर सिंह व विशिष्ट अतिथि के रुप में जीयनपुर कोतवाल यादवेंद्र पांडेय ने विज्ञान प्रदर्शनी निरीक्षण किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालीं टीम हमारा पर्यावरण में सम्मिलित सोनिया अनामिका वंदना गरिमा तनु नेहा को प्रथम चुना गया। वहीं दूसरे स्थान पर मानव शरीर की कोविड-19 रक्षा की संरचना रही। अध्यक्षता प्रबंध निदेशक डॉ.सर्वेंद्र विक्रम बहादुर सिंह ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.गोविंद तिवारी, चंद्र मोहन शर्मा, सबीहा खातून, अजीत चैहान, स्नेहा सिंह आदि मौजूद रहीं।

### महिला का सिर कटा शव मिलने से सनसनी

**फूलपुर (आजमगढ़)।** अम्बारी चैकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत पलिया कुँवर नदी के किनारे श्मशान घाट के बगल में अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को स्थानीय स्तर पर पहचान कराने की कोशिश की। लेकिन पहचान न होने की दशा में शव कब्जे में लेकर पंचनाम बना कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। महिला की उम्र 30 वर्ष हुलिया रंग सांवला, पीले रंग का पेटीकोट खाकी रंग का मोजा पहने थी। इस संबंध में थाना प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि शव का सर नही है। शरीर के अन्य अंग को जंगली जानवरों ने नोच कर निगल लिया है। पहचान कराने का प्रयास किया गया। पोस्टर छपवाकर सार्वजनिक स्थल पर चस्पा कराया जा रहा है ताकि पहचान की जा सके।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 159 जोड़ों की शादी हुई संपन्न

**नेक कार्य**

## कूट रचित तरीके से शादी कर रहे व्यक्ति को बीडीओ ने किया पुलिस के हवाले

**हलिया।** स्थानीय विकास खंड के मवयी स्थित पंचशील डिग्री कॉलेज में शनिवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 159 शादी सम्पन्न हुई जिसमें दो जोड़े अल्पसंख्यक रहे। एक शादी के लिये बैठे व्यक्ति को अपात्र पकड़े जाने पर खंड विकास अधिकारी ने पुलिस के हवाले कर दिया है।

सामूहिक विवाह में सरकार द्वारा आवश्यक वस्तुएं बडा बाक्स, आभूषण, लहगा चुनरी आदि समान दिया गया है। मौलाना ने अल्पसंख्यक को निकाह तो हिन्दू रीति रिवाज से पंडितों ने मंत्रोच्चारण के द्वारा शादी संपन्न कराया है। इस दौरान उपस्थित मंचासीन ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उपजिलाधिकारी लालगंज नवनीत सेहरा ने शादी में वर बधू को आशीर्वाद दिया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने अपने संबोधन में कहा कि यह बहुत पावन पर्व है, इस शादी में गरीबों का हित है। आज से सामाजिक बंधन के जीवन की शुरूआत हो गई। गरीब बच्चियों की शादी करा कर आवश्यक वस्तुओं को देकर सरकार बड़े पुण्य का कार्य कर रही है। इस मौके पर बीडीओ कुलदीप कुमार, जिला पंचायत सदस्य दिलीप पटेल, एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव, समाज कल्याण अधिकारी रणजीत सिंह, एडवोकेट चंद्र दत्त त्रिपाठी, ग्राम प्रधान काशी मिश्र, सूरज मौर्य, सोनू आदि लोग मौजूद रहे। सुरक्षा के तौर पर मड़िहान, लालगंज व हलिया की पुलिस के अलावा एक प्लाटून पीएसी मौजूद रही।


नवदम्पति को आशीर्वाद देते ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

### दूसरे युवक की जगह बैठने वाले को बीडीओ ने पकड़ा

खंड विकास अधिकारी कुलदीप पटेल ने बताया की एक युवक कूट रचित तरिके से शादी करने के लिये बैठा था। जब उससे पूछ ताछ किया गया तो उसने अपने हाइस्कूल के लगे प्रमाण पत्र के विद्यालय का नाम सही नहीं बताया। कहा की मुझे दलाल द्वारा बैठाया गया था। जब कि शादी के लिस्ट वाला व्यक्ति बाहर गया हुआ है। जिस पर बीडीओ ने कूट रचित विवाह करने वाले को पुलिस हिरासत में देते हुए एडीओ समाज कल्याण रणजीत कुमार थाने में उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराने को कहा है।

# अपराधियों के विरुद्ध करें कड़ी कार्रवाई : एसपी

## एसपी ने कानून व्यवस्था की समीक्षा की

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में जनपद के अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक व थानाध्यक्ष व प्रभारीगण के साथ मीटिंग कर कानून व्यवस्था की समीक्षा की गयी। शनिवार को कार्यवाहक पुलिस अधीक्षक डॉ राजीव नारायण मिश्र द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में जनपद के समस्त अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक, थाना प्रभारी व शाखा प्रभारीगण के साथ मीटिंग कर अपना परिचय देते हुए उपस्थित अधिकारीगण से परिचय प्राप्त किया गया।

इस दौरान जनपद की कानून व्यवस्था के संबंध में जानकारी लेते हुए अपराध की रोकथाम, अपराधियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही एवं कानून व्यवस्था को चाकचौबन्द एवं सुदृढ़ बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये तथा आगामी पर्व होलिकादहन, होली एवं शब-ए-बारात के दृष्टिगत धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर किसी प्रकार के विवाद व समस्या का निवारण करते हुए पर्याप्त पुलिस बल का डिप्लायमेंट कर त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद के समस्त थाना प्रभारी को आगामी पर्व के दृष्टिगत सम्बन्धित धर्मगुरूओं के साथ बैठक कर जनपद की कानून एवं शांति व्यवस्था को अक्षुण्ण बनायें रखने एवं आपसी भाई-चारे व सौहार्द को कायम रखते हुए पर्व को मनायें जाने हेतु निर्देशित करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

## संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में रिहायशी मड़ई में लगी आग



**चील्ह।** स्थानीय थाना क्षेत्र के प्रजापति पुर गांव के लक्ष्मण बिंद और उनकी पत्नी रानी देवी मड़ई में सो रहे थे कि शुक्रवार की रात्रि लगभग 12:00 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में मड़ई में आग लग गई। मड़ई में आग लगने के पश्चात पति पत्नी दोनों लोग आग के घेरे में आ गए और किसी तरह जान बचाकर मड़ई से बाहर निकलकर शोरगुल मचाना शुरू कर दिए। शोरगुल सुन कर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे कि तब तक सरपत की मड़ई तथा उसमें रखी गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना पर पीआरबी पुलिस मौके पर पहुंची। शनिवार को समाधान दिवस के दिन लक्ष्मण बिंद ने आग लगने की तहरीर दिया है। बताया जाता है कि उन दोनों की गरीबी देखकर गांव के लोगों ने चंदा लगाकर उनकी मड़ई लगवाया था। तथा खाने-पीने की सामान भी उसे मदद की जाती है। घटना के संबंध में टेढ़वा पुलिस चौकी प्रभारी चंद्रकांत त्रिपाठी ने जांच में लगे हैं।

### बैरंग वापस लौटी एनडीआरएफ की टीम

**कछवां।** क्षेत्र के बरैनी गंगा घाट पर बीते बुधवार को स्नान करते समय डूबे आकाश पाल का चौथे दिन भी कोई पता नहीं चल पाया। वहीं परिजनों की मांग पर शनिवार को पहुंची एनडीआरएफ की टीम भी डूबे युवक की तलाश में नाकाम साबित रही और दिनभर खोजबीन के बाद देर शाम बैरंग वापस लौट गई। डूबे युवक का देर शाम तक कुछ भी पता नहीं चल पाया। फिर भी पुलिस द्वारा स्थानीय गोताखोरों का मदद लिया जा रहा है। लेकिन प्रशासन की कार्यवाही से परिजनों को संतुष्टि नहीं मिल पा रहा है। जिससे परिजनों में आक्रोश व्याप्त है। टीम प्रभारी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर टीम पहुंची और जितना भी हो सका टीम द्वारा प्रयास किया गया। खबर लिखे जाने तक डूबे युवक का कोई भी सुराग नहीं मिल पाया।

### दुष्कर्म करने के अभियोग में अभियुक्ता गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना मड़िहान मीरजापुर पर 04 सितम्बर 2022 को थाना मड़िहान क्षेत्रांतर्गत निवासिनी एक महिला द्वारा नाबालिग पुत्री के घर से स्कूल जाने तथा देर शाम घर वापस न आने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना मडिहान पर धारा 363 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। प्रभारी पुलिस अधीक्षक डॉ राजीव नारायण मिश्र द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए अपहृता की सकुशल बरामदगी करते हुए घटना से सम्बन्धित आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक मड़िहान को निर्देश दिए गए। थाना मड़िहान पुलिस द्वारा अपहृता को बरामद कर थाना मड़िहान पर धारा 363,366,120 बी भादवि व 3/4 पॉक्सो एक्ट में विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए पूर्व में 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। शनिवार को उ0नि0 अरूण कुमार सिंह मय पुलिस बल द्वारा मुकदमा उपरोक्त की विवेचना में प्रकाश में आयी अभियुक्ता मुन्नी देवी पत्नी रामनरायन कोल निवासिनी दरवान पचपेड़िया थाना राजगढ़ मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। थाना मड़िहान पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्ता के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### अनियंत्रित कार पलटी, चालक घायल

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित लहुरियादह गांव में शनिवार दोपहर अनियंत्रित होकर अर्टिगा कार पलट गई और चालक घायल हो गया। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने घायल चालक का उपचार करवाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ?मध्य प्रदेश के सतना जिले के जैतवार थाना क्षेत्र के लैकवार गांव निवासी भुरे लाल उर्फ छोटे लाल अर्टिगा कार से वाराणसी जा रहा था कि जैसे ही राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित लहुरियादह गांव में पहुंचा की अचानक गाय सामने आ गई और गाय को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित हो गई। राजमार्ग के किनारे जा कर पलट गई और चालक घायल हो गया। सुचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने घायल चालक को नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमंडगंज में ले जाकर उपचार करवाया है और चालक की हालत सामान्य बताई जा रही है।

### क्रेन की टक्कर से साइकिल सवार छात्रा घायल

**चील्ह।** चील्ह थाना क्षेत्र के शास्त्री ब्रिज पर क्रेन की टक्कर से साइकिल सवार छात्रा घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार मलाधरपुर गांव निवासी हाईस्कूल की छात्रा खुशी जायसवाल 15 पुत्री मुकेश जायसवाल सुबह 7:30 बजे अपने साइकिल से मिजार्पुर एक विद्यालय में हाईस्कूल की परीक्षा देने जा रही थी कि जैसे ही चील्ह थाना क्षेत्र के शास्त्री ब्रिज पर पहुंची थी कि पीछे से जा रही मिजार्पुर की तरफ क्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस परिजनों को सूचना देते हुए स्थानीय लोगों की सहायता से गंभीर रूप से घायल छात्रा को जिला अस्पताल पहुंचाया। क्रेन को हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही में लगी है।

### ग्राम पंचायत का ताला तोड़कर दो लाख की हुई चोरी

**मीरजापुर।** पड़री थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव के पंचायत भवन का ताला तोड़कर बीती रात चोरों ने डेढ़ लाख का सामान चोरी कर उठा ले गए। सुबह घटना की जानकारी होने पर गांव के ग्राम विकास अधिकारी वृज बिहारी द्वारा थाने में लगभग डेढ़ लाख के समान का चोरी होने का तहरीर दिया है। घटना के संबंध में ग्राम विकास अधिकारी वृज बिहारी ने बताया कि सुबह जब डाटा आपरेटर दिव्या भारती पंचायत भवन पहुंची तो पंचायत भवन का ताला टूटा देखा और सामान गायब मिला जिसकी सूचना ग्राम प्रधान त्रिवेणी देवी तथा सचिव वृज बिहारी को दिया। सूचना पर मौके पर जाकर देखा गया तो कम्प्यूटर सेट, सीसी टीवी, कैमरा, इन्वर्टर दो बैटरी, स्टार्टर, सोलर पैनल, आदि लगभग डेढ़ लाख का सामान चोर उठा ले गए इस संबंध ग्राम पंचायत विकास अधिकारी वृज बिहारी व पंचायत सहायक द्वारा लिखित तहरीर थाने में दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### घर से लापता किशोर का गंगा में उतराया मिला शव

**मीरजापुर।** शनिवार की सुबह पड़री थाना क्षेत्र के पैडापुर पुलिस चौकी अंतर्गत एक 16 वर्षीय किशोर का शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर शिनाख्त किया तो शव कि पहचान देहात कोतवाली क्षेत्र के भटेवर निवासी के रूप में हुई। बताया जाता है कि 22 फरवरी को चंद्रकांत तिवारी द्वारा अपने 16 वर्ष पुत्र विराट के गुम हो जाने की सूचना स्थानीय कोतवाली देहात में दर्ज कराई गई थी। पुलिस द्वारा किशोर की खोजबीन की जा रही थी कि युवक का शव रामनगर के पास गंगा नदी में उतर आया हुआ मिल गया। शव की जानकारी पुलिस को मिली तो शव कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेजकर मामले की जांच में जुट गई है।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**मीरजापुर।** मध्य प्रदेश के रीवां के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के ढुढुकी गांव निवासी 22 वर्षीय वरुण कुमार मांझी पुत्र काशी प्रसाद मजदूर था। मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। वह अपने जीजा के साथ मड़गुड़ा गांव तिलक समारोह में शामिल होने गया था। तिलक समारोह से देर रात वापस घर लौट रहा था। मजदूर जैसे ही विंध्याचल कोतवाली क्षेत्र के अष्टभुजा के समीप पहुंचा। रेलवे ट्रैक पार करने लगा। इसी बीच डाउन लाइन पर ट्रेन आ गई। मजदूर जब तक कुछ समझ पाता, तब तक ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर रुप से जख्मी हो गया। घटना की जानकारी होते ही आस-पास के लोग पहुंच गए। ग्रामीणों ने तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जख्मी मजदूर को विंध्याचल अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान मजदूर की मौत हो गई।

### आयुष्मान कार्ड बनाने में न करें लापरवाही व हीलाहवाली

**चील्ह।** विकास खण्ड कोन के सभागार में शनिवार को आयुष्मान कार्ड गॉवों में शत प्रतिशत बनवाने के लिए ग्राम प्रधानों व सचिव की बैठक खण्ड विकास अधिकारी राकेश शुक्ला ने लिया। बैठक में बीडीओ ने सभी ग्राम प्रधानों व सचिव को आयुष्मान कार्ड बनाने से स्वास्थ्य सम्बंधित लाभ के बारे में बताया और निर्देशित भी किया कि किसी भी गाँवों में आयुष्मान कार्ड बनाने में लापरवाही व हीलाहवाली न हो अन्यथा सचिव व अन्य कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही किया जायेगा। इस अवसर पर बीडीओ राकेश शुक्ला, प्रधान संघ जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर यादव चन्दू, भारतेन्दु यादव, अनिल यादव, अरुण यादव, नरेन्द्र यादव, जंगबहादुर यादव, दरोगा यादव, आलोक सिंह, महावीर सरोज, अक्षैबर यादव, अलकेश मौर्य, उदय, कृष्णा विंद आदि लोग उपस्थित रहे।

### किसान मोर्चा द्वारा किया गया बैठक का आयोजन

**जमालपुर।** विकास खंड के सकरौडी गांव स्थित उत्सव भवन में किसान मोर्चा द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा कर किसानों की आय दोगुनी करनें के साथ मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को बताया गया। बैठक में मोर्चा के लोगों ने आगामी कार्यक्रम को लेकर चर्चा करते हुए रुपरेखा बनाई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि हरिशंकर सिंह रहे। वहीं कार्यक्रम का संचालन मोती सिंह ने किया। इस दौरान नरसिंह चौहान, छोटेलाल त्रिपाठी, कंचन चौहान, हरिदास, अवधेश पाण्डेय सहित तमाम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि जय नाथ मिश्रा द्वारा 10 किसानों को सम्मानित किया।

# विंध्याचल में अवैध बालू खनन में जुटे माफिया

**राजस्व की धड़ल्ले से चोरी**

## पुलिस और श्रमिकों की लालच से दिन रात चल रहा अवैध कारोबार

**जनसंदेश न्यूज**

मीरजापुर। विंध्याचल थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर अवैध बालू खनन के चलते वैध लीज धारक परेशान हैं। जबकि अवैध रूप से बालू खनन करने वाले माफिया मस्त हैं। मजदूरों की भी चांदी है। चोरी में हिस्सेदार बनने पर अधिक मजदूरी जो मिल रहा है। कानून को ठेंगा दिखाकर राजस्व की चोरी में सरकारी महकमे के लोग भी शामिल हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना सरकारी संरक्षण के अवैध खनन हो ही नहीं सकता।

विंध्याचल थाना क्षेत्र के जोपा समेत तमाम स्थानों से अवैध बालू खनन किया जा रहा है। विभागीय सूत्रों के अनुसार क्षेत्र के नदिनी गाँव में ही वैध बालू खनन का पट्टा सुजीत कुमार सिंह के नाम से आवंटित है। जहां बालू खनन के लिए श्रमिकों की तलाश में भटकना पड़ रहा है। जबकि अधिक मजदूरी की लालच में अवैध खनन स्थल पर काम करने के लिए श्रमिक बेताब रहते है। जबकि जोपा समेत तमाम गांव में गंगा किनारे से अवैध बालू खनन करने के लिए श्रमिकों को मुंह मांगा रकम दिया जाता है। चोरी के इस खेल में तमाम लोग शामिल हैं। जिन्हें न तो राजस्व देना है और ना ही कानून का पालन करना है।

उन्हें तो बस अपनी जेब करना और पार्टनर को हिस्सा देना है। लिहाजा अवैध रूप से खनन करने के लिए श्रमिक भी अधिक पैसे की लालच में आपराधिक काम में जुट कर राजस्व की चोरी में सहायक बन रहे हैं। श्रमिकों के अलावा पुलिस विभाग के भी कुछ लोगों के सह पर अवैध बालू खनन का धंधा दिन-रात धड़ल्ले से चालू है। वैध बालू लादकर जा रहे वाहन को भले ही चेकिंग के नाम पर रोक लिया जाए। लेकिन अवैध रूप से बालू ढुलाई में लगे वाहनों को बिना रोक-टोक के मंजिल की ओर जाने दिया जा रहा है।

ाह तब है जब चप्पे-चप्पे पर पुलिस निगरानी कर रही है। आखिर राजस्व की चोरी कर भोले भाले श्रमिकों को अपराध के जगत में कब तक ढकेला जाएगा। यह तो जिले के अधिकारी ही जाने। लेकिन योगी राज में मनबढ़ खनन माफियाओं की करनी और पुलिस की सहभागिता चर्चा का विषय बना हैं।


अवैध खनन करतीं जेसीबी

# अवैध पत्थर खनन करा रहा वन दरोगा


**मजदूर ने खोली पोल**

## डीएफओ ने बैठाई जांच, कहा की जायेगी कठोर कार्रवाई

## वायरल हो रहे वीडियो के बाद हरकत में आया महकमां

**मीरजापुर।** विंध्याचल थाना क्षेत्र के हड़ही गाँव समेत तमाम इलाकों में अवैध खनन किया जा रहा है। वायरल हो रहे वीडियो में खनन कर रहे श्रमिक ने बताया कि वन विभाग के दरोगा के आदेश पर पहाड़ को तोड़ कर पत्थर निकाला जा रहा है। डीएफओ ने कहा कि इस आरोप की जांच कराया जायेगा। इसमें जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके विरुद्ध कठोर नियमनुसार कार्यवाही की जाएगी। विंध्याचल थाना क्षेत्र में पहाड़ पर अवैध खनन कई स्थानों पर किया जा रहा है। खनन स्थल पर पहुंचे व्यक्ति ने विंध्य क्षेत्र में एक भी पट्टा न होने के बावजूद खनन कर रहे श्रमिक से कार्य के बारे में जानकारी ली। श्रमिक ने वन दरोगा के कहने पर खनन किए जाने की जानकारी दी। बताया कि उसे प्रतिदिन 300 रुपया मिलता है। उसे पेट भरने के लिए काम करना है। जहा काम मिला। वही लग जाता हैं।

विंध्य क्षेत्र को प्रदेश सरकार एक तरफ पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने में जुटी है। रोप वे से वादी में प्राकृतिक दृश्यों का अवलोकन करा रही हैं। इसके बीच पहाड़ को तोड़कर उसे नष्ट करने में जिम्मेदारी संभालने वाले महकमें के ही लोग लगे हैं। बताया जाता है कि पुलिस की मिलीभगत से दिन में पत्थर की तोड़ाई तो रात में उसकी ढुलाई होती है। जिसके लिए सबका हिस्सा तय है। पहाड़ की सुंदरता को नष्ट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। प्रभागीय वनाधिकारी अरविंद राज मिश्र ने कहा कि अवैध खनन विंध्य क्षेत्र या जिले में कही भी अवैध खनन को बर्दास्त नही किया जायेगा। वन दरोगा के द्वारा कराये जा रहे खनन के शिकायत की जांच कराने को कहा। श्री मिश्र ने कहा कि दोषी व्यक्तियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई किया जायेगा।


अवैध खनन की शिकायत की जांच करती टीम

# सीडीओ ने हलिया का किया औचक निरीक्षण

## सीडीओ ने प्रधानाध्यापक व प्रभारी का वेतन अवरुद्ध का दिया निर्देश

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस द्वारा विकास खण्ड-हलिया में भ्रमण कर विभिन्न स्थलों का औचक निरीक्षण किया गया। प्राथमिक विद्यालय तिलॉव-प्रथम का निरीक्षण करने पर पाया गया कि प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश यादव अवकाश पर हैं। मौके पर सहायक अध्यापक देवराज, अमरावती तथा शिक्षा मित्र संजय सिंह उपस्थित थे।

दैनिक उपस्थिति होने एवं निपुर्ण भारत के तहत बच्चों द्वारा चिन्ताजनक प्रगति दशार्ने पर प्रधानाध्यापक का एक दिन का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। रसोइया के मानदेय भुगतान में आ रही समस्या को दूर करने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दूरभाष पर निर्देश दिया गया। मौके पर केवल 10 बच्चे पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कठोर चेतावनी दी गयी कि भविष्य में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करें। टीकाकरण केन्द्र दिघुली पंचायत पर हो रहे टीकाकरण के निरीक्षण के समय ए0एन0एम0-सिप्पल व बीना, आशा-सीता देवी, ऑगनबाड़ी कार्यकत्री-शीला देवी उपस्थित रही। पृच्छा करने पर ए0एन0एम0 द्वारा बताया गया कि जल्दी-जल्दी में स्टेथोस्कोप लाना भूल गये है। मौके पर आर0सी0एच0 पंजिका भी नहीं थी, जिसपर प्रभारी चिकित्साधिकारी-हलिया को निर्देशित किया गया कि ए0एन0एम0 को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगे कि किन कारणों से निश्चिय किट स्टोर से प्राप्त नहीं किया और आर0सी0एच0 पंजिका लेकर नहीं आये। पृच्छा करने पर बच्चों द्वारा बताया गया कि हम लांग प्राथमिक विद्यालय में पढ़ते हैं, आज यहॉ बुलाया गया है।

यह स्थिति अत्यन्त खेदजनक एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री की लापरवाही है, जिस पर कठोर चेतावनी देते हुए निर्देशित किया गया कि पंजीकृत बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करायें और उन्हें लाभान्वित करे।


बच्चों से जानकारी लेतीं सीडीओ

# सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

**जनसंदेश न्यूज**

**मड़िहान।** संतनगर थाना क्षेत्र के कोटवा दीपनगर संपर्क मार्ग पर मंगलवार की शाम एस एन फ्लैग फाउंडेशन के सामने हुई सड़क दुर्घटना में घायल बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर में मौत हो गयी। बताया जाता है कि बड़ा सखौड़ा निवासी 35 वर्षीय दीपक गोंड पुत्र सूरज गोंड मंगलवार की शाम को संतनगर थाना क्षेत्र के रैकल गांव में शेषमनी गोंड के घर ससुराल जाते समय रास्ते में एस एन फ्लैग फाउंडेशन के सामने बाइक से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिरकर घायल हो गये थे। गंभीरावस्था देख ट्रामासेंटर रेफर कर दिया गया था जहां तीन दिन बाद इलाज के दौरान रात ढाई बजे मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अपने पत्नी पूजा को लेने बाइक से ससुराल जा रहा था। चार दिन पहले अपने मायके आई पत्नी पूजा को लेने जा रहा था।

# अवैध कब्जे की शिकायत पर मौके पर जांच करने पहुंचे एसडीएम मड़िहान

**कलवारी।** स्थानीय तहसील मड़िहान के ग्राम सभा कलवारी माफी के पुरवा गुरुदेवनगर स्थित सड़क के किनारे ग्राम सभा की आराजी नंबर 737 की जमीन पर अवैध कब्जा प्रधान पति व क्षेत्रीय लेखपाल भरतराम मौर्य के द्वारा अपने चेहरे को मोटी रकम लेकर पट्टा देने के फिराक में थे। बिना जांच-पड़ताल के ही गांव के ही अपने चहेतों को पट्टा देने के फिराक में थे। जबकि पट्टा भूमिहीनों को देने का प्रावधान है। लेकिन 9 ग्राम सभा निवासी गौरी वह सदानंद जबरदस्ती प्रधान के सहयोग से ग्राम सभा की जमीन पर कब्जा करने लगे।

जिसकी लिखित शिकायत ग्रामीणों ने तहसील दिवस पर दिया था। शिकायती पत्र को संज्ञान में लेते हुए एसडीएम मड़िहान अश्वनी कुमार सिंह मौके पर जांच करने पहुंचे। जहां पर क्षेत्रीय लेखपाल व प्रधान पति की खामियां उजागर हुयी। जहां पर ग्रामीणों को दोहरा लाभ दिया जा रहा है। गांव निवासी गौरी व सदानंद के द्वारा एक जगह मकान बनाकर निवास किया जा रहा है फिर भी दूसरी जगह नियम को ताखपर रखकर प्रधान पति के द्वारा आवास बनवाया जा रहा है। एसडीएम मड़िहान ने लेखपाल को निर्देशित किया कि 3 दिन के अंदर आबादी व चारागाह की जमीन पर जितने भी मकान बने हैं रिपोर्ट देने को कहा व लेखपाल को फटकार लगाई और कहा कि इस तरह की लापरवाही पर सम्बन्धित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ग्राम सभा की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। इस दौरान भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।


अवैध कब्जे की जानकारी पर पहुंचे एसडीएम

# आयुक्त ने कटरा व डीएम ने शहर कोतवाली में सुनी समस्यायें

**आयोजन**

## समय पर जनता को मिले न्याय : आयुक्त

## समस्याओं के निस्तारण में कोताही नहीं होगी बर्दाश्त : डीएम

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त, पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र, जिलाधिकारी व प्रभारी पुलिस अधीक्षक सहित अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीगण द्वारा जनपद के विभिन्न थानों पर आने वाले आमजन की समस्याएं सुनी गयी। शनिवार को शासन के निर्देशानुसार (प्रत्येक माह के द्वितीय व चतुर्थ शनिवार) जनता की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर मण्डलायुक्त विंध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर डा0मुथुकुमार स्वामी बी द्वारा अपर जिलाधिकारी के साथ थाना को0शहर पर, पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर द्वारा थाना पड़री पर, जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व प्रभारी पुलिस अधीक्षक मीरजापुर डॉ राजीव नारायण मिश्र द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर के साथ थाना को0कटरा पर उपस्थित रह कर आने वाले आमजन की शिकायतें सुनकर निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

इसी क्रम में थाना समाधान दिवस के अवसर पर अपर जिलाधिकारी द्वारा थाना विन्ध्याचल पर, उपजिलाधिकारी सदर द्वारा थाना को0देहात पर, क्षेत्राधिकारी सदर व नायब तहसीलदार द्वारा थाना चील्ह पर, अपर जिलाधिकारी द्वारा थाना लालगंज पर, क्षेत्राधिकारी लालगंज द्वारा थाना हलिया पर, उपजिलाधिकारी चुनार व क्षेत्राधिकारी चुनार द्वारा थाना चुनार पर, उपजिलाधिकारी मड़िहान व क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन द्वारा थाना मड़िहान पर, तहसीलदार मड़िहान द्वारा थाना राजगढ़ पर सम्बन्धित थाना प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष व राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण के साथ थाने पर आने वाले आमजन की समस्याएं सुनकर मौके पर निस्तारण कराया गया तथा शेष मामलों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर रवाना किया गया।


शहर में समाधान करते आयुक्त


कटरा कोतवाली में समस्या सुनतीं डीएम व एसपी

### ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने सुनी फरियादियों की फरियाद

**लालगंज।** स्थानीय थाना परिसर में शासन की मंशा के अनुरूप शनिवार को समाधान दिवस ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस उप जिलाधिकारी नवनीत सेहरा के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। फरियादियों द्वारा कुल 6 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 3 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष बचे तीन प्रार्थना पत्रों को राजस्व एवं पुलिस टीम बनाकर निस्तारण करने का आदेश दिया गया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस उप जिलाधिकारी नवनीत सेहरा ने थाना परिसर में आए हुए फरियादियों को बारी बारी से समस्या को सुनकर संबंधित लेखपाल को बुलाकर मामले के गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने के लिए आदेश दिए। उन्होंने फरियादियों से संबंधित लेखपाल को निर्देशित करते हुए कहा कि फरियादी समाधान दिवस में काफी उम्मीद के साथ आता है कि मेरी समस्या का समाधान होगा जिससे आप मौके पर जाकर फरियादी से मिलकर स्थल मुआयना करते हुए गुणवत्ता पूर्वक समस्या का समाधान करके समय के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। फरियादी के समाधान में किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगा। उन्होंने लेखपालों को निर्देशित करते हुए कहा कि फरियादी की समस्या का समाधान कराने में लेखपाल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है जिससे आप लोग अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन बखूबी ढंग से करें। थाना प्रभारी ज्ञानू प्रिया ने कहा कि फरियादियों की समस्या निस्तारण करने के लिए हमारी पुलिस हमेशा तैयार मिलेगी। इस अवसर पर उप निरीक्षक राम अवतार यादव, राजस्व निरीक्षक सूर्य वलि विंद, नंदलाल, लेखपाल अनूप कुमार पांडे, मनोज सिंह, सच्चिदानंद, आदि लोग उपस्थित रहे।

### लापरवाही करने वालों पर होगी कठोर कार्रवाई : एडीएम वित्त

**मीरजापुर।** अपर जिलाधिकारी वित्त ने शनिवार को शहर कोतवाली में जनता की समस्याओं का निस्तारण किया। जनता दरबार में राजस्व के दो मामले आए थे जिनमें एक का भी मौके पर निस्तारण नहीं हो पाया। निस्तारण के लिए टीम का गठन कर दिया गया है। जल्द ही मामलों के निस्तारण की रिपोर्ट भी प्रेषित करने का निर्देश अपर जिलाधिकारी वित्त ने दिया। अपर जिलाधिकारी वित्त ने मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता को न्याय देने के लिए थाना दिवस एवं तहसील दिवस का आयोजन शनिवार को किया जाता है। शासन की मंशा के अनुरूप जनता को न्याय देना हम सब का नैतिक दायित्व है और सभी को न्याय दिलाने के प्रति तत्पर रहना चाहिए। अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रताप शुक्ला ने कहा कि अगर किसी भी फरियादी की समस्या का समाधान इमानदारी से कर दिया जाए तो उसे बार-बार थाने और तहसील का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। राजस्व कर्मियों एवं अधिकारियों को नसीहत देते हुए कहा कि आप लोग जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुने और उन्हीं के बीच समस्याओं का निस्तारण करें जिससे गुणवत्ता के साथ पारदर्शिता भी बरकरार रहे। वहीं अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# क्षेत्र की समस्याओं को सदर विधायक ने विस में उठाया

**अपनी बात**

### राबट्र्सगंज का नाम बदलने व बाईपास बनाने समेत कई बिंदुओं पर खींचा सरकार का ध्यान



विधानसभा में सोनभद्र की समस्याएं रखते सदर विधायक भूपेश चौबे

**सोनभद्र।** देश के सबसे बड़े राज्य यूपी की विधान सभा में बजट सत्र के दौरान सदर विधायक भूपेश चौबे ने विधानसभा क्षेत्र रावट्र्सगंज की समस्याओं को लेकर आवाज उठाई सत्र के दौरान विधान सभा में संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जनपद सोनभद्र नाम से कोई भी स्थान नहीं है।

जिले का मुख्यालय रावट्र्सगंज में है उसका नाम सोनभद्र किये जाने और नगर में एक बाईपास की स्थापना की जाने समेत जनहित से जुड़ी कई समस्याओं को सदन के पटल पर रखा। सदन में बोलते हुए सदर विधायक ने कहा कि जिले में पर्यटन की अपार संभावना है सोनभद्र काशी से जुड़ा हुआ है जहां गुप्तकाशी तीर्थ विकास परिषद की स्थापना किया जाना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि नौगढ़ से झारखंड को जोड़ते हुए नौगढ़ विजयगढ़ अमिला धाम कोन विंढमगंज होते हुए एक स्टेट हाईवे बनाए जाने की आवश्यकता है जिससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा और विकास की नई संभावनाएं बनेगी। उन्होंने कहा कि तेलगुड़वा से कोन-खरौदी का मार्ग जर्जर हो गया है उसको जल्द से जल्द ठीक कराए जाने की आवश्यकता है। कोन विंढमगंज मार्ग को भी ठीक कराए जाने की आवश्यकता है। किसानों की समस्याओं को लेकर विधायक ने कहा कि क्षेत्र में करही बन्धी में झरनहवाऔ नाला, देवरी बन्धी में गरदा नाला और कूदर बन्धी के पास निकलने वाला महुअलिया नाला को जोड़ दिया जाए जिससे बन्धे में पानी पर्याप्त रहेगा और आस-पास के क्षेत्रों में सिंचाई की पर्याप्त सुविधा बन जाएगी।

उन्होंने कहा कि सोन लिफ्ट जनपद की बहुत प्रभावी परियोजना है सोन लिफ्ट का एक पंप का पानी धनरौल बांध में भी डाला जाय जिससे धनरौल बान्ध में हमेशा पानी रहेगा जिससे सिंचाई और पेयजल का काम बराबर चलता रहेगा, उन्होंने कहा कि वार परसौना शिद्पुरी टेकार और करमांव में सिंचाई हेतु पानी दिए जाने की मांग की। कोन क्षेत्र में पीपर खंड में एक चमरा साड़ी बांध है जिसकी फील्ड सफाई और उससे निकलने वाली नहर को पक्का कराए जाने की मांग की ग्राम गिधिया टोला के अजनिया में स्थित बुढ़वा नाला पर बंधी का निर्माण कराया जाना आवश्यक है।

कचनरवा के रोहिनया दामर, नवल खो खास नाले पर बंदी का निर्माण कराया जाना आवश्यक है उन्होंने विकास खण्ड कोन के भवन फोन का निर्माण कार्य जल्द से जल्द कराये जाने की माग की। नेटवर्क की समस्या से जूझ रहे इलाकों मे नेटवर्क एरिया को चिन्हित कर मोबाइल टावर लगाने नगवां ब्लॉक कुछ केवटम गांव में इंटर कॉलेज की स्थापना तथा फंफरौल बायां के पास टेंट सिटी का निर्माण कराए जाने की मांग किया।

### मुख्य वन संरक्षक ने मयूर नचना पहाड़ी का किया दौरा सतर्कता की दी सलाह

**बीजपुर।** मुख्य वन संरक्षक मिर्जापुर आर सी झा ने शनिवार को जरहा वन रेंज के मयूरनचना पहाड़ी का औचक दौरा कर ग्रामीणों से रूबरू होते हुए सतर्क रहने की सलाह दी। जंगल में बाघ की खबर पर कहा कि ग्रामीणों ने मंगलवार को आवाज सुनी थी, देखा नही था। उन्होंने कहा कि अमूमन छत्तीसगढ़ सेंचुरी क्षेत्र से भटक कर हिंसक जानवर ऐसे स्थानों में आ जाते हैं, लेकिन एक सप्ताह से अधिक समय तक नहीं रहते। बावजूद मातहतों को सुरक्षा के प्रति आवश्यक दिशा निर्देश दिए और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि आगामी वर्षा काल में वृक्षारोपण करने के लिए जायजा लिया, साथ ही नर्सरी और प्लांटेशन का मौका मुआयना कर सन्तोष व्यक्त किया। खैरी मिटीहिनी में अवैध मिट्टी खनन के प्रति कहा कि जांच कराई जा रही है, आरोप सिद्ध होने पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर डीएफओ रेनुकोट मनमोहन मिश्रा, एसडीओ भानेन्द्र सिंह, जरहां रेंजर राजेश सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी वन दरोगा, वन रक्षक मौजूद रहे।

# स्थापना दिवस पर पूर्वांचल राज्य बनाने की उठी मांग

**आयोजन**

### पूर्वांचल नव निर्माण मंच ने मनाया स्थापना दिवस साधुओं को किया सम्मानित

जनसंदेश न्यूज



कार्यक्रम में शामिल लोग

**सोनभद्र।** पूर्वांचल नव निर्माण मंच ने शनिवार को मंच का स्थापना दिवस मनाया। स्थापना दिवस के अवसर पर दो दिवसीय भजन कीर्तन तथा सामाजिक संवाद के बाद हवन करते हुए विशाल भंडारे के आयोजन के बाद समापन हुआ। इस दौरान साधुओं को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

पूर्वांचल नव निर्माण मंच के श्रीकांत त्रिपाठी तथा गिरीश पाण्डेय ने कहा कि सोनभद्र सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश में विकास की रफ्तार कच्छप जैसी है। यही कारण है कि बिहार के बाद सर्वाधिक बेरोजगार पूर्वी उत्तर प्रदेश से रोजगार के लिए पलायन करने के लिए विवश होते हैं और दूर राज्यों में जाकर जीवन यापन करते हैं। कहा कि पूर्वांचल राज्य स्थापना के लिए पूर्वांचल नव निर्माण मंच संकल्पित है। शीघ्र ही पूर्वांचल राज्य स्थापना की मांग को लेकर बड़े पैमाने पर आंदोलन किया जायेगा। सूर्य प्रकाश चौबे ने सोनभद्र में व्यापक स्तर पर बढ़ते भ्रष्टाचार पर चिंता जताते हुए कहा कि पूर्वांचल राज्य की मांग के साथ साथ मंच जनपद के विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ भी सड़क पर संघर्ष करेगा। इस मौके पर संत उदल दास, जितेंद्र चौबे, मुन्ना मालिक, भूषण, रामदेव, राजेश पटेल, काशीनाथ, श्रीकांत सिंह, रमाकांत तिवारी, लव, विरेन्द्र, भोला पाण्डेय, शंभू सिंह, राम निहोरा सिंह, रमेश, रमाशंकर, पिंटू पटेल, शेखर, सुदामा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### 20वीं पुण्यतिथि पर विजयगढ़ राजा को दी गयी श्रद्धांजलि



अपने पिता स्व.शरदचंद्र पद्मभूषण शरण शाह को श्रद्धांजलि देते राजा विजयगढ़

**रामगढ़।** स्थानीय विजयगढ़ कोठी पर विजयगढ़ रियासत के राजा स्व. शरदचंद्र पद्मभूषण शरण शाह की 20वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। इस दौरान उनके पुत्र विजयगढ़ राजा चंद्र व्रिक्रम पद्मशरण शाह ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। बता दें कि बीस वर्ष पूर्व 25 फरवरी 2003 को नक्सलियों ने रामपुर बरकोनिया के जंगल में गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में बीजेपी पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मवीर तिवारी, पूर्व सदर विधायक अविनाश कुशवाहा, श्रवण जी, रमेश मिश्रा, नगवां ब्लाक प्रमुख आलोक सिंह, रामनारायण सर्राफ, राजबहादुर सिंह, राम प्रवेश चौबे, मुन्नू सिंह, प्रदीप सिंह, अंकित सिंह राठौर आदि शामिल रहे।

### घोरावल ब्लॉक परिसर में रोजगार मेला 28 को

**सोनभद्र।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि जनपद के प्रवासी श्रमिकों एवं बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार देने के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा 28 फरवरी को प्रातः 10 बजे से विधानसभावार रोजगार मेले के क्रम में विधानसभा घोरावल के विकास खण्ड कार्यालय परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया है, जिसमें निजी क्षेत्र की लगभग दस से पन्द्रह कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी। जिसमें प्रेरणा इनोवेटिव सोल्यूशन्स प्रालि, नोएडा, एलआईसी रावर्ट्सगंज, वज्र इण्डस्ट्रीज रावट्र्सगंज, पुखराज हेल्थ केयर वाराणसी, पीपल ट्री ऑनलाइन मिजार्पुर, डीक्सन इलेक्ट्रानिक्स प्रालि, नोएडा, लावा इण्टरनेशनल लि, नोएडा, पैडेट इलेक्ट्रानिक्स, नोएडा, गुडविल इण्डिया मैनेजमेन्ट ग्रुप ऑफ कम्पनीज, वाराणसी, बेस्ट कोकी ऑटोमोटिव, दिल्ली एवं रोहित हाइब्रीड सीड प्रालि गाजीपुर इत्यादि कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्तियां की जाएगी। समस्त इच्छुक एवं योग्य बेरोजगार अभ्यर्थी सेवायोजन की वेबसाइट पर जाकर भर्ती सम्बन्धी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अभ्यर्थियों का साक्षात्कार नियोजकों द्वारा विकास खण्ड कार्यालय घोरावल परिसर में लिया जायेगा।

### महिला से दुष्कर्म के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**ओबरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र निवासी एक विधवा महिला से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को शनिवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को दी गई तहरीर में महिला ने बताया था कि पांच वर्ष पूर्व पति से अनबन के बाद वह बच्चों को लेकर अलग रहने लगी। इसी दौरान उसकी जान पहचान बिल्ली गांव निवासी संजीव कुमार से हो गई। आरोपित संजीव शादी करने का झांसा देकर उसके शारीरिक संबंध बनाने लगा। शादी करने की बात पर आरोपी लगातार टाल मटोल करता रहा। इसी बीच 20 फरवरी की रात संजीव घर पर आकर जबरदस्ती शारीरिक सम्बन्ध बनाने का प्रयास करने लगा। पीड़िता ने बताया कि संजीव की इस हरकत की वजह से मकान मालिक द्वारा उसे घर से बाहर निकालने का दबाव बनाया जा रहा है। पीड़िता ने दिए प्रार्थना पत्र में उचित कार्रवाई करते हुए जान माल की गुहार लगाई थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी संजीव को शनिवार की सुबह डिग्री कॉलेज चौराहे से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। टीम में थाना प्रभारी मिथिलेश मिश्रा, कस्बा चौकी प्रभारी अमित त्रिपाठी एवं कांस्टेबल राम सिंह शामिल रहे।

### बीज विक्रेताओं ने बार बालाओं के साथ लगाये ठुमके

**दुद्धी।** कस्बे के एक निजी होटल में शुक्रवार की रात्रि एक व्यवसायी की तरफ से बीज विक्रेताओं लिए उपहार वितरण कार्यक्रम के साथ रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बीज विक्रेताओं ने मध्यरात्रि तक बार बालाओं के नृत्य का लुफ्त उठाया और उनके संग ठुमके भी लगाए। इस दौरान आयोजनकर्ता भी खुद को नहीं रोक पाए और बारबालाओं के साथ जमकर डांस किये। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल होने की चर्चा जोरों पर है।

### बैठक में प्रयागराज में हुई हत्या की कड़ी निंदा की

**सोनभद्र।** बसपा जिला कार्यालय पर शनिवार को बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में आवश्यक बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता बसपा जिलाध्यक्ष बी सागर ने की। मौके पर जिलाध्यक्ष श्री सागर ने कहा कि बसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कु मायावती ने प्रयागराज में हुई हत्या की कड़ी भर्त्सना की। उन्होंने कहा की प्रयागराज में राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह अधिवक्ता उमेश पाल और उनके गनर की दिनदहाड़े हत्या अति दुखद व अति निंदनीय है। यह घटना यूपी सरकार के कानून व्यवस्था के दावों की पोल खोलती है। मांग किया कि सरकार मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों को सख्त सजा दिलाए। बैठक में पूर्व विधायक एवं मंडल प्रभारी मिजार्पुर मंडल सत्य नारायण जैसल, अविनाश शुक्ला, परमेश्वर भारती, फूल मोहम्मद, बलवंत रंगीला, अमन मौर्या, रामचंद्र रत्ना, वीरेंद्र मौर्या, उमेश कुशवाहा, अरविंद कुमार, प्रदीप पांडे, पवन कुमार, मोहन, छोटेलाल आदि मौजूद रहे।

# थाना समाधान दिवस पर सुनी गयी पीड़ितों की समस्याएं

**समाधान दिवस**

### 82 प्रार्थना पत्रों में 21 का मौके पर किया गया निस्तारण

जनसंदेश न्यूज



समाधान दिवस पर पीड़ितों की समस्याएं सुनते पुलिस अधिकारी

**सोनभद्र।** जनपद के समस्त थानों पर शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी द्वारा थाना पन्नूगंज पर, क्षेत्राधिकारी सदर डा चारु दिवेद्धी द्वारा थाना रायपुर, क्षेत्राधिकारी घोरावल द्वारा थाना शाहगंज पर तथा क्षेत्राधिकारी दुद्धी द्वारा विण्ढमगंज थाने पर समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर कुछ का मौके पर निस्तारण किया गया तथा कुछ के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया।

अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए। इसी क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थानों पर समाधान दिवस का आयोजन कर जनता की समस्याओं को सुना गया। थाना चोपन पर कुल 20 प्रार्थनापत्र प्राप्त हुआ जिनमे से 14 का मौके पर निस्तारण किया गया। रामपुर बरकोनिया पर 03 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ, जिसमे सभी का मौके पर निस्तारण किया गया, कोन में 3 प्रार्थनापत्रों मे एक, कोन पर 3 प्रार्थनापत्रा में एक का मौके पर निस्तारण किया गया।

थाना बभनी पर 2 प्रार्थनापत्र में एक का, बीजपुर व शाहगंज थाने में प्राप्त एक-एक प्रार्थनापत्रों का निस्तारण किया गया। इसके अलावा थाना रायपुर पर 3, थाना रॉबट्र्सगंज पर 13, थाना पन्नूगंज पर 3, थाना जुगैल पर 5, थाना मांची पर 1, थाना अनपरा पर 4, थाना घोरावल पर 12, थाना करमा पर 3, थाना दुद्धी पर 3, थाना म्योरपुर पर 1, थाना विण्ढमगंज पर 4 तथा थाना शाहगंज पर 1 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ, जिनका शीघ्र ही निस्तारण कर दिया जायेगा। थाना ओबरा, हाथीनाला, पिपरी तथा शक्तिनगर पर कोई प्रार्थना पत्र प्राप्त नहीं हुआ। इस प्रकार प्राप्त कुल 82 प्रार्थनापत्रों में 21 का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष बचे प्रार्थनापत्रों के निस्तारण के सम्बंध में कार्रवाई की जा रही है।

### चोरी मामले में आरोपी चाकू के साथ गिरफ्तार

**ओबरा।** स्थानीय पुलिस ने शनिवार को एक शातिर चोर को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार कर चालान कर दिया। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपी युवक के ऊपर चोरी सहित अन्य कई मामले पहले से ही दर्ज हैं। जिसे लेकर आरोपित युवक की काफी दिनों से तलाश की जा रही थी। पुलिस टीम ने शनिवार को कड़ी मशक्कत के बाद प्रवीण कुमार दुबे उर्फ रोहित पुत्र कृष्णकान्त दुबे निवासी सेक्टर 8 ओबरा कालोनी को गिरफ्तार कर तलाशी के दौरान उसके पास से अवैध चाकू बरामद करते हुए आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं में चालान कर दिया।

# विशेष सचिव ने राजस्व बंदी गृह का किया निरीक्षण

**दिया निर्देश**

### हाईकोर्ट के आदेश पर विशेष सचिव राजस्व बंदी गृहों का जायजा लेने पहुंचे सोनभद्र

जनसंदेश न्यूज

**दुद्धी।** तहसील मुख्यालय पर स्थित राजस्व बकायेदारों के लिए बने बंदीगृह में बंदियों के लिए क्या सुविधाएं मौजूद है इसको देखने के लिए शनिवार की सुबह विशेष सचिव रामकेवल, अनिल यादव अपरआयुक्त भूमि व्यवस्था, रमेश चंद्र अपर आयुक्त प्रशासन ने आज तहसील मुख्यालय पहुँच कर राजस्व बंदी गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में बंदी गृह में लाइट, पानी, शौचालय व इमरजेंसी की स्थिति में बंदियों को देने वाले प्राथमिक उपचार आदि की जानकारी लेते हुए बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। तहसीलदार ब्रजेश कुमार वर्मा ने बताया कि पूरे तहसील पानी की पाइपलाइन चोक है इस कारण पानी के लिए राजस्वकर्मियों व अधिकारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि इसकी सूचना उपजिलाधिकारी को लिखित में अवगत भी कराया जा चुका है। जिस पर अधिकारियों ने इसे अविलम्ब दूर करने के निर्देश दिए। इसके बाद अधिकारियों की टीम यहां से रवाना हुई। बता दे कि रावट्र्सगंज राजस्व बंदी गृह में बकायेदार सुधाकर दुबे की हालत बिगड़ गयी थी और उनकी मौत हो गयी थी। प्रकरण में वहां के तत्कालीन एसडीएम व तहसीलदार के खिलाफ गैर इरदातन हत्या का अभियोग पंजीकृत कराया गया है जिसकी जांच चल रही है। इसी क्रम में हाईकोर्ट ने अपर मुख्य सचिव को यह निर्देशित किया है कि उत्तर प्रदेश में समस्त राजस्व बंदी गृह का निरीक्षण कर लाइट, पानी, शौचालय की व्यवस्था तथा इमरजेंसी में बंदियों के उपचार की व्यवस्था करने को निर्देशित किया है। उसी क्रम में अधिकारियों की टीम ने आज दुद्धी में स्थित बंदी गृह का निरीक्षण किया। इस दरमियान एडीएम सहदेव मिश्रा, उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्रा ,तहसीलदार ब्रजेश कुमार वर्मा मौजूद रहे।

### सपा पिछड़ा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष का आगमन आज

**सोनभद्र।** समाजवादी पार्टी के निवर्तमान जिला अध्यक्ष विजय यादव ने बताया कि समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप का 26 फरवरी को जनपद आगमन हो रहा है। वे प्रदेश में जातीय जनगणना को लेकर सोनभद्र के चारों विधानसभा घोरावल, रावर्ट्सगंज ओबरा एवं दुद्धी में विधानसभावार जाति जनगणना को लेकर गोष्ठी करेंगे। रविवार को विधानसभा रावर्ट्सगंज और घोरावल में एवं सोमवार को ओबरा और दुद्धी में जातिगत जनगणना को लेकर बैठक करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष का हिंदूआरी मोड़ पर स्वागत किया जाएगा।

# खेल मैदान के लिए खिलाड़ियों ने निकाली 35 किलोमीटर पदयात्रा

**सौंपा ज्ञापन**

### जिला मुख्यालय पर किया प्रदर्शन



कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते युवा

**डाला।** डाला नवनिर्माण सेना के तत्वावधान में शनिवार को डाला क्षेत्र में एक सार्वजनिक खेल मैदान दिए जाने की मांग को लेकर युवाओं व खिलाड़ियों द्वारा डाला नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष अंशु पटेल के नेतृत्व में डाला से राबट्र्सगंज तक करीब 35 किलोमीटर की पैदल पदयात्रा करके जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। पत्रक में बताया गया कि अब तक निरंतर कई जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से युवाओं द्वारा डाला नगर में एक खेल मैदान दिए जाने की मांग को लेकर लिखित गुहार लगाई जा चुकी है, किंतु अब तक सिवाए ऊपरी आश्वासन के युवाओं को कुछ नहीं मिला। सालों से डाला वासियों के पास कोई भी खेल का मैदान नहीं है, जिसके कारण नगर के सभी युवाओं, वयस्कों व बुजुर्गों के पास सुबह शाम व्यायाम करने, योग करने व वालीबॉल, क्रिकेट, फुटबॉल आदि खेल खेलने का कोई स्थाई स्थान नहीं है। नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष अंशु पटेल ने बताया कि डाला नगर में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है यदि यहां के युवाओं को एक खेल का मैदान देकर व्यवस्था व सुविधा दे दी जाए तो निश्चित ही कुछ ही सालों में इनकी प्रतिभाएं देश-प्रदेश में अपना प्रकाश फैलाने लगेंगी। आज कल जो भी कुछ युवा नशाखोरी का शिकार हो गए हैं उन्हें भी खेल कूद के द्वारा नशे से दूर किया जा सकता है। जब वे नियम से खेलेंगे-कूदेंगे-वर्जिश करेंगे तो निश्चित ही उनका ध्यान नशे की ओर न जाकर उनके शारीरिक और मानसिक उत्थान की ओर जाएगा। इस मौके पर गोविंद भारद्वाज, प्रशांत पाल, राजेश पटेल, अवनीश देव पांडे, विवेक सिन्हा, सुधीर पाठक, रोहित, राहुल चौधरी, विकास जायसवाल, अजय निषाद, किशन, विनय गौड़, आजाद, समसेर, अदनान, आशिक, लखन, रामलाल, प्रफुल्ल, गौतम, अशफाक, तौसीफ,

# महिलाओं को किया गया जागरूक दी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी

**अवसर**

### साधना मिश्रा ने महिलाओं व बच्चियों से बाल विवाह बाल श्रम के विषय में की बातचीत

जनसंदेश न्यूज



आमजनों को जागरूक करती पुलिसकर्मी

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह व पुलिस अधीक्षक डा यशबीर सिंह के निर्देश के क्रम में पिपरी क्षेत्र के मरकरा गांव में शनिवार को जन चौपाल का आयोजन कर मिशन शक्ति के अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता कार्यक्रम टोल फ्री नंबर, महिलाओं व बालिकाओं के साथ होने वाले अपराध पर महिला कल्याण विभाग व पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जानकारी दी गयी। साधना मिश्रा ने महिलाओं व बच्चियों को बाल विवाह, बाल श्रम के विषय में महिलाओं से बातचीत। महिलाओं के खिलाफ और भेदभाव के उन्मूलन के बारे में बताया।

वहीं महिलाओं के खिलाफ हिंसा और भेदभाव के उन्मूलन के बारे में जागरूकता बढ़ाने हेतु अभियान चलाया गया। सरोजमा सिंह ने घरेलू हिंसा अधिनियम के बारे में महिलाओं को जानकारी देते हुए महिलाओं के साथ अभद्रता का व्यवहार एवं महिलाओं और बालिकाओं को गुड टच बैड टच के बारे में बताया। वहीं हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 1098, 1076, 108 के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में धनंजय यादव, अमन द्विवेदी समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

### ठेका मजदूर यूनियन का बीसवां जिला सम्मेलन आज


**रेनूकूट।** ठेका मजदूर यूनियन का 20वां सम्मेलन 26 फरवरी को पिपरी के सब आर्डिनेट क्लब में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए ठेका मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष कृपाशंकर पनिका ने बताया कि यूनियन के सम्मेलन में मजदूरों के वेज रिवीजन, ठेका मजदूरों के नियमितीकरण, प्रबंधन में मजदूरों की भागीदारी, मजदूरों की जीवन सुरक्षा जैसे सवालों पर चर्चा होगी। साथ ही उत्तर प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक केंद्र सोनभद्र में मजदूरों की स्वतंत्र राजनीतिक ताकत निर्माण करने पर विचार विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन में नए पदाधिकारियों व कार्यकारिणी का चुनाव किया जाएगा और इसमें हिंडाल्को, अनपरा व ओबरा तापीय परियोजना, ग्रासिम सीमेंट, ग्रासिम केमिकल्स, निर्माण, कोयला खनन, कार्बन प्लांट आदि उद्योगों से मजदूर प्रतिनिधि हिस्सेदारी करेंगे।

# सीसी रोड के बेस में सोलिंग की जगह मलबे का हो रहा प्रयोग

**खेल**

### ग्राम पंचायतों में हो रहे विकास कार्यो की खुली पोल

जनसंदेश न्यूज



मानकविहीन बन रही सीसी सड़क

**दुद्धी।** विकास खण्ड में ग्राम पंचायतों में विकास का आलम क्या है, इसकी पोल एक ग्राम पंचायत में बन रही सीसी रोड ने खोल कर रख दिया है। मनमाना हो रहे कार्य का ग्रामीणों ने विरोध कर डीएम का ध्यान आकृष्ट किया है। ग्रामीण छोटेलाल मौर्य, रामविचार, भरत ने बताया कि सीसी सड़क निर्माण में सोलिंग के स्थान पर लेंटर की कालिख में निकले मलबे को खपाया जा रहा है, जबकि स्टीमेट में जीएसबी लेकर तीन कोट गिट्टी बिछाकर कर उसकी कुटाई कर उसके ऊपर ढलाई की जानी है, लेकिन यहां प्रधान द्वारा सोलिंग की पूरी कोट बचाया जा रहा है। ऐसे बनी सड़क तो अगले बरसात में ही धस जाएगी। उन्होंने डीएम का ध्यान आकृष्ट कर सड़क की जांच की मांग उठाई है। ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क डूमरा ग्राम पंचायत में मालिया मोहान से कोरगी टोले तक नदी के किनारे बनाई जा रही है, जिसमें बालू का प्रयोग भी नदी से खनन कर किये जाने की योजना है। इस संबंध में बीडीओ नीरज तिवारी ने कहा कि प्रकरण की जानकारी मीडिया के माध्यम से मिल रही है, इसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### पांच दिवसीय कौशल विषय पर आधारित प्रशिक्षण का समापन

**सोनभद्र।** जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान में पांच दिवसीय जीवन कौशल प्रशिक्षण के चतुर्थ बैच का समापन शनिवार को हुआ। प्रशिक्षण विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रस्तावित दस जीवन कौशल स्वजागरूकता, पारस्परिक संबंध, संप्रेषण कौशल, भावना प्रबंधन, समानुभूति, तनाव प्रबंधन, समस्या समाधान, निर्णय लेना, समालोचनात्मक चिंतन, सृजनात्मक चिंतन विषय पर दिया जा रहा था। संदर्भदाता सत्येन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि यह प्रशिक्षण हमें विभिन्न परिस्थियों में आने वाली चुनौतियों का सामना करने का सही दृष्टिकोण प्रदान करता है व जीवन को सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करता है। डायट प्राचार्य विजय शंकर मिश्र ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित कर प्रशिक्षण की सार्थकता एवं बच्चों के भीतर बेहतर जीवन कौशल का विकास के क्रियान्वयन की बात कही। प्रशिक्षण में कोन, चोपन और म्योरपुर ब्लॉक के 100 शिक्षकों को पांच दिनों में जीवन कौशल के गुण सिखाये गये। प्रभारी नीरज शर्मा, सन्दर्भदाता जिज्ञासा यादव, सत्येंद्र वर्मा तथा मिथिलेश त्रिपाठी रहे। इस मौके पर ज्योति कनौजिया, केशर सिंह, सविता सिंह चंदेल, सविता यादव, कंचन, शिवांगी, सुमन, मांडवी पाठक, काजल, दीपू ज्योति, छाया यादव, अरविंद आदि मौजूद रहे।

# सिलेंडर में आग लगने से हजारों का सामान जलकर खाक

**डीडीयू नगर।** मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के कूड़ा बाजार चौकी अंतर्गत कसाब महाल में शनिवार की शाम सिलेंडर में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार कसाब महाल निवासी सलीम के मकान में शनिवार की शाम सिलेंडर में आग लग गई, जिससे घर के लोग चीखने चिल्लाने लगे। देखते ही देखते आग विकराल रूप धारण करने लगा। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और आग पर किसी तरह काबू पाया। लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी, लेकिन फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने के बाद मौके पर पहुंची। बताया कि दोपहर में नया सिलेंडर लिया गया था जिसको शाम में खाना बनाने के लिए चालू किया गया तो उसमें आग लग गई, जिससे घर में रखे हजारों के सामान जलकर खाक हो गए।


कसाब महाल में आग लगने के बाद मौके पर जुटे स्थानीय लोग।

# नौगढ़ में पर्यटन व वनवासियों के अधिकारों का होगा संरक्षण

**बोले डीएम**

### प्राथमिकता पर होगा सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन व संचालन

**चंदौली।** नवागत जिलाधिकारी निखिल टीकाराम ने शनिवार को ट्रेजरी में कार्यभार ग्रहण किया। इसके बाद कलेक्ट्रेट पहुंचकर एडीएम उमेश कुमार व सीडीओ एसएन श्रीवास्तव समेत जिला स्तरीय अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान प्रेसवार्ता में जिलाधिकारी ने अपनी प्राथमिकताओं को मीडिया के समक्ष रखा। बताया कि सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन व संचालन प्राथमिकता होगी।

उन्होंने कहा कि जिले में जो भी संभावनाएं है जिन पर पूर्व में काम होता रहा है उसे आगे बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा जिले में आधा-अधूरे पड़े इंफ्रा स्ट्रक्चर को पूरा करने की पहल होगी। जो परियोजनाओं अस्तित्व में नहीं है उसे शासन के संज्ञान में लाकर मूर्त रूप देने की पहल होगी। जिला मुख्यालय पर जो भी कार्यालय स्थापित होने हैं उसमें आ रही अड़चन को दूर करने का प्रयास होगा। बताया कि नौगढ़ में पर्यटन को विकसित करने पर फोकस होगा। साथ ही स्थानीय निवासियों के लिए जिला, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा व पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का प्रयास होगा। इसके अतिरिक्त वनांचल में रहने वाले वनवासियों की अधिकारों के संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। जनपद चंदौली आकांक्षी है लिहाजा नीति आयोग के पैरामीटर को ध्यान में रखकर विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं को मूर्त रूप देने की कोशिश होगी। जनपद के अधिकारियों के सहयोग से जनपद के विकास को गति दी जाएगी। विदित हो कि नवागत जिलाधिकारी मूलरूप से महाराष्ट्र प्रांत के नागपुर के निवासी हैं जो 2014 बैच के आईएएस अफसर हैं जो इसके पूर्व आगरा में नगर आयुक्त के पद पर विगत 30 माह अपनी सेवाएं प्रदान की। इसके पूर्व उन्होंने बलिया जनपद में भी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट का दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं।


कलेक्ट्रेट में मीडिया से रूबरू डीएम निखिल टीकाराम।

### एसपी ने कंदवा थाने का किया मुआयना, मातहतों को दिए निर्देश

**कंदवा।** एसपी अंकुर अग्रवाल ने शनिवार को कंदवा थाने का वार्षिक मुआयना किया।इस दौरान उन्होंने बेहतर पुलिसिंग का निर्देश दिया। एसपी अंकुर अग्रवाल अपर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार के साथ कंदवा थाना पहुंचे। उन्होंने बैरक, मेस, मालखाना, कार्यालय, अपराध रजिस्टर, आंगतुक रजिस्टर, लंबित विवेचना, असलहों के रखरखाव आदि का निरीक्षण किया। साफ-सफाई पर बल देते हुए थानाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह को विवेचना निस्तारण पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। कहा कि फरियादियों के साथ अच्छा बर्ताव करते हुए समस्या के समाधान का हरसंभव प्रयास करें। क्षेत्र में गश्त करें अपराध पर नियंत्रण रहे। वहीं थाना दिवस में आए हुए फरियादियों की समस्यायों भी पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा सुना गया। इस दौरान चौकी प्रभारी रामपुर मनोज पांडेय, एसआई रामभवन यादव आदि लोग रहे।

## संक्षेप

### गोंड आदिवासी संघ ने समाज कल्याण मंत्री पर साधा निशाना

**नियामताबाद।** अखिल भारतीय गोंड आदिवासी संघ युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विजय गोंड बॉर्डर ने रेवसा स्थित अपने कार्यालय पर पत्र प्रतिनिधियों से वार्ता की। कहा कि संजीव सिंह गोंड समाज कल्याण मंत्री जो कि लाखों आदिवासियों का प्रतिनिधित्व कर रहे है इनको विधानसभा सदन में जब राज्यपाल के अभिवादन भाषण पर बोलने का मौका मिला तो इन्होंने अपना पूरा समय भाजपा सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। इन्होंने एक भी शब्द आदिवासियों के विकास, बनाधिकार कानून, पट्टा, आदिवासी पलायन, मंहगाई, बेरोजगारी, आदिवासियों के शिक्षा, सोनभद्र खनन पर नहीं बोले। यहाँ तक की समाज कल्याण मंत्री को जनपद चंदौली का प्रभारी भी बनाया गया है, इनके ओबरा राबट्र्सगंज विधानसभा से सटे हुए, चकिया विधानसभा में रेंजर द्वारा चकिया व नौगढ़ के आदिवासियों व गैर आदिवासियों के फसल को बुलडोजर द्वारा बर्बाद किया जा रहा है, जो कि एक गम्भीर व जटिल मुद्दा है, इन जटिल मुद्दों पर कुछ नहीं बोले जो कि आदिवासी समाज के लिए चिंता की बात है।


जिलाध्यक्ष विजय गोंड।

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ़्तार

**चकिया।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 19 वर्षीय युवती के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने शनिवार को आरोपी वंशनारायण दुबे 60 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। मामले में हीलाहवाली करने के लिए सीओ की रिपोर्ट पर पुलिस अधीक्षक ने सैदूपुर चौकी इंचार्ज अभिषेक शुक्ला को लाइन हाजिर कर दिया।
इलिया थाना क्षेत्र के एक गांव की दलित युवती ने कोतवाली पुलिस को बीते शुक्रवार को तहरीर देते हुए आरोप लगाया था कि बीते 17 दिसंबर 2022 को जब वह स्कूल जा रही थी उसी दौरान सुबह 9 बजे के आसपास बाइक सवार दो युवकों ने उसे जबरदस्ती अपनी गाड़ी पर बैठा लिया था और उसे एक गांव में ले गए थे । जहां घर के एक कमरे में बंद करके तीन लोगों ने दुष्कर्म किया और उसका वीडियो बना लिया जिसको लेकर युवती ने कोतवाली में तहरीर दी थी मुकेश कुमार ने बताया कि युवती की तहरीर पर आरोपी तीन व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एक आरोपी वंश नारायण दुबे को बरहुआ गांव के पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। दो अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही।

### मत्स्य सम्पदा योजना के तहत लाभार्थियों को मिला स्वीकृति पत्र

**चंदौली।** प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत विकास भवन सभागार में सीडीओ एसएन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2022-23 के साईकिल विद आईस बाक्स एवं बैंकयार्ड आरएएस परियोजना के चयनित लाभार्थियों को परियोजना से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। परियोजना के संबंध में राम अवध सहायक निदेशक मत्स्य द्वारा विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी तथा उन्हें परियोजना के सापेक्ष मुख्य विकास अधिकारी से साईकिल विद आईस बाक्स के 11 लाभार्थियों एवं बैकयार्ड आएएस के 19 लाभार्थियों स्वीकृत पत्र वितरित करते हुए तत्काल लाभार्थी अंश से कार्य प्रारम्भ कराने हेतु प्रेरित किया गया, ताकि उन्हें परियोजना के सापेक्ष देय अनुदान धनराशि का शीघ्र भुगतान किया जा सके। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि बैकयार्ड परियोजना की विस्तृत जानकारी लाभार्थियों उपलब्ध करायी जाय। कार्यक्रम में विवेक कुमार पटेल द्वारा योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। गोष्ठी में उप कृषि निदेशक बसंत कुमार दुबे एवं मत्स्य विभाग के सभी अधिकारी व कर्मचारी एवं निषाद पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मुनेश्वर निषाद एवं 30 लाभार्थी उपस्थित रहे।

### दो पक्षों में मारपीट चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**चकिया।** नगर के वार्ड नंबर 9 विभूति नगर में शुक्रवार की रात दो पक्षों में मामूली बात को लेकर हुए विवाद के बाद जमकर मारपीट हो गई। जिसमें एक पक्ष के 6 लोग घायल हो गए। मारपीट का किसी ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसके बाद पुलिस ने तत्काल घायलों की तहरीर पर पुलिस ने दूसरे पक्ष के चार नामजद और दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया और अगली कार्रवाई में जुट गयी।

# पीएनबी प्रेरणा ने पुरवां के स्कूली बच्चों में बांटी सामग्री

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** सदर ब्लाक क्षेत्र के पुरवा गांव में शनिवार को वाराणसी पंजाब नेशनल बैंक द्वारा गठित पीएनबी प्रेरणा एनजीओ की महिला सदस्यों ने प्राइमरी स्कूल के बच्चों को स्कूल बैग पेंसिल व स्पोर्ट आदि सामानों का वितरित किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना के साथ पढ़ाई के लिए उनका उत्साहवर्धन किया।

उन्होंने कहा कि पीएनबी प्रेरणा समय-समय पर सामाजिक कार्यों में भागीदारी करता है। एनजीओ की तरफ से सरकारी स्कूल के बच्चों को पढ़ने के लिए बैग, पेंसिल व बुक आदि सामान का वितरण किया जाता है ताकि गरीब बच्चे पढ़ लिखकर अपना भविष्य उज्वल कर सके। कहा कि पंजाब नैशनल बैंक भारत का पहला पूर्णतः स्वदेशी बैंक है जो समय-समय पर अपने सामजिक कार्यों के द्वारा बैंक देश सेवा के साथ बैंकिंग के अपने लक्ष्य को दृढ़तर करता रहा है। इसी उद्देश्य से प्रधान कार्यालय द्वारा पीएनबी प्रेरणा समूह का गठन अंचल एवं मंडल स्तर पर किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य वंचित तबके के नागरिकों की सेवा तथा बैंक के साथ उन्हें जोड़ना है। इस समूह में उच्च पदाधिकारियों की सहधर्मिणी वृन्द को समाज सेवा में आगे आने के लिए योजित किया गया है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आगे भी इस तरह के कार्यों में अपनी भागीदारी करते रहेंगे। इस दौरान बीएनबी बैंक के डिप्टी जोनल मैजेर आंनद रॉय, सर्किल हेड डीजीएम राजेश कुमार, असिस्टेंट जनरल मैनेजर औरोबिंदो दास, संजय सिंह, संजीव कुमार सिंह, सर्वेंदर सिंह, बिमन कुमार, प्रकाश कुमार, बलिकरन यादव, झंमेजय सिंह, अंकित सिंह, अंजनी सिंह, बबिता कुमारी, रीना राय, कमला दास, नीतू गुंजन सिंह, वंदना अग्रवाल, गीता यादव आदि लोग उपस्थित रहे।


पुरवां प्राथमिक विद्यालय में स्कूली बच्चों में सामग्री वितरित करती पीएनबी प्रेरणा एनजीओ की सदस्य।

### सड़क की गुणवत्ता ठीक नहीं होने पर ग्रामीणों ने काम रोका

**कंदवा।** सड़क निर्माण में मानक की अनदेखी किए जाने से नाराज असना गांव के लोगों ने शनिवार को निर्माण कार्य रोक दिया। ग्रामीणों का कहना था कि बार बार कहने के बाद भी ठेकेदार मानक के अनुसार कार्य करने को तैयार नहीं हुआ। अंततः हमें कार्य रोकने को मजबूर होना पड़ा। विदित हो कि असना गांव में पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से बनाये जा रहे करीब दो किमी सड़क में मानक की अनदेखी जारी है। ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित ठेकेदार द्वारा निर्धारित मानक को ताक पर रखकर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा न तो ठीक से बड़ी गिट्टी डालने का कार्य किया गया और न ही रोलर से दबाया गया। कहा कि तत्काल इसकी जांच कराकर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। ऐसा नहीं होने पर हम सभी सड़क का निर्माण रोक देंगे। सड़क बनाने में ठेकेदार द्वारा बरती जा रही अनियमितता व मनमाने रवैये को देख ग्रामीण दंग हैं। इस संबंध में पीडब्लूडी के जेई महेंद्र यादव ने कहा कि ठेकेदार द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य की जांच कराई जाएगी।

# भ्रष्टाचार व अनियमितता के खिलाफ सपाई देंगे धरना


बैठक में धरना-प्रदर्शन को लेकर विचार-विमर्श करते सपाई।

**डीडीयू नगर।** नगर पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं अनियमितता के खिलाफ के 27 तारीख सोमवार को धरना प्रदर्शन पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर पालिका स्थित कार्यालय पर समाजवादी पार्टी पर समय 11 नगरपालिका कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर ने कहा कि नगरपालिका मुगलसराय में बड़े पैमाने पर शिकायत मिली है आउटसोर्सिंग से रखे गए कर्मचारियों के साथ हो रहे लगातार अन्याय की खिलाफ छह महीना से बकाया वेतन नहीं दिया जाना तथा उनके मूल वेतन से कमीशन लेना समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी चंद्रशेखर यादव ने कहा कि नगरपालिका के अंतर्गत पड़ने वाली दर्जनों खराब है। सड़कों को ठीक कराने की मांग की नगर पालिका में तमाम विभागों से जैसे सड़क लाइट के नाम पर काम नहीं हुआ, लेकिन पेमेंट हो गया है। ऐसे तमाम भ्रष्टाचारियों के खिलाफ समाजवादी पार्टी व्यापक धरना प्रदर्शन करेगी। बैठक में संतोष यादव, जिला महासचिव नफीस अहमद, जिलाध्यक्ष चंद्रभान यादव, प्रदीप यादव, संतोष कुमार डब्बू सभासद अन्य लोग उपस्थित थे।

# यात्री संग मारपीट व अवैध वसूली में चार पुलिसकर्मी निलंबित

**डीडीयू नगर।** जीआरपी की भ्रष्टाचार खुली पोल 22 फरवरी को रेल यात्री से पिटाई कर जबरन पेटीएम के जरिये 99 हजार रुपये लेने के मामले में शनिवार को एसआरपी, जीआरपी ने चार सिपाहियों को निलंबित कर दिया है। और आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गई है। वही आज सीओ जीआरपी कुंवर प्रभात सिंह ने पुलिसकर्मियों के खिलाफ हुए कार्रवाई की पुष्टि की है। बताया जा रहा है कि मिथिलेश कुमार निवासी चकरा झारखंड अपने मित्र धर्मेंद्र प्रजापति के साथ वाराणसी घूमने निकले। दोनों 22 फरवरी की रात जम्मूतवी एक्सप्रेस से डीडीयू जंक्शन पहुंचे। है कि जैसे ही प्लेटफार्म पर उतरे जीआरपी के चार सिपाहियों ने दोनों को पकड़ लिया। और मारपीट कर छोड़ने के एवज में ऑनलाइन पेटीएम के जरिए 99 हजार रुपये मंगाए । यात्रियों ने जब इसकी शिकायत एडीजी रेलवे ए. सतीश गणेश से कर दी। जिसके बाद एसपी अष्टभुजा सिंह और सीओ कुंवर प्रभात सिंह जंक्शन पहुंचे और जीआरपी कर्मियों से पूछताछ किया गया और स्टेशन पर लगे सीसी टीवी फुटेज भी खंगाले। जांच में प्रथम दृष्ट्या दोषी पाए जाने पर चार जीआरपी कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। सीओ कुंवर प्रभात सिंह ने बताया कि डीयूजीआरपी के चार सिपाहियों संजय यादव, अजीत सिंह, प्रकाश सिंह और अखिलेश पासवान को निलंबित करने के साथ धारा 323, 342 और 394 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। विभागीय कार्रवाई के लिए जांच की जा रही है। जीआरपी कर्मियों ने जिस पवन पांडेय नाम के व्यक्ति के खाते में 99 हजार रुपये मंगाए थे उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

### पड़ाव कुष्ठ सेवा आश्रम के छात्र छात्राओं को दी जानकारी

**सकलडीहा।** कस्बा के अभेद आश्रम में शनिवार को वाराणसी पड़ाव कुष्ठ सेवा आश्रम के बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान पड़ाव से सर्वप्रथम बच्चों को सकलडीहा अभेद आश्रम में महाप्रभु श्री अघोराचार्य बाबा भगवान राम जी का दर्शन पूजन किया। इसके बाद आश्रम के संत चंद्रशेखर साधु ने महा प्रभु अघोराचार्य बाबा भगवान रामजी के जीवन व किये हुए कार्य पर प्रकाश डालते हुए सभी छात्र छात्राओं को जानकारी दिया। वही सकलडीहा के बाद बरठीं बाबा कैलेश्वर नाथ मंदिर पर पहुंच कर दर्शन व जानकारी दिया गया। इसके बाद हरिहरपुर, मनिहरा, कावर जैसे अन्य स्थलों पर पहुंच कर सभी छात्र-छात्राओं को जानकारी दिया गया। इस मौके पर अभेद आश्रम के साधु चंद्रशेखर रामजी व सुबाष चौहान, विजेंद्र चौधरी, कमला चौधरी, पंकज चौधरी, अमित कुमार, विपिन कुमार व पड़ाव से वरिष्ठ अध्यापक रमेश कुमार, ज्ञानेंद्र सिंह, अवनीश सिंह, विमलेश दुबे, छात्र छात्रों में बूढ़ेश्वर, अर्जुन कुमार, प्रदीप कुमार, हिमांशु कुमार, पवन कुमार, मोहम्मद साहेब, कुमारी अभिलाशा, प्रिंस कुमार, अनुपम कुमार, चांदनी कुमारी तारा कुमारी सहित अन्य छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# फाइलेरिया ग्रस्त अंगों की देखभाल व साफ-सफाई की दी जानकारी

**चंदौली।** जनपद में रुग्णता प्रबंधन एवं दिव्यांगता निवारण (एमएमडीपी) पर प्रशिक्षकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। यह कार्यशाला पंडित कमलापति त्रिपाठी जिला संयुक्त चिकित्सालय में शनिवार को हुई। जिला मलेरिया अधिकारी कार्यालय के तत्वावधान में हुई इस कार्यशाला में फाइलेरिया ग्रस्त अंगों की देखभाल व साफ-सफाई के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान जिले के समस्त प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से चार-चार प्रतिभागियों मेडिकल ऑफिसर, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, वीसीपीएम और बीपीएम ने हिस्सा लिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.वाईके राय ने बताया कि फाइलेरिया बीमारी के लक्षण तुरंत नजर नहीं आते हैं।

इसके लक्षण आने में पांच से 15 वर्ष लग जाते हैं, इसलिए फाइलेरिया से बचाव ही इसका सफल उपचार है। उन्होंने सभी ब्लॉक के सीएचओ और आसपास के स्वास्थ्य कार्यकताओं को अविलंब प्रशिक्षित करने के निर्देश भी दिए। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (संचारी रोग नियंत्रण) डा. अमित कुमार दुबे ने बताया कि फाइलेरिया से बचने के लिए दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती और अति गंभीर बीमारी को छोड़कर सभी को फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन साल में एक बार जरूर करना चाहिए। जिला मलेरिया अधिकारी पीके शुक्ला ने बताया कि फाइलेरिया रोग शरीर के लटकने वाले हाथ, पांव एवं पुरुष के जननांग और महिलाओं के स्तन में सूजन के रूप में प्रभावित करता है। दवा का सेवन एवं साफ सफाई के साथ प्रभावित अंगो के सूजन को यथास्थिति रोका जा सकता है। सहायक मलेरिया अधिकारी राजीव सिंह ने बताया कि कार्यशाला में फाइलेरिया मरीजों को व्यायाम, लेटने व बैठने की सही स्थिति और एमएमडीपी किट के प्रयोग करते हुए प्रभावित अंगों की सफाई के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला में पांच फाइलेरिया मरीजों को भी बुलाया गया। सभी को एमएमडीपी किट दी गई और इसके इस्तेमाल करने के तरीके को करके दिखाया गया। कार्यशाला प्रशिक्षण में मलेरिया निरीक्षक राम ज्ञान यादव, सौम्या पांडेय, दीप्ति शर्मा, चंद्रगुप्त सिंह आदि ने प्रतिभाग किया।


जिला अस्पताल सभागार में फाइलेरिया प्रभावित अंगों की साफ-सफाई की जानकारी देते चिकित्साधिकारी।

# महादेवपुर में नेत्र परीक्षण शिविर में लाभान्वित हुए 246 मरीज

जनसंदेश न्यूज

**नियामताबाद।** गौतम चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में जीवक हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर कमलापुर एकौनी द्वारा ग्राम पंचायत महादेवपुर शनिवार को निशुल्क नेत्र परीक्षण चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। निःशुल्क कैंप में 246 मरीजों का ओपीडी किया गया और साथ ही साथ नेत्र विशेषज्ञों की टीम द्वारा चश्मा की जांच व दवा का भी वितरण किया गया।

आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क दस मोतियाबिंद मरीजों को इलाज हेतु चिन्हित किया गया जिसका इलाज जीवक हॉस्पिटल एकौनी कमलापुर में किया जाएगा। गौतम चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंधक डा.सुनील कुमार गौतम ने बताया कि संस्थान द्वारा महीने में एक बार विद्यालय परिसर व क्षेत्र के अलग-अलग गांव में जाकर गरीब असहाय परिवारों के लिए कैंप का आयोजन करते हैं उनका निःशुल्क नेत्र परीक्षण व मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाता है आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीण अपनी आंखों का इलाज नहीं करा पाते हैं इसलिए ऐसे शिविरों का आयोजन ग्रामीणों के हित के लिए करते हैं। इस अवसर पर नेत्र विशेषज्ञ डा.राजीव त्रिपाठी, डा.प्रदीप सिंह, दिनेश कुमार गौतम, राहुल गुप्ता, संदीप कुमार गौतम, अफसार खान, नर्सिंग स्टाफ पूनम, कुसुम, रवि रंजन,माया पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।


महादेपुर में आयोजित नेत्र परीक्षण शिविर में नेत्र की जांच करते स्वास्थ्य कर्मी।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ मण्डल अध्यक्ष ने केंद्रीय मंत्री से की शिकायत

**चहनियां।** सेक्रेटरी बाबूलाल की बढ़ती शिकायत व भ्रष्टाचार की शिकायत भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र मिश्रा ने सोशल मीडिया व फोन के माध्यम से किया है। खण्ड विकास कार्यालय में तैनात सेक्रेटरी की लगातार शिकायते खिलाफ मिल रही है। एक सप्ताह पूर्व पपौरा में भी बीडीसी सदस्य मुकेश खरवार के आवास के लिए रुपये की मांग ने तूल पकड़ा था। जिसकी शिकायत प्रमुख अरुण जायसवाल व उपजिलाधिकारी मनोज पाठक से शिकायत किया था। महुआरी खास गांव में सामुदायिक शौचालय पर केयर टेकर को तनख्वाह देने के लिए भी कमीशन की मांग की गयी थी। चहनियां मण्डल मंत्री रामदयाल साहनी से शौचालय बनवाने के नाम पर पैसे मांगा जा रहा है। ऐसे और भी दर्जनों लोग है जो इनको सुविधा शुल्क दे चुके। सबसे मजेदार तो तब आया जब एक अखबार टेंडर के भुगतान के नाम पर इन्होंने कमीशन मांगा। खण्ड विकास कार्यालय में भ्रष्टाचार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र मिश्रा ने सोशल मीडिया व फोन के द्वारा केंद्रीय मंत्री डा.महेंद्र नाथ पाण्डेय से इसकी शिकायत की है।

# घर-गृहस्थी के सामान संग बेटी को किया विदा

**डीडीयू नगर।** परिवर्तन सेवा समिति की पहल पर स्थानीय लोगों के सहयोग से एक बेटी का विवाह कराया गया। जिसमें गृहस्थी का साजो सम्मान देकर बिटियां की विदाई किया गया। इस पुनीत कार्य में संस्था के अध्यक्ष चंद्रेश्वर जायसवाल ने अहम भूमिका अदा की और संभ्रांत लोगों के सहयोग से जरूरतमंद बेटी का विवाह संस्कार का कार्य पूरा कराया। इस मौके पर समिति के संस्थापक अध्यक्ष चंद्रेश्वर जायसवाल ने कहा कि किसी भी बिटियां का विवाह करना बहुत ही पुण्य का कार्य होता हैं। जब मुझे संस्था के सचिव गोकुल अग्रवाल के द्वारा यह सूचना दिया गया की दुलहीपुर की एक बच्ची की शादी करानी है उसके पिता नहीं है तथा उसकी मां घर में बर्तन साफ कर अपना जीवनयापन करती है। तब समिति ने यह निर्णय लिया कि उस बिटिया की शादी धूमधाम से कराई जाएगी और हम सभी से जितना होगा उतना करेंगे।

तब समिति की पहल पर स्थानीय लोगों ने भी सहयोग किया और शादी धूमधाम से वेद व्यास मंदिर प्रांगण में संपन्न हुआ। कहा कि हमारी समिति का उद्देश्य है असहाय एवं गरीबों की सेवा करना और समिति इस पर निरंतर कार्य कर रही है।

जहां भी हम लोगों को सूचना प्राप्त होती है कि किसी को बीमारी हैं वह इलाज में सक्षम नही हैं तो वहां भी समिति खड़ी रहती है किसी बच्ची की शादी करानी हो वहां भी समिति बढ़-चढ़कर सहयोग करती है। इसके साथ साथ समाज से जुड़े सरोकारों पर भी समिति हमेशा आगे रही है और निरंतर इसी तरह लोगों की भलाई के लिए हम लोग कार्य करते रहेंगे। संस्था के संयोजक इंद्रपाल सिंह डिंपल ने कहा कि हम सब जाति धर्म से परे होकर कार्य करते है तथा समिति का गठन भी समाज की भलाई के लिए किया गया हैं जैसे शर्दी के मौसम में गरीबो में कंबल वितरण करना, प्रमुख त्योहारों को असहायों के बीच मनाना तथा हर वर्ष कम से कम 11 बेटियों के विवाह में सहयोग करना कपड़ा बैंक के माध्यम से लोगों के मध्य कपड़ा वितरण करना। इस मौके पर समिति के दिलीप जायसवाल, गोकुल अग्रवाल, चंद्र प्रकाश शर्मा, विनोद प्रधान दुलहीपुर, शैलेन्द्र प्रजापति, आशीष लक्ष्य, अभिषेक जायसवाल मौजूद रहे।


घर-गृहस्थी के सामान के साथ गरीब बेटी को विदा करते परिवर्तन सेवा समिति के लोग।

# स्पोर्ट्स

## भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका ए को 4-4 से ड्रॉ पर रोका

**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका ए को शुक्रवार को यहां 4-4 की बराबरी पर रोक कर इस दौरे पर अपना अजेय अभियान जारी रखा। इस दौरे पर दक्षिण अफ्रीका ए टीम के खिलाफ यह पहला मैच था। इससे पहले भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका की अंडर-21 टीम को तीनों मैचों में मात दी थी। दक्षिण अफ्रीका का मौजूदा दौरा एशिया कप अंडर-21 के लिए टीम की तैयारी का हिस्सा है, जो आगामी एफआईएच महिला जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफायर भी है। क्वानिता बोब्स (पहले और 31वें मिनट) और बियामका वुड (छठे मिनट) ने भारतीयों के खिलाफ मैच की शुरूआत में ही बढ़त बना ली थी लेकिन नीलम (सातवां मिनट) और दीपिका सीनियर (आठवां और 30वां मिनट) के मुकाबले में भारत की वापसी करायी। इससे पहले तरनप्रीत कौर (25 वां मिनट) और दीपिका ने गोल कर भारतीय टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। क्वानिटा बोब्स और टैरिन लोम्बार्ड के गोल की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे हाफ में भारत की बढ़त को खत्म किया और मैच बराबरी पर छूटा।



# कप्तानी पर छलका विराट का दर्द, गिनाई अपनी उपलब्धि


## चैंपियंस ट्रॉफी 2017, विश्व कप 2019, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2021 और टी20 विश्व कप 2021 में उन्होंने टीम की कमान संभाली

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने चार आईसीसी टूनार्मेंट में टीम इंडिया की कप्तानी की। चैंपियंस ट्रॉफी 2017, विश्व कप 2019, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2021 और टी20 विश्व कप 2021 में उन्होंने टीम की कमान संभाली। चारों मौकों पर वह भारत को चैंपियन बनाने में नाकाम रहे। इस कारण बहुत सारे लोग उन्हें असफल कप्तान मानते हैं। इस बात को लेकर विराट का दर्द अब बाहर आया है। उनकी कप्तानी में टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी 2017 के फाइनल में पाकिस्तान से हारी। उसके बाद 2019 विश्व कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। फिर आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप 2021 के फाइनल में न्यूजीलैंड के शिकस्त मिली और टीम इंडिया उसी साल टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच सकी।

> चारों मौकों पर वह भारत को चैंपियन बनाने में नाकाम रहे
>
> बोले- फिर भी मुझे कहा जाता है असफल कप्तान

विराट ने शनिवार रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (फ्छइ) के पॉडकास्ट में कहा कि आईसीसी टूर्नमेंट के सेमीफाइनल और फाइनल में पहुंचने के बाद भी उन्हें 'असफल कप्तान' बताया गया। भारतीय रन मशीन कोहली ने पिछले साल सभी प्रारूपों से कप्तानी छोड़ दी थी। उन्होंने कहा, "आप टूनार्मेंट जीतने के लिए खेलते हो। मैंने 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी में कप्तानी की (फाइनल में पहुंचा), 2019 विश्व कप में (सेमीफाइनल में पहुंचा), मैंने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में कप्तानी की (फाइनल में पहुंचा) और 2021 में टी20 वर्ल्ड कप में (नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहा)। चार आईसीसी टूनार्मेंट के बाद मुझे एक असफल कप्तान माना गया।" कोहली की कप्तानी में भारतीय अंडर-19 टीम 2008 में विश्व कप जीती थी। विराट ने कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम के रवैये में बदलाव लाना हमेशा उनके लिए गर्व की बात होगी। उन्होंने कहा, "मैंने खुद को उस नजरिए से कभी नहीं आंका। हमने एक टीम के रूप में और अपने रवैये में परिवर्तन के रूप में क्या हासिल किया, यह हमेशा मेरे लिए गर्व की बात होगी। एक टूनार्मेंट एक निश्चित समय के लिए होता है, लेकिन आपका रवैया लंबे समय तक साथ रहता है और इसके लिए आपको निरंतरता की आवश्यकता होती है। विराट ने कहा, "मैंने एक खिलाड़ी के रूप में विश्व कप जीता है। मैंने एक खिलाड़ी के रूप में चैंपियंस ट्रॉफी जीती। मैं उस टीम का हिस्सा रहा हूं जिसने पांच टेस्ट गदा जीते हैं। अगर आप उस नजरिए से देखें तो ऐसे लोग रहे हैं, जिन्होंने कभी विश्व कप नहीं जीता।" विराट ने 2011 के वनडे विश्व कप के गौरव को भी याद किया जब महेंद्र सिंह धोनी ने वानखेड़े की खचाखच भरी भीड़ के सामने भारत को खिताबी जीत दिलाई थी।

कोहली ने कहा, "ईमानदारी से कहूं तो मैं 2011 की उस टीम का हिस्सा बनने के लिए काफी भाग्यशाली था। सचिन तेंदुलकर अपना छठा विश्व कप खेल रहे थे और वही उन्होंने जीता था। मैं पहली बार टीम का हिस्सा बनने में सक्षम था और मैं जीतने वाली टीम का हिस्सा बन गया। मैं उन चीजों को देख रहा हूं जिनके लिए मैं आभारी हूं, न कि इसके लिए कि मेरे करियर में क्या गलत हुआ है। मैं अपनी ट्रॉफी कैबिनेट को भरने के लिए पागल नहीं हूं।" विराट ने 15 साल के करियर में भारत के लिए 106 टेस्ट, 271 वनडे और 115 टी20 खेले हैं, जिसमें 25000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन बनाए हैं।"



## ऋचा घोष बन सकती हैं प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट

**नई दिल्ली।** महिला टी20 विश्व कप अपने आखिरी पड़ाव पर पहुंच चुका है। इस टूनार्मेंट का खिताबी मुकाबला 26 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच होगा। अफ्रीकी टीम पहली बार किसी टूनार्मेंट के फाइनल में पहुंची है। भारतीय टीम का सफर इस टूनार्मेंट में खत्म हो चुका है। भारत को सेमीफाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच रन से हार का सामना करना पड़ा। इस टूनार्मेंट में भारत के लिए कई खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। भारत के लिए भले ही यह टूनार्मेंट खत्म हो चुका हो, लेकिन भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष प्लेटर ऑफ द टूनार्मेंट चुनी जा सकती है। ऋचा ने इस टूनार्मेंट में भारत के लिए फिनिशर का रोल बखूबी निभाया। उन्हों दो पारियों में 40 रन से ज्यादा का स्कोर बनाया और सिर्फ दो मैच में ही आउट हुईं। उनका स्ट्राइक रेट भी 130 से ज्यादा का था और उन्होंने 68 के औसत से कुल 136 रन बनाए। आईसीसी ने कुल नौ खिलाड़ियों को इस पुरस्कार के लिए नामित किया है। इनमें ऑस्ट्रेलिया की सबसे ज्यादा तीन खिलाड़ी हैं। इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका की दो खिलाड़ी यह अवॉर्ड जीतने की दावेदार हैं। वहीं, भारत और वेस्ट इंडीज के एक-एक खिलाड़ी भी इस सूची में हैं।

## 25 फरवरी : ऑस्ट्रेलिया के सर्वकालिक महान बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन का निधन



**नई दिल्ली।** क्रिकेट में जब भी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज की बात होती है तो डॉन ब्रैडमैन का नाम लिया जाता है। ऑस्ट्रेलिया के इस बल्लेबाज के रिकॉर्ड का पहाड़ इतना ऊंचा था कि उसे लांघने में दुनिया के बेहतरीन बल्लेबाजों को कई बरस लगे। हालांकि उनके कुछ रिकॉर्ड आज भी अटूट बने हुए हैं। 25 फरवरी 2001 को 92 वर्ष की आयु में अंतिम सांस लेने वाले सर डोनाल्ड जार्ज ब्रैडमैन ने टेस्ट क्रिकेट में 99.94 के औसत से 6,996 रन बनाए। उनकी रनसंख्या के आंकड़े को भले ही बहुत से बल्लेबाजों ने पार कर लिया हो, लेकिन उनके औसत को आज तक कोई बल्लेबाज छू भी नहीं पाया है। ब्रैडमैन के कुछ रिकॉर्ड की बात करें तो उन्होंने 1928 से 1948 के बीच इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए मैचों में प्रत्येक पारी में 100 रन बनाते हुए कुल 19 शतक बनाए। 1930 में इंग्लैंड के अपने पहले दौरे में उन्होंने 334 रन के व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड बनाया। यह रिकॉर्ड बाद में तोड़ दिया गया, लेकिन उस समय एक पारी में तिहरा शतक लगाना सपने जैसा था। उन्होंने 1934 में भी इंग्लैंड के खिलाफ 304 रन बनाकर इस कारनामे को एक बार फिर अंजाम दिया था।

# परिवार से बाहर सिर्फ किसने किया था कोहली से संपर्क, विराट ने खुद बताया

## कोहली ने 2008 से 2019 के बीच 11 साल तक धोनी के साथ ड्रेसिंग रूम साझा किया

**नई दिल्ली।** दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा कि क्रिकेट के मैदान पर जब वह खराब दौर से गुजर रहे थे तब महेन्द्र सिंह धोनी इकलौते व्यक्ति थे, जिन्होंने उनसे बातचीत की थी। कोहली ने पिछले महीने चार-एकदिवसीय मैचों में तीन शतकीय पारी खेल अपनी पुरानी लय हासिल की। उन्होंने इससे पहले सितंबर 2022 में एशिया कप टी-20 टूनार्मेंट में शतक लगाकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतकों के तीन साल के सूखे को खत्म किया था। कोहली और धोनी के बीच मजबूत रिश्ता है। कोहली की ये बातें इसका तस्दीक करती हैं।



कोहली ने आरसीबी पोडकास्ट से कहा, उस समय अनुष्का मेरी सबसे बड़ी ताकत थी क्योंकि वह मेरे साथ रह रही थी और उसने बहुत करीब से देखा कि मैंने कैसा महसूस किया है... इस दौरान मेरे बचपन के कोच और परिवार के अलावा एमएस धोनी इकलौते व्यक्ति थे, जिन्होंने मुझसे संपर्क किया था। कोहली ने 2008 से 2019 के बीच 11 साल तक धोनी के साथ ड्रेसिंग रूम साझा किया है। उन्होंने रांची के करिश्माई क्रिकेटर को अपना हमेशा का कप्तान बताया। कोहली ने कहा, उन्होंने मुझसे खुद संपर्क किया, क्योंकि धोनी से संपर्क करना काफी मुश्किल है।

अगर मैं उन्हें किसी भी दिन फोन करता हूं, तो 99 प्रतिशत वह (फोन) नहीं उठा पाते हैं, क्योंकि वह फोन से दूर रहते है। उन्होंने कहा, ऐसे में उनकी तरफ से संपर्क किया जाना और वह भी दो बार (किया जाना), अच्छा रहा। उन्होंने मुझे समझाया था, जब आपसे मजबूत होने की उम्मीद की जाती है और आपको मजबूत व्यक्ति के रूप में देखा जाता है तो लोग यह पूछना भूल जाते हैं कि आप कैसे हैं? कोहली ने बताया, उनकी (धोनी की) बातों का मुझपर गहरा असर हुआ, क्योंकि मुझे हमेशा एक ऐसे व्यक्ति के रूप में देखा गया है जो बहुत आत्मविश्वासी है, मानसिक रूप से बहुत मजबूत है, जो किसी भी परिस्थिति को सहन कर सकता है और रास्ता निकाल सकता है, साथ ही हमें रास्ता दिखा सकता है। इस दिग्गज बल्लेबाज ने कहा, कभी-कभी, आप जो महसूस करते हैं वह यह है कि जीवन में किसी भी समय एक इंसान के तौर पर आपको कुछ कदम पीछे खींचने और यह समझने की जरूरत होती है कि आपकी खुद की भलाई किन चीजों से है। कोहली ने जब जनवरी 2022 में दक्षिण अफ्रीका के दौरे के बाद अचानक टेस्ट कप्तानी छोड़ दी, तब भी उन्होंने कहा था कि सिर्फ धोनी ने ही उन्हें संदेश (मैसेज) भेजा था।

## बॉलीवुड न्यूज

### दर्शकों के पसंदीदा चैनलों की टीवी सेट्स पर वापसी

**मुंबई।** कुछ समय पहले टैरिफ रेट्स में हुई अचानक बढ़ोतरी ने दर्शकों को तब पूरी तरह से सदमें में डाल दिया था, जब केबल टीवी ऑपरेटरों ने उनके पसंदीदा चैनलों की एक्सेस बंद कर दी थी। लेकिन अब दर्शकों के लिए एक बेहद खुशी की खबर सामने आई है क्योंकि दर्शकों की भारी मांग के चलते रेगुलेटरी बॉडीज के साथ हुई काफी बहस के बाद केबल टीवी डिस्ट्रीब्यूटर्स आखिरकार दर्शकों के लिए उनके पसंदीदा चैनलों को उनके टीवी सेट्स तक वापस ले आए है। यानी अब एक बार फिर दर्शक अपने पसंदीदा चैनल पर अपने मनचाहें टीवी सीरियल का पूरा मजा ले पाएंगे। दरअसल भारत एक ऐसा देश है जो भावनाओं से संचालित होता है और यह भावना हमेशा मनोरंजन की डेली खुराक से संतुष्ट होती है। देश में हर घर के मनोरंजन का एक बड़ा जरिया टीवी सीरियल और प्रोग्राम हैं जो विभिन्न कहानियों को दिखाते हैं जो हर भारतीय घर के दिल के बहुत करीब हैं। यह ज्यादातर लोगों के लिए एक साथ परिवार के साथ समय बिताने का वक्त होता है।पिछले कुछ समय से दर्शकों को उनके पसंदीदा चैनलों की एक्सेस नही मिल पा रही थी, जिसकी वजह से वो अपने पंसदीदा शोज देखने के लिए तरस गए थे और इस मुद्दे को उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिए उठाया भी कि कैसे वो अपने टीवी सेट्स पर अपना पसंदीदा शो नहीं देख पा रहा है। लेकिन, आखिरकार अब सभी चैनल उनके टीवी स्क्रीन्स पर लौट आए है। बता दें, दर्शक अपने पसंदीदा धारावाहिकों और प्रोग्राम न देख पाने का बहुत दुख था। ऐसे में ये वाकई सभी के लिए एक अच्छी खबर है कि अब वे अपने सभी पसंदीदा शोज और प्रोग्राम बिना किसी रुकावट और परेशानी के साथ देख पाएंगे। बता दें, दर्शक इन टीवी शोज की कहानियों के आदि हो चुके है और इन धारावाहिकों के किरदार हर दिन के साथ उनके जीवन का एक बड़ा हिस्सा बन गए हैं।

### तेरी मेरी डोरियां की हिमांशी अपनी शादी को लेकर हैं उत्साहित



**मुंबई।** स्टारप्लस का सीरियल 'तेरी मेरी डोरियां' नए नए ट्विस्ट और टर्न्स के साथ दर्शकों को भरपूर एंटरटेन कर रहा है। इस शो ने अपने दिलचस्प प्रोमो के साथ दर्शकों को कहानी में आने वाले नए मोड़ से रूबरू कराया जिसके बाद दर्शक की शो से काफी उम्मीदें है। इस शो में दिखाए जाने वाला बहुप्रतीक्षित अंगद और साहिबा की शादी के सीक्वेंस को लेकर भी फैन्स काफी उत्सुक थे और जो आखिरकार 27 फरवरी, 2022 टेलीकास्ट होने वाला है। हाल ही में जारी हुआ शो का प्रोमो काफी ड्रीमी लग रहा है, जिसमें दिखाया गया है कि कैसे शो के निमार्ताओं ने क्रिएटिविटी और वास्तविकता के साथ इसके हर फ्रेम को तैयार किया है। शादी की थीम वास्तविक और देखने में खूबसूरत लगती है। टेलीविजन की ये शादी बॉलीवुड फिल्मों में होने वाली शादी से कम नहीं लगती है। ऐसे में दर्शक तेरी मेरी डोरियां में अंगद और साहिबा की शादी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। शादी के पहनावे से लेकर शादी की थीम तक, सभी के बारे में दर्शकों ने अनुमान लगाया है। ण्वैसे इस शादी को लेकर कहा जा रहा है कि इस रील वेडिंग की थीम बॉलीवुड सेलेब्रिटी सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी की बिग फैट इंडियन वेडिंग से प्रेरित है। दूल्हा और दुल्हन के आउटफिट्स से लेकर मंडप के रंग और सेट की थीम तक, सभी इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित बॉलीवुड शादियों में से एक से प्रेरित हैं।

# कर्तव्य परायणता व सामाजिक सौहार्द्र सिखाता है रोवर-रेंजर्स

**सकलडीहा।** सकलडीहा पीजी कॉलेज में शनिवार को जनपद स्तरीय रोवर्स रेंजर्स जिला समागम का शुभारंभ हुआ। जिसमें जनपद के विभिन्न महाविद्यालय के रोवर रेंजर्स ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर रोवर्स रेंजर्स द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य मंचन से सबको मंत्र मुग्ध कर लिया। अंत में अतिथियों ने प्रमाण पत्र देकर रोवर्स रेजर्स को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि लाल बहादुर शास्त्री पीजी कॉलेज के प्रबन्धक राजेश तिवारी ने कहा कि इस महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य स्वर्गीय पंडित राम कमल पांडेय ने 1965 में सीमित संसाधनों को समेट कर पूर्वांचल में शिक्षा की क्रांति फैला दी।

रोवर रेंजर्स ने विश्वविद्यालय समन्वयक, अध्यक्ष समागम व कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि रोवर्स रेंजर्स का उद्देश्य युवाओं में शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक ,भावात्मक और आध्यात्मिक चेतना के विकास में मदद तो करता ही है। साथ ही साथ राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए आप जैसे जिम्मेदार नागरिक भी तैयार करता है। रोवर्स रेंजर्स स्वयं के धर्म में अनुरक्त रहते हुए दूसरे धर्म का सम्मान करना सिखाता है। परिवार, पड़ोस, समाज तथा देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना, राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए कार्य करना तथा स्वयं का शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक एवं आर्थिक विकास करने का अवसर प्रदान करता है।

इसके पूर्व लाल बहादुर शास्त्री पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर उदयन मिश्रा ने कहा कि यह प्रशिक्षण छात्र-छात्राओं में प्रवीणता, निपुणता, कर्तव्य परायणता एवं सामाजिक सौहार्द सिखाता है। रोवर्स रेंजर्स सेवा, संकल्प व सामंजस्य की बात करता है। समागम में लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय दीनदयाल नगर, शहीद हीरा सिंह राजकीय महाविद्यालय धानापुर, पंडित कमलापति त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय चंदौली, खंडवारी महिला पीजी कॉलेज चहनियां, खंडवारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय चहनियां एवं सकलडीहा पीजी कॉलेज सकलडीहा के रोवर्स रेंजर्स टीमों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं मार्च पास्ट से शुरू हुआ।

कार्यक्रम का संचालन डी ओ सी स्काउट गाइड सैयद अली अंसारी एवं अंजुम कुमारी ने किया। इस मौके पर संयोजक रोवर्स रेंजर्स प्रोफेसर विजेंद्र सिंह, डॉ प्रीतम उपाध्याय, निर्णायक जय प्रकाश रावत, डा.भानु प्रताप सिंह, पीके सिंह, प्रो दयानिधि यादव, उदय शंकर झा, शमीम राइन, डा.अजय कुमार यादव, डा. इंद्रजीत सिंह, डा.दयाशंकर सिंह यादव डॉ सीता मिश्रा, डाएमपी सिंह, डा.राजेश यादव, डा. उमेश चतुर्वेदी, योगेन्द्र तिवारी, जेपी रावत सहित अन्य उपस्थित थे।



सकलडीहा पीजी कॉलेज में रोवर्स रेंजर कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथिगण।

# निर्वाचन: लेखपाल संघ के अध्यक्ष बने मिथिलेश कुमार

जनसंदेश न्यूज

**नियामताबाद।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ पीडीडीयू नगर तहसील का द्विवार्षिक चुनाव शुक्रवार को डीडीयू नगर तहसील परिसर में सम्पन्न हुआ। इस दौरान मिथिलेश कुमार को निर्विरोध रूप से अध्यक्ष घोषित किया गया। वहीं लेखपाल अविनाश कुमार को भी सर्वसम्मति से डीडीयू नगर तहसील शाखा के मंत्री पद पर निर्विरोध रूप से निर्वाचित किया गया।

अध्यक्ष व मंत्री पद सहित कुल सात पदों पर लेखपाल संघ के पदाधिकारी निर्वाचित किए गए। लेखपाल संघ डीडीयू नगर तहसील के अन्य पदाधिकारी अध्यक्ष व मंत्री पद के अलावा लेखपाल वीरेंद्र कुमार यादव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष व धनंजय को कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित किया गया। वहीं रितेश पांडे को उपमंत्री, सुमन यादव को कोषाध्यक्ष तथा भोला नाथ शर्मा को सं प्रेक्षक पद पर निर्विरोध रूप से निर्वाचित किया गया। चुनाव अधिकारी सुजीत कुमार यादव की देख रेख में चुनावी कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान काफी संख्या में पीडीडीयू नगर तहसील के लेखपाल पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, प्रिय रंजन, गोपाल सिंह, सियाराम, विभा त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।



चुनाव के बाद लेखपाल संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण।

## जानलेवा हमला करने वाला एक और वांछित गिरफ्तार

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के कैथी गांव में विगत दिनों जमीनी व पुराने विवाद में वांछित चल रहे एक वांछित को पुलिस ने वाराणसी से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। मारपीट में एक पक्ष के 45 वर्षीय मुकेश तिवारी व 26 वर्षीय सोनू तिवारी बुरी तरह से घायल कर दिये थे। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। फरार चल रहे दो और लोगों के घर बलुआ पुलिस ने नोटिस चस्पा कर डुगडुगी पिटवाया था। बताते हैं कि कैथी गांव में शकलु तिवारी व मुकेश तिवारी के बीच वर्षों से जमीन का विवाद चला आ रहा था। इसे लेकर पहले भी मारपीट हो चुकी थी। 19 दिसम्बर को जमकर मारपीट हो गयी, जिसमे एक पक्ष के मुकेश तिवारी व सोनू तिवारी बुरी तरह से घायल हो गये। घटना की सूचना पर पुलिस ने घायलों को चहनियां स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा। जिसमे मुकेश की हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।

# एलबीएस के छात्रों ने प्रकृति के सौन्दर्य को निहारा

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** एलबीएस इंटरनेशनल स्कूल वार्ड नंबर 5 लोकमान्य तिलक नगर के छात्रों का दल शनिवार को मिजार्पुर जिले मे स्थित शक्तेषगढ़ के वादियों में भ्रमण करने निकला। वहां मौजूद स्वामी परमहंस आश्रम में दर्शन करने के पश्चात छात्र झरने और पहाड़ों को करीब से देख कर काफी प्रफुल्लित हुए।

एलबीएस स्कूल के प्रधानाचार्य सारिका सिंह ने कहा कि नेशनल जियोग्रेफिक की एक परिभाषा के अनुसार किसी स्थान और उसके निवासियों की संस्कृति, सुरुचि, परंपरा, जलवायु, पर्यावरण और विकास के स्वरूप का विस्तृत ज्ञान प्राप्त करने और उसके विकास में सहयोग करने वाले प्रकृति के भ्रमण को छात्रों द्वारा करीब से देखा व गंभीरता पूर्वक समझा गया, जिससे बच्चों को प्राकृतिक और प्रकृति के सौंदर्य के बारे में भली-भांति जानकारी प्राप्त हो सके पठन-पाठन के अतिरिक्त भ्रमण करने से माइंड फ्रेश होगा। तत्पश्चात पठन-पाठन में एकाग्रचित्त ध्यान लगेगा पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को खेलकूद करना भी अतिआवश्यक है।



रावर्टसगंज में शैक्षणिक भ्रमण के दौरान शक्तेषगढ़ में भ्रमण करते छात्र।

# छह गोवंश तस्कर गिरफ्तार एक के पैर में लगी गोली

**घटनास्थल से ट्रक, चार गो-वंश, कार, तमंचा व कारतूस मिले**

**खुटहन।** खेतासराय के कलवरिया पोखरा के पास शुक्रवार की देर रात हुई मुठभेड़ में पुलिस ने 25 हजार के इनामिया आसिफ समेत छह अंतरजनपदीय गो-वंश तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। आसिफ पैर में गोली लगने से घायल हो गया। गिरफ्तार आरोपियों में पांच आजमगढ़ जबकि एक प्रतापगढ़ का है।

मुठभेड़ स्थल से ट्रक में लादे गए चार गो-वंश, ब्रेजा कार, तमंचा, खोखा, कारतूस व पांच मोबाइल फोन बरामद हुए। सीओ शाहगंज चोब सिंह ने बताया कि संयुक्त पुलिस टीम शाहगंज मार्ग पर आजाद नहर पुलिया के पास मौजूद थी। खबर मिली कि जौनपुर की तरफ से गो-वंश तस्कर ट्रक नंबर-एमएच-48 बीएम-0638 पर गो-वंश लेकर खेतासराय की ओर जा रहे हैं। ब्रेजा कार नंबर यूपी-50 बीए-9349 आगे चलते हुए पास करा रही है। पुलिस टीम ने सुंबुलपुर मोड़ पर कलवरिया पोखरा के पास ट्रक व कार रोकने का प्रयास किया। तस्करों ने पुलिस टीम पर गोली चला दी जो थानाध्यक्ष खेतासराय यजुवेंद्र सिंह के बुलेटप्रूफ जैकेट में लगी। गो-वंश उतरकर फायरिंग करते हुए भागने लगे। यजुवेंद्र सिंह ने आत्मरक्षार्थ गोली चलाई जो एक तस्कर के पैर में लगी। वह घायल होकर गिर गया। उसके साथी अंधेरे का फायदा उठाते हुए छिप गए। घायल तस्कर की शिनाख्त 25 हजार रुपये पुरस्कार घोषित आजमगढ़ के हंसनाडीह निवासी आसिफ के रूप में हुई। पुलिस ने घेराबंदी कर उसके पांचों साथियों को भी पकड़ लिया। अन्य पांच आरोपितों में प्रतापगढ़ के आसपुर देवसरा के बारीखुर्द का इकबाल अहमद, आजमगढ़ के सरायमीर के कौरागहनी का रईस अहमद, देवगांव के सोफीपुर का नौशाद अहमद, बिलरियागंज के नसीरपुर का मोहम्मद दानिश व मोहम्मद बेलाल है। घायल आसिफ को पुलिस ने उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम में शाहगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सदानंद राय, एसआइ शान मोहम्मद खां, सर्विलांस प्रभारी एसआइ राम जनम यादव, हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार यादव, दिनेश कुमार यादव, राज कुमार यादव, संदीप सिंह, विक्रम रघुवंशी, कांस्टेबल बृजेश कुमार मिश्रा, अनिल कुमार निषाद, कुंदन कुमार, सुख नंदन यादव, शमशाद आलम, अमित यादव भी रहे।



गोली से घायल तस्कर को ले जाती पुलिस



ट्रक व कार के साथ गिरफ्तार गो-वंश तस्कर व पुलिस टीम

> गिरफ्तार सभी आरोपित कुख्यात गो-वंश तस्कर हैं। इनके विरुद्ध जौनपुर के अलावा आजमगढ़, सुल्तानपुर व प्रतापगढ़ में विभिन्न थानों में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पूरा विवरण जुटाया जा रहा है।
>
> डा. संजय कुमार, एएसपी (सिटी)

## दूसरे की जगह परीक्षा देते पकड़ा गया मुन्ना भाई

**सिकरारा।** प्रशासन की नकल विहीन परीक्षा कराने की तालिका वायदों को नकल माफिया तार-तार करते नजर आ रहे हैं। हाई स्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षा में आए दिन दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते नकलची पकड़े जा रहे हैं। ताजा मामला शनिवार को सिकरारा थाना क्षेत्र के भारतीय शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज बड़ेरी में हाई स्कूल की परीक्षा में एक मुन्ना भाई दूसरे की जगह परीक्षा देते पकड़ा गया। क्षेत्र के भारतीय शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज बड़ेरी में प्रथम पाली में हाई स्कूल का कला का पेपर चल रहा था कि कक्ष संख्या 5 में निरीक्षक रणजीत कुमार व ताणकनाथ चेकिंग करने लगे। चेकिंग करते समय जब प्रवेश पत्र का मिलान किया तो पवन कुमार चौहान के स्थान पर अभिषेक कुमार चौहान परीक्षा दे रहा था। पूछने पर उसने बताया कि मेरा घर कोहड़े सुल्तानपुर में है जब इसकी जानकारी केंद्र व्यवस्थापक डॉ. मीना सिंह को हुई तो उन्होंने थानाध्यक्ष रमेश कुमार को फोन से अवगत कराया। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष ने दूसरे की जगह परीक्षा दे रहे मुन्ना भाई को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद धारा 419, 420 में चालान कर जेल भेज दिया।

# अज्ञात युवकों पर मड़हा जलाने का आरोप



अज्ञात युवकों द्वारा जलाया गया मड़हा

जनसंदेश न्यूज

**नुकसान**

**सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के गड़ैला गांव का मामला**

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के गड़ैला गांव के भीटा पर अज्ञात युवकों ने मड़हे को आग के हवाले कर दिया। जब तक स्थानीय लोग वहां पहुंचते तब तक सारा सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार गड़ैला गांव निवासी रमेश कश्यप का मड़हा गांव के प्राथमिक विद्यालय गड़ैला के पास भीटा पर था।

हर रोज की तरह शाम को वह अपने घर चला गया। उसके जाने के बाद कुछ अज्ञात युवक वहां पर आकर शराब और गांजा पीने के बाद नशे में मड़हे को आग के हवाले कर दिया। जब तब स्थानीय लोग वहां पहुंचते तब तक आग के चपेट में आने से मड़हे में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। अभी तक आग लगाने वालों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है और परिजनों ने अभी तक थाने पर तहरीर नहीं दी है।

# नहर की मिट्टी खनन माफिया कर रहे गायब



**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के शारदा खंड सहायक नहर की पटरी को खनन माफियाओं द्वारा जेसीबी से उठाकर बेचने का कार्य जोरों से चल रहा है। शनिवार अधिकारियों के कानों तक खबर पहुंचने पर खनन माफियाओं में खलबली मच गई और आनन-फानन में खनन माफिया मौके से रफूचक्कर हो गए। जानकारी के अनुसार गड़ैला गांव के समीप बीते कुछ दिनों से जेसीबी लगाकर नहर की पटरी की मिट्टी को लादकर दूसरी जगह ले जाया जा रहा था। ग्रामीणों के अनुसार शारदा खंड सहायक नहर की पटरी पर लगातार जेसीबी लगाकर खनन माफियाओं द्वारा मिट्टी बेचने का व्यापार किया जा रहा है। अगर समय रहते इस पर ठोस कदम नहीं उठाया गया तो आने वाले समय में नहर कटने का खतरा बन जाएगा और नहर से सटे किसानों के खेत जलमग्न हो जाएंगे। आज से एक सप्ताह पहले बहाउद्दीनपुर में नहर कटने से डेढ़ सौ बीघा फसल जलमग्न हो गई। अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई इसके बाद भी नहर विभाग मौन की है। शारदा सहायक खंड नहर मेहरावां गांव से बहाउद्दीनपुर जंगीपुर कला, गड़ैला, लोहता,भकुरा समेत कई अन्य गांव से होकर गुजरती ऐसे में अगर नहर की पटरी कमजोर हो गई। सिंचाई विभाग जेई अवधेश कुमार ने बताया कि नहर से पटरी की मिट्टी अवैध रूप से हटाने की सूचना गलत है। लोगों को आने जाने में रूकावट होने के कारण थोड़ी दूर के नहर की पटरी का मिट्टी जेसीबी लगाकर हटवाया गया है। बाकी अगर कहीं पर भी अवैध रूप से नहर की पटरी को काटने का प्रयास किया जाएगा तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उधर ग्राम वासियों का कहना था कि कई दिनों से मनमानी ढंग से खनन माफियाओं द्वारा नहर की मिट्टी काटकर बेचा जा रहा था। अधिकारियों को सूचना मिलने पर खनन माफियाओं ने अपने ट्रैक्टर व जेसीबी लेकर मौके से गायब हो गए हैं।

## आयोग के अध्यक्ष का आगमन कल

**जौनपुर।** प्रभारी अधिकारी प्रोटोकाल ने अवगत कराया है कि अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग डॉ. देवेन्द्र शर्मा 27 फरवरी को रात्रि 8 बजे निरीक्षण भवन लोनिवि पहुचेंगे। 28 फरवरी को प्रातः 10 बजे जनपद के जिला अस्पताल, पीकू वार्ड, प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, एनसीआर आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करेंगे। अपरान्ह 1 बजे जिलाधिकारी अथवा उनके द्वारा नामित अधिकारी-मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की टास्क फोर्स के नामित अधिकारी, पुलिस अधीक्षक (क्राइम), मुख्य चिकित्साधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, ए.एच.टी.यू., अध्यक्ष/सदस्य बाल कल्याण समिति, चाइल्ड लाइन, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी, नगर पालिका द्वारा नामित प्रतिनिधि, जिला मद्यनिषेध अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, जिला नगरीय विकास अभिकरण, जिला समन्वयक नेहरू युवा केन्द्र एवं समाज कल्याण अधिकारी के साथ मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, पीकू वार्ड व बाल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा बैठक करेंगे।

# लूट के मामले में पुलिस ने दर्ज किया चोरी का मुकदमा

**कार्रवाई**

**शुक्रवार की रात बदमाशों ने दवा व्यवसायी को पीटकर की थी लूटपाट**

**थानागद्दी।** शुक्रवार की शाम को दवा व्यवसायी से बाइक और नकदी लूट के मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने शनिवार को चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार बांसबारी गांव निवासी रामप्रकाश उर्फ जोखू सिंह अपने मेडिकल स्टोर से रात बाइक से घर लौट रहे थे। गांव में स्थित बाढ़ू सिंह के ईंट भट्ठे के पास पहुंच कर रुक गए और बाइक खड़ी कर लघुशंका करने लगे।

वहां तीन लोग पहले से खड़े थे। वे पीछे से जाकर चांदी की अंगूठी, मोबाइल फोन और बाइक चुरा कर भाग गए। एफआईआर कॉपी में लिखा है कि बाइक की डिक्की में 5 हजार रुपए नकद और बैंक ऑफ बदौड़ा तथा यूनियन बैंक का एटीएम तथा पैन कार्ड तथा आधार कार्ड रखा था। एफआईआर के मुताबिक चोरों को पकड़ने के प्रयास में जोखू को गंभीर चोटें आई हैं। थाना पुलिस ने आईपीसी की धारा 379 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस की कार्रवाई से पीड़ित समेत परिजन हैरत में है। जोखू सिंह का सिहौली चौराहे के पास मेडिकल स्टोर है।

बीती रात करीब सवा आठ बजे वह दुकान बंद कर अपनी बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में तीन बदमाशों ने रोक लिया और पिटाई कर बाइक, समेत नकदी और मोबाइल आदि लूट कर भाग गए। बीते दिनों में घटी दर्जनभर वारदातों में कोतवाली पुलिस के हाथ खाली है।

## गैर इरादतन हत्या का आरोपित गिरफ्तार



गिरफ्तार अभियुक्त और पुलिस टीम

**खेतासराय।** पुलिस ने मुस्तफाबाद में हुए गैर इरादतन हत्या के मामले में एक आरोपित को गुरैनी बाजार से शनिवार को गिरफ्तार किया है। आवश्यक कार्यवाही के बाद आरोपित का चालान न्यायालय भेज दिया गया। थानाध्यक्ष यजुवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 11 मई को मुस्तफाबाद गांव में मिट्टी पाटने को लेकर फूलचंद पुत्र सालिक राम व नंदलाल पुत्र लौटू राम के बीच मारपीट हो गई थी। जिसमें एक पक्ष से घायल नंदलाल पुत्र लौटू राम की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गयी। मारपीट के मामले में पुलिस ने मृतक पक्ष की तहरीर पर आठ लोगों के खिलाफ बलवा व मारपीट का मुकदमा दर्ज किया था। नंदलाल की मृत्यु के पश्चात गैर इरादतन हत्या की धारा में बढ़ोत्तरी कर दिया गया। आरोपितों में जितेंद्र कुमार पुत्र फूलचंद को सुबह गुरैनी बाजार से गिरफ्तार किया गया।

## संक्षेप

### सुप्रभात चिल्ड्रेंस एकेडमी का धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव



**गौराबादशाहपुर।** कस्बे के नयनसंड स्थित सुप्रभात चिल्ड्रेंस एकेडमी का वार्षिकोत्सव शनिवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने एक से बढ़कर एक मनोहारी कार्यक्रम प्रस्तुत किया। समारोह के मुख्य अतिथि एसडीएम सदर सुनील भारती ने कहा कि शिक्षा के बिना किसी भी क्षेत्र में तरक्की नहीं की जा सकती है। पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी है। बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों की प्रतिभा निखरती है। विशिष्ट अतिथि पूर्व सीएमओ डा. राम अवध यादव, ईओ नगर पंचायत डा. अनुपम सिंह रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। अध्यक्षता स्कूल संस्थापिका पूर्व एमएलसी प्रभावती पाल ने और संचालन अबू तालिब व एकता यादव ने संयुक्त रूप से किया। प्रिंसिपल साइमन क्रिस्टोफर मिंज ने सभी का आभार व्यक्त किया। प्रबंधक रोहित प्रताप पाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर सुभाष पाल, ललित प्रताप पाल, अखिलेश यादव, डीपी पाल, अभिनव, शुभम, सुमित पाल, शिखा, आशुतोष सिंह आदि मौजूद रहे।

### सिटी मजिस्ट्रेट से मिला अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल का प्रतिनिधिमण्डल



**जौनपुर।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल का प्रतिनिधिमण्डल सिटी मजिस्ट्रेट देवेन्द्र सिंह से शहर कोतवाली में मिला। प्रतिनिधिमण्डल की अगुवाई कर रहे जिलाध्यक्ष श्रवण जायसवाल ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 28 फरवरी को लगने वाले फुटपाथ मेले को अतिक्रमण विरोधी अभियान से अलग रखा जाय। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट को अवगत कराते हुए कहा कि व्यापारियों द्वारा प्रतिवर्ष 28 फरवरी को सालभर का रहतिया बिक्री कार्यक्रम नगर के दुकानदार फुटपाथ पर लगाकर अपने सामानों की बिक्री करते हैं। चूंकि यह परम्परा पिछले कई वर्षों से ?चली आ रही है। इस बाजार से दुकानदारों को लाभ तो होता ही है वहीं इस बाजार से दूसरा लाभ गरीब व गरीब रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले आम लोगों के लिये लाइफ लाइन का काम करती है, चूंकि यह लाइफलाइन से जुड़ा हुआ विषय होने के कारण इस परम्परा को जीवित रखना हम सभी की प्रमुख जिम्मेदारी है। प्रशासन को व्यापार मण्डल ने इस आशय से अवगत कराया है कि प्रशासन अपनी चाक चौबन्द व्यवस्था रखे तथा ऊहापोह की स्थिति न पैदा हो। उक्त मेले की वजह से नगर में उस दिन जाम की स्थिति पैदा हो जाती है जिससे आम जनमानस को समस्या का सामना न करना पड़े इसलिये यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करना भी प्रशासन की प्रमुख जिम्मेदारी होगी। इस मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट ने समस्त व्यापारियों व प्रति?निधिगणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि कोई भी व्यापारी फिक्र न करें। प्रशासन उनके साथ इस परम्परा को जीवित रखने में पूर्णतः सहयोग करेगा। इस अवसर पर अमरनाथ मोदनवाल, अवधेश कुमार श्रीवास्तव, अमर बहादुर सेठ, राजेश यादव, इरफान मंसूरी, संकेत साहू, राजेश गुप्ता, रेयाजुद्दीन अलवी, विरेन्द्र कुमार, मो. आमिर, संतोष जायसवाल, बृजेश जायसवाल, पवन गुप्ता सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

### बिना तनाव के परीक्षा कैसे दी जाए : मिर्जा दावर बेग

**जौनपुर।** जेसीआई जौनपुर चेतना द्वारा आयोजित परीक्षा में होने वाले तनाव पर एक ट्रेनिंग सेमिनार मीना रिजवी शिया गर्ल्स इंटर कॉलेज में संस्था अध्यक्ष सोनी जायसवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जेसीआई संस्था के इंटरनेशनल ट्रेनर मिर्जा दावर बेग ने मार्च महीने से प्रारंभ होने वाले परीक्षा के पूर्व तनाव रहित परीक्षा पर बच्चों को कई टिप्स दिए जिससे बच्चों में एक उत्साह देखने को मिला। उन्होंने बताया की संपूर्ण परीक्षा का दबाव बच्चों के ऊपर होता है परंतु इसे कई भागों में विभक्त कर देना चाहिए और बच्चों को बिना तनाव के परीक्षा देनी चाहिए। जेसीआई चेतना अध्यक्ष सोनी जायसवाल ने ट्रेनिंग सेशन प्रारंभ होने के पहले ट्रेनर के साथ सभी शिक्षिका संस्था पदाधिकारियों और बच्चों का स्वागत करते हुए कहा कि जेसीआई इंडिया के निर्देशन में समाज में हो रहे प्रत्येक गतिविधियों पर ट्रेनिंग दी जाती है और ट्रेनिंग के माध्यम से व्यक्तित्व का विकास किया जाता है, ट्रेनिंग के दौरान स्कूल की प्रधानाचार्य तहसीन फातमा ने इस तनाव से मुक्त होने वाली ट्रेनिंग की सराहना करते हुए जेसीआई संस्था को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में मीरा अग्रहरी, ममता कश्यप, नसरीन बेग, शिवानी अग्रहरि आदि उपस्थित रहे। ट्रेनिंग सेशन का संचालन सचिव मीरा अग्रहरि ने किया। सभी का आभार उपाध्यक्ष मंजू जायसवाल ने व्यक्त किया।



### अधिकारियों ने लैब टेक्नीशियन संग की खाद्य पदार्थों की जांच

**चंदवक।** आगामी होली के त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए जागरूकता अभियान के तहत बाजार में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने लैब युक्त वाहन के साथ खाद्य पदार्थों की जांच की। बाजार के विभिन्न दुकानों से लिए गए खाद्य पदार्थों के 23 नमूनों की टेक्नीशियन मोहम्मद अनीस ने जांच की तो छेने के तीन नमूनों में मानक की कमी पाई गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी संतोष कुमार दुबे व विपिन गिरी ने दुकानदारों को सुझाव दिया कि जहां से सामान ले उसे विधिवत जांच परख कर लें। सामान अच्छा रहेगा तभी खाद्य सामग्री गुणवत्तायुक्त होगी। त्योहार का सीजन है खरीददारी में विशेष सतर्कता बरते। यदि खाद्य पदार्थों में मिलावट पाई गईं तो कड़ी कार्रवाई की जाएंगी।

### 25 हजार का इनामी अभियुक्त अरेस्ट

**जौनपुर।** सिंगरामऊ थाना अंतर्गत पुलिस द्वारा 25 हजार का पुरस्कार घोषित अभियुक्त नफीस खान पुत्र अब्दुल अजीज खान को एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा के निर्देश पर बदलापुर व सिंगरामऊ पुलिस गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर पशु क्रुरता अधिनियम के तहत वांछित 25 हजार का इनामियां अपराधी नफीस खान पुत्र अब्दुल अजीज खान जो काफी दिनो से फरार चल रहा था को थाना क्षेत्र के बछुआर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया है।

### कोतवाली परिसर में समाधान दिवस का आयोजन

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय कोतवाली परिसर में समाधान दिवस का आयोजन प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस मौके पर 12 शिकायती प्रार्थना पत्र पड़े। किसी भी प्रार्थना पत्र का निस्तारण नहीं हो सका। मौके पर मौजूद नायब तहसीलदार संतोष सिंह सभी प्रार्थना पत्र संबंधित विभाग को देखकर जल्द से जल्द निस्तारित करने का निर्देश दिया।

# समाधान दिवस पर फरियादी से धन उगाही का आरोप

**शिकायत**

**पीड़ित ने राशन दिलाने के लिए लेखपाल पर लगाया रिश्वत मांगने का आरोप**

**खेतासराय।** थाने में आयोजित समाधान दिवस पर एक फरयादी ने कोटेदार पर राशन न देने की शिकायत का प्रार्थना पत्र लेकर पहुंचा। आरोप है कि पीड़ित की फरियाद को सुनने के लिए लेखपाल ने सुविधा शुल्क की मांग की। मामला तूल पकड़ता देख लेखपाल ने अपना पल्ला झाड़ लिया। जहां एक तरफ शासन की मंशा है कि प्रशासनिक अधिकारी जनता से तालमेल बनाकर शिष्टाचार के साथ उनकी बात सुनें और न्यायपूर्वक कार्यवाही करें। लेकिन धरातल पर मामला बिल्कुल इसके विपरीत है। फरियादियों से न्याय दिलाने के नाम पर मोटी रकम की बात की जाती जिससे हताश और निराश होकर फरयादी को बैरंग वापस लौटना पड़ रहा है। शनिवार को सुबह आयोजित थाना दिवस पर जहांगीर पुत्र मोहसिन निवासी मोहम्मदाबाद खुदौली प्रार्थना पत्र लेकर थाने पहुंचा था। पीड़ित का कहना था कि वह अंत्योदय राशन कार्ड धारक है। कोटेदार हर महीना राशन नहीं देते। मौके पर मौजूद जिम्मेदार अधिकारी ने मामले के निस्तारण के लिए हल्का लेखपाल पुनीत कुमार को जिम्मेदारी सौंपी। आरोप है कि लेखपाल ने फरियादी से उसकी समस्या का समाधान कराने के लिए सुविधा शुल्क की मांग की। पीड़ित ने अपनी गरीबी का हवाला देते हुए रूपए देने में असमर्थता जताई तो उसे आश्वासन की घुट्टी पिलाकर घर भेज दिया। बाद में पीड़ित को बताया गया कहा गया कि मामला आपूर्ति विभाग से सम्बंधित है, वहां शिकायत करिए समाधान दिवस में शिकायत करने से कुछ नहीं होगा। फिलहाल मामले को तूल पकड़ता देख आरोपी लेखपाल मामले में लीपापोती करते नजर आए। प्रकरण में उप डीएम अंकित कुमार से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका मोबाइल नहीं लगा। तहसीलदार महेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि मौके पर मौजूद नहीं था। मुझे मामले की जानकारी नहीं है।

## थाना समाधान दिवस का हुआ आयोजन

**शाहगंज।** कोतवाली परिसर में सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन तहसीलदार महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें फरियादियों ने कुल 7 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जिसमें पांच राजस्व से सम्बंधित व दो पुलिस से मौके पर एक प्रार्थना पत्र का निस्तारण हो सका। शेष प्रार्थना पत्र सम्बंधित विभाग को सौंप दिया गया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सदानंद राय, अपराध इंस्पेक्टर जनार्दन यादव, एसआई विजय सिंह गौड़, एसआई वरूणेन्द्र राय, एसआई प्रभूनाथ यादव, प्रशांत पांडे समेत राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

## ग्रामीणांचल मे खेल प्रतिभाओं में कमी नहीं : डॉ. मनोज सिंह

**सुइथाकला।** बालीबाल कमेटी गैरवाह द्वारा गुड़बड़ी चौराहे के पास स्व. रमेश सिंह राज्य स्तरीय दो दिवसीय बालीबाल खेल प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को प्रारम्भ किया गया। खेल का शुभारम्भ श्री विश्वनाथ पीजी कॉलेज कलान के प्राचार्य डा. मनोज कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में गाँवों को प्रतिभाओं को धनी बताया बशर्ते उनकी पहचान कर सही मार्गदर्शन की आवश्यकता है। उन्होंने खेल आयोजक मण्डल को आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस तरह का कार्यक्रम युवाओं के लिए प्रेरणाप्रद सिद्ध होगा। प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. उमेश चन्द्र तिवारी ने भी खेल पर अपने विचारों को साझा किया। पहले दिन कुल पांच टीमें मैदान में आई। आयोजक वीरेन्द्र सिंह पिन्टू ने आगन्तुकों के प्रति आभार जताते हुए सभी का स्वागत किया। खेल की शुरूआत मुरादाबाद व जौनपुर की टीमों के मध्य हुआ जिसमें मुरादाबाद की टीम विजयी हुई।

# जूस पिलाकर सांसद ने खत्म करवाया अनशन



जनसंदेश न्यूज

**केराकत।** नगर के रेलवे स्टेशन पर पाँच दिन से अनशनरत रेलवे संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं को शनिवार को शाम चार बजे सांसद वीपी सरोज ने जूस पिलाकर अनशन समाप्त करवाया। वहीं रेलवे संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं पर गुटबाजी का आरोप लगाते हुये कहा कि आप पार्टी के साथ है तो हम आपके साथ है। आपकी और केराकत की जनता की जायज मांगों को दिल्ली मंत्रालय में उठाने कोशिश करूँगा। संघर्ष समिति में से कोई दो कार्यकर्ता मेरे साथ दिल्ली चलकर रेलमंत्री से मिलकर अपनी बात व स्टेशन पर महत्वपूर्ण ट्रेनों के रोकने सम्बन्धी बात कर सकते है।

बातों ही बातों में संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं की चुटकी लेते हुए सांसद ने सुहेलदेव एक्सप्रेस वे गोंदिया एक्सप्रेस को जल्द से जल्द रुकवाने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर मनोज कमलापुरी, अनिल सोनकर गांगुली एडवोकेट, हंस कुमार सोनकर मकालू, सुबाष यादव फौजी, अभय कमलापुरी, वकील अंसारी, अभय जायसवाल समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित, 480 लाभान्वित

**नेक कार्य**

**संस्था अध्यक्ष मो. अब्बास ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को आरम्भ किया**

**शाहगंज।** लायंस क्लब द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शनिवार दोपहर आजमगढ़ मार्ग स्थित बाईपास पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगा। स्वास्थ्य शिविर में कुल 480 मरीजों का परीक्षण व निःशुल्क दवा उपलब्ध करायी गयी। संस्था अध्यक्ष मो. अब्बास ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारम्भ कराया। आगंतुक मरीजों व चिकित्सकों, पैथोलॉजिस्ट एवं दवा कम्पनियों के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

शिविर में चिकित्सकों ने मरीजों के स्वास्थ्य जांच की। इस दौरान बुखार, ब्लड प्रेशर, उल्टी दस्त, नेत्र, दंत, लीवर व शुगर जांच आदि बीमारियों से पीड़ित मरीज अपनी जांच कराने व दवा उपलब्ध कराया गया। सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रफीक फारुकी ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस समय बीमारी से बचने के लिए सभी को सावधानी रखने की आवश्यकता है। हमें साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। ताजा भोजन व पानी उबालकर सेवन करें। बच्चों को बीमारी से बचाने के लिए उन्हें फास्ट फूड से दूर रखें।

कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास ने आगंतुक मरीजों व चिकित्सकों, पैथोलॉजिस्ट एवं दवा कम्पनियों के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर डॉ. जावेद अहमद, डॉ. एसएल गुप्ता, डॉ. सुधाकर मिश्रा, डा. राहुल वर्मा, डॉ. रोहित, डा. ज्ञानचन्द चित्रवंशी, डॉ. डीके गुप्ता, डा. देवी प्रसाद पुष्पजीवी, डॉ. रुचि मिश्रा, लायंस प्रवीण श्रीवास्तव, मनीष अग्रहरि, पूर्व पालिकाध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल, रुपेश जायसवाल, रविकांत जायसवाल, मनोज जायसवाल, सुरेन्द्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

# एक यूनिट रक्त से चार लोगों का बचाया जा सकता है जीवन : डॉ. स्मिता



शिविर में रक्तदान करते लोग

**ईशा हॉस्पिटल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन**

**जौनपुर।** जनपद की सांस्कृतिक क्षेत्र की अग्रणी संस्था संस्कार भारती द्वारा ईशा हॉस्पिटल ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें संस्कार भारती के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा रक्तदान किया गया।

रक्तदान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए ईशा हास्पिटल ब्लड बैंक की मेडिकल ऑफिसर डॉ. स्मिता श्रीवास्तव ने कहाकि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त से चार व्यक्ति के जीवन को बचाया जा सकता है। समाज में जो भ्रांति है कि इससे व्यक्ति कमजोर हो जाता है वह निरर्थक है, उसको दूर करना चाहिए। अधिक से अधिक लोगों को आगे आकर रक्तदान करना चाहिए। कुल 14 व्यक्तियों द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदान करने वालों में प्रमुख रूप से राजकमल, बालकृष्ण साहू, आकाश सेठ, ऋतिक यादव, अवनीश कुमार सिंह, इंद्र कुमार, नीरज कुमार, सत्तार, जीतू यादव, आकाश यादव, सुमित गुप्ता, प्रिया, अली अहमद, संतोष पटेल रहे। इस अवसर पर संस्कार भारती काशी प्रांत महामंत्री सुजीत कुमार, जौनपुर इकाई अध्यक्ष डॉक्टर ज्योति दास, उपाध्यक्ष ऋषि श्रीवास्तव, सहकोषाध्यक्ष मनीष अस्थाना, महामंत्री अमित गुप्ता अंशु, संजय गुप्त आदि उपस्थित रहे। इस स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में ब्लड बैंक सुपरवाईजर पूर्णिमा यादव, संतोष कनौजिया, रजनीश मौर्या, आशिष प्रजापति का विशेष सहयोग रहा। शिविर के अन्त में निर्मल कुमार श्रीवास्तव प्रबंधक ईशा हॉस्पिटल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## छात्र-छात्राओं ने रैली निकाल मतदान के लिए किया जागरूक



रैली निकाल मतदान के लिए जागरूक करते छात्र

**करंजाकला।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय सिद्दीकपुर में छात्रों ने राष्ट्रीय सेवा योजना का बैनर लेकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर एनएसएस शिविर की शुरूआत की। मतदाता जागरूकता रैली का शुभारंभ पूर्व प्रधानाचार्य संस्थापक मोखन राम ने फीता काटकर किया और उन्होंने छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं पुरुषों को मतदाता बनने व मतदान करने के लिए जागरूक किया जाए। शिक्षकों, छात्रों ने जफरपुर परसनी ग्रामीण क्षेत्रों में गांव मोहल्लों गलियों में घूम-घूम कर लोगों को मतदाता बनने और मतदान करने व उसके मूल्यों के बारे में बताते हुए जागरूक किया। डा. राकेश कुमार ने कहा कि एक सही काम करने वाली सरकार के लिए सबको वोट करना चाहिए और इसके अलावा उन्होंने स्वच्छता के लिए लोगों को जागरूक किया। स्वच्छता अभियान का नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राकेश कुमार सरोज ने किया। इस मौके पर डॉ. हरिनारायण प्रजापति, श्रवण कुमार, धनवान चौहान, आदर्श मौजूद रहे।

# 25 हजार का इनामियां शातिर लुटेरा गिरफ्तार

**कसा शिकंजा**

**कब्जे से चोरी की बाइक, एक अवैध देशी तमंचा, कारतूस व 1700 रु. नकद बरामद**



पुलिस की गिरफ्त में लुटेरा

**मुंगराबादशाहपुर।** पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के सम्बन्ध में विशेष अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी मय हमराह गोविन्दासपुर पुलिया के पास चेकिंग कर रहे थे इस दौरान एक चेन छीनने वाले शातिर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पुलिस के अनुसार मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि 22 फरवरी को नीभापुर रेलवे क्रासिंग के पास हुई पुलिस मुठभेड़ में अंधेरे का फायदा उठाकर भागने वाला शातिर अपराधी उसी सफेद बाइक से जिससे 19 फरवरी को ग्राम धरमपुर के पास महिला को घायल कर चेन छीना था वो सुजानगंज की तरफ से आ रहा है उसके पास अवैध हथियार भी है। पुलिस उस अपराधी का इन्तजार करने लगी। थोड़ी देर में एक बाइक आती हुई दिखाई दी, जिसे रोकने का प्रयास किया तो पुलिस वालो को देखकर वापस मुड़कर भागने लगा। थोड़ी दूर पर दौड़ाकर पकड़ लिया गया।

पकड़े गये अभियुक्त का नाम सत्यम तिवारी पुत्र संतोष तिवारी (26) निवासी भाट का पुरा, थाना मछलीशहर है। पकड़े गये अभियुक्त के पास से एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर व चोरी की एक सफेद बाइक व 1700 रू. नकद बरामद हुआ जिसे पुलिस ने हिरासत में लेकर संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर रही है। इस संबंध मे थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी ने बताया कि यह काफी शातिर किस्म का अपराधी है। इसके विरुद्ध पूर्व में भी अनेक थानों में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है। इसकी गिरफ्तारी से ऐसे अपराधों पर भी अंकुश लगेगा। गिरफ्तार व बरामद करने वाली पुलिस टीम में उ.नि. पन्नेलाल यादव, संजय कुमार सिंह, का. गया प्रसाद पटेल, अभिमन्यु यादव, रवि प्रकाश यादव, पंकज यादव, अभिषेक पाठक आदि शामिल रहे।

## साईं बाबा का वार्षिकोत्सव आज

**सुइथाकला।** क्षेत्र में आस्था के केन्द्र के रूप में विख्यात बसौली धाम स्थित साईं बाबा का 23वाँ वार्षिकोत्सव रविवार को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। साँई धाम बसौली मन्दिर ट्रस्ट के पुजारी शिवप्रसाद गिरि ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ सुबह 6 बजे श्रृंगार आरती व समापन संध्या आरती के साथ होगा। इस दौरान बाबाजी के जप, यज्ञ व भजन कीर्तन का आयोजन होगा। गौरतलब हो कि इस दौरान क्षेत्रीय लोगों के अलावा दूरदराज के गैरजनपदों से श्रद्धालुओं का जमावड़ा होता है।

## बैठक कल

**जौनपुर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि जिला कन्वर्जेस/जिला पोषण समिति की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में 27 फरवरी को अपरान्ह 3 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी है।

# रामपुर घाट पर पक्के पुल की मांग को लेकर सर्व समाज जनहित पार्टी अनशन पर

**जनसंदेश न्यूज**



रामपुर घाट पर पक्के पुल की मांग को लेकर अनशन करते सर्व समाज जनहित पार्टी के लोग

**गोपीगंज।** सर्व समाज जनहित पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विभूति नारायण सिंह के नेतृत्व के शनिवार को रामपुर घाट पर एक दिवसीय क्रमिक अनशन पर बैठकर सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई।

उन्होंने कहा की तत्कालीन लोक निर्माण विभाग के मंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा एक लान में 13 नवंबर 2021 को जनता को संबोधित करते हुए पक्के पुल के निर्माण की घोषणा की थी। और संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को अग्रिम कार्यवाही का आवश्यक निर्देश दिया था।

समाचार पत्र के माध्यम से मालूम हुआ की राज्य सेतु निगम के जिला प्रोजेक्ट मैनेजर रविशंकर उपाध्याय ने बताया की रामपुर घाट पक्का पुल की सारी औपचारिकता पूरी कर लगभग साढ़े तीन सौ करोड़ का स्टीमेट भेज दिया गया है। शासन से मंजूरी मिलते ही कार्य शुरू हो जाएगा।

**नाराजगी**

**रामपुर घाट पक्का पुल की सारी औपचारिकता पूरी कर लगभग साढ़े तीन सौ करोड़ का स्टीमेट भेजा**

उत्तर प्रदेश सरकार की उपेक्षा एवं उदाशीनता की वजह से क्षेत्र की जनता में असंतोष एवं आक्रोश व्याप्त है।

आज एक ज्ञापन मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ माध्यम जिलाधिकारी भदोही को दिया गया। अनशन में मुख्य रुप से धनेश पंडाए कैशर खानए अरविंद श्रीवास्तवए सोनू शुक्लाए घनश्याम कौशलए राधेश्याम गुप्ताए महिमा चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे।

# जश्ने दस्तार हिफजुल कुरान व आलमियत का हुआ आयोजन



**जौनपुर।** मछलीशहर नगर के कोतवाली वार्ड स्थित मदरसा अरबिया रियाजुल उलूम में 13 तलबा के हिफ्ज मुकम्मल होने और 2 तलबा की मौलवी पर बीती रात जश्ने ईद मिलादुन्नबी दस्तार हिफजुल कुरान व आलमीयत की दस्तार बंदी का आयोजन किया गया। जिसमें बड़े अकाबिर, उलमाकिराम और शोरा और अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य हैदर अब्बास चांद, उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया , क्षेत्राधिकारी अतर सिंह, प्रभारी निरीक्षक किशोर कुमार चौबे ने शिरकत की। हाजी इमरान खान, मोहम्मद रिजवान, इरशाद अहमद द्वारा बुके भेंट की।

ईशा की नमाज के बाद उक्त कार्यक्रम का आगाज कारी मोहम्मद अहमद अजीजी मुबारकपुरी ने कुरान पाक की तिलावत से किया। कार्यक्रम के दौरान हिफ्ज पढ़ने वाले 13 तलबा और मौलवी पढ़ने वाले 2 तलबा की दस्तारबंदी हुई और हाफिज व मौलवी के खिताब से नवाजा गया। इसी क्रम में गुलाम नूरे मोजस्सम ने कलाम पेश कर श्रोताओं का दिल जीत लिया। इसी क्रम में मौलाना सैय्यद शबाहत हुसैन ने बयान करते हुए कहा कि कुरान केवल मुसलमान के लिए ही नहीं बल्कि दुनिया के तमाम इंसानों के लिए रहनुमाई है। कहा जिंदगी और आखिरत में कामयाब होना चाहते हैं तो कुरान की रस्सी को मजबूती से पकड़ लो, क्योंकि हर जगह कुरान तुम्हारी रहनुमाई करेगा और दिग्भ्रमित होने से बचाएगा। जलसे को खिताब करने वालों में मुफ्ती मसूद, अहमद बरकाती ने भाईचारा कायम रखने और इस्लाम में आइन पर इस्लाही बयान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाजी मोहम्मद इमरान खान ने किया। इस मौके पर मास्टर रिजवान अहमद, फैजान अहमद, महमूद आलम, इशराक अहमद, इरशाद अहमद, हाफिज व कारी यूनुस, हाफिज शकील अहमद, मौलाना शमसुद्दीन, जमाल अख्तर, नफीस अहमद, वकील अहमद, मोहम्मद अली आदि लोग उपस्थित रहे।

# सभी लाभार्थियों का बनाया जाय एफपीओ : मनीष वर्मा

**जनसंदेश न्यूज**



**बैठक**

**विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में दिये आवश्यक निर्देश**

**उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित**

**जौनपुर।** डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभाग के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में पीडी जयकेश त्रिपाठी द्वारा अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में 1331 एफपीओ बनना शेष है जिस पर डीएम द्वारा समस्त खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी लाभार्थियों का एफपीओ बन जाए। आवास का जियो टैगिंग हो जाए, मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत फरवरी तक सभी स्वीकृति का कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए।

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित शादी अनुदान की समीक्षा करते हुए डीएम ने समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि 28 फरवरी तक ज्यादा से ज्यादा फॉर्म कलेक्ट कर के आगामी होने वाले सामूहिक विवाह में शादी करवाना सुनिश्चित कराएं।

उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को अवगत कराया के जनपद में सामूहिक विवाह हेतु 1500 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, लक्ष्य को एक सप्ताह के अंदर शत-प्रतिशत पूर्ण कराएं। युवा कल्याण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 3 मार्च को 11 ब्लॉकों में सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है जिस पर डीएम ने समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि सांसद खेल प्रतियोगिता में प्रधानों का सहयोग लेते हुए प्रतियोगिता सुव्यवस्थित कराएं। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में खेल को प्रोत्साहित करते हुए प्रतियोगिता कराकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहन भी दिया जाए और प्रतियोगिता का उद्घाटन जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कराया जाए।

जिलाधिकारी ने समस्त बीडीओ को निर्देशित किया कि मनरेगा के तहत प्रत्येक गांव में दो अमृत सरोवर बनाया जाना है यह कार्य प्राथमिकता पर कराया जाए। मनरेगा लेबर के भुगतान के संबंध में चर्चा करते हुए समस्त खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि मनरेगा लेबर का पेमेंट टाइम पर कराया जाए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होना चाहिए।उन्होंने डीपीआरओ को निर्देशित किया कि नए सचिवालय कितने बने हैं, कितने बनने बाकी हैं और कितने में कार्य शुरू हो गए है इसकी जानकारी उपलब्ध कराई जाए। इस अवसर पर डीएम द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले ब्लाक मुंगराबादशाहपुर, शाहगंज, जलालपुर के बीडीओ, एडीओ पंचायत एवं खंड शिक्षा अधिकारी को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आरडी यादव, पीडी जयकेश त्रिपाठी, डीसी मनरेगा भूपेंद्र सिंह, जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी दिव्या शुक्ला, शिक्षा विभाग के डीसी निर्माण राजा हसन अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### एएसपी का विदाई समारोह आयोजित



**जौनपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक नगर डा. संजय कुमार का जनपद फतेहगढ़ स्थानान्तरण होने पर शनिवार को पुलिस लाइन सभागार में आयोजित विदाई समारोह में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा एवं अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगणों द्वारा पुष्पमाला व स्मृति चिन्ह भेंटकर उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये भावभीनी विदाई दी गयी।

### होली के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित

**शाहगंज।** कोतवाली परिसर में शनिवार को होली त्योहार के मद्देनजर शांति समिति की बैठक पुलिस उपाधीक्षक चोब सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। श्री सिंह ने आये लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि होली हर्ष का पर्व है। प्रेम उल्लास व सद्भाव से पर्व मनायें। अराजक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर हैं। किन्तु आप भी सचेत रहे। कोई भी व्यक्ति सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करता है तो तत्काल पुलिस को सूचना दे। प्रभारी निरीक्षक सदानन्द राय ने कहा कि समाज में आप सभी पुलिस के प्रतिनिधि हैं। कहीं कोई भी गड़बड़ी हो तो आप सामने अवश्य आये। जो गलत कर रहा हो उसे समझाने का प्रयास करें। फिलहाल पूरे त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु बगैर वर्दी के जवान तैनात रहेगें। वहीं उसरा भादी निवासी एक महिला ने होलिका दहन स्थल बदलने का आग्रह किया। सभासदों द्वारा आवारा मृत पशुओं के अंतिम संस्कार हेतु स्थान चयनित करने की मांग की गई जिससे बदबू व रोग न फैले जिस पर एसडीएम से वार्ता करने के बाद समस्या निस्तारण की बात कही गई। वहीं होली पर्व पर पेयजल आपूर्ति, साफ-सफाई, विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। जिस पर नगर पालिका व विद्युत विभाग के प्रतिनिधियों को व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश हुआ। कोतवाली निरीक्षक सदानंद राय, अपराध निरीक्षक जनार्दन यादव, एसआई विजय सिंह गौड़, एसआई प्रभुनाथ यादव, एसआई वरूणेन्द्र राय, पूर्व ब्लाक प्रमुख इन्द्र देव यादव, नगरपालिका लिपिक श्रीराम शुक्ला, मकसूद अहमद, भुवनेश्वर मोदनवाल, परवेज आलम, गणेश चौहान, अनुराग मिश्रा, सिम प्रकाश अग्रहरि सिम्पू, मुकेश राजभर, सभाजीत राजभर, मनोज मौर्या आदि मौजूद रहे।

# 25 हजार रुपये पुरस्कार घोषित इनामी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**दबोचा गया**

**मुठभेड़ के दौरान लूटेरे के दोनों पैरों में लगी गोली, कब्जे से लूट के 15 हजार नगद बरामद**



अस्पताल में भर्ती पुलिस मुठभेड़ में घायल इनामी बदमाश के पास खड़ी क्राइम ब्रांच की टीम

**भदोही।** थाना सुरियावां क्षेत्र अंतर्गत ग्राम विजयीपुर स्थित ग्राहक सेवा केंद्र पर बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने केंद्र संचालिका को तमंचे से धमका कर काउंटर में रखा कैश लेकर भाग गए थे। सूचना पर तत्समय ही आरोपियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। डॉ. अनिल कुमारए पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जल्द घटना का खुलासा करने के निर्देश के साथ ही 25 हजार रुपये पुरस्कार घोषित किया गया था। उक्त निर्देश के क्रम में थाना सुरियावां दुगार्गंज व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम द्वारा शनिवार को प्रातः दुगार्गंज.बसवापुर मार्ग ग्राम ख्योखर नहर पुलिया मोड़ के पास चेकिंग के दौरान पुलिस मुठभेड़ में ग्राहक सेवा केंद्र पर लूट की घटना को अंजाम देने वाले 25 हजार रुपए पुरस्कार घोषित शातिर लुटेरे सुनील कुमार पुत्र राजमन भारतीया निवासी महरछा थाना सरायममरेज जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा लुटेरे के कब्जे से लूट की घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिलए लूट के 15 हजार रुपये नगद बरामद किया गया है। उक्त गिरफ्तारीध्बरामदगी के आधार पर पंजीकृत अभियोग में धारा 411 भादवि की बढ़ोतरी तथा पुलिस टीम पर फायरिंग की घटना के संबंध में आरोपी के विरुद्ध अंतर्गत धारा 307 भाण्दण्विण व 3੯25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार लुटेरों के दोनों पैर में गोली लगी हैए जिसे ईलाज हेतु अस्पताल भेजा गया है। मुठभेड़ के दौरान लुटेरे का एक अन्य साथी मौके से फरार हो गयाए जिसकी गिरफ्तारी का प्रयास जारी है।

## विद्यालय में सहानुभूति और समानुभूति शिक्षा से बच्चों का सर्वांगीण विकास

**ज्ञानपुर।** जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान भदोही में चल रहे पांच दिवसीय जीवन कौशल प्रशिक्षण के आज चौथे दिन सहानुभूति और समानुभूति के विषय मे बताया गया। शिक्षकों द्वारा प्रस्तुतीकरण करते हुए बताया कि सहानुभूति दो प्रकार की होती है। करुणात्मक और भावनात्मक। जिसमें परोपकार की भावनाए दूसरे को सम्मान देना दूसरे की भावनाओं को समझना किसी को मर्माहत न करना आदि सन्निहित है। जीवन कौशल प्रशिक्षण में शिक्षक अशोक कुमार गुप्ताए योगेश कुमारए रंधाए सुनील कुमारए राम दयाल गुप्ताए मंगला प्रसादए विकास मिश्रए जितेंद्र कुमारए पंकज कुमार ने अपनी.अपनी अपनी प्रस्तुति दी। जीवन कौशल प्रशिक्षण डायट प्रवक्ता डॉण राजेश कुमार पांडेय एवं डॉण स्मृति सिंह के कुशल मार्गदर्शन में मास्टर ट्रेनर गौरव सिंह एवं अनिल कुमार सिंह के द्वारा सेवारत शिक्षकों को दिया जा रहा है।

# देश व प्रदेश में डबल इंजन की सरकार से बह रही विकास की धारा : अजीत रावत



**जौनपुर।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा की जिला कार्यसमिति की बैठक भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा अजय सरोज के अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा अजीत रावत एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में जिला मंत्री रविन्द्र सिंह राजू दादा और क्षेत्रीय कार्य समिति सदस्य नंदलाल सरोज उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि एव जिलाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीन दयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम आरंभ किया गया। मुख्य अतिथि अजीत रावत ने बताया कि मोदी सरकार के 9 साल बेमिसाल रहा वहीं केंद्र व राज्य में डबल इंजन की सरकार द्वारा आम जनमानस, किसान, नौजवान आदिवासी, बनवासी सहित सभी वर्ग, जाति के लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर विकास के दौर में आगे चल रही है।

वहीं सरकार की मंशा के अनुरूप हर एक पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कार्यकर्ता बूथ स्तर तक सक्रिय है। उन्होंने कहा कि जन-धन योजना, स्वच्छ भारत अभियान, उजाला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और मुद्रा योजना जैसी अंत्योदय की योजनाओं से सबसे अधिक लाभ एससी और गरीब वर्ग को ही हुआ है। भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजय सरोज ने स्वागत भाषण देते हुये कहा कि मुझे यह कहते हुए गर्व होता है कि भारतीय जनता पार्टी अगर आज विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में स्थापित हुई है तो उसका प्रमुख कारण है कि जातिवाद से जर्जर हो चुके समाज में भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसने अपनी स्थापना से लेकर आज तक कभी भी जाति-भेद को स्वीकार नहीं किया और न ही कभी जातिवाद की राजनीति की। भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा ही सर्वांगीण विकास की, सामाजिक उत्थान की, देश की महान संस्कृति और राष्ट्रीय गौरव को स्थापित करने की और राष्ट्र को सशक्त एवं समृद्ध बनाने की राजनीति की। इस दौरान दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा जिसमें मुख्य रुप से भीम आर्मी के दीपक सिंह गौतम और मनोज पासवान के साथ दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भाजपा में अपनी आस्था जताते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इसके पहले जिला सह संयोजक आईटी अवनीश यादव ने डाटा प्रबंधन के तहत सरल एप के बारे में आये हुये कार्यकर्ताओ को विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा विजय गौतम ने किया। उक्त अवसर पर अनुसूचित मोर्चा के जिला महामंत्री निखिल सोनकर, उपाध्यक्ष राजेश सरोज, विनोद, अर्जुन, शशिधर गौतम, दिनेश, प्रेम सागर, जसवंत, नंदलाल, लक्ष्मीनारायण, दीपक, प्रेमचंद, सुभाष सहित आदि उपस्थित रहे।

# 115 शिकायती पत्रों में 46 का किया गया त्वरित निस्तारण



थाना दुर्गागंज में लोगों की समस्याएं सुनते एसपी डॉ. अनिल कुमार

**भदोही।** शासन की मंशा के अनुरूप फरियादियों को त्वरित न्याय की व्यवस्था हेतु प्रत्येक शनिवार आयोजित थाना सम्पूर्ण समाधान दिवस के क्रम में शनिवार को जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिसमे सभी थानों पर 115 शिकायती पत्र आये जिसमे 46 प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों सम्बन्धित अधिकारियों को भेजा गया। थाना दुर्गागंज में एसपी डॉण अनिल कुमारए अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती ने थाना गोपीगंज पर प्रशासनिक अधिकारियों व राजस्व कर्मियों के साथ जनसुनवाई की। समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा सर्किल के थानों एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने.अपने थानों पर समाधान दिवस का आयोजन कर जनता की समस्याओं को सुना गया व उनका निस्तारण राजस्व कर्मियों की उपस्थिति में किया गया। जन सुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से सुनते हुए कुछ का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा कुछ प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाएए जिससे फरियादियों को अलग.अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके। 37 प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम का गठन कर मौके पर भेजा गया एवं शेष 32 प्रकरणों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु व्यापक निर्देश दिए गए।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## भारतीय जनता मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए डीएम सिंह गहरवार

**भदोही।** भारतीय जनता मजदूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत प्रकाश जाटव ने भदोही निवासी युवा नेता डीएम सिंह गहरवार को प्रदेश के युवा कमेटी की जिम्मेदारी दी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भरोसा जताया कि मजदूरों के हक अधिकार के लिए लड़कर उन्हें न्याय दिलाएंगे। डीएम सिंह गहरवार की नियुक्ति से जिले में युवाओं में भारी हर्ष है। उनके समर्थकों ने उनका फूल मालाओं से भव्य स्वागत भी किया। मनोनयन के बाद डीएम सिंह गहरवार ने कहा की मजदूर अधिकार का हनन करने वालो की खैर नहीं उनके हक को दिलाया जाएगा और उनके सुरक्षा और संरक्षा की जिम्मेदारी हमारे संगठन की है। श्री गहरवार ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर शिव नरेश यादवए शुशील पाठकए चंद्र शेखर आदि रहे।

# बीएसए के निरीक्षण में दुरुस्त मिला विद्यालय



पूर्व माध्यमिक विद्यालय अजयपुर के प्राधानाध्यापक बीएल पाल को प्रमाण पत्र देते बीएसए भूपेंद्र नारायण सिंह

**ज्ञानपुर।** विकासखंड औराई के प्राथमिक विद्यालय कटेबना तथा विकासखंड भदोही स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय अजयपुर का जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह ने शनिवार को औचक निरीक्षण किया।

बीएसए के भ्रमण के दौरान प्राथमिक विद्यालय कटेबना में बच्चों की उपस्थिति 83 प्रतिशत पाई गई तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालय अजयपुर विकास खंड भदोही में बच्चों की उपस्थिति 70 प्रतिशत पाई गई।जिसके लिए उक्त दोनों ही विद्यालयों के अध्यापकों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। दोनों ही विद्यालयों का भौतिक परिवेश बहुत अच्छा पाया गया तथा विद्यालय में साफ.सफाई की व्यवस्था दुरुस्त मिली। बच्चे अपने.अपने कक्षा में बैठकर शिक्षण कार्य करते हुए पाए गए। पूर्व माध्यमिक विद्यालय अजयपुर और कटेबना विद्यालय की चुस्त दुरुस्त व्यवस्था मिलने पर बीएसए ने सभी शिक्षकों की तारीफ की और प्रधानाध्यापक को प्रमाण पत्र दिया।

### एबीएसए रमाकान्त सिंह सिंहरौल को मिला भदोही नगर का अतरिक्त चार्ज

**भदोही।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह ने तत्काल प्रभाव से नगर क्षेत्र भदोही के खण्ड शिक्षा अधिकारी चन्द्रशेखर आजाद के स्थान पर खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय रमाकान्त सिंह सिंहरौल को नगर क्षेत्र भदोही के अतिरिक्त प्रभार की जिम्मेदारी दी है। गौरतलब है कि इससे पहले रमाकान्त सिंह सिंहरौल खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र भदोही रह चुके हैं।

# जनगणना सर्वे में जाति का बिंदु भी करें शामिल : डॉ. राजपाल

## सपा के प्रदेशव्यापी ब्लॉक स्तरीय जातीय जनगणना संगोष्ठी के दूसरे दिन भी गरजे संगठन के संगोष्ठी प्रभारी

**केंद्र से की मांग**

**लगाया आरोप : वर्तमान सरकार वोट की राजनीति के चलते नहीं कराना चाहती जातीय जनगणना, पूर्व में किये वादों को भी भूली सरकार**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी में जातीय जनगणना संगोष्ठी प्रभारी डॉ. राजपाल कश्यप ने आरोप लगाया है कि सूबे में जब सपा सरकार थी तो यह झूठ खूब प्रचारित किया गया कि सभी पिछड़ी जातियों का हक सिर्फ एक जाति के लोग खा जा रहे हैं। सो, जातीय जनगणना और भी आवश्यक है ताकि यह पता चल सके कि किस जाति की जनसंख्या कितनी है और उसी अनुपात में उसको आरक्षण देना संभव हो। केंद्र सरकार प्रत्येक दस साल में 31 बिंदुओं पर जनगणना कराती है। उसमें मांगी जाने वाली जानकारियों में एक बिंदु और जोड़कर जाति भी पूछ ली जाए। जातीय जनगणना लागू होने तक सपा सूबे के सभी जिलों में ब्लॉकस्तर पर संगोष्ठी बैठकें जारी रखेगी। साथ ही इस मुद्दे पर बड़ा जनसमर्थन लेकर आंदोलन करेगी।

सपा के प्रदेशव्यापी ब्लॉक स्तरीय जातीय जनगणना संगोष्ठी बैठक के दूसरे दिन शनिवार को व्यास बाग हनुमान मंदिर भेलखा तरना में आयोजित मीटिंग में डॉ. कश्यप संबोधित कर रहे थे। उसमें हरहुआ, पिंडरा, चोलापुर व चिरईगांव विकास खंडों के कार्यकर्ता जुटे। डॉ. कश्यप ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार वोट की राजनीति के चलते जातीय जनगणना नहीं कराना चाहती। यह सरकार अपने नारे 'सबका साथ, सबका विकास' से उलट सिर्फ अपने कुछ खास दोस्त पूजीपतियों का भला करने में जुटी हुई है। रेलवे, एयरपोर्ट, बीएसएनएल, एलआईसी आदि तमाम सरकारी संस्थाओं को निजी क्षेत्र के मित्र पूंजीपतियों को बेच दिया गया। आम जनता को महंगाई और बेरोजगारी मिली।

उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में आने से पहले भाजपा ने हर साल दो करोड़ युवाओं को नौकरी देने और किसानों की आय दोगुनी करने का एलान किया था। लेकिन सत्ता में आने के बाद ठीक उसका उल्टा हुआ। नौकरी देने की तो बात दूर रही करोड़ों युवाओं से नौकरियां छीन ली गई। किसानों की आय दोगुनी के बजाय आधी हो गई। छुट्टा पशुओं से फसलों को हो रहे नुकसान का समाधान नहीं निकला। किसान अपना लागत मूल्य भी नहीं निकाल पा रहा है। ग्राम प्रधान वंशराज पटेल की अध्यक्षता एवं जिला उपाध्यक्ष विवेक यादव के संचालन में इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़, पूर्व मंत्री मनोज राय धूपचंडी, पूर्व प्रत्याशी शिवपुर विधानसभा आनंद मोहन गुड्डू यादव, जिला महासचिव आनंद मौर्य, निवर्तमान जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ ओपी पटेल, लालमन यादव प्रधान, हीरालाल मौर्य, उमेश प्रधान, हर्ष राजभर, जितेंद्र पटेल सुनील सोनकर, महेश यादव, बालकिशुन पटेल, बाबूलाल यादव, संजय यादव और हरिशंकर विश्वकर्मा आदि ने भी संबोधित किया। ग्राम प्रधान मोदी यादव ने धन्यवाद दिया।

### डॉ. राजपाल को किया सम्मानित

बैठक के आरंभ में सपा के संदीप 'संजय यादव' ने मुख्य अतिथि डॉ. राजपाल कश्यप को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्याम बली पटेल, जितेंद्र पटेल, भीष्म नारायण, धर्मेंद्र सिंटू, शुभम जिद्दी, शंभू यादव, मनीष सिंह, कल्याण यादव, कमलाकांत प्रजापति, विजय कनौजिया, विश्वनाथ पटेल, गोविंद पटेल प्रधान, संतोष चमार, नंदकिशोर पटेल, संतोष भारती, जय प्रकाश पटेल, प्यारेलाल, ओंकार पटेल एवं संतोष यादव एडवोकेट 'बबलू' आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।




सपा के प्रदेशव्यापी ब्लॉक स्तरीय जातीय जनगणना संगोष्ठी बैठक के दूसरे दिन शनिवार को तरना में आयोजित मीटिंग में डॉ. राजपाल कश्यप को सम्मानित किया गया

# बड़े बिजनेस हब के रूप में उभर रहा बनारस

**बोले मंडलायुक्त**

**इनकम टैक्स बार एसोसिएशन के स्थापना दिवस पर टैक्सेशन पर हुआ मंथन**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने कहा कि बनारस एक बड़े बिजनेस हब के रूप में उभर रहा है। यहां आने वाले कारपोरेट लोगों को भी बार एसोसिएशन की जरुरत पड़ेगी। वह छावनी क्षेत्र स्थित एक होटल में आयोजित इनकम टैक्स बार एसोसिएशन के 78वें स्थापना समारोह में शनिवार को मुख्य अतिथि थे।

समारोह का दीप जलाकर उद्घाटन करने के पश्चात मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा कहा कि इतने लंबे अर्से बाद भी उन नौ लोगों, जिन्होंने इस फाउंडेशन की नींव रखी, को आज भी याद रखना काबिले तारीफ है। उन्होंने बार एसोसिएशन से जुड़े लोगों की बौद्धिक क्षमता की तारीफ करते हुए कहा कि इनकम टैक्स के इतने जटिल कानूनों को समझना बहुत बड़ी बात है। बड़े शहरों की तरह यहां बनारस में भी बौद्धिक क्षमता मौजूद है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रयासों से बीते नौ साल में लगभग 19000 करोड़ बनारस परिक्षेत्र में खर्च हुआ है। इससे सभी को फायदा मिल रहा तथा निकट भविष्य में मिलेगा। उन्होंने आह्वान किया कि शहर के विकास में आप सभी अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि वाराणसी में जी-20 की छह बैठकें होंगी। आप अपनी सुविधानुसार इसमें भाग ले सकते हैं। मंडलायुक्त ने डायरी का विमोचन भी किया।

समारोह में टैक्सेसन पर भी मंथन हुआ। वित्तीय विधेयक 2023 में प्रमुख प्रत्यक्ष कर प्रस्ताव, 44एडी, 44एडीए, 44एई, 44एए आदि पर चर्चा हुई। इस आयोजन में वित्तीय विधेयक 2023 में प्रमुख जीएसटी प्रस्ताव, 49वीं जीएसटी परिषद की बैठक की सिफारिशें, जीएसटी व्यवसायी की व्यावहारिक समस्याएं और समाधान पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। डायरेक्ट टैक्स पर राजेश मेहता व जीएसटी पर धर्मेंद्र श्रीवास्तव ने विस्तार से चर्चा की। अध्यक्षता अरविंद शुक्ला ने किया। स्वागत आशुतोष भारद्वाज ने किया। समारोह में विशिष्ट अतिथि एडिशनल सीआईटी (प्रशासन) लियाकत अली अफाकी, अध्यक्ष असीम जफर, सचिव अजय कुमार सिंह (बंटी), श्रीहर्ष सिंह, सुभाष सिंह, मदन मोहन पारिख, विनय कांत आदि ने संबोधित किया।



इनकम टैक्स बार एसोसिएशन के 78वें स्थापना समारोह में शनिवार को डायरी का भी विमोचन हुआ

# खास गुलाब बना 'किंग ऑफ द शो'

**आयोजन**

**जिला मुख्यालय स्थित कंपनी बाग में दो दिनी मंडलीय शाकभाजी, फल एवं पुष्प प्रदर्शनी-2023 आरंभ**

**उन्नशील खेती करने वाले आठ किसान हुए सम्मानित, दो कृषकों को दिया गया अनुदान आधारित उपकरण**

जनसंदेश न्यूज



राजकीय अलंकृत उद्यान कंपनी बाग में शनिवार को आरंभ दो दिनी मंडलीय शाकभाजी, फल एवं पुष्प प्रदर्शनी-2023 में कई प्रदर्श आकर्षण का केंद्र रहे

**वाराणसी।** जिला मुख्यालय स्थित राजकीय अलंकृत उद्यान कंपनी बाग में शनिवार को दो दिनी मंडलीय शाकभाजी, फल एवं पुष्प प्रदर्शनी-2023 का शुभारंभ हुआ। अबकी बार इसमें वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर व जौनपुर के 500 प्रतिभागियों ने दो हजार 776 सामग्री प्रस्तुत की है। वहीं, उद्यान विभाग की ओर से जी-20 थीम पर आधारित डिस्प्ले समेत विभिन्न स्तर पर की गयी सजावट आकर्षण का केंद्र हैं। इस आयोजन को देखने के लिए पहले ही दिन हजारों की संख्या में लोग उमड़े।

प्रदर्शनी में शाकभाजी व विभिन्न प्रकार के फलों के अलावा पुष्पों में गुलाब के कटे फूल, कटे मौसमी फूल, कलात्मक फूल सज्जा, डहेलिया, सदाबहार पत्ती वाले पौधे, कैक्टस, सकुलेंट्स, बोनसाई, वर्टिकल गार्डेन और फूलों की रंगोली लोगों का ध्यान आकृष्ट कर रहे हैं। सर्वोत्तम गुलाब 'किंग ऑफ द शो' जुमेलिया प्रजाति, 'क्वीन ऑफ द शो' सोलेयर प्रजाति को अव्वल घोषित किया गया। इस अवसर पर प्रदर्शनी समिति की पुस्तिका का विमोचन हुआ। उन्नशील खेती करने वाले आठ किसानों को आठ किसानों को प्रशस्ति-पत्र दिये गये। उद्यान विभाग के राज्य औद्यानिक मिशन योजना में मशीनीकरण कार्यक्रम के तहत लाभार्थी बालचरन एवं नरेंद्र कुमार वर्मा को 50% अनुदान पर पावर टिलर उपकरण की चाभी सौंपी गयी।

डीएम एस. राजलिंगम, वीडीए वीसी अभिषेक गोयल एवं सीडीओ हिमांशु नागपाल ने भी प्रदर्शनी देखी। रविवार को दोपहर एक बजे पुरस्कार वितरण समारोह होगा। अंतिम दिन यह प्रदर्शनी आम लोगों के लिए सुबह नौ बजे से रात्रि नौ बजे तक आमलोगों के लिए खुली रहेगी। उद्घाटन सत्र में जिला उद्यान अधिकारी सुभाष कुमार, अलका श्रीवास्तव, ममता सिंह यादव एवं शैलेंद्र देव दुबे, वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक ज्योति कुमार सिंह, उद्यान निरीक्षक सुधांशु कुमार सिंह, विभाग के मनोज कुमार सिंह, राजेश कुमार सिंह, अनुराग कुमार सिंह, स्नेहलता सिंह आदि की भी उपस्थिति रही।

### 'रोज गार्डन' विकसित करें

दो दिनी मंडलीय शाक भाजी फल एवं पुष्प प्रदर्शनी का जायजा लेने पहुंचे डीएम एस. राजलिंगम ने जिला उद्यान अधिकारी को निर्देश दिया कि एक स्थान चयनित कर वहां सिर्फ गुलाब की विभिन्न रंग एवं प्रजातियां लगाकर 'रोज़ गार्डन' तैयार कराएं।

### निर्णायक मंडल में हैं ये

भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. सूर्यनाथ सिंह चौरसिया, डॉ. एसके सिंह, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रो. अनिल कुमार सिंह, डॉ. एके पाल अश्विनी देशवाल, यूपी कॉलेज के डॉ. धर्मेंद्र कुमार सिंह एवं डॉ. एमपी सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र रघुवंशी, डॉ. एनके सिंह, डॉ. मनीष पांडेय, अग्रसेन महिला पीजी कॉलेज की डॉ. उषा बालचंदानी एवं जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय।



# 60 के दशक तक पुलिस में थी घोड़ों की हनक

रवि प्रकाश सिंह

एक जमाना था जब शहर कोतवाल अपने घोड़े पर सवार हो निकलते थे तो शहर भर में पुलिस का इकबाल कायम होता था। यूं तो पुलिस के इकबाल का सवारी से नहीं, व्यवहार से वास्ता है पर ये भी इत्तेफाक है कि इधर, पुलिस विभाग में सवारियां बदलीं तो उधर लोगों का पुलिस के प्रति नजरिया भी बदला। समय के साथ, धीरे धीरे घुड़सवार पुलिस का नाता एक्टिव पुलिसिंग से कम होता गया, सेरेमोनियल ज्यादा होता गया। लेकिन आज भी जब घुड़सवार पुलिस शहर की सड़कों पर निकलती है तो उसका जलवा अलग होता है। घुड़सवार पुलिस गश्त के अलावा अधिकारियों, विशेषकर कमिश्नर, जिला अधिकारी, व पुलिस अधीक्षक को जरूरी डाक पहुंचाने का काम भी करती थी। बात पुलिस लाइन से निकलने वाले दो घोड़ों की करें तो जो पुलिस लाइन से गोदौलिया तक का सफर करते हैं, उन्हें देखने के लिए लोग ठहर जाते हैं। आज भी लोगों को घोड़ा पुलिस देख एक कौतुहल होता है, सेल्फी खिंचवाने का मौका मिलता है. और इस प्रकार, डर के लिए जाने जानी वाली पुलिस, दोस्त पुलिस बनती नजर आती है। 1952 में प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू में पुलिस महकमें में स्थाई रूप से घोड़ों को शामिल करने की स्वीकृति दी थी।



**26 जनवरी पर पुलिस लाइन में मौजूद चेतक एलेक्जेंडर और सुल्तान बढ़ाते हैं परेड की शोभा**

**16 घोड़े इस समय अस्तबल में मौजूद हैं और उनकी देखभाल के लिए 3 सईस हैं**

### 19 स्वीकृत हैं और पुलिस अस्तबल में अभी 16 घोड़े

इस समय पुलिस अस्तबल एक्टिव 16 घोड़े हैं। जिनमें चेतक, एलेक्जेंडर और सुल्तान जो महकमे की शोभा बढ़ाते हैं और इनके रखरखाव के लिए तीन कर्मचारी नियुक्त हैं। वाराणसी के लिए 19 घोड़े स्वीकृत हैं जबकि हैं 16 हैं। इंस्पेक्टर राम कुमार बताते हैं कि घोड़ों के रखरखाव और सफाई व्यवस्था का पूरा ध्यान रखा जाता है। कर्मचारियों की ड्यूटी शिफ्ट में है।

### तब बात कुछ और थी

अंग्रेजों के जमाने से लेकर 60 के दशक तक थानेदारों ने घोड़ों की सवारी की है। उस जमाने में घोड़े की टापों की आहट से ही लोग अपने दरवाजे बंद कर लिया करते थे और बदमाश बिल में दुबक जाते थे। घोड़े की सवारी शाही सवारी मानी जाती थी। दरोगा जी बड़े रौब के साथ निकलते थे। ये घोड़े अब भी पुलिसिंग का हिस्सा हैं, लेकिन बहुत सीमित स्तर तक। कभी-कभार ही घोड़ा पुलिस को शहर में देखा जाता है। ये घोड़े सिर्फ 15 अगस्त, 26 जनवरी में परेड के दौरान करतब दिखाने के लिए रह गए हैं।

### 24 साल बाद फिर पड़ी इधर नजर

1998 के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस में घड़सवारों की भर्ती नहीं हुई थी। 2020 में शासन और पुलिस के अधिकारियों ने प्रयागराज महाकुंभ और उत्तर प्रदेश के अलग-अलग शहरों में लगने वाले मेलों को देखते हुए पुलिस विभाग में घुड़सवार भर्ती का निर्णय लिया और घुड़सवार पुलिस के 105 पदों के लिए भर्ती निकाली गई थी। 22 साल बाद चयनित घुड़सवारों को दिसंबर माह प्रशिक्षण के लिए पुलिस अकादमी भेज दिया था। पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण लेने के लिए 85 प्रशिक्षु पहुंचे थे। डा. भीमराव आंबेडकर उप्र पुलिस अकादमी में घुड़सवारों के साथ ही घोड़ों को भी प्रशिक्षण दिया जाता है। 1998 में मुरादाबाद पीटीएस से घुड़सवारों का अंतिम दल ने प्रशिक्षण पूरा करके निकला था। इस दल में केवल 10 घुड़सवार थे।

### खुली जीप का अंदाज जुदा

1975 के आस-पास छोटे शहरों की पुलिस को जीप मिली। ये जीप आज तक पुलिस की पहचान बनी हुई है। इसके कई फायदे थे। जीप में वायरलेस फिट होता था। इसमें थानेदार अपनी पूरी टीम के साथ चल सकता था। इसकी रफ्तार भी किसी से छुपी नहीं है। जीप ने आज तक बदमाशों की नाक में दम कर रखा है। खुली जीप की अपनी अलग बात है। फिलहाल जीप की जगह अब बोलेरो ने ले ली है।



### एक दशक तक थानों में साइकिल से हुई गश्त

1968 तक थानेदारों को घोड़े की सवारी करनी पड़ी। इससे दुर्गम रास्तों पर चलने में आसानी तो होती थी लेकिन घोड़े की सवारी करना बड़ा माहिर काम था। हर कोई घोड़े की लगाम नहीं कस पाता था। घोड़े को काबू में रखना, गाड़ी चलाने से भी कठिन काम था। धीरे-धीरे घोड़े की लगाम छूटी और पुलिस महकमे को साइकिलें दी गईं। करीब एक दशक तक थानों में पुलिस वालों ने साइकिल की सवारी की। उस वक्त जिस स्तर का क्राइम था, उसके हिसाब से साइकिल काफी मददगार थी। साइकिल को उस दौर में शान की सवारी माना जाता था। लेकिन इस सवारी की भी अपनी सीमाएं थीं। साइकिल से लंबी दूरी तय नहीं की जा सकती थी। थानों का इलाका भी बड़ा लंबा-चौड़ा हुआ करता था। कई-कई गांव एक ही थाने में आते थे। इसलिए घोड़े की जरूरत तब भी बनी रही।

### 1970-71 में थानों में बुलेट की एंट्री

1970-71 में थानों में बुलेट की एंट्री हो गई थी। लेकिन इसकी सवारी का मौका सिर्फ बड़े थानों को ही मिलता था। शहर के बड़े थानों में थानेदारों को बुलेट दी गई थी। बुलेट और पुलिस का साथ बहुत मजबूत रहा और सबसे लंबे समय तक चला। पुलिस ने 2005 में बुलेट का अलविदा कहा। जब थानेदार बुलेट पर अपने क्षेत्र में निकलता था तो अलग ही रुतबा होता था। गांव में घुसने से पहले ही बुलेट की रौबदार आवाज लोगों तक पहुंच जाती थी। इस सवारी ने खाकी की शान में चार चांद लगा दिए थे। धीरे-धीरे पुलिस के लिए बुलेट आउटडेटेड हो गई।